मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 28.6 | 25.0 |
| जमशेदपुर | 28.2 | 25.2 |
| डालटनगंज | 29.0 | 24.4 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * * *

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

रांची एवं पटना से प्रकाशित | रांची ● मंगलवार 03 अक्टूबर 2023 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 04, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 168 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

www.lagatar.in


## सुर्खियां

**इंटरनेशनल**
- चीन का चंद्र मिशन पाक का भी पेलोड ले जाएगा
- माहिरा खान ने कारोबारी सलीम करीम से की शादी
- जिम्बाब्वे में विमान हादसा, भारतीय सहित छह मरे
- सर्जरी के बाद घर लौटे ब्राजील के राष्ट्रपति लूला

**नेशनल**
- पीएम मोदी ने राजस्थान को दी 7000 करोड़ की सौगात
- तृणमूल कांग्रेस का दिल्ली में केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन
- प्रयागराज : कुंभ क्षेत्र में बनेगा 10 हजार बेड का गंगा पंडाल
- मेघालय और असम सहित पूर्वोत्तर में भूकंप के झटके

**स्टेट**
- फ़िल्म "मिशन रानीगंज" में दिखेंगे पुटकी के संजय
- रांची व हटिया से खुलने वाली ट्रेनों का समय बदला
- सीएम ने किया जयपाल सिंह स्टेडियम का निरीक्षण
- धनबाद : तोपचांची थाने के मालखाने में चोरी

**स्पोर्ट्स**
- भारतीय महिला बास्केटबॉल टीम चीनी ताइपे से हारी
- भारतीय पुरूष हॉकी टीम सेमीफाइनल में
- भारतीय महिला कबड्डी टीम ने ड्रॉ खेला
- एशियाड : स्क्वैश में सौरभ क्वार्टर फाइनल में

## किसने क्या कहा

- हेप्टाथलान प्रतियोगिता में एक ट्रांसजेंडर खिलाड़ी के कारण मैं कांस्य पदक नहीं जीत सकी. -स्वप्ना बर्मन
- मोदी खाली नहीं हैं कि वह टीएमसी के उत्तराधिकारी जैसे 'तुच्छ नेता' को निशाना बनाएं. -सुकांत
- राहुल गांधी ने ऐसे लोग रखे हुए हैं जो भुगतान लेकर उनके लिए लिखते हैं. -कैलाश विजयवर्गीय
- राजस्थान चुनाव में हमारा एक ही चेहरा है और वो चेहरा है कमल. इसे ही जिताना है. -नरेंद्र मोदी

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 54,300 |
| चांदी (किलो) | 73,000 |

## ब्रीफ खबरें

### चीन सीमा पर चौकियां स्थापित करेगा केंद्र

**मागो (अरुणाचल प्रदेश)।** लद्दाख से अरुणाचल प्रदेश तक वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की चौकियों पर निगरानी और सूचना एकत्र करने के लिए खुफिया अधिकारियों की एक अतिरिक्त टीम तैनात की जाएगी. एक उच्च पदस्थ सूत्र ने कहा कि केंद्र सरकार ने उन चौकियों की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसे बॉर्डर इंटेलिजेंस पोस्ट के नाम से जाना जाएगा. सीमा पर बढ़ती चीनी गतिविधियों और चीन की पीएलए के सीमा उल्लंघन को देखते हुए यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है. भारतीय सेना और पीएलए के बीच जून 2020 से लद्दाख में गतिरोध जारी है.

### एशियाड: पारुल, प्रीति व ऐंसी ने जीते पदक

**हांगझोउ।** भारत की पारुल चौधरी और प्रीति ने सोमवार को यहां एशियाई खेलों की महिला 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते जबकि युवा ऐंसी सोजन ने महिला लंबी कूद में रजत पदक अपने नाम किया. भारत की मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम का कांस्य पदक भी रजत पदक में बदल गया जब श्रीलंका की टीम को लेन के उल्लंघन के कारण डिस्क्वालीफाई कर दिया गया. श्रीलंका ने स्पर्धा में दूसरा जबकि भारत ने तीसरा स्थान हासिल किया था. पारुल और प्रीति हालांकि बहरीन की विनफ्रेड मुतिले यावी से काफी पीछे रहीं जिन्होंने नौ मिनट 18.28 सेकेंड के खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता.

-विस्तृत खबर पेज 14 पर देखें

### रामगढ़ में बाढ़ की चेतावनी जारी

**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ जिले में सोमवार को बाढ़ की चेतावनी जारी की गई क्योंकि बढ़ते जलस्तर के कारण पतरातू बांध के गेट खोले जा सकते हैं. रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार ने बताया कि बाढ़ को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है. लोगों को सूचित करने के लिए लाउडस्पीकर से घोषणा की जा रही है. उन्होंने कहा कि रजरप्पा मंदिर की प्रबंधन समिति को एहतियाती कदम उठाने के लिए कहा गया है. एक अन्य अधिकारी ने बताया कि जिले के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल को तैयार रखा गया है. उन्होंने बताया कि पतरातू बांध के गेट खुलने से नलकारी और दामोदर नदियों का जलस्तर बढ़ जाएगा, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ आ सकती है.

## बिहार सरकार ने जारी किए जातिगत सर्वेक्षण के आंकड़े

# ओबीसी+ईबीसी= 63%

**शुभम संदेश नेटवर्क।पटना**

बिहार में नीतीश कुमार सरकार ने सोमवार को बहुप्रतीक्षित जाति आधारित गणना के आंकड़े जारी किए. इसके अनुसार राज्य की आबादी में 25 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है. राज्य की कुल आबादी में ओबीसी और ईबीसी की हिस्सेदारी 63 प्रतिशत है.

बिहार के विकास आयुक्त विवेक सिंह द्वारा यहां जारी आंकड़ों के अनुसार, राज्य की कुल जनसंख्या 13.07 करोड़ से कुछ अधिक है. इनमें अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी- 36%) सबसे बड़ा सामाजिक वर्ग है. इसके बाद अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी- 27.13%) है.

सर्वे के अनुसार, अनुसूचित जाति की आबादी 19.65% व अनुसूचित जनजाति की आबादी 1.68% है. अनारक्षित श्रेणी से संबंधित लोग प्रदेश की कुल आबादी के 15.52% हैं, जो 1990 के दशक की मंडल लहर तक राजनीति पर हावी रहने वाली उच्च जातियों को दर्शाते हैं. सर्वेक्षण के अनुसार, राज्य में हिंदू समुदाय कुल आबादी का 81.99% है जबकि मुस्लिम समुदाय 17.70% है. ईसाई, सिख, जैन और अन्य धर्मों का पालन करने वालों के साथ-साथ किसी धर्म को न मानने वालों की भी बहुत कम उपस्थिति है, जो कुल आबादी का एक प्रतिशत से भी कम है. इस जातिगत सर्वेक्षण को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के हिन्दुत्व और राष्ट्रवाद के एजेंडे की काट के तौर पर इंडिया का मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है.

बता दें कि देश में आखिरी बार सभी जातियों की गणना वर्ष 1931 में की गई थी. बिहार मंत्रिमंडल ने पिछले साल दो जून को जाति आधारित गणना कराने की मंजूरी देने के साथ इसके लिए 500 करोड़ रुपये की राशि भी आवंटित की थी.



**13** करोड़ से अधिक है बिहार की कुल आबादी

**अत्यंत पिछड़ा वर्ग की आबादी सबसे ज्यादा 36%**

**अन्य पिछड़ा वर्ग की कुल आबादी 27.12%**

### राष्ट्रीय स्तर पर जातिगत गणना की मांग

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के कई प्रमुख घटक दलों ने केंद्र सरकार से जल्द से जल्द राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित जनगणना कराने की मांग की है. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया कि बिहार सरकार ने राज्य में कराए गए जाति आधारित सर्वे के नतीजे जारी कर दिए हैं. इस पहल का स्वागत करते हुए और कांग्रेस सरकारों द्वारा कर्नाटक जैसे अन्य राज्यों में इसी तरह के पहले के सर्वेक्षणों को याद करते हुए, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अपनी मांग दोहराती है कि केंद्र सरकार जल्द से जल्द राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित जनगणना कराए. समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार राजनीति छोड़े और देशव्यापी जातिगत जनगणना करवाए.

#### किसने क्या कहा



विकास विरोधी लोगों को देश ने छह दशक दिए थे, अगर नौ साल में इतना काम हो सकता है तो 60 साल में कितना हो सकता था. वो तब भी जाति-पाति के नाम पर समाज को बांटते थे, आज भी वही पाप कर रहे हैं. -नरेंद्र मोदी



बिहार की जातिगत जनगणना से पता चला है कि वहां ओबीसी, एससी और एसटी 84 प्रतिशत हैं. केंद्र के 90 सचिवों में से सिर्फ 3 ओबीसी हैं. इसलिए, देश के जातिगत आंकड़े जानना जरूरी है. जितनी आबादी, उतना हक - ये हमारा प्रण है. -राहुल गांधी



बिहार की जाति आधारित जनगणना देशव्यापी जातिगत जनगणना के लिए माहौल तैयार करेगी, जो तब किया जाएगा जब विपक्षी गठबंधन इंडिया केंद्र में अगली सरकार बनाएगा. -लालू प्रसाद यादव

जाति आधारित गणना से न सिर्फ जातियों के बारे में पता चला है, बल्कि सभी की आर्थिक स्थिति की जानकारी भी मिली है. इसी के आधार पर सभी वर्गों के विकास एवं उत्थान के लिए आगे की कार्रवाई की जाएगी. -नीतीश कुमार

### बिहार में जातीय जनगणना की टाइमलाइन

- **18 फरवरी 2019** - कास्ट सर्वे का प्रस्ताव बिहार विधानसभा से पास
- **27 फरवरी 2020** - सर्वे का प्रस्ताव बिहार
- **2 जून 2022** - बिहार सरकार की कैबिनेट ने कास्ट सर्वे को हरी झंडी दी
- **7 जनवरी 2023** - बिहार में कास्ट सर्वे का काम शुरू हुआ
- **4 मई 2023** - 3 जुलाई तक पटना हाईकोर्ट ने कास्ट सर्वे पर अंतरिम रोक लगाई
- **7 जुलाई 2023** - पांच दिनों की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रखा
- **1 अगस्त 2023** - पटना हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक हटाई, सरकार के कास्ट सर्वे करने के निर्णय को सही ठहराया
- **19 अगस्त 2023** - सुप्रीम कोर्ट ने जाति आधारित सर्वे के नतीजों के प्रकाशन पर रोक लगाने से इनकार किया
- **25 अगस्त 2023** - सीएम नीतीश कुमार ने कहा– सर्वेक्षण पूरा हो चुका है..जल्द ही आंकड़े सार्वजनिक किए जाएंगे

## 'इंडिया' की राह आसान बना रहे आंकड़े

▪ लालू और नीतीश के पक्ष में हैं जातिगत आंकड़े

**नीरज सिसौदिया।रांची**

बिहार सरकार की ओर से सोमवार को जारी किए गए जातिगत जनगणना के आंकड़े विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस के लिए उत्साहवर्धक हैं. साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार की 40 लोकसभा सीटों पर इंडिया की जीत की राह भी आसान बनाते नजर आ रहे हैं.

सर्वेक्षण के आंकड़े बताते हैं कि बिहार में 17.7% मुस्लिम, 14.27% यादव और 2.87% कुर्मी हैं. तीनों एक हो जाएं तो यह आंकड़ा लगभग 35% पहुंचता है. ओबीसी जाति के यादव, कुर्मी, धानुक, नाई और मुस्लिम महागठबंधन के फिक्स वोटर माने जाते हैं. इन दलों को दो-तीन फीसदी सवर्ण, अति पिछड़ा वर्ग और दलितों का वोट भी मिलता है. ऐसे में इंडिया के पक्ष में लगभग 45 फीसदी से भी अधिक जातीय वोटर नजर आ रहे हैं. स्पष्ट है कि जिस तरफ इन मतदाताओं का रुझान होगा, सत्ता भी उसी को मिलेगी.

विगत लोकसभा चुनाव में एनडीए ने यहां की 40 में से 39 सीटें जीती थीं. उस वक्त जदयू भी एनडीए का हिस्सा थी. अब वह राजद और कांग्रेस के साथ सत्ता संभाल रहे हैं. फिलहाल भाजपा के पास 17 सीटें हैं. राजद का आधार वोट बैंक यादव और मुस्लिम ही रहा है. शेष मुस्लिम कांग्रेस के साथ है. नीतीश स्वयं राज्य का सबसे बड़ा ओबीसी चेहरा हैं. मुस्लिम और यादव वोटर इंडिया के हाथ से नहीं निकलने वाला. वह पार्टी बदल सकता है लेकिन विकल्प सिर्फ इंडिया ही है. भगवा ब्रिगेड के साथ ऐसा कोई जातीय समीकरण नजर नहीं आता. सामान्य वर्ग की कुल आबादी को मिला भी दें तो वह महज 15% ही बैठती है.

### एनडीए का जातीय समीकरण

जातीय जनगणना की रिपोर्ट के मुताबिक, बिहार में 33 जातियां अन्य पिछड़ा वर्ग और 113 जातियां अति पिछड़ा वर्ग में आती हैं. यहां सवर्ण, पासवान, बनिया, कुशवाहा को एनडीए का वोट बैंक माना जाता है. अन्य पिछड़ा वर्ग के करीब 20% वोटर तेली, लुहार, कुम्हार, बढ़ई, कहार, केवट जातियों में बंटे हैं. ये वोटर चुनावी लहर की ओर शिफ्ट होते रहे हैं. 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले ओबीसी और अति पिछड़ा वर्ग के वोटर गोलबंद होते हैं तो भाजपा का नुकसान हो सकता है.

### बिहार की सियासत में नए युग का होगा आगाज

जातिगत सर्वेक्षण के आंकड़े सामने आने के बाद बिहार की सियासत में नए युग के आगाज की बुनियाद तैयार हो गई है. अब बिहार की सियासत अन्य पिछड़ा वर्ग और अंत्यंत पिछड़ा वर्ग की 63% आबादी के इर्द-गिर्द ही नजर आएगी. सभी दलों के केंद्र में अब यही जातियां होंगी. सत्ता का सफर इनके बिना नामुमकिन होगा.

## स्वर्ण मंदिर में राहुल गांधी की कार सेवा



कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वायनाड से लोकसभा सांसद राहुल गांधी सोमवार को अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर पहुंचे. यहां उन्होंने बर्तन धोकर कार सेवा की. -फोटो : पीटीआई

## मोस्टवांटेड आतंकवादी शाहनवाज गिरफ्तार

**रांची/नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने सोमवार को एनआईए की अति वांछित आतंकवादियों की सूची में शामिल एवं एक आईएसआईएस मॉड्यूल से जुड़े होने के आरोपी मोहम्मद शाहनवाज तथा उसके दो सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया. अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों के पास से आईईडी बनाने में इस्तेमाल होने वाली संदिग्ध सामग्री मिली है. मिली खबरों के मुताबिक झारखंड के हजारीबाग के रहनेवाले शाहनवाज को दिल्ली के जैतपुर से गिरफ्तार किया गया, जबकि मोहम्मद रिजवान अशरफ और मोहम्मद अरशद वारसी को क्रमशः उत्तर प्रदेश के लखनऊ और मुरादाबाद से गिरफ्तार किया गया. अधिकारियों ने कहा कि तीनों आरोपियों को एक सप्ताह के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है. तीनों आरोपी इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके हैं. पुलिस ने कहा कि आरोपियों ने पश्चिमी और दक्षिण भारत के विभिन्न इलाकों की रेकी की थी. -संबंधित खबर पेज 10 पर देखें

## कारिको और वीसमैन को नोबेल पुरस्कार

**स्टाकहोम।** इस बार चिकित्सा क्षेत्र का नोबेल पुरस्कार काटालिन कारिको और ड्रयू वीसमैन को कोविड-19 से लड़ने के लिए एमआरएनए टीकों के विकास से संबंधित उनकी खोजों के लिए प्रदान किया जाएगा. नोबेल असेंबली के सचिव थॉमस पर्लमैन ने सोमवार को स्टाकहोम में पुरस्कार की घोषणा की. हंगरी में जन्मी कारिको वहां की सेज्ड यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं. वहीं, पेनसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी में भी पढ़ाती हैं. अमेरिकी नागरिक वीसमैन ने पेनसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी में कारिको के साथ यह अनुसंधान किया. कारिको (68) चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार जीतने वाली 13वीं महिला हैं.



## एनआईआरएफ की रैंकिंग में राज्य की कोई यूनिवर्सिटी नहीं

# क्वालिटी एजुकेशन न-न...सिर्फ कमाई

**अमित सिंह।रांची**

12वीं के बाद स्टूडेंट्स उच्च शिक्षा के लिए विश्वविद्यालय में एडमिशन लेना चाहते हैं. क्वालिटी एजुकेशन के लिए बेहतर रैंकिंग वाले विश्वविद्यालय का चयन करते हैं. लेकिन स्टूडेंट्स को टॉप टेन या बेहतर रैंकिंग वाले विवि की सूची में झारखंड का एक भी विश्वविद्यालय नहीं दिखता. क्योंकि नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में प्रदेश के किसी भी विश्वविद्यालय को जगह नहीं मिली है. ऐसा इसलिए है, क्योंकि ज्यादातर विश्वविद्यालयों में क्वालिटी एजुकेशन के नाम पर जिम्मेवार पढ़ाई पर कम ध्यान दे रहे हैं. छात्रों के बहाने करोड़ों की अवैध कमाई कर रहे हैं. जिम्मेवार पढ़ाई पर कम, निर्माण और खरीदारी पर ही ज्यादा खर्च कर रहे हैं. प्रदेश के विश्वविद्यालयों द्वारा किए जा रहे खर्च का ऑडिट करा दिया जाए तो सच्चाई सामने आ जाएगी.

झारखंड में 10 राज्य, एक केंद्रीय, 16 निजी और एक समवत विश्वविद्यालय है. एनआईआरएफ हर साल देश के विश्वविद्यालयों को रैंकिंग प्रदान करती है. यह रैंकिंग विवि को उनके प्रदर्शन और उनके द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं और शिक्षा की गुणवत्ता आदि के आधार पर दी जाती है. देशभर की यूनिवर्सिटी को रैंकिंग देने के लिए कई मानक तय किए गए हैं.

### एनआईआरएफ में इन विवि को मिली जगह

1. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलोर
2. जेएनयू, दिल्ली
3. जामिया मिल्लिया इस्लामिया, दिल्ली
4. जादवपुर यूनिवर्सिटी, कोलकाता
5. बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी, वाराणसी
6. मनिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन, मणिपुर
7. अमृता विश्व विद्यापीठम, कोयंबटूर
8. वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, वेल्लोर
9. अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अलीगढ़
10. यूनिवर्सिटी ऑफ हैदराबाद.

### झारखंड में संचालित में प्रमुख विश्वविद्यालय

1. रांची विश्वविद्यालय, रांची
2. बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची
3. भारतीय खनि विद्यापीठ विश्वविद्यालय, धनबाद
4. विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग
5. सिदो कान्हू विश्वविद्यालय, दुमका
6. नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर
7. बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद
8. वीमेंस यूनिवर्सिटी, जमशेदपुर
9. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची
10. कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा

## नया प्रोजेक्ट: कोडरमा जिले में प्रोजेक्ट की सफलता के बाद राज्यभर में लागू करने की तैयारी

# अब 'रेल' से सरकारी स्कूलों में कमजोर बच्चे होंगे तेज

**सत्य शरण मिश्रा।रांची**

झारखंड में सरकारी स्कूलों के बच्चों को क्वॉलिटी एजुकेशन देने के लिए सरकार ने रेगुलर एसेसमेंट फॉर इंप्रुवमेंट लर्निंग (रेल) प्रोजेक्ट शुरू किया है. बच्चों में प्रतियोगिता की भावना को बढ़ाने के लिए क्लास 1 से लेकर 8 तक के लिए यह योजना शुरू की गई है. कोडरमा जिले में सबसे पहले योजना का ट्रायल किया गया था. तत्कालीन डीसी आदित्य रंजन की पहल पर वहां के सभी स्कूलों में 2 साल तक यह योजना चली. योजना सफल होने के बाद शिक्षा विभाग ने पूरे झारखंड में इसे लागू कर दिया है. योजना के तहत स्कूलों में क्लास 1 से 8 तक के बच्चों से हर सप्ताह परीक्षा ली जा रही है.



### मुख्य बातें

1. क्लास 1 से 8 तक के बच्चों की हर शनिवार परीक्षा
2. 34800 स्कूलों में हर हफ्ते 2 विषयों की होती है परीक्षा
3. झारखंड शिक्षा परियोजना स्कूलों को भेजता है प्रश्नपत्र
4. टेस्ट की कॉपी अभिभावकों के सिग्नेचर के बाद स्कूल में होता है जमा
5. हर हफ्ते परीक्षा से बच्चों में बढ़ेगी प्रतियोगिता की भावना
6. परीक्षा को लेकर बच्चों के अंदर बैठा डर खत्म हो रहा
7. हर हफ्ते हो रहा बच्चों की स्थिति का आकलन
8. पढ़ाई में कमजोर बच्चों की कमियों को दूर करने का भी हो रहा प्रयास

### झारखंड शिक्षा परियोजना से हो रही सीधी मॉनिटरिंग

महीने के अंतिम शनिवार और छुट्टी के दिन को छोड़ कर हर शनिवार टेस्ट परीक्षा स्कूलों में ली जा रही है. झारखंड शिक्षा परियोजना से इस योजना की सीधी मॉनिटरिंग हो रही है. हर सप्ताह किसी दो विषय की परीक्षा ली जाती है. परीक्षा के लिए शिक्षा परियोजना से सभी स्कूलों को प्रश्नपत्र भेजा जाता है. उन प्रश्नों को स्कूल के शिक्षक ब्लैक बोर्ड में लिखते हैं. इसके बाद बच्चे उन प्रश्नों के जवाब लिख कर उत्तर पुस्तिका शिक्षक के पास जमा करते हैं. शिक्षक कॉपी की जांच करते हैं और उस टेस्ट कॉपी को बच्चों के घर भेजते हैं. अभिभावकों के हस्ताक्षर के बाद कॉपी स्कूल में जमा होती है. हर सप्ताह होने वाली परीक्षा से छात्रों में प्रतियोगिता की भावना बढ़ रही है. परीक्षा को लेकर उनके मन का डर भी दूर हो रहा है.

### 'रेल' से बच्चों का शैक्षणिक विकास हो रहा: सचिव

शिक्षा सचिव के रविकुमार ने कहा है कि रेल प्रोजेक्ट से सरकारी स्कूलों के बच्चों शैक्षणिक विकास हो रहा है. उन्होंने कहा कि सबसे पहले कोडरमा में इस योजना का ट्रायल किया गया था. 2 साल तक वहां योजना चली. इस योजना से वहां के छात्रों के रिजल्ट में काफी सुधार हुआ. योजना की सफलता के बाद इसे राज्य के सभी स्कूलों में लागू कर दिया गया है.

## सीएम हेमंत ने हाईकोर्ट में दायर की क्रिमिनल रिट

**विनीत आभा उपाध्याय।रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट दाखिल की है. इसमें उन्होंने हाईकोर्ट से यह गुहार लगाई है कि पश्चिमी सिंहभूम जिले में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द किया जाये. हालांकि, अभी तक यह मामला झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हुआ है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जिस प्राथमिकी को रद्द करने के लिए याचिका दाखिल की है, वह पश्चिमी सिंहभूम जिले के आदित्यपुर थाने में दर्ज की गई है. इस प्राथमिकी का कांड संख्या 418/2014 है. इसमें हेमंत सोरेन को आईपीसी की धारा 188,506 और आरपी एक्ट (रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपल एक्ट) की धाराओं में आरोपी बनाया गया है.

### लगाई गुहार

- पश्चिम सिंहभूम जिले में दर्ज प्राथमिकी रद्द करने की मांग
- फिलहाल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हुआ मामला

दरअसल, वर्ष 2014 के चुनाव के दौरान हेमंत सोरेन अपनी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने गए थे. उस दौरान उन पर आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था. आचार संहिता से जुड़े इस मामले की सुनवाई पश्चिम सिंहभूम जिले की सिविल कोर्ट में चल रही है. निचली अदालत में चल रही कानूनी प्रक्रिया पर रोक लगाने और प्राथमिकी निरस्त करने के लिए हेमंत हाईकोर्ट पहुंचे हैं.

## ब्रीफ खबरें

### सैनिक स्कूल में बापू को किया गया नमन

**कोडरमा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती देशभर में मनायी जा रही है. उन्हें याद कर उनके आदर्शों पर चलने की कसमें खायी जा रही हैं. इस क्रम में सैनिक स्कूल तिलैया में बाबू के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. समीपस्थ कांटी बस्ती और आस-पास क्षेत्रों की सफाई की व गंदगी से हो रहे प्रदूषण, बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक किया. इसके बाद असेंबली के दौरान विशेष अतिथि सह स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव ने राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी.

### गांधी जयंती पर हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**घाटशिला।** गांधी जयंती के अवसर पर श्रीश्री विद्या मंदिर प्राथमिक विद्यालय हेंदलजुड़ी के प्रांगण में हेंदलजुड़ी, कांकड़ीशोल व आमडंगा के शिक्षक संघ की ओर से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. क्विज कंपीटिशन को दो समूहों में बांटा गया था. इस प्रतियोगिता परीक्षा में हेंदलजुडी, महुलिया, घाटशिला और बनकाटी पंचायत के कुल 113 परीक्षार्थी शामिल हुए. परीक्षा ओएमआर शीट में ली गई . इस परीक्षा में कुल 100 प्रश्न पूछे गए थे. फिर मेधा सूची बनाई जाएगी.

### कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान

**हजारीबाग।** 22 झारखंड बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल हरमीत सिंह के निर्देश पर झारखंड बटालियन एनसीसी, संत कोलंबा कॉलेज के कैडेट्स ने स्वच्छता अभियान चलाया. एनसीसी ऑफिसर ले. डॉ एस के पांडेय की उपस्थिति में संत कोलंबा कॉलेज और विनोबा भावे यूनिवर्सिटी परिसर में स्वच्छता अभियान चला. इस अवसर पर विनोबा भावे विवि में आचार्य विनोबा भावे की प्रतिमा की भी कैडेट्स ने सफाई की और माल्यार्पण कर उन्हें याद किया.

### गांधी के विचारों को मूर्तरूप देना ही होगा

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में गांधी जयंती के मौके पर राष्ट्रपिता को स्मरण कर उनके विचारों को संकल्प के तौर पर आत्मसात किया गया. कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि इतने वर्षों के बाद भी महात्मा गांधी अपने विचारों के माध्यम से आज भी प्रासंगिक और अनुकरणीय है. पूरा देश आज जिस स्वच्छता अभियान को आत्मसात करने का प्रयास कर रहा है, उसकी संकल्पना आज से लगभग 100 साल पहले महात्मा गांधी ने किया था. आज भारत विश्वगुरू बनने की ओर है.

### गांधी उवि में याद किये गये बापू व शास्त्री जी

**कोडरमा।** गांधी उच्च विद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर याद किये गये. गांधी उच्च विद्यालय के छात्र और छात्राओं ने मिलकर परिसर के आस पास के क्षेत्रों की सफाई की. अंशु एवं मीनाक्षी ने शास्त्री जी और बापू पर आधारित कविता पाठ किया. पौधारोपण करते हुए शिक्षक एवं छात्रों ने एकजुट होकर पर्यावरण सुरक्षा, गांधी के संकल्पों की रक्षा का संदेश दिया. अलका और लक्ष्मी ने नृत्य के माध्यम से वीर रस का समावेशन किया.

### जयंती पर बापू और शास्त्री जी को नमन

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुकुंदगंज में सोमवार को महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई. मौके पर प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार यादव ने कहा कि गांधी जी ने न सिर्फ राजनीतिक और सामाजिक नेतृत्व किया, बल्कि देश को शैक्षिक नेतृत्व भी प्रदान किया. गांधी जी का मानना था कि बालक को जो शिक्षा मिलनी चाहिए, उनमें शारीरिक शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है. गांधी जी की शिक्षा पर जो नीति थी वह आज भी प्रासंगिक है.

# छात्रहित की मांगों पर मनमानी कर रहा विवि : छात्रसंघ

संवाददाता । चाईबासा



सुबोध महाकुड़.

कोल्हान विश्वविद्यालय में पांच माह से अधिक समय से स्थायी कुलपति नहीं हैं. वर्तमान प्रभारी कुलपति मनोज कुमार के भरोसे विश्वविद्यालय की खानापूर्ति कार्य चल रही है. उक्त बातें कोल्हन विश्वविद्यालय के छात्र प्रतिनिधि सुबोध महाकुड़ ने कहीं. उन्होंने कहा कि छात्रसंघ विगत दिनों से ही छात्र हित की विभिन्न मांगों को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन को अवगत करा रहा है, लेकिन अभी तक विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है. इससे सभी विद्यार्थी परेशान हैं.

कोल्हान विश्वविद्यालय समेत अंगीभूत सभी कॉलेजों में पढ़ाई का माहौल काफी बिगड़ा हुआ है. अब स्थिति ऐसी हो गई है कि कॉलेज की शिक्षिकाएं आपस में ही लड़ने लगी हैं. विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग की स्थिति और दयनीय हो गई है. यहां तक कि एक डिग्री मूल प्रमाण पत्र लेने के लिए, स्क्रूटनी का रिजल्ट, त्रुटियों का सुधार के लिए भी विद्यार्थियों को महिनों भर परेशान रहना पड़ रहा है. उपरोक्त स्थिति से छात्रसंघ अवगत होकर आंदोलन के अलावा कोई और विकल्प दिखाई नहीं देता है. जल्द ही बड़ा आंदोलन किया जाएगा.

### कोल्हान विवि : छात्र संघ की मांगें

- सत्र 2017 -20 , 2018- 21 एवं 2019-22 में द्वितीय जेनेरिक विषय के लिए विशेष परीक्षा लेने की मांग ( रांची विश्वविद्यालय एवं विनोबा भावे विश्वविद्यालय की तर्ज पर )
- सात माह से अधिक हो गए पीएचडी का रिजल्ट अभी तक प्रकाशित नहीं किया गया, जल्द रिजल्ट निकालने की मांग
- 6 वर्षों से कोल्हान विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव नहीं हुआ है इस सत्र में चुनाव कराने की मांग
- सत्र काफी विलंब से चलने के कारण अन्य उच्च शैक्षणिक संस्थानों में समय पर एडमिशन नहीं मिल रही है सत्र समायोजित कर सुधारने की मांग

### मुझे एकेडमिक निर्णय लेने का अधिकार नहीं : प्रभारी कुलपति

कोल्हान विश्वविद्यालय के बड़े एकेडमिक निर्णय लेने के लिए ऑथराइज्ड पर्सन नहीं हूं. जब तक स्थाई कुलपति की नियुक्ति नहीं होती है, तब तक रूटीन वर्क का कार्य सुचारू रूप से चलेगा. विवि प्रबंधन इसका ख्याल रखेगा. उक्त बातें कोल्हान विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति मनोज कुमार ने कहीं.

## शिक्षण संस्थानों में धूमधाम से मनाई गई महात्मा गांधी व शास्त्री जी की जयंती

# गांधी जी के व्यक्तित्व से सीखें लें छात्र

संवाददाता। चाईबासा



गांधी जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को वेबिनार का आयोजन महिला कॉलेज चाईबासा में आईक्यूएसी और एनएसएस द्वारा किया गया. डिजिटल दीप प्रज्वलन द्वारा वेबिनार द्वारा शुभारंभ किया गया. डॉ अर्पित सुमन ने स्वागत भाषण दिया और बताया कि 2 अक्टूबर 1969 को महिला कॉलेज की स्थापना हुई थी सो आज का दिन इस नाते भी हम सब के लिए विशेष है. बीएड सेमेस्टर 2 की छात्रा एंजेल डाडेल द्वारा गांधी जी का प्रिय भजन वैष्णव जन प्रस्तुत किया गया. इसके बाद वेबिनार शुरू हुआ, जिसका मुख्य विषय 'गांधी जी और उनका व्यक्तित्व' रखा गया था.

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में सीआरपीएफ कमांडेंट परम शिवम और जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज के प्राध्यापक डॉ इरशाद खान उपस्थित रहे. कमांडेंट परम शिवम ने गांधी जी का ''स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान और उनके राजनीतिक विचार पर प्रकाश डाला''. इसके अंतर्गत उन्होंने कहा कि गांधी जी का व्यक्तित्व हमें यह प्रेरणा देता है कि हमें अपने अपमान को संघर्ष में बदलना आना चाहिए.

उन्होंने कहा कि जो दूसरों की पीड़ा को समझता है वही असल में इंसान है. वहीं दूसरे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्राध्यापक डॉ इरशाद खान ने गांधी जी के 'सामाजिक और शैक्षिक विचार तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान' के विषय में चर्चा की. उन्होंने कहा कि 'व्यक्ति की हत्या तो हो सकती है किंतु विचारों की नहीं' गांधी जी की बुनियादी शिक्षा को मुख्य बिंदु के रूप में लेकर उन्होंने चर्चा की कि बच्चों को केवल साक्षर बनाना ही शिक्षा का उद्देश्य नहीं है. बल्कि वे शिक्षा द्वारा स्वावलंबी बनें. इस अवसर पर महिला कॉलेज की प्राचार्या डॉ प्रीतिबाला सिन्हा ने वक्तागणों का धन्यवाद किया और सबकी सराहना की कि अवकाश के दिन इस तरह का आयोजन कर इसे सफल बनाना काफी अच्छी बात है.

### बहरागोड़ा में धूमधाम से मनाई गई गांधी जयंती

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों, पंचायत भवन तथा कार्यालय में गांधी जयंती सादगी से मनाई गई . इस अवसर पर केसीसी संस्कृत प्राथमिक स्कूल में प्रधानाध्यापक सच्चिदानंद सतपति के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया . साथ ही उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया . इधर गांधी जयंती के अवसर पर बरसोल के जवाहर नवोदय विद्यालय में छात्र-छात्राओं ने कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए . जिसमें बच्चों ने देशभक्ति से लेकर वर्तमान में चल रही व्यवस्थाओं पर गीत और नाटक भी प्रस्तुत किए . विद्यालय के प्राचार्य डॉ.



जनार्दन सिंह ने कहा कि बच्चों को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों को जीवनपर्यंत पालन करना चाहिए . इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे .

### ग्रिजली विद्यालय में बापू को दी गई श्रद्धांजलि

**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई . विद्यालय सभागार में आयोजित विशेष कार्यक्रम में ग्रिजली विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, संयोजक विजय कुमार सिंह, जीतेन्द्र कुमार चौधरी, बीडी नस्कर, तुषार रॉय चौधरी, सुधांशु कुमार ने उनकी तस्वीरों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया . इस मौके पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान की महत्वपूर्ण भूमिका को समझाते हुए उनके विचारों और संदेशों को प्रस्तुत किया और आग्रह किया कि जब भी कोई कठिन परिस्थिति सामने आ जाए तो एक बार हमें महात्मा गांधी के दिए गए शिक्षा एवं अनमोल विचारों को जरूर अमल में लाना चाहिए . साथ ही भारतीय इतिहास में इन महापुरुषों के द्वारा किये गए महत्वपूर्ण घटनाओं के प्रति जागरूक भी किया . वहीं इस अवसर पर छात्रों के लिए निबंध लेखन एवं रोल प्ले जैसे कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें शामिल होकर छात्रों ने एक से बढ़कर एक लेख प्रस्तुत किया . वहीं छात्र सुजल कुमार ने महात्मा गांधी के वेशभूषा में अपनी प्रस्तुति दी .

### चित्रांकन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**जमशेदपुर।** महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर मानगो टाइटन आई प्लस में सोमवार को चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया . इसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया . इस दौरान डॉक्टरों द्वारा बच्चों व उनके अभिभावकों की नेत्र की जांच की गई . मौके पर टाइटन आई प्लस के संचालक अंकित लोढ़ा ने कहा कि टाइटन आई पल्स द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है . सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत किया गया .

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में रक्तदान शिविर लगा

**पाकुड़।** पाकुड़ पॉलिटेक्निक कालेज में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर जिला स्वास्थ्य समिति के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया . रक्तदान शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ . मंटू कुमार टेकरीवाल ने किया . सिविल सर्जन ने पाकुड़ पॉलिटेक्निक की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के रक्तदान शिविर आयोजित किए जाने चाहिए . इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ . ऋषिकेश गोस्वामी, निखिल चंद्र, अमित रंजन, अभिजीत कुमार आदि मुख्य रूप से मौजूद थे . कार्यक्रम में निखिल चंद्र ने सबसे पहले रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया . इसके बाद कॉलेज के प्राचार्य, परीक्षा नियंत्रक व शिक्षकों ने रक्तदान कर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाई . छात्र सिद्धार्थ सिंह, आशुतोष कुमार, बिट्टू कुमार, अमन कुमार, राहुल कुमार, सोमेन दत्ता, राहुल श्रीवास्तव, हंसराज साह, पुरुषोत्तम झा सहित अन्य कई छात्रों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया . इस दौरान 20 यूनिट रक्त संग्रह किया गया .

### श्योर सक्सेस कोचिंग में मनाई गई जयंती

**मुरहू।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को श्योर सक्सेस कोचिंग मुरहू के छात्रों ने दोनों महापुरुषों को याद किया . इस दौरान विद्यार्थियों ने दोनों महान शख्सीयतों के विचारों से प्रेरणा लेकर उन्हें अपने जीवन में अपनाने की बात अपने भाषणों और पेंटिंग्स के जरिए कही . वहीं बापू के सपने के मद्देनजर सभी को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया . महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को याद करने के लिए विशेष प्रार्थना सभा हुई .संस्थान के शिक्षक व निदेशक सकलदीप भगत ने गांधी जी के दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए सभी को प्रेरित किया. जयंती पर छात्रों के बीच भाषण प्रतियोगिता, कविता पाठ तथा स्वच्छता पर नारा लेखन की प्रतियोगिता हुई . भाषण प्रतियोगिता की विजेता बिपाशा, शैली, अर्चिता और तान्या रहीं .



# उत्क्रमित मध्य विद्यालय नीमडीह में मनी गांधी जयंती

संवाददाता । चाईबासा

सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नीमडीह में शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों द्वारा बापू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर सोमवार को गांधी जयंती मनाई गई. मौके पर विद्यालय के बाल संसद की सफाई मंत्री की अगुवाई में की गई. मौके पर प्रधान शिक्षक कृष्णा देवगम ने कहा कि गांधी जी राष्ट्र के आदर्श थे. अहिंसा और स्वच्छता गांधी जी की स्पष्ट छवि है. मौके पर शिक्षक सुशील कुमार सरदार, गंगाराम लागुरी, एलिस बेक, कल्पना गोराई, सुकांति गोप, विकास, बोनी गाइन, पार्वती कालुंडिया व अन्य मौजूद रहे.

### टेकराहातु मुखिया ने चलाया स्वच्छता अभियान

गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत सदर प्रखंड के टेकराहातु पंचायत मुखिया चांदमनी कालुंडिया की अगुवाई में सोमवार को नीमडीह में स्वच्छता अभियान चलाया गया . अभियान के दौरान नीमडीह टोले के साथ-साथ विद्यालय और आंगनबाड़ी परिसर की साफ-सफाई की गई . मौके पर मुखिया ने आह्वान किया कि हम सिर्फ खास दिन में ही नहीं, बल्कि हर दिन अपने आस-पास की गन्दगी की सफाई करें .

### चिड़िया डीएवी के बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी

**मनोहरपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को चिड़िया डीएवी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मनोहरपुर में प्रभातफेरी निकाली. बच्चों ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया. इस दौरान स्कूली बच्चों ने मनोहरपुर स्टेशन परिसर व आसपास सड़क, चिल्ड्रेन पार्क व संत नरसिंह आश्रम परिसर में अपने हाथों में झाड़ू लेकर कूड़े-कचरे की सफाई की. साथ ही बच्चों ने स्वच्छता सेवा अभियान को सफल बनाने में संकल्प लिया. मौके पर चिड़िया डीएवी स्कूल की छात्रा आकांक्षा सिंह, साक्षी यादव, अनुष्का यादव, आकांक्षा मोहंती, प्रियांस गुप्ता, अश्विन कुमार, अंशुमन नाग, सिद्धार्थ कुमार आदि मौजूद रहे.

# राजीव गांधी मेमोरियल टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में मनी गांधी जयंती



संवाददाता। जोड़ापोखर

राजीव गांधी मेमोरियल टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के ज्ञान सभागार में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती राष्ट्रीय एकता मंच ने बड़े धूमधाम से मनाई. समारोह की अध्यक्षता पूर्व सांसद चंद्रशेखर दुबे ने की. इस अवसर पर राहुल गांधी की भारत यात्रा में शामिल मोहम्मद उमर खान एवं टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो को विशिष्ट स्थिति के रूप में आमंत्रित किया गया. इस अवसर पर ललन चौबे, मुख्तार खान एवं पूर्व मंत्री मन्नान मलिक पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो आदि मौजूद रहे.

**समारोह** पद्मश्री डॉ. जानुम सिंह सोय ने स्थापना दिवस कार्यक्रम में दिया संदेश

# संथाल विश्वविद्यालय का मनाया गया 7वां स्थापना दिवस

संवाददाता। घाटशिला



संथाल विश्वविद्यालय का सातवां स्थापना दिवस घाटशिला के एक होटल में संस्थापक सूर्य सिंह बेसरा की अध्यक्षता में सोमवार को मनाया गया. मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री डॉ. जानुम सिंह सोय उपस्थित थे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सूर्य सिंह बेसरा ने कहा कि तत्कालीन रघुवर दास की सरकार ने संथाल विश्वविद्यालय स्थापना के लिए अनुमति प्रदान किया था.

तीन सदस्यीय जांच कमेटी ने स्थल का भौतिक निरीक्षण कर विश्वविद्यालय की स्थापना के अनुकूल सरकार को अनुशंसा भेजी थी. लेकिन वर्तमान सरकार की उदासीनता के कारण संथाल विश्वविद्यालय मूर्त रूप नहीं ले सका. साथ ही कहा कि संथाल विश्वविद्यालय एक्ट विधानसभा से पारित कराने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा. माधवेन्द्र मेहता ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में फिल्म सिटी निर्माण करने का प्रस्ताव है. इससे जनजातीय परंपरा और संस्कृति को वैश्विक पहचान मिलेगी. इस मौके पर जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू, सुरेश चंद्र मुर्मू, मंजरी बानरा, सलमा हांसदा, कान्हूराम माण्डी, सालखन हांसदा,भीम मुर्मू, होपना हेम्ब्रम, इरफान आलम समेत अनेक लोग उपस्थित थे.

**खास बातें**
- विवि परिसर को फिल्मसिटी निर्माण करने का प्रस्ताव है
- कार्यक्रम में वक्ताओं ने छात्रों को दिए महत्वपूर्ण संदेश

## आपकी बात



> जो सफाई कर्मी पूरे शहर को स्वच्छ रखने में अपना योगदान देता है, उसके प्रति हमें सौम्यता का भाव रखना चाहिए.

**नाम : विवेक बाल्मिकी**
पद : सामाजिक कार्यकर्ता
जन्मस्थल : हजारीबाग
कार्य क्षेत्र : हजारीबाग

पिछले एक दशक से सामाजिक सेवा में योगदान देने वाले विवेक बाल्मिकी किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं. बाल्मिकी समाज के प्रखर प्रणेता रहे रामअवतार बाल्मिकी के बेटे विवेक का जन्म वर्ष 1990 में हुआ. उनकी माता मंजू देवी गृहिणी हैं. विवेक के तीनों भाई भी समाजसेवा से जुड़े हैं. बड़े भाई विशाल बाल्मिकी राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े हैं. विवेक ने वर्ष 2007 में संत कोलंबा कॉलेजिएट (मिशन) स्कूल से मैट्रिक, एसबी पटेल कॉलेज से वर्ष 2009 में साइंस में इंटर और अन्नदा कॉलेज से बीसीए और बीएससी की डिग्री ली. फिर सामाजिक क्रियाकलापों से जुड़ गए. वह भारतीय कर्मचारी मजदूर यूनियन और भारतीय बाल्मिकी धर्मसमाज के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में जनसेवा से जुड़े हैं. मजदूरों खास कर सफाई कर्मियों को न्याय दिलाने के लिए अक्सर मुखर रहते हैं. उनका कहना है कि जो सफाई कर्मी पूरे शहर को स्वच्छ रखने में अपना योगदान देता है, उसके प्रति हमें सौम्य भाव रखना चाहिए. उनकी बदौलत हम विभिन्न बीमारियों से बचे रहते हैं. अगर वह कूड़ा-कचरा उठाना छोड़ दें, तो लोग बीमार पड़ जाएंगे.

# बायोम इंस्टीट्यूट का उड़ान टैलेंट सर्च एग्जाम 15 को



संवाददाता। रांची

बायोम इंस्टीट्यूट का उड़ान 2023 टैलेंट सर्च एग्जाम 15 अक्टूबर को होगा. सफल विद्यार्थियों को 2.15 करोड़ रुपये तक की छात्रवृत्ति मिलेगी. 08 अक्टूबर तक विद्यार्थी निःशुल्क रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं. इंस्टीटयूट के नगड़ा टोली और हिंदू सेंटर पर ऑफलाइन मोड पर परीक्षा होगी. अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी इंस्टीट्यूट के फोन नंबर 7360066185 86 87 88 89 90 91 92 93 पर संपर्क कर सकते हैं.

निदेशक पंकज सिंह ने कहा कि उड़ान 2023 टेस्ट में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को बायोम इंस्टीट्यूट की ओर से 2.15 करोड़ रुपये तक की छात्रवृत्ति दी जाएगी. टेस्ट में 90% से अधिक अंक हासिल करने वाले शीर्ष विद्यार्थियों को इंस्टीट्यूट की ट्यूशन फीस में 100% की छात्रवृत्ति मिलेगी. वही टेस्ट में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं को नामांकन के दौरान अतिरिक्त 30,000 रुपये तक की छूट दी जाएगी. इसके लिए छात्र-छात्राओं को टेस्ट के बाद 30 नवंबर 2023 तक संस्था के केंद्र से जुड़कर नामांकन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी. वहीं टेस्ट के टॉपर छात्र-छात्राओं को कैश प्राइज दिया जाएगा. इस एग्जाम के माध्यम से पिछले कई वर्षों में लगभग 66,000 स्टूडेंट्स लाभान्वित हो चुके हैं.

# डीएमएफटी फंड से पूरी की जाएंगी स्कूल की जरूरतें

संवाददाता । चाईबासा

**खास बातें**
- पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त ने जारी किया निर्देश
- विशेष ग्राम सभा कराने को लेकर सोमवार को पत्र भेजा

उपायुक्त पश्चिमी सिंहभूम ने जिले के विद्यालयों की आधारभूत संरचनाओं को दुरुस्त करने के लिए ग्रामीण मुंडा एवं पंचायत मुखिया के साथ समन्वय स्थापित कर विशेष ग्रामसभा के माध्यम से प्रस्ताव पारित कर अनुमोदन प्राप्त करने का निर्देश दिया है. इसे लेकर सदर प्रखंड की बीईईओ प्रमिला कुमारी ने अपने प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधान शिक्षक-शिक्षिकाओं से विशेष ग्राम सभा कराने को लेकर सोमवार को पत्र भेजा. ग्राम सभा में पारित विद्यालय की आवश्यकताओं से संबंधित पत्र विभाग में समर्पित करने को कहा है. बीइओ ने कहा कि विशेष ग्राम सभा के अनुमोदन से ही विद्यालय में अतिरिक्त वर्ग, चारदीवारी, मरम्मत कार्य, शौचालय निर्माण आदि संभव होगा.

### डीएवी बरकाकाना में मनी गांधी जी की जयंती

**रामगढ़।** डीएवी बरकाकानाना में अहिंसा और त्याग के प्रतीक महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई. इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. उर्मिला सिंह ने महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया. इसके बाद विद्यालय के छात्र ने महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित रामधारी सिंह दिनकर की प्रसिद्ध कृति मैं फिर जन्म दूंगा का सस्वर पाठ किया. महात्मा गांधी के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय की प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. उर्मिला सिंह ने कहा कि आज भी महात्मा गांधी का जीवन उतना ही प्रासंगिक है, जितना आजादी से पहले था. वह स्वच्छता के प्रति पूर्ण रूपेण समर्पित थे. उनकी याद में आज पूरा देश स्वच्छता दिवस मना रहा है. पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है. महात्मा गांधी ने आंतरिक व बाह्य स्वच्छता पर ध्यान दिया. जहां एक ओर सत्य और अहिंसा आंतरिक स्वच्छता को अपनाया. वहीं दूसरी ओर अपने घर, आसपास और देश भर में स्वच्छता का अभियान चलाया. यदि हम गांधी जी के बताए गए मार्ग का अनुकरण करें तो वसुधैव कुटुंबकम की भावना के आधार पर एक ऐसे विश्व की परिकल्पना की जा सकती है, जहां कोई भी किसी को अपने स्वार्थ के लिए नहीं सताएगा. अंत्योदय ही हमारा लक्ष्य होगा.

**कोर्ट नोटिस**

ब,
अदालत,
सब जज प्रथम
लातेहार
**मूल वाद संख्या-26/2019**
रामु उरांव....... वादी
बनाम
अर्जुन साव वगैरह.....प्रतिवादी
नोटिस
बनाम
1. प्रदीप गंझू, पिता - दाहजु गंझू
2. मुनिया देवी पति- रामधनी भुईयां
3. असफाखी मियां, पिता मो0 रफिख मियां
सभी ग्राम- चन्दवा थाना - चन्दवा जिला- लातेहार
4. उपायुक्त महोदय, लातेहार, थाना+जिला- लातेहार

चूं बजरिये नोटिस आपको सूचित किया जाता है कि वादी ने आपके विरूद्ध यह वाद मेरे न्यायालय में दायर किया है, जिसमें अग्रिम तिथि 03/10/2023 मुकर्रर है तथा इस वाद में आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।
अतः इस नोटिस के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 03/10/2023 को समय 11AM बजे स्वयं अन्यथा अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा आपकी अनुपस्थितिः में वाद में एक पक्षीय कारवाई की जाएगी।
इसे ताकिद सक्त जानें।
आज दिनांक 23/9/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया जाता है।
**ह./- सब जज प्रथम, लातेहार**

**क्लासिफाइड**



# सीएम हेमंत सोरेन की तस्वीर हटाने पर झामुमो हुआ हमलावर

विशेष संवाददाता। रांची

## 'किसके इशारे पर हटी तस्वीर, यह खुलासा हो, चुप नहीं बैठेगा झामुमो'

झामुमो ने राजभवन और भाजपा पर तीखा हमला किया है. पार्टी ने रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट के कार्यक्रम में लगी मुख्यमंत्री की तस्वीर को हटाने को लेकर हमलावर हो गया है. पार्टी महासचिव और प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि यह केवल किसी मुख्यमंत्री का अपमान नहीं है, यह समस्त आदिवासियों का अपमान है. उन्होंने कहा कि यह किसके इशारे पर हुआ, इस पर कार्रवाई होनी चाहिए.

उन्होंने कहा कि आज यह खबर सुर्खियों में है. यह किसी राज्य के लिए बेहतर संकेत नहीं है. मुख्यमंत्री को इस कार्यक्रम में जाना था. मगर उनके नहीं पहुंचने पर उनकी तस्वीर हटा दिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है. किसी भी कार्यक्रम में चाहे वह राज्यपाल हो या मुख्यमंत्री, किसी के इशारे पर तस्वीर हटा देना कहीं से उचित नहीं है. ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए कि किसके आदेश और निर्देश पर यह हुआ. सीएम को उस कार्यक्रम में जाना था, मगर कार्यक्रम के ठीक पहले उनकी तस्वीर को हटाया जाना यह कहीं न कहीं बहुत बड़ी साजिश है. यह किसी के इशारे पर हुआ हो, राजभवन के इशारे पर हुआ हो या यूनिवर्सिटी के इशारे पर हुआ हो, जो दोषी हैं ,उनके ऊपर कार्रवाई होनी चाहिए. झामुमो इस पर चुप नहीं बैठने वाला है. यह सिर्फ राज्य के मुखिया का सवाल नहीं है. यह पूरे आदिवासी समाज पर हमला है.


विनोद कुमार पांडेय.

### झामुमो के कार्यकर्ताओं में उबाल

विनोद पांडेय ने कहा कि झारखंड में भाजपा के लोगों सहित बाबूलाल मरांडी को तो हेमंत फोविया हो गया है. राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को भी हेमंत फोविया हो गया है. महामहिम तो हेमंत सोरेन की तस्वीर से भी डरने लगे हैं. आर्यभट्ट सभागार में वर्षों से लगी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तस्वीर से डर गए. जिसके कारण उनकी तस्वीर को उतरवाने के बाद ही कार्यक्रम में पहुंचे. राज्य के लिए यह दुर्भाग्य की बात है. राजपाल जैसे पद पर रह कर किसी खास पार्टी के लिए काम करना, उनको शोभा नहीं देता है. इस बात से झामुमो के कार्यकर्ताओं में उबाल है. वे आक्रोश में हैं. पार्टी इसे गंभीरता से ले रही है.

### ऐसे बढ़ा विवाद

मालूम हो कि 1 अक्टूबर को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में भारत स्वच्छता अभियान को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मुख्य अतिथि थे. जानकारी के अनुसार राज्यपाल के आने से पहले राजभवन के अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और मुख्यमंत्री की तस्वीरें हटवा दी गई. बाद में दोबारा लगा दी गई.

### महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित की

विनोद पांडेय ने महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद कहा कि आज गांधी के हत्यारे नाथूराम गोड्से की विचारधारा वाले लोग बापू को श्रद्धांजलि दे रहे हैं. उन्होंने मोरहाबादी के बापू वाटिका में गांधी जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि हम आज बापू की 154वीं जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि देने आए थे. पार्टी की ओर से हमलोगों ने श्रद्धांजलि दी. बापू के बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया. यहां देखने को मिला कि जिन्होंने बापू की हत्या की, उनकी विचारधारा पर चलने वाले लोग भी श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे.

### आओ जानें
## बरकट्ठा से जीतकर कब कौन पहुंचे झारखंड विधानसभा

| वर्ष | पार्टी | विधायक |
|---|---|---|
| 2000 | सीपीआई | भुनवेश्वर प्रसाद मेहता |
| 2005 | भाजपा | चित्तरंजन यादव |
| 2009 | भाजपा | अमित कुमार यादव |
| 2014 | झाविमो | जानकी प्रसाद यादव |
| 2019 | निर्दलीय | अमित कुमार यादव |



### ब्रीफ खबरें

#### विधायक के नेतृत्व में मनाई गांधी जयंती

**देवघर।** महात्मा गांधी की जयंती के मौके पर 2 अक्टूबर को भारतीय जनता पार्टी की ओर से स्थानीय विधायक नारायण दास के नेतृत्व में भाजपाइयों ने टावर चौक स्थित गांधी स्मारक पर माल्यार्पण किया. इस मौके पर पास में स्थित खादी ग्राम उद्योग प्रतिष्ठान पर पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं ने वस्त्र की खरीदारी की. मौके पर रीता चौरसिया, पंकज सिंह भदोरिया, विजय सिंह, धनंजय खवाड़े आदि मौजूद रहे.

#### गांधी जी की जयंती पर ग्रामसभा का आयोजन

**लातेहार।** गांधी जयंती के अवसर पर मनिका प्रखंड के नैहारा गांव में उप मुखिया सैमुल अंसारी की अध्यक्षता विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया. ग्राम सभा में आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा गांव विषय पर चर्चा की गई. गांववालों ने अपना-अपना मत रखा. बैजनाथ बैठा ने कहा कि विद्यालय की दीवार, पुस्तकालय कक्ष, आंगनबाड़ी में पोषण बगीचा निर्माण, गांव की शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार पर बल दिया.

#### राजद ने गांधी जी को श्रद्धासुमन अर्पित किया

**लातेहार।** राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय लातेहार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154 वीं जयंती मनाई गई. राजद प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव ने कहा महात्मा गांधी की पहचान एक ऐसे नेता के रूप में होती है, जिसने दुनिया को अहिंसा का परिचय दिया. इस अवसर पर राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने कहा ने संदेश दिया. मौके पर मोहर सिंह यादव, कन्हाई पासवान, रंजीत यादव, निजाम अंसारी, अजीत श्रीवास्तव, प्रवीण दास मौजूद रहे.

#### कांग्रेस पार्टी ने मनाई गांधी जी की जयंती

**चाकुलिया।** चाकुलिया के पुराना बाजार स्थित कांग्रेस पार्टी कार्यालय में सोमवार को कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई. कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया. इसके बाद कांग्रेसियों ने डाक बंगला में महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और महात्मा गांधी अमर रहे का नारा लगाया.

#### भाकपा माले ने आम लोगों संग बैठक की

**गिरिडीह।** 'भाजपा हटाओ- देश बचाओ, संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ' अभियान के तहत 2 अक्टूबर को बेंगाबाद प्रखंड के मोतीलेदा पंचायत अंतर्गत फुलटोली व लगठाही नीचे टोला में भाकपा माले ने लोगों के साथ बैठक की. इस दौरान देश व स्थानीय समस्याओं पर भी चर्चा की गई. कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए शंभू तुरी, बालेश्वर तुरी, कामेश्वर वर्मा, पंकज रजक आदि ने कहा कि बढ़ी महंगाई व बेरोजगारी से गरीब परेशान हैं.

#### भाजपा की बैठक में संगठन मजबूती पर बल

**डुमरिया।** डुमरिया भाजपा कमेटी की बैठक सोमवार को मंडल अध्यक्ष बेहुला नायक की अध्यक्षता में आयोजित हुई. बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष सरोज महापात्र ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बूथ पर ध्यान केंद्रित करना है. संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ और पंचायत कमेटियों को एकजुट होकर प्रयास करना होगा. मौके पर बसंत मदिना, बेहुला नायक, दिलीप पंडा व अन्य मौजूद रहे.

**जयंती विशेष : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णान, सीएम हेमंत सोरेन ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किया**

# बापू के बताए रास्ते पर चलने से सबका भला : सीएम

विशेष संवाददाता। रांची

गांधी जयंती के मौके पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की व नमन किया. मौके पर बापू वाटिका स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल पर भजन मंडली के कलाकारों ने बापू के प्रिय भजन तथा राम धुन प्रस्तुत किए.

मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के लिए आज ऐतिहासिक दिन है. हम सभी लोग आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती बड़ी शिद्दत और उमंग के साथ मना रहे हैं. आज यह प्रण लेने का दिन है कि किस प्रकार हम सभी लोग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के विचार, आदर्श, मार्गदर्शन तथा उनका संदेश स्वच्छ मन, स्वच्छ सोच तथा स्वच्छ समाज की परिकल्पना को साकार करें. मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी विलक्षण प्रतिभा के धनी थे. बापू के विचारों को अनुसरण करते हुए हमें त्याग और समर्पण की भावना से कार्य करने की आवश्यकता है, तभी सुखी एवं समृद्ध समाज की परिकल्पना पूरी होगी.

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन मदन कुलकर्णी, उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन सिन्हा, राज्य खादी बोर्ड के सीईओ आरसी बसेरा, टाना भगत समुदाय के प्रतिनिधि सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे. सीएम ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी याद किया. उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री के जय जवान, जय किसान के उदघोष ने देश में नव चेतना का संचार किया था. बहादुर शास्त्री की जयंती पर शत-शत नमन. इससे पूर्व राज्यपाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर राजभवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया.



### जयंती समारोह

- राजभवन में राज्यपाल ने चित्रों पर माल्यार्पण किया
- गांधी जी और शास्त्री जी के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील

### मरांडी ने कहा
## गांधी के विचारों को मोदी जी आगे लेकर चल रहे हैं

भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मोरहाबादी स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया. इस मौके पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश, बिहार विधानसभा में विधायक संजीव चौरसिया, प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ,रांची महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे. गांधी जयंती के अवसर पर खादी भंडार में खादी वस्त्रों भाजपा नेताओं ने खरीददारी की. इस मौके पर बाबूलाल मरांडी, नागेंद्र त्रिपाठी,सांसद दीपक प्रकाश आदि उपस्थित थे.

## केंद्रीय राज्य मंत्री व भाजपा नेताओं ने महात्मा गांधी को किया नमन

**गिरिडीह।** गिरिडीह के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने गांधी जयंती पर दो अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी. केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, भाजपा नेता सुरेश साव सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक स्थित बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया. अन्नपूर्णा देवी ने लोगों से बापू के सत्य-अहिंसा के सिद्धांत को अपनाने की अपील की.

डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शिक्षकों, एनसीसी कैडेट्स, विद्यार्थियों व कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि दी. प्राचार्य अभिनव कुमार ने शिक्षकों व विद्यार्थियों को महात्मा गांधी व शास्त्री जी के विचारों को अपनाने के लिए प्रेरित किया. इस अवसर पर स्कूल के सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया. स्कूल कमेटी के अध्यक्ष सह सीसीएल गिरिडीह के जीएम बासव चौधरी ने सफाई मित्रों को मिठाई भेजकर शुभकामनाएं दीं.


गांधी चौक पर बापू को श्रद्धांजलि देने के बाद अन्नपूर्णा देवी व अन्य.

## विधायक ने महात्मा गांधी को किया नमन

चाकुलिया। चाकुलिया में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई. जिला परिषद के डाक बंगला परिसर में स्थापित महात्मा गांधी की मूर्ति पर विधायक समीर कुमार महंती ने पुष्प अर्पित कर नमन किया. इस अवसर पर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी चंदन कुमार, नगर प्रबंधक मोनीस सलाम, सेवानिवृत शिक्षक रामस्वरूप प्रसाद यादव, पूर्व पार्षद मो. गुलाब, नगर पंचायत के कनीय अभियंता लखींद्र माहली, ग्लोरिया भेंगरा, प्रदीप उरांव, असीम नाथ, अनिल कुमार मिश्रा, रमाकांत शुक्ला समेत अनेक लोग उपस्थित रहे.

## जदयू ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध निकाली पदयात्रा



**तोपचांची।** तोपचांची प्रखंड के खरीयो फाटक से गोमो पुरानी बाजार स्थित गांधी प्रतिमा तक जदयू प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह ने सोमवार 2 अक्टूबर को भ्रष्टाचार के विरुद्ध पदयात्रा निकाली. पदयात्रा में जदयू के कार्यकर्ता भारी संख्या में शामिल थे. इसके पहले पुराना बाजार स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई. जदयू नेता सिंह ने कहा कि यह पदयात्रा भ्रष्टाचार के विरुद्ध संकेत है. पंचायत से लेकर प्रखंड कार्यालय हर जगह भ्रष्टाचार अपनी जड़ जमाए हुए है. छोटे बड़े सभी काम पर भ्रष्टाचार इतना हावी हो गया है कि गरीब तबके के लोगों का काम हो ही नहीं पा रहा है. मौके पर सूरज सिंह, जितेन्द्र पांडेय, अजमत अंसारी, सुखदेव दास, बिन्दु देवी आदि मौजूद थे.

## झामुमो ने मनाई महात्मा गांधी की जयंती

**बोकारो।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती बोकारो के सेक्टर-4 गांधी चौक पर झामुमो बोकारो महानगर समिति ने बापू को श्रद्धांजलि दी. इस मौके पर महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने कहा कि महात्मा गांधी ने भारत में स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा दी. उन्होंने सत्य, प्रेम और अहिंसा का मार्ग अपनाकर पूरे विश्व के सामने मिसाल कायम की. हमारे देश, समाज और पूरी दुनिया में जो हालात हैं, उसका निदान गांधी के बताए मार्ग पर चलकर ही हल होगा. गांधी जी ने देश में जिस ग्राम स्वराज की कल्पना की थी, झारखंड सरकार उसे पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है. मौके पर हसन इमाम, मनोज हेम्ब्रम, कलाम अंसारी, मिथुन मंडल, फ़ैयाज़ आलम, अभिमन्यु मांझी, बद्री स्वर्णकार, ज्योतिलाल मांझी, अर्जुन महतो, अशोक हेम्ब्रम, प्रदीप मंडल, सोहन मुर्मू, पुनीत विश्वकर्मा, संजय साव, बिनोद महतो, लखी गोस्वामी, प्रदीप रजक आदि मौजूद रहे.



## कांग्रेस पार्टी ने बापू और शास्त्री जी को नमन किया

**रांची।** कांग्रेस भवन में दो विभूति महापुरुष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी. इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं स्व. लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया .इस अवसर पर वक्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सत्य और अहिंसा के बल पर उन्होंने अग्रेजों से भारत को आजादी दिलायी .शरीर पर मात्र एक धोती लपेटे और लाठी के बल अंग्रेजों से मुकाबला किया .लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर जीवन पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि वे बहुत ही गरीब घर से आने वाले भारत का प्रधानमंत्री बनने के बाद देश को कुशल नेतृत्व प्रदान किया व 'जय जवान जय किसान' का नारा देकर किसानों एवं जवानों का मनोबल बढ़ाया. श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में राकेश सिन्हा, अमूल्य नीरज खलखो, मदन मोहन शर्मा, कृषि विपणन अध्यक्ष रविंद्र सिंह, धार्मिक न्याय बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, केशव महतो कमलेश, आभा सिन्हा, डॉ जय प्रकाश गुप्ता, सूर्यकांत शुक्ला, गजेन्द्र सिंह, अमरेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे.

## झामुमो ने गांधी व शास्त्री जी को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** झामुमो ने मोरहाबादी स्थित गांधी वाटिका में गांधी जी को शत-शत नमन किया. इस मौके पर पार्टी महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि हमलोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया. इस मौके पर जिलाध्यक्ष मुशताक आलम, डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, डॉ चिन्तामनी सांगा, अंतु तिर्की, अश्विनी शर्मा, जनक नायक, कलाम आजाद, बीरू साहु, बीरू तिर्की, आदिल इमाम, रामशरण विश्वकर्मा सहित कई उपस्थित थे.

## कांग्रेस जनों ने बापू व शास्त्री जी को दी श्रद्धांजलि



**धनबाद।** जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई. मौके पर सभी कांग्रेसजनों ने उनके तैल-चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर एसएनएमएमसीएच में मरीजों के बीच फल, जूस एवं अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया. कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी देश की महान विभूति थे. पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री सच्चाई और सादगी की प्रतिमूर्ति थे. इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, योगेन्द्र सिंह योगी, राजेश्नवर सिंह यादव, माला झा, कयूम खान, सतपाल सिंह ब्रोका, सरफराज आलम, जावेद रजा, गुड्डु खान, राजू दास, पप्पु कुमार तिवारी, बब्लू दास, अनिल सिंह, शहजादा हुसैन, सूरजकान्त मिश्रा, गुड़िया देवी, मो.हारून योगेश सिंह बाबू अंसारी, फैस अहमद, जयप्रकाश चौहान, अनू पासवान, तबरेज खान, अनवर हुसैन, आशिश सिन्हा, अरविंद कुमार सैनी, इरफान खान, समेत दर्जनों कांग्रेसजन मौजूद थे.

## सरयू राय के कार्यालय में 200 लोगों ने किया भोजन

**जमशेदपुर।** गांधी जयंती के शुभ अवसर पर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के बारीडीह स्थित कार्यालय में आम जनता को मात्र पांच रुपये की न्यूनतम सहयोग राशि लेकर भरपेट पूड़ी, आलू परवल की सब्जी और छैने की एक मिठाई खिलाई गई. लगभग 200 लोगों ने भोजन किया. इस अवसर पर विधायक सरयू राय ने मीडिया से कहा कि स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के तत्वावधान में भोजन का ये कार्यक्रम विगत डेढ़ साल से चल रहा है. मुझसे अनेक लोग मिले जो शनिवार को दी जाने वाली खिचड़ी का खर्च वहन करने को तैयार हैं. हम लोगों की कोशिश है कि जमशेदपुर में दो या तीन अन्य स्थानों पर इस तरह की व्यवस्था चालू की जाए. इसके लिए बात चल रही है.

## 'पीएम मोदी के कारण महिला बिल को मिली मंजूरी'

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिला भाजपा महिला मोर्चा व अन्य संगठनों की महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन विधेयक को संसद की मंजूरी मिलने की खुशी में 2 अक्टूबर को केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी का अभिनंदन किया. गिरिडीह के नए परिसदन भवन में आयोजित समारोह में केंद्रीय मंत्री को पगड़ी पहनाकर व अंगवस्त्र भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया. इस मौके पर मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पिछली सरकारों की इच्छाशक्ति में कमी की वजह से यह बिल अधर में लटका था. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति व कुशल नेतृत्व की वजह से आज महिला आरक्षण संबंधी यह बिल अब कानून बन गया है.

भाजपा नेत्री शालिनी बैसखियार ने कहा कि संसद में नारी शक्ति वंदन विधेयक को पास कराकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवरात्र से पहले ही शक्ति पूजा के भाव को स्थापित कर दिया है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की स्वीकृति के बाद नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 अब कानून बन गया है. इस मौके पर कुसुम सिन्हा, रीना मंडल, नीतू शोला, संगीता बैसखियार, किरण पांडेय, सोना प्रकाश, रेखा टारको, रश्मी टारको, संगीता सेठ, लता वर्मा, संध्या मिश्रा, बीना देवी, बेबी देवी, किरण सिंह, मीना गुप्ता, पिंकी सिंह, रूबी गुप्ता, सुलेखा देवी आदि उपस्थित थीं.



**जायजा** सीएम ने एशियाई महिला हॉकी चैंपियनशिप की तैयारी को लेकर कई दिशा-निर्देश दिये

# सीएम ने किया जयपाल सिंह स्टेडियम का निरीक्षण

विशेष संवाददाता। रांची

सीएम हेमंत सोरेन ने सोमवार को मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम का निरीक्षण किया. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आगामी एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप को लेकर कई दिशा-निर्देश दिये.

सीएम ने इस दौरान स्टेडियम में बिछायी गयी आधुनिक ब्लू टर्फ का भी निरीक्षण किया. जिस पर अधिकारियों ने सीएम को बताया कि स्टेडियम में रिनोवेशन का कार्य चल रहा है. मौके पर मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव विनय कुमार चौबे, नगर आयुक्त अमित कुमार, रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा सहित अन्य उपस्थित रहे.

**अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता :** निरीक्षण के दौरान सीएम ने कहा कि स्टेडियम में खिलाड़ियों व दर्शकों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है. यह स्टेडियम राज्य का इंटरनेशनल एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम है. इसलिए यहां उच्चस्तरीय व्यवस्थाएं होनी चाहिए. मुख्यमंत्री ने दर्शक दीर्घा में लगी कुर्सियों की साफ-सफाई व पेंटिंग, स्टेडियम परिसर का रंगरोगन, मैदान के अंदर व बाहर लगे एलईडी स्क्रीन को दुरुस्त करने, स्टेडियम में चिन्हित जगहों पर स्पोर्ट्स पर्सन की तस्वीर लगाने, स्कोर डिस्प्ले स्क्रीन को बड़ा करने सहित कई अन्य अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर निर्देश दिये.


स्टेडियम में अधिकारियों को निर्देश देते सीएम हेमंत सोरेन.

### रांची की मेजबानी होगा हॉकी चैंपियनशिप

मालूम हो कि रांची की मेजबानी में आगामी 27 अक्टूबर से एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप होने वाला है, जो 5 नवंबर तक चलेगा. इस चैंपियनशिप में भारत के अलावा जापान, दक्षिण कोरिया, चीन, मलेशिया और थाईलैंड की टीम भाग लेगी.

### खास बातें

- आधुनिक ब्लू टर्फ का भी सीएम ने निरीक्षण किया
- स्टेडियम में रिनोवेशन का कार्य चल रहा है

# गांधी व शास्त्री जी की जयंती पर राजद कार्यालय में गोष्ठी

संवाददाता। सिंदरी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154 वीं व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 119 वीं जयंती पर राष्ट्रीय जनता दल के सिंदरी स्थित कार्यालय में सोमवार 2 अक्टूबर को दोनों महापुरुषों के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये गए व विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया. अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष तारकेश्वर यादव ने की. उन्होंने कहा कि हर बच्चे के दिल में दोनों महापुरुष आज भी जीवंत हैं. उन्होंने कहा कि गांधीजी की सोच महान थी. अडाणी एसीसी सिमेंट वर्क्स यूनियन महासचिव जयराम सिंह ने कहा कि गांधीजी की अहिंसा से अंग्रेजी हुकूमत भी हार गई थी. अहिंसा ही देश को अमन चैन दिला सकती है. दोनों महापुरुषों की जयंती पर लोगों के बीच मिठाई भी बांटी गई.

इस अवसर पर जयराम सिंह, हरिहर राय, डी सी चौधरी, गुरुचरण सिंह, ददन सिंह, सुरेश राउत, विनोद यादव, राजकिशोर यादव, पवन सिंह, विंनय सिंह, ऋषि यादव, मुनेश्वर यादव, प्रदीप पाल, मनोज यादव, राकेश, बबलू ठाकुर, उत्तम स्वर्णकार, हरविंदर सिंह, विनोद मरांडी सहित कई राजद कार्यकर्ता सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे.



### महात्मा गांधी ने हमेशा स्वच्छ भारत, स्वदेश और स्वदेशी का आह्वान किया : रघुवर दास

# पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद ने महात्मा गांधी को किया नमन

संवाददाता। जमशेदपुर

भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी. सोमवार को मानगो गांधी मैदान में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो ने महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया. वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया. इसके पश्चात पूर्व सीएम रघुवर दास, सांसद विद्युत महतो समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने बिस्टुपुर के खादी भंडार से खादी वस्त्रों का क्रय कर खादी अपनाने का संदेश दिया. मौके पर पुर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरा भारतवर्ष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धापूर्वक मना रहा है. महात्मा गांधी ने हमेशा स्वच्छ भारत, स्वदेश और स्वदेशी का आह्वान किया. वहीं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान-जय किसान का नारा दिया. इस अवसर पर प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, देवेंद्र सिंह, राजेश शुक्ला, नीरज सिंह, डॉ. राजीव, विकास सिंह, बबुआ सिंह, राकेश सिंह, जितेंद्र राय, राजीव सिंह, भूपेंद्र सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, अमित अग्रवाल, बिनोद राय, अमरेंद्र पासवान, प्रशांत पोद्दार, चंचल चक्रवर्ती, उमेश पांडेय, नित्यानंद सिन्हा, दशरथ चौबे, नितिन त्रिवेदी, अर्जुन शर्मा, शिवप्रकाश शर्मा, विजय तिवारी, सुशील पांडेय, मनोज गिरी, तन्मय झा, राहुल कुमार, ऋत्तू विश्वकर्मा समेत अन्य उपस्थित थे.



मानगो गांधी मैदान में रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो व अन्य .

### गांधी आज भी विश्वभर में प्रांसगिक हैं : बादल पत्रलेख

**देवघर।** जिला कांग्रेस कार्यालय में 2 अक्टूबर महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनायी गयी. इस मौके पर कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने दोनों महापुरुषों की तस्वीरों पर माल्यार्पण किया और कहा कि गांधी आज भी विश्वभर में प्रासंगिक हैं. उनके बताए रास्ते पर चलकर हम अपना जीवन कृतार्थ कर सकते हैं. गांधी जी के कारण हमारे समाज से कई कुरीतियां खत्म हो गईं. वहीं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादूर शास्त्री जी को याद करते हुए कहा कि



जय जवान, जय किसान का नारा देने वाले प्रधानमंत्री ने देश में एकता की मजबूत नींव रखी. इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रो उदय शंकर, बीस सूत्री उपाध्यक्ष संजय मुन्नम महिला मोर्चा अध्यक्ष चमेली देवी, मीना तूरी आदि कई कार्यकर्ता मौजूद थे.

### आओ जानें

## भारत के प्रमुख शोध संस्थान

| संस्थान का नाम | मुख्यालय |
|---|---|
| भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान | नई दिल्ली |
| केंद्रीय गन्ना अनुसंधान संस्थान | कोयंबटूर |
| केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान | जोधपुर |
| भारतीय मौसम विज्ञान संस्थान | नई दिल्ली |
| भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र | ट्रॉम्बे, मुंबई |
| केंद्रीय वन अनुसंधान संस्थान | देहरादून |
| केंद्रीय तंबाकू अनुसंधान संस्थान | राजमुंद्री |
| भारतीय चीनी तकनीकी संस्थान | कानपुर |
| राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान | करनाल |
| केंद्रीय चमड़ा अनुसंधान संस्थान | चेन्नई |
| केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान | लखनऊ |
| रमन अनुसंधान संस्थान | बेंगलुरु |
| कपड़ा उद्योग अनुसंधान संस्थान | अहमदाबाद |
| राष्ट्रीय प्रतिरोधक विज्ञान संस्थान | नई दिल्ली |

### ब्रीफ खबरें

#### बापू और शास्त्री जी को डीसी ने दी श्रद्धांजलि

**पलामू।** मेदिनीनगर गांधी स्मृति टाउन हॉल परिसर में उपायुक्त शशि रंजन ने महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की. मौके पर सहायक समाहर्ता रवि कुमार, सदर एसडीओ राजेश कुमार शाह, प्रमंडलीय जनसंपर्क कार्यालय के उपनिदेशक आनंद, सहायक नगर आयुक्त परितोष प्रियदर्शी समेत गणमान्य लोगों ने भी महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री पुष्पांजलि अर्पित की. मौके पर उनके बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया.

#### राज्य में डेंगू के 81 सक्रिय मरीज, मिले 8 नए मरीज



**रांची।** झारखंड में डेंगू के 81 सक्रिय मरीज हैं. स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े के मुताबिक, सोमवार को राज्य में डेंगू के 8 नए मरीज मिले हैं. सभी मरीज पूर्वी सिंहभूम जिले के हैं. बता दें कि 157 संदिग्ध मरीज मिले. इनमें सबसे ज्यादा 119 संदिग्ध पूर्वी सिंहभूमि जिले के हैं. जांच के उपरांत 8 में डेंगू की पुष्टि हुई है. वहीं चिकनगुनिया के भी 13 संदिग्ध मरीज मिले. ये सभी मरीज देवघर जिले के हैं. हालांकि जांच के बाद किसी में चिकनगुनिया की पुष्टि नहीं हुई है.

### बारिश होने से वन विभाग के कर्मचारी गांव नहीं पहुंच सके

# हाथियों ने एक दर्जन घरों को किया क्षतिग्रस्त

संवाददाता। बेरमो

गोमिया प्रखंड के सियारी पंचायत के काशीटांड व विरहोर डेरा गांव में हाथियों के झुंड ने 1 अक्टूबर की रात लगभग एक दर्जन घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया साथ ही खेतों में लगे धान की फसल को भी काफी नुकसान पहुंचाया. ग्रामीणों ने इसकी सूचना रात में ही गोमिया वन विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों को दी लेकिन बारिश होने और कच्चे रास्ते के कारण विभाग के कर्मचारी समय पर गांव में नहीं पहुंच सके. वहीं रात में हाथियों के भय के कारण काशीटांड के ग्रामीण घर छोड़कर रेलवे पुल के नीचे छिपकर अपनी जान बचाई. ग्रामीणों ने मशाल जलाकर व ढोल नगाड़ों के आवाज के किसी प्रकार से हाथियों के झुंड को खदेड़ा. इसके बाद जंगली हाथियों का झुंड गांव से निकलकर पहाड़ की ओर चला गया. इधर, जिन ग्रामीणों का आवास क्षतिग्रस्त हुआ है, उनमें विरहोरडेरा के संतोष सोरेन, मंझला मांझी, विष्णु मांझी, मंगू माझी, स्व सुखी मांझी शामिल हैं. इसी प्रकार वेणी राम मांझी, रामजी मांझी, सुर्या मांझी आदि के खेत में लगे फसल को हाथियों ने नष्ट कर दिया है. काशीटांड में एतो मुर्मू, जगरनाथ मांझी व राखी की खेत में लगी धान की फसल को नष्ट कर दिया.



हाथियों द्वारा तोड़ा गया घर.

#### खास बातें

- घर छोड़कर रेलवे पुल के नीचे छिपे ग्रामीण, बचाई जान
- धान की फसल को हाथियों ने पहुंचाया काफी नुकसान

### रसुनिया में हाथियों ने मचाया उत्पात, धान की फसल बर्बाद

**चांडिल।** प्रखंड के रसुनिया में जंगली हाथियों का उत्पात चरम पर है. इन दिनों 18 की संख्या में जंगली हाथियों का झुंड किसानों के खेतों में लगी धान की फसल को आहार बनाकर और रौंदकर बर्बाद कर रहा है. इससे किसानों को नुकसान हो रहा है. वहीं जंगली हाथियों के झुंड के गांव के निकट जंगल क्षेत्र में अपना डेरा बनाने से ग्रामीण दहशत में हैं. ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग जंगली हाथियों से ग्रामीणों की जान व माल की सुरक्षा करने और फसलों को नुकसान होने से बचाने के लिए सक्रियता नहीं दिखा रहा है. दिन में हाथियों का झुंड जंगल क्षेत्र में रहता है और शाम ढलते ही जंगल से निकलकर खेतों की ओर अपना रूख करते हैं. हाथियों का झुंड जिस किसान के खेत से गुजरता है, उस खेत की फसल को रौंदकर बर्बाद कर देता है.

**तीन साल से परेशान हैं किसान :** जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने जंगली हाथी की समस्या पर वन विभाग की उदासीनता पर नाराजगी जाहिर की है. उन्होंने कहा कि समय पर बारिश नहीं होने के कारण इस वर्ष भी किसान ठीक से खेती नहीं कर पाए हैं. वहीं फसल को हाथियों का झुंड नुकसान पहुंचा रहा है. ऐसे में किसानों के समक्ष जीवन यापन की समस्या उत्पन्न हो सकती है. उन्होंने चांडिल के वन क्षेत्र पदाधिकारी को तत्काल जंगली हाथियों से फसल को बचाने और ग्रामीणों की जान व माल की रक्षा करने का निर्देश दिया है. उन्होंने कहा कि अनुमंडल क्षेत्र में अलग-अलग झुंडों में बंटकर जंगली हाथियों का ग्रुप किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा रहे है. वहीं रसुनिया के अजय कुमार महतो ने कहा कि पिछले तीन साल से किसान सही ढंग से खेती नहीं कर पा रहे हैं. ऊपर से जंगली हाथियों का उत्पात किसानों को दोहरा नुकसान हो रहा है.



हाथियों का झुंडच

## इलाके में घूम रहे हैं 22 हाथी, मचा रहे उत्पात

संवाददाता। सिमडेगा

ठेठईटांगर प्रखंड के जोराम पंचायत पावर ग्रिड जंगल में जंगली हाथियों का झुंड चार दिनों से डेरा जमाये हुए हैं. इलाके में आतंक मचाकर रख दिया है. फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं. चार दिनों में सैकड़ों क्विंटल फसल को बर्बाद कर दिया. बीती रात राजाबसा पंचायत के ग्रामीणों ने जंगल से हाथियों को खदेड़ते हुए केरया पंचायत के जोधिटोली तक पहुंचा दिया लेकिन पर्याप्त मशाल और तेल नहीं होने के कारण हाथियों को पहिंपहर नदी पार नहीं करा पाए. इस वजह से जंगली हाथियों का झुंड पुनः पावर ग्रिड जंगल की ओर वापस चला आया. वहीं जोधिटोली निवासी सोनी बड़ाइक, पुष्पा बड़ाइक, खुशबू बड़ाइक, पिंक बड़ाइक और कट्टरटोली निवासी जॉर्ज सोरेंग, विजय बा, डोमनिक बा, अलक्सियस सोरेंग, केलिमेंट सोरेंग, सिपरियांन बा, रेबेका सोरेंग और फुलजेमस सोरेंग के खेतों में लगे फसल को खाकर रौंद कर बर्बाद कर दिया. ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में 22 की संख्या में हाथी घूम रहे हैं. क्षेत्र में आतंक मचा रहे हैं. हाथी खेतों में लगी फसल को भी बर्बाद कर रहे हैं. वहीं कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी के निर्देश पर हाथी प्रभावित गांवों में तेल मोबिल, जूट, बोरा, टॉर्च आदि समग्री उपलब्ध कराया गया.

### धनबाद-बोकारो पुरानी सड़क हुई जर्जर, दिक्कत

**मैथन।** महुदा, बाघमारा प्रखंड अंतर्गत तेलमोचो दुर्गा मंदिर से चंद्रपुरा दुगदा तक जाने वाला धनबाद बोकारो पुराना मुख्य मार्ग जर्जर हो गया है. इस कारण हर आने-जाने वालों की परेशानी बनी हुई है. दुगदा-चंद्रपुरा जाने के लिए इसी मार्ग से होकर राहगीरों को गुजरना पड़ता है. इस सड़क के दोनों छोर पर तेलमोचो व लोहपट्टी दो पंचायतों की लगभग दस हजार की आबादी बसी हुई है. लोहपट्टी के श्याम लाल महतो, सुबोध महतो, घलटु मोदक, सुलोचना देवी, नकुल महतो ने लोगों को समस्या से त्रस्त बताया. इस सड़क की समस्या को लेकर बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने 2022 में लोहापट्टी मोड़ पर एक सभा का आयोजन किया था.

## गांधी जयंती पर तीन बंदी रिहा

संवाददाता। धनबाद

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान मे गांधी जयंती के अवसर पर सोमवार को धनबाद जेल में जेल अदालत व विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. यह जानकारी देते हुए प्राधिकार की सचिव सह अवर न्यायाधीश निताशा बारला ने बताया कि जेल अदालत में निपटारे के लिए 6 केस चिन्हित किए गए थे, जिसमें तीन मुकदमो का निष्पादन कर बंदी बालो गोस्वामी, सम्राट सिन्हा व मोहन राजबंशी को मुक्त करने का आदेश दिया गया.

दूसरी ओर न्यायिक पदाधिकारी व लीगल एड डिफेंस काउंसिल की टीम ने बंदियों को विभिन्न कानूनों की जानकारी विधिक जागरूकता शिविर में दी. इस मौके पर रेलवे के न्यायिक दंडाधिकारी अंकित कुमार सिंह, एलएडीसीएस के सहायक कन्हैया लाल ठाकुर, नीरज गोयल, कारा अधीक्षक,जेलर मो एम हसन, डालसा सहायक अरुण कुमार, सहायक अजय कुमार आदि मौजूद थे.



जेल अदालत में न्यायिकपदाधिकारी व अन्य.

# जन-जन ने किया बापू और शास्त्री जी को याद

पूरे सूबे ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर किया. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 और पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्टूबर 1904 को हुआ था. राज्य के नेताओं, अधिकारियों व विद्यार्थियों ने भी बापू और पूर्व प्रधानमंत्री को उनके जन्मदिवस पर याद करते हुए श्रद्धांजलि दी है. इस अवसर पर कई कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया. लोगों ने स्वच्छता की शपथ लेकर बापू के सपनों को भारत बनाने का प्रण लिया.

### रक्तदान शिविर का आयोजन



**बोकारो।** सादगी के प्रतीक लाल बहादुर शास्त्री जी और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को झारखंड हेल्थ केयर चीरा चास की ओर से मेगा हेल्थ चेकअप कैंप व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. रक्तदान शिविर का उद्घाटन डॉ बीबी लाल ने किया.

### जयंती पर हुईं विशेष ग्राम सभाएं



**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड की सभी 15 पंचायतों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया. इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ सुदीप्तो वेदराजन की अगुवाई में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया.

### पंचायत भवनों में हुए कार्यक्रम



**पीरटांड़ (गिरिडीह)।** प्रखंड के सभी पंचायत भवनों के अलावा कई अन्य जगहों पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. लोगों ने महात्मा गांधी को याद करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने अपने त्याग व बलिदान से देश को आजाद कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी. आज के दौर में भी गांधी के आदर्श व सिद्धांत पर चलने की जरूरत है.

### कॉलोनी में चला स्वच्छता अभियान



**बोकारो।** बारी सहकारी गृह निर्माण समिति लिमिटेड व बारी सदस्य जन कल्याण समिति की ओर से 2 अक्टूबर को संयुक्त स्वच्छता अभियान चलाया गया. राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मौके पर लोगों ने कहा कि सब लोग अपने स्तर से सफाई का कार्यक्रम चलाए.

### वृद्धों ने गांधी-शास्त्री को किया नमन

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर 2 स्थित रोड नंबर 9 में स्थित वृद्ध शांति निकेतन में वृद्धों ने गांधी-शास्त्री को उनकी जयंती पर याद कर अपना 23वां स्थापना दिवस मनाया. अतिथियों ने अपने सम्बोधन में दोनों महापुरुषों को आधुनिक भारत का निर्माता बताया. वृद्ध शांति निकेतन का स्थापना 2 अक्टूबर 2000 को हुआ था. कार्यक्रम में अध्यक्ष जगदीश मंडल, महासचिव निहार रंजन होर, चंद्रमा पांडेय, आरएस शाह, अरविंद सिंह, बलकान्त झा, एसपी गुप्ता, राम गोश्वामी, गणेश महाली, विजय शंकर मिश्रा और कृष्णा दुबे मौजूद रहे.

### लोगों को किया गया जागरूक

**मनोहरपुर ।** मनोहरपुर आयरन ओर मायंस चिड़िया (सेल ) खदान के प्रबंधक रविरंजन के नेतृत्व में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई. इस दौरान चिड़िया सेल जेनरल ऑफिस प्रांगण में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माइंस प्रबंधक रविरंजन समेत तमाम अधिकारी, मजदूर संगठनों के प्रतिनिधि व सेलकर्मियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया. साथ ही स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया.

### गांधी जयंती पर हुई ग्रामसभा

**गढ़वा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के मौके पर जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन किया गया. वन अधिकार शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन भी किया गया. इस दौरान ग्रामीणों ने राष्ट्रपिता को नमन किया और वन अधिकार की शपथ ली. जिला एवं प्रखंड के विभिन्न पदाधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे. इसी कड़ी में निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन और जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी गढ़वा प्रखंड के कल्याणपुर पंचायत एवं मेराल प्रखंड के मेराल पूर्वी पंचायत पहुंचे.

### रक्तदान कर मनाई जयंती

**चंदवा।** गांधी जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कुमार नवनीत ने सराहनीय पहल की. बस स्टैंड के समीप बने जिला परिषद परिसर में रक्तदान का आयोजन किया गया. राजकीयकृत मध्य विद्यालय सासंग की शिक्षिका प्रियंका कुमारी, रजनीश देव, अरविंद कुमार, ब्रह्मदेव प्रजापति, शुभम कुमार, मुकेश कुमार साहू ने स्वेच्छापूर्वक रक्तदान किया. शिक्षिका प्रियंका कुमारी ने कहा कि रक्तदान के बाद एक सुखद अनुभूति होती है.

### श्रद्धा के साथ मनाई जयंती



**गिरिडीह।** गिरिडीह शहर सहित पूरे जिले में 2 अक्टूबर सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई. शिक्षण संस्थानों, सरकारी कार्यालयों, राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के कार्यालयों में समारोह आयोजित कर दोनों महापुरुषों को नमन किया गया.

### योजनाओं की मिली जानकारी



**जामताड़ा।** जामताड़ा जिले की 118 पंचायतों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर सोमवार को मुखिया की अगुवाई में ग्रामसभा का आयोजन कर विकास पर चर्चा की गई. मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर लोगों को जानकारी दी गई.

### अधिकारियों ने किया नमन



**बोकारो।** गांधी विचार मंच ने बोकारो इस्पात संयंत्र के सहयोग से दो अक्टूबर को सेक्टर-4 स्थित गांधी प्रतिमा स्थल पर राष्ट्रपिता की जयंती धूमधाम से मनाई. समारोह में मुख्य अतिथि बोकारो विधायक बिरंची नारायण, विशिष्ट अतिथि बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, बीएसएल के अधिकारी व राजनीतिक दलों के नेताओं ने बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया.

### अंचल कार्यालय में मनाई जयंती



**गावां (गिरिडीह)।** महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती गावां प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय में मनाई गई. बीडीओ महेंद्र रविदास ने महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. वहीं प्रखंड के सभी पंचायत भवनों व कई अन्य जगहों पर महात्मा गांधी व शास्त्री की जयंती मनाई गई.

## सीएमपीडीआई में सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई



संवाददाता। रांची

सीएमपीडीआई में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी. इस मौके पर स्वच्छता ही सेवा और विशेष अभियान 3.0 के हिस्से के रूप में भारत को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी. इस अवसर पर अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक (तकनीकी/ सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/ ईएस) सतीश झा, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा एवं वरीय सलाहकार (माइनिंग) एके राणा ने बापू एवं शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया व श्रद्धासुमन अर्पित किए. मुख्यालय-रांची एवं क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष समेत कर्मियों ने भी इन महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित की.

इस अवसर पर मनोज कुमार ने कहा कि 2 अक्टूबर को 'अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस' के रूप में मनाया जाता है. पूरी दुनिया बापू के सत्य और अहिंसा के आदर्शों, सत्य और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के प्रति उनकी प्रतिबद्धताओं को स्वीकार करती है. आज हम भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती भी मनाते हैं, जिन्होंने चुनौतीपूर्ण समय में भारत का नेतृत्व किया.

## शास्त्री जयंती पर श्रमिक संगठनों ने दी श्रद्धांजलि

संवाददाता। बोकारो

बोकारो के सेक्टर छह स्थित शास्त्री चौक में सामाजिक संगठनों व श्रमिक संगठनों की ओर से शास्त्री जयंती मनाई गई. समारोह की अध्यक्षता वीवीएल श्रीवास्तव ने की. कार्यक्रम का उद्घाटन धनबाद सांसद पशुपति नाथ सिंह ने किया. इस अवसर पर उन्होंने शास्त्री जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर भोजपुरिया समाज के रवीन्द्र सिंह, केदार सिंह, संत सिंह, गांधी विचार मंच के ओम प्रकाश गुप्ता, एसके गुप्ता, लोक जनशक्ति पार्टी के कपिल पासवान, राम सिंघासन शर्मा, भाजपा के राजीव कंठ, एके वर्मा, कमलेश राय, किम्स के संग्राम सिंह, कांग्रेस पार्टी की श्वेता सिंह, बीएमएस के एसके वर्मा, विनोद सिंह ने अपने संगठन की ओर से शास्त्री जी की प्रतिमा पर पुष्पांजली अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. इसके अलावा कायस्थ महापरिवार बोकारो जिला, मौके पर अमर सिन्हा ने अपने समूह के साथ भजन व स्वागत गान प्रस्तुत किया. मौके पर अशोक कुमार सिन्हा, जय शंकर प्रसाद, मृत्युंजय सिन्हा, नवीन सिन्हा, एस बी प्रसाद, मनीष कुमार श्रीवास्तव, सुजीत कुमार, पी के सिन्हा, ए आर वर्मा, श्रीवास्तव अगम प्रसाद, दिवाकर शरण, विश्वराज आनन्द, कपूर रंजन, रवि कुमार सिन्हा, मितेश कुमार, अरविंद कुमार सिन्हा, अनिल कुमार श्रीवास्व, पांडेय कृष्ण कुमार, संजय कुमार के साथ महिला संभाग से ज्योति वर्मा, शिखा सिन्हा, गीता कुमारी, वंदना वर्मा, पूनम सिन्हा ने स्वागत गान प्रस्तुत किया गया.

### अधिकारियों और डीवीसी प्रबंधन से प्रधानाध्यापक की गुहार भी रह गई अनसुनी, डीवीसी ही कराता था मरम्मत

# कभी भी ढह सकता है स्कूल, डर के साये में पढ़ रहे 550 बच्चे

**संवाददाता। मैथन**

एग्यारकुंड प्रखंड क्षेत्र के आदर्श वरीय बुनियादी विद्यालय, मैथन के लगभग 550 बच्चे जर्जर भवन में डर के साये में पढ़ने के लिए विवश हैं. विद्यालय भवन की हालत ऐसी हो गई है कि वह कभी भी ढह सकता है. आलम यह है कि पढ़ाई के दौरान बारिश में छत से पानी टपकता है तो सामान्य दिनों में छत व दीवार के एसबेस्टस व प्लास्टर झड़कर गिरते हैं. विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने जिला शिक्षा अधीक्षक, डीवीसी प्रबंधन एवं बीडीओ को पत्र लिखकर विद्यालय भवन के निर्माण व मरम्मत की गुहार लगाई है. परंतु कहीं से सकारात्मक पहल नहीं की गई है. विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बताया कि विद्यालय का निर्माण वर्ष 1951 में डीवीसी ने कराया था और प्रतिवर्ष मरम्मत व रंग रोगन डीवीसी प्रबंधन कराता रहा है. परंतु वर्ष 2017 से अचानक डीवीसी प्रबंधन ने मरम्मत का काम बंद कर दिया, जिससे विद्यालय का भवन जर्जर हालत में पहुंच गया है. डीवीसी प्रबंधन ने बच्चों के खेल का मैदान भी ले लिया.

मैदान को डीवीसी ने घेराबंदी कर पार्क बना दिया है. हालांकि पार्क रखरखाव के अभाव में झाड़ी में तब्दील हो चुका है. सदस्यों ने बताया कि विद्यालय में कुल 16 कमरे हैं, जिसमें 6 की हालत काफी जर्जर हो गई है, जो कभी भी ढह सकता है. शेष 11 कमरे भी जर्जर हो गए हैं, लेकिन कामचलाऊ हालत में हैं. इन्हीं 11 कमरों में कक्षा एक से आठ तक की पढ़ाई होती है. किन्तु शिक्षकों व बच्चों में हमेशा डर बना रहता है. विद्यालय के प्राधानाध्यापक उत्तम कुमार घाटी ने बताया कि भवन की हालत खराब होने के कारण बच्चों की उपस्थिति भी कम हो गई है.

हमेशा अनहोनी का भय बना रहता है. कहा कि विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति से संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है.


जर्जर हालत में विद्यालय के कमरे.

**खास बातें**
- झड़कर गिरते हैं छत व दीवार के एसबेस्टस और प्लास्टर
- अचानक डीवीसी ने मरम्मत का काम कर दिया बंद

**आओ जानें**

## महात्मा गांधी का परिवार

- गांधीजी के चार बेटे
  हरिलाल (परिवार में 68 सदस्य)
  मणिलाल (परिवार में 39 सदस्य)
  रामदास (परिवार में 19 सदस्य)
  देवदास (परिवार में 28 सदस्य)
- गांधी जी के परिवार में 4 बेटे और 13 पोते-पोतियां हैं.
- गांधीजी के परिवार की बात करें तो उनके पोते-पोतियों और उनके 154 वंशज आज 6 देशों में रह रहे हैं.
- इनमें 12 चिकित्सक, 12 प्रोफेसर, 5 इंजीनियर, 4 वकील, 3 पत्रकार, 2 आईएएस, 1 वैज्ञानिक, 1 चार्टड एकाउंटेंट, 5 निजी कंपनियों में अच्छे पदों पर काम कर रहे हैं. साथ ही इस परिवार में 4 पीएचडी धारक भी हैं.
- परिवार में लड़कों की तुलना में लड़कियों की संख्या ज्यादा है.
- गांधीजी के वंशज आज भारत, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, कनाडा, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में हैं.

## ब्रीफ खबरें

### पाकुड़ मंडलकारा में जेल अदालत का आयोजन

**पाकुड़।** झालसा के निर्देश पर 2 अक्टूबर को गांधी व शास्त्री जयंती के अवसर पर मंडल कारा में जिला जज बाल कृष्ण तिवारी के निर्देश पर जेल अदालत का आयोजन किया गया. मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रफुल्ल कुमार व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिल्पा मुर्मू ने दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रफुल्ल कुमार ने कैदियों के हित में विधिक सहायता से संबंधित कई जानकारी दी. मौके पर बंदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई.

### जानलेवा हो सकता है अंडरपास का ऊपरी भाग

**चाकुलिया।** चाकुलिया के पश्चिम रेलवे फाटक के पास निर्मित अंडरपास का ऊपरी भाग मवेशियों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है. इसमें गिर जाने से मवेशियों की जान जा सकती है और अंडरपास से गुजरने वाले वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो सकते हैं. वहीं, रेलवे की जमीन पर बनाया गया नाला भी खुला छोड़ दिया गया है. जानकारी हो कि अंडरपास के ऊपर छावनी लगाई गई है, ताकि अंडरपास में वर्षा का पानी और धूप नहीं आ सके. दूसरी ओर अंडरपास के ऊपरी भाग को खुला छोड़ दिया गया है.

### श्रमदान करने वालों को किया सम्मानित

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर नगर निगम द्वारा सोमवार को गांधी-शास्त्री जयंती के मौके पर, 1 अक्टूबर को श्रमदान करने वाले सफाईकर्मियों का चरण पखार और तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया. इससे पूर्व महात्मा गांधी-लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्र गान से हुई. जिसके पश्चात सफाईकर्मियों को सम्मानित किया गया. इस सफाई मित्र सम्मान समारोह में प्रशासक गिरिजा शंकर प्रसाद ने सफाईकर्मियों को फूल, हेलमेट व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया.

### नये समाहरणालय का 95% से ज्यादा काम पूरा

**धनबाद।** बरवाअड्डा हवाई पट्टी स्थित निर्माणाधीन समाहरणालय का निरीक्षण सोमवार को उपायुक्त ने किया. उन्होंने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्य की जानकारी ली. निरीक्षण के बाद उन्होंने बताया कि भवन का 95 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा पुरा हो चुका है. शेष कार्य एक से डेढ़ माह में पूरा होने की उम्मीद है. अधिकारियों की जरूरत जैसे केबिन, सीट एलोकेशन आदि पर भी ध्यान दिया जा रहा है. जिन कार्यालयों की ज्यादा जरूरत है, उसे तत्काल शिफ्ट किया जाएगा. कार्य संतोषजनक है, जहां कमियां हैं, सुधार के निर्देश दिए जा रहे हैं.

### घाटशिला रेल थाना प्रभारी सेवानिवृत

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला रेल थाना में पदस्थापित दरोगा जुल्फिकार खान सेवानिवृत हो गए. पुलिस में 40 वर्षों तक सेवा देने के बाद वह सेवानिवृत हुए. सोमवार को उन्हें टाटानगर रेल थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी खान समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने उपहार देकर विदाई दी. मूल रूप से उत्तर प्रदेश के दिलदारनगर निवासी जुल्फिकार 2019 से टाटानगर रेल पुलिस मुख्यालय में थे. इससे पहले वह रांची और मुरी में भी पदस्थापित रहे. जुल्फिकार खान ने बताया कि नौकरी में रहते हुए सैकड़ों लोगों को मदद किए हैं.

### मैथन 6 फीट और पंचेत 9 फीट खतरे के निशान से नीचे, गांवों के सामने तक पानी

# बरसात से बांधों का जल स्तर बढ़ा

**संवाददाता। मैथन**

दामोदर घाटी के ऊपरी क्षेत्र में लगातार बारिश से मैथन व पंचेत डैम का जलस्तर काफी तीव्र गति से बढ़ रहा है. केन्द्रीय जल आयोग के निर्देश पर सोमवार से मैथन डैम से 55 हजार क्यूसेक और पंचेत डैम से 75 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है. डैमों से पानी छोड़े जाने के कारण दामोदर घाटी के निचले क्षेत्र यानी पश्चिम बंगाल में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है. हालांकि केन्द्रीय जल आयोग व डीवीसी जलाशय प्रबंधन विभाग ने पहले ही पश्चिम बंगाल प्रशासन को हाई अलर्ट कर दिया था, ताकि नदी किनारे रहने वाले लोग सतर्क हो जाएं.

जानकारी के अनुसार पिछले दस दिनों में मैथन डैम के जलस्तर में 7 फीट व पंचेत डैम के जलस्तर में 9 फीट की वृद्धि दर्ज की गयी है. दामोदर घाटी के ऊपरी क्षेत्र स्थित तिलैया, कोनार व तेनुघाट डैम से लगातार पानी छोड़े जाने व बारिश के कारण दोनों डैम का जलस्तर काफी तेजी बढ़ा है. सीडब्ल्यूसी के अनुसार 2 अक्टूबर को मैथन डैम में 79,109 एकड़ फीट और पंचेत डैम में 1,03,098 एकड़ फीट पानी ऊपरी क्षेत्र से आ रहा है. इसे देखते हुए मैथन डैम से 30823 एकड़ फीट व पंचेत डैम से 49226 एकड़ फीट पानी छोड़ा जा रहा है.

सोमवार की सुबह मैथन डैम का जलस्तर 488.81 फीट मापा गया, जो खतरे के निशान 495 फीट से 6 फीट कम है,जबकि पंचेत का जलस्तर 415.49 फीट (डेंजर लेबल 425 फीट) मापा गया है. वहीं कोनार डैम का 1391.40 फीट, तिलैया डैम का 1202.72 फीट एवं तेनुघाट डैम का 855.35 फीट जलस्तर मापा गया. उपरोक्त सभी डैम के जल स्तर पर केंद्रीय जल आयोग के अधिकारियों की कड़ी नजर बनी हुई है. विभाग का मानना है कि लगातार बारिश के कारण सभी डैमों के जलस्तर में वृद्धि हुई है, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है. सब कुछ सामान्य है.


मैथनडैम से छोड़े जा रहे पानी का दृश्य.

### दामोदर का जल स्तर बढ़ा, नहीं मिला झरिया को पानी

**जोड़ापोखर :** झमाड़ा जल संयंत्र केंद्र जामाडोबा स्थित दामोदर नदी में भारी बारिश के बाद जल स्तर बढ़ा, जिससे झरिया-पुटकी क्षेत्र में जलापूर्ति प्रभावित हो गई है. रविवार 1 अक्टूबर से सोमवार तक 8 लाख लोगों को पानी नसीब नहीं हुआ. झमाड़ा कर्मियों का कहना है कि भारी बारिश से दामोदर नदी का नॉर्मल जल स्तर 454 आरएल से बढ़ कर 460 आरएल हो गया है. नदी में बह कर जलकुंभी, सेंवाल ने इंटेक बल्ब 6,8,9 को पूरी तरह जाम कर दिया है, जिससे जल भंडारण गृह 12 व 9 एमजीडी में भंडारण नहीं किया जा सका. झरिया व पुटकी क्षेत्र में रविवार से ही जलापूर्ति ठप है. पानी बिजली उपभोक्ता मंच के संरक्षक किशोर कुमार ने कहा है कि आये दिन झमाड़ा कर्मियों द्वारा कई तरह के बहाने बता कर पानी बंद कर दिया जाता है. कर्मियों द्वारा कभी बिजली, कभी नदी में बाढ़ बताया जाता है. एक सप्ताह से झरिया वासियों को पानी नहीं मिला है. झमाड़ा के कनीय अभियंता आशुतोष राणा ने कहा है कि दामोदर नदी का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है. बाहर से गोताखोर बुलाया गया है, जल्द ही इंटेक बल्ब की सफाई कर झरिया-पुटकी क्षेत्र में जलापूर्ति बहाल की जाएगी.

### चांडिल : बढ़ता जा रहा डैम का जलस्तर, आठ रेडियल गेट डेढ़-डेढ़ मीटर व दो एक-एक मीटर खोले गए


डैम के खुले रेडियल गेट

**चांडिल।** तीन दिनों से रूक-रूककर हो रही झमाझम बारिश से चांडिल डैम का जलस्तर बढ़ता ही जा रहा है. सोमवार की सुबह तक जलस्तर के बढ़ते रहने के कारण डैम के 10 रेडियल गेट खोल दिये गये हैं. डैम के जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए आठ रेडियल गेट डेढ़-डेढ़ मीटर और दो रेडियल गेट एक-एक मीटर तक खोल दिये गये हैं. 10 रेडियल खोले जाने के बाद चांडिल डैम का जलस्तर स्थिर बताया जा रहा है. वहीं लगातार हो रही बारिश के कारण डैम का जलस्तर बढ़ने की संभावना है. सोमवार दोपहर को चांडिल डैम का जलस्तर 181.85 मीटर दर्ज किया गया है जो रविवार को 181.75 मीटर पर था. लगातर बढ़ रहे जलस्तर के कारण ईचागढ़ गांव जलमग्न हो गया है. गांव की सड़कों पर जलभराव के कारण आवागमन ठप है. पूरा गांव ठहर सा गया है. गांव में रहने वाले विस्थापित परिवार दहशत में हैं कि कहीं झमाझम बारिश होती रही तो उनके मकान एक बार फिर जलमग्न हो जाएंगे. वहीं चांडिल डैम के किनारे डुब क्षेत्र में स्थित कई विस्थापित गांवों के सामने तक डैम का पानी पहुंच गया है. वहीं मूसलाधार बारिश होने पर एक बार फिर विकट स्थिति पैदा होने की संभावना है. सोमवार को भी सुबह से रूक-रूककर बारिश हो रही है. ऐसे में डैम का जलस्तर और अधिक बढ़ने की संभावना बनी हुई है.

## आयुष निदेशालय समेत 17 जिलों 2.16 करोड़ का अतिरिक्त आवंटन

- कर्मचारियों और संविदा कर्मियों के वेतन होगा भुगतान

**संवाददाता। रांची**

झारखंड के 17 जिलों के आयुष विभाग व आयुष निदेशालय के लिए वित्तीय वर्ष 2030-24 के व्यय के लिए 2 करोड़ 16 लाख 59 हजार 900 रुपये का अतिरिक्त आवंटन किया गया है. पूर्व में 6 करोड़ 80 लाख 65 हजार का आवंटन किया जा चुका है. आवंटित राशि से कर्मचारियों और संविदा कर्मियों के वेतन का भुगतान किया जायेगा. आवंटित राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित जिले के आयुष चिकित्सा पदाधिकारी होंगे. वहीं राशि के नियंत्री पदाधिकारी स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे. संबंधित कोषागार से राशि की निकासी की जायेगी.

**इस जिले को इतनी राशि की गयी आवंटित**

| जिला | राशि |
|---|---|
| बोकारो | 15,81,300 |
| देवघर | 4,69,800 |
| धनबाद | 13,17,200 |
| दुमका | 14,18,400 |
| गोड्डा | 14,35,100 |
| गुमला | 6,86,700 |
| गिरिडीह | 1,00,000 |
| गढ़वा | 11,45,000 |
| हजारीबाग | 21,22,300 |
| जमशेदपुर | 14,09,200 |
| कोडरमा | 7,68,300 |
| लोहरदग | 6,75,600 |
| पलामू | 12,27,500 |
| रांची | 1,50,000 |
| सिमडेगा | 12,00,000 |
| पश्चिमी सिंहभूम | 19,80,000 |
| सरायकेला | 15,43,500 |
| आयुष निदेशालय | 24,30,000 |

## तेनुघाट डैम का जलस्तर बढ़ा खोले गए चार रेडियल गेट

**संवाददाता। तेनुघाट**

पिछले तीन दिन से लगातार हो रही बारिश के बाद सोमवार 2 अक्टूबर को तेनुघाट डैम के और दो रेडियल गेट को खोल दिया गया है. बता दें कि पहले से ही दो गेट खोला गया था और आज फिर से दो गेट खोला गया, इस तरह तेनुघाट गेट का चार रेडियल गेट खोला गया है. नोडल पदाधिकारी ने बताया कि दामोदर नदी पर स्थित तेनुघाट जलाशय का पानी लगभग 855.35 फीट बढ़ने की संभावना है.



इसको देखते हुए जलाशय का दो रेडियल गेट और खोला गया है. जलाशय में 865 फीट जल रखने की क्षमता है, जबकि वर्तमान समय में 852 फीट ही पानी को रखा जाता है. वहीं 882 फीट जलस्तर को खतरे की निशान माना जाता है.

## सड़क पर गोपाली चक कोक-प्लांट में बना गोफ


बीचसड़क पर गोफ दिखाता एक स्थानीय व्यक्ति.

**संवाददाता। पुटकी**

गोपाली चक कोक-प्लांट सड़क में बनता गोफ दुर्घटना को दावत दे रहा है. इसके पहले भी यहां कई बार गोफ बन चुका है. इस रास्ते हज़ारों लोगों का आना-जाना लगा रहता है. इसी सड़क मार्ग से सटे बीसीसीएल का कोल डंप है, जहां से रोज दर्जनो गाड़ियां निकलती हैं. ग़ोफ व भू-धंसान के ठीक 100-150 मीटर दूर रेल लाइन बिछी हुई है. दूसरी तरफ हनुमान मंदिर व कुछ दूर लगभग 80-90 मीटर दूर धनबाद - बोकारो मुख्य सड़क मार्ग है. बताते चले कि इसके पहले भी इसी स्थान व बगल में भी भू-धंसान हो चुका है, जिसकी बीसीसीएल ने भराई करा दी थी.

### बीसीकेयू ने की मजदूरों की समस्याओं पर बैठक

**निरसा।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र के चापापुर 10 नंबर आउटसोर्सिंग कंपनी के मजदूरों की बैठक सोमवार 2 अक्टूबर को ओसीपी के समीप हुई. बैठक में मुख्य अतिथि बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य पूर्व विधायक अरूप चटर्जी तथा यूनियन के केंद्रीय सचिव आगम राम उपस्थित थे. ज्ञात हो कि कंपनी की ठेका अवधि 2 अक्टूबर को ही समाप्त हो गई है, लेकिन प्रबंधन ने उसे पुनः करीब 8 महीने का एक्सटेंशन दिया है. मजदूरों ने अपनी समस्याओं को यूनियन के समक्ष रखा, जिसमें दुर्गापूजा के पूर्व 15 अक्टूबर तक मजदूरों के सितंबर माह का वेतन तथा सालाना बोनस भुगतान करने का आग्रह किया गया. अरूप चटर्जी ने टायकून कंपनी के निदेशक से दूरभाष पर वार्ता की. वार्ता में कंपनी निदेशक ने उन्हें वेतन भुगतान तथा अन्य मुद्दों पर बैठक करने व समस्या का समाधान का आश्वासन दिया.

## न्यायालय में 11वां वेतन समझौता

**संवाददाता। धनबाद**

कोल इंडिया के 11वें वेतन समझौता का मामला जबलपुर हाईकोर्ट में विचाराधीन होने से सितंबर माह के 2 लाख 33 हजार कोल कर्मियों के वेतन भुगतान पर संशय बरकरार है. बीसीसीएल के ट्रेड यूनियन सूत्रों के अनुसार वेतन समझौता के विवाद का मामला न्यायालय में लंबित है. एचएमएस की ओर से दाखिल याचिका पर 3 अक्टूबर को जबलपुर हाईकोर्ट में सुनवाई होगी. कोल इंडिया के अधिकारियों की अपील पर 9 अक्टूबर को फैसला सुनाया जाएगा. यूनियन के एक-दो पदाधिकारियों का कहना है कि मामला न्यायालय में है, इसलिए कुछ कहा नहीं जा सकता है कि सितंबर महीने के वेतन का भुगतान अक्टूबर में किस तिथि को होगा व 11वें वेतन समझौता के हिसाब से होगा या नहीं.

**आज क्षेत्रीय कार्यालय के गेट पर करेंगे प्रदर्शन :** बीएमएस के महामंत्री रामधारी ने कहा कि सोमवार 2 अक्टूबर को ट्रेड यूनियन के नेताओं ने बैठक की है, जिसमें निर्णय लिया गया कि मंगलवार 3 अक्टूबर को बीसीसीएल के सभी क्षेत्रीय कार्यालय के गेट पर प्रदर्शन करेंगे. कोल इंडिया के चेयरमैन की ओर से दिए गए आश्वासन को 11 अक्टूबर तक पूरा


बीसीसीएलमुख्यालय, कोयला भवन का मेन गेट.

**खास बातें**
- कर्मियों के सितंबर के वेतन भुगतान पर संशय
- 33 हजार कोल कर्मियों के भुगता से जुड़ा है मामला

### 9 अक्टूबर को फिर होगी दिल्ली में बैठक

बीएमएस सूत्रों के अनुसार 11वें वेतन समझौता को लेकर दिल्ली में फिर 9 अक्टूबर को पांच ट्रेड यूनियन के सदस्यों के साथ कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद की बैठक होगी. बैठक में कोल इंडिया के चेयरमैन और केंद्रीय मुख्य श्रम आयुक्त के साथ पांच ट्रेड यूनियन बीएमएस के के लक्ष्मा रेड्डी, एचएमएस के नाथुलाल पांडेय, इंटक के जयमंगल सिंह (अनूप सिंह), एटक के रमेंद्र कुमार और सीटू के डीडी रामानंदन रहेंगे.

### संथाल परगना चैंबर ऑफ कॉमर्स का चुनाव संपन्न

**देवघर।** संताल परगना चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महासचिव और सदस्यों का चुनाव 1 अक्टूबर की रात संपन्न हुआ. व्यापारियों के इस संगठन में महासचिव पद के लिए दो उम्मीदवार प्रमोद छावछारिया व रितेश टिंबरेवाल प्रत्याशी थे. इसमें रितेश टिंबरेवाल को 102 मत मिले, जबकि प्रमोद छावछारिया को 78 वोट मिले. वहीं, कार्यकारिणी सदस्यों के लिए कुल 30 प्रत्याशी मैदान में थे, जिनमें 13 निर्वाचित किए गए. मालूम हो कि अध्यक्ष पद पर आलोक मलिक पहले ही निर्विरोध निर्वाचित घोषित हो चुके हैं. इस चुनाव से पहले संकल्पना चैंबर ऑफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज की अर्धवार्षिक आमसभा हुई. संपन्न चुनाव में पीयूष जायसवाल, जितेश राजपाल, कनिष्क कश्यप, संजय मालवीय, लक्ष्मण भाई पटेल, निरंजन कुमार सिंह, संजय कुमार बांका, पंकज सुल्तानिया, आनंद शाह, प्रिंस सिंगल, उमेश राजपाल, महेश लाट व बबलू केसरी सदस्य निर्वाचित किए गए.

**मुश्किल** ग्रामीणों ने की स्थानीय विधायक से जर्जर पथ का पक्कीकरण कराने की मांग

# बारिश से जरीडीह व कसमार में कई कच्चे घर गिरे

**संवाददाता। कसमार**

पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, वहीं जरीडीह व कसमार प्रखंड में कई गरीबों का आशियाना ध्वस्त हो गया. जानकारी के अनुसार 1 व 2 अक्टूबर को हुई लगातार वर्षा में जरीडीह प्रखंड के टोंडरा निवासी हाजी बाबुजान अंसारी व लुटु महतो का कच्चा कोठा घर, कसमार प्रखंड के बगदा पंचायत के भवानीपुर के भगीरथ महतो का घर, बगदा के कृष्ण किशोर महतो का कच्चा घर, दुर्गापुर पंचायत के डुंडाडीह के अर्जुन महतो व लालमटिया के नारायण महतो का घर, सिंहपुर पंचायत के गोरियाकुदर के लालू महतो, करमा भंडारडीह के बेनीलाल महतो, बरईकला के टेका करमाली, ओरमो के पैरा महतो व टाँगटोना पंचायत के नावाडीह निवासी नंदकिशोर महतो का कच्चा घर ध्वस्त हो गया है. इसमें अभी तक किसी जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है. इसके अलावा खैराचातर, सिंहपुर, मंजुरा व कसमार में मुख्य सड़क पर जलजमाव से वाहन चालकों व ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गयी है. कसमार प्रखंड मुख्यालय से सटे सुरजुडीह गांव में गड़िया बांध के सामने घुटनेभर जलजमाव से लोगों की परेशानी हो रही है.


क्षतिग्रस्त आवास के सामने गृहस्वामी

**खास बातें**
- मुख्य सड़क पर जलजमाव से वाहन चालकों को दिक्कतें
- घरों के ध्वस्त होने से नहीं हुआ जानमाल का नुकसान

### गांडेय में बारिश से गरीब का घर गिरा

**गांडेय।** लगातार बारिश से जिले के गांडेय प्रखंड के भंडारीडीह गांव में गरीब परिवार बिनोद रविदास का घर गिर गया. घर की एक साइड की दीवार अर्ध निर्मित कुएं में गिर रही है. इसको परिवार के समक्ष मुसीबत आ गई है. पूरा परिवार काफी डरा हुआ है और किसी तरह की अनहोनी से बचने के लिए दूसरे के घर में शरण ले रखी है .विनोद रविदास के परिवार में कुल पांच सदस्य हैं. लेकिन सिर्फ विनोद ही कमाने वाला है. बारिश में एकाएक घर गिरने से उसके समक्ष मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है.

## आरपीएफ ने यात्री को लौटाया बैग, थे 36 हजार के सामान

**संवाददाता। बोकारो**

आरपीएफ की ओर से बोकारो रेलवे स्टेशन में गांधी जयंती के अवसर पर एसआई कुमार सत्यम ने एएसआई एसके कनोजिया के साथ ऑपरेशन अमानत चेकिंग अभियान चलाया. इस दौरान मेरी सहेली टीम की एलसी खुशबू कुमारी, रेखा तिर्की सीआईबी और सीपीडीएस बोकारो टीम ने स्टाफ के साथ एक लावारिस बैग बरामद किया. उक्त बैग बोकारो रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 2 के सीमेंट बेंच पर लावारिस हालत में था. इसमें असंबद्ध सौंदर्य प्रसाधन सामग्री था. उक्त लावारिस प्लास्टिक बैग को आरपीएफ सहायता बूथ पर लाया गया. इसके कुछ समय बाद एक व्यक्ति ने पहचान के साथ उक्त प्लास्टिक बैग का मालिक होने का दावा किया. बरामद प्लास्टिक बैग को उसके मालिक को उचित सत्यापन के बाद सौंप दिया गया. यह बैग ओडिशा राज्य के नयागढ़ जिले के सारंकुल थाना के शिकारपुर निवासी बुधिया राउथ का था. उक्त बैग में लगभग 36 हजार रुपये की सौंदर्य प्रसाधन सामग्री थी.


यात्री को बैग लौटाती आरपीएफ की टीम

## ब्रीफ खबरें

### मालखाना से लोहा चोरी, जांच शुरू

**तोपचांची।** तोपचांची थाना के मालखाना से विगत रविवार की रात चोर ने लोहा चोरी कर फरार हो गया. घटना के संबंध में मालखाना के गार्ड ने बताया कि रविवार रात लगभग 12 से 1 बजे के बीच तेज बारिश के दौरान मालखाना से लोहा का सरिया व तार की चोरी हो गई. तेज बारिश के कारण आवाज अंदर सुनाई नहीं पड़ी. चोर सामान को मालवाहक गाड़ी पर लाद कर ले गए. बताते चलें मालखाना के पीछे झाड़ियां हैं. उसी का फायदा उठा कर चोरों ने घटना को अंजाम दिया.

### असंतुलित होकर ट्रक पलटा, हताहत नहीं

**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के एनएच 18 के सर्विस रोड पर पीडब्ल्यूडी चौक पर एक ट्रक असंतुलित होकर सोमवार की सुबह पलट गया. इस दुर्घटना में ट्रक का चालक बाल-बाल बच गया. उसे चोट नहीं लगी है. जानकारी के अनुसार ट्रक दिल्ली से भुवनेश्वर की ओर जा रहा था. पीडब्ल्यूडी चौक के समीप चालक ट्रक पर से अपना संतुलन खो बैठा, जिससे रेलिंग को तोड़ते हुए सर्विस रोड के बीच सड़क पर पलट गया. मौके पर पुलिस पहुंची और अपने स्तर से जांच-पड़ताल कर रही है.

### युवक से मारपीट मामले में आरोपी गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** मानगो थाना अंतर्गत आजादनगर रोड नंबर 8 में चाईबासा निवासी आबिद खान से मारपीट कर लूट मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपी नायाब आजादनगर रोड नंबर 8 का ही रहने वाला है. हालांकि पुलिस उसके सहयोगियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है. जानकारी के अनुसार आबिद खान अपने रिश्तेदार के घर एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे. पुलिस ने कैमरे की जांच के आधार पर लुटेरे को पकड़ा.

### पाकुड : भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

**पाकुड़।** पाकुड पुलिस ने मालपहाड़ी ओपी क्षेत्र के कान्हूपुर के पास से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया है. एसपी हदीप पी. जनार्धन को गुप्त सूचना मिली थी कि बंगाल की ओर से एक बाइक पर लोड कर विस्फोटक लाया जा रहा है. इसके बाद एसपी के निर्देश पर छापेमारी टीम का गठन किया गया. छापेमारी टीम ने कार्रवाई करते हुए दो बोरी में बंद 730 पीस नियोजेल जब्त किया. हालांकि बाइक चालक पुलिस को देखकर फरार हो गया. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

### बीयर पीकर सोया, आंख खुली तो स्कार्पियो गायब

**देवघर ।** चोरों ने देवघर-चकाई मुख्य मार्ग पर 62 माइल मोड़ के पास के एक ढाबा से स्कार्पियो चोरी की है. बताया जाता है कि बिहार के वारसलीगंज से कुछ युवक 30 सितंबर को दारू पीने देवघर आ रहे थे. यहां उन लोगों ने शिवम ढाबा में बीयर पी और यहीं सो गए. अगले दिन रविवार सुबह जब इनकी नींद खुली तो स्कार्पियो गायब थी. युवकों की शिकायत पर पुलिस स्कार्पियो तलाश कर रही है. बताया जाता है कि स्कार्पियो चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है.

### एके 47 लेकर चला रहा था कार, 3 गाड़ी को ठोंकी

**रांची।** एके 47 राइफल लेकर कार चला रहे व्यक्ति ने तीन वाहनों में टक्कर मार दी. यह घटना रविवार की रात हुई. इस मामले में सोमवार को डोरंडा थाना में लालपुर थाना क्षेत्र के रहने वाला अनुराग मिश्रा ने मामला दर्ज कराया है. बताया जाता है कि रविवार की रात डोरंडा थाना क्षेत्र के राजेंद्र चौक के पास से फॉर्च्यूनर कार से गुजर रहे थे. इसी दौरान इनोवा क्रिस्टा कार ने उनकी कार में टक्कर मार दी. इसके अलावा कार चालक ने दो अन्य कार को भी टक्कर मारकर भागने लगा. इस मामले में मिश्रा ने थाने में शिकायत की है.

### घर में घुसकर की मारपीट, केस दर्ज

**जमशेदपुर।** सुंदरनगर थाना अंतर्गत नांटुप निवासी पलटन कुंकल के घर में घुसकर मारपीट की गई. इस संबंध में पलटन ने पिंटू चाकिया पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है. पलटन के बयान पर पुलिस ने प्रथामिकी दर्ज कर ली है. प्राथमिकी के अनुसार घटना 29 सितंबर की रात 8.30 बजे की है. पलटन ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर पर था, तभी उसके घर पर पिंटू एक युवक के साथ पहुंचा और मारपीट करने लगा.

# लैंडस्लाइडिंग के 30 घंटे बाद भी लापता गार्ड का सुराग नहीं

## मलवा में दबे होने की आशंका, मलवा हटाने का कार्य जारी

संवाददाता।बेरमो

सीसीएल कथारा क्षेत्र के गोविन्दपुर परियोजना में लैंड स्लैडिंग के तीस घंटे बाद भी लापता सुरक्षा गार्ड सुबोध कुमार को खोज निकालने में प्रबंधन सफलता नहीं मिली है. हालांकि मलवा हटाने का कार्य कर रही है. बता दें कि कथारा क्षेत्र के गोविन्दपुर परियोजना के फेज टू अन्तर्गत खुली खदान में रविवार की दोपहर भारी बारिश के दौरान खदान का लैंड स्लाइडिंग हो गया. इसके कारण वहां एक मशीन दब गया, जबकि वहां तैनात सुरक्षा गार्ड सुबोध कुमार की कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है. अनुमान है कि सुरक्षा गार्ड मलवे में दबा है. सीसीएल प्रबंधन सुबह से ही मलवा हटाने के कार्य में लगी है. मौक पर महाप्रबंधक दिनेश कुमार गप्ता, पीओ अनिल कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मलवा हटवाने की जदोजहद कर रहे हैं. इस संबंध में गुप्ता ने बताया कि लैंड स्लाइडिंग के बाद मलवा हटाने का कार्य जारी है. जब तक मलवा पूरी तरह से हट नहीं जाता, तब तक कुछ नहीं कहा जा सकता है. कहा कि सुरक्षा गार्ड सुबोध कुमार रविवार को हाजरी बनाकर डयूटी पर तैनात थे.



### लोकेशन के सहारे हो रही खोज

सीसीटीवी में उन्हें खदान में जाते हुए देखा गया है। लेकिन बारिश व थण्डरिंग के बाद सीसीटीवी के कैमरा खराब हो गए इसलिए उनके लौटने की कोई सूचना नहीं है. इसी अंदाज पर गार्ड की खोज की जा रही है. इसके लिए खोजी कुत्ता को भी लाया है, ताकि लापता गार्ड की तलाश की जा सके. इधर, सुबोध कुमार के मोबाइल का लोकेशन भी मलवा के ही आसपास बताया जा रहा है. सुरक्षा गार्ड का मोटर बाइक भी मलवा में दब जाने की बात सामने आई है.

### मजदूर यूनियनों के प्रतिनिधि डटे

घटना की जानकारी मिलते ही कथारा क्षेत्र व गोविन्दपुर में कार्यरत यूनियन के नेता अपने प्रतिनिधियों के साथ मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा ले रहे हैं. जेबीसीसीआई के सदस्य व एटक के नेता लखन लाल महतो ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद कहा कि प्रबंधन की चूक की वजह से यह हादसा हुआ है. प्रबंधन ने सुरक्षा नियमों का उल्लंघन किया है, जिसके कारण यह हादसा हुआ है.

## आओ जानें

### किस राज्य में हुई एसिड अटैक की कितनी घटनाएं

| | | | |
|---|---|---|---|
| आंध्रप्रदेश | : 10 | महाराष्ट्र | : 5 |
| अरुणाचल प्रदेश | : 00 | पंजाब | : 3 |
| असम | : 5 | राजस्थान | : 2 |
| बिहार | : 1 | तमिलनाडु | : 2 |
| गुजरात | : 11 | उत्तरप्रदेश | : 7 |
| झारखंड | : 2 | पश्चिम बंगाल | : 11 |
| कर्नाटक | : 3 | | |
| केरला | : 4 | | |
| मध्यप्रदेश | : 1 | | |



झारखंड-बिहार का कुख्यात नक्सली नौ अगस्त को गिरफ्तार किया था

# पोलित ब्यूरो सदस्य प्रमोद से एनआईए कर रही पूछताछ

- एक सप्ताह के लिए रिमांड पर लेकर हो रही पूछताछ

संवाददाता ।रांची

भाकपा माओवादी के पोलित ब्यूरो सदस्य प्रमोद मिश्रा से एनआईए पूछताछ कर रही है. एनआईए ब्रांच रांची प्रमोद मिश्रा को एक सप्ताह के लिए रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है. बिहार पुलिस ने झारखंड-बिहार का कुख्यात नक्सली पोलित ब्यूरो सदस्य प्रमोद मिश्रा को उसके दो अन्य साथियों के साथ बीते नौ अगस्त को गिरफ्तार किया था. रितेश विद्यार्थी के भाई रोहित विद्यार्थी को गिरफ्तार किया था. रोहित से पूछताछ के बाद बिहार पुलिस को प्रमोद मिश्रा के बारे में जानकारी मिली थी. इस दौरान बिहार पुलिस को जानकारी मिली कि प्रमोद मिश्रा गया जिला का लुटुआ गांव आने वाला है.

पुलिस ने पोलित ब्यूरो सदस्य और एनआरबी (उत्तरी क्षेत्रीय ब्यूरो) के प्रभारी प्रमोद मिश्रा की गिरफ्तार कर लिया था. प्रमोद मिश्रा की गिरफ्तारी के बाद बिहार पुलिस ने हथियार, गोला-बारूद और एक बंदूक फैक्ट्री का उद्भेदन किया था. जिससे बिहार और यूपी में हथियारों की सप्लाई करने और देशी हथियारों को इकट्ठा करने के लिए स्थापित किया गया था.



### संगठन को पुनर्जीवित करने में जुटा था मिश्रा

एनआईए जांच से संकेत मिले हैं कि कई फ्रंटल संगठनों और छात्र विंगों को भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने के इरादे से कैडरों को प्रेरित करने, भर्ती करने और माओवादी की विचारधारा का प्रचार करने का काम सौंपा गया था. वे इस एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए आतंक और हिंसा की साजिश रच रहे थे. जांच से यह भी पता चला है कि प्रमोद मिश्रा भाकपा माओवादी संगठन को पुनर्जीवित करने के प्रयासों में माओवादी के कैडरों और समर्थकों, ओवर ग्राउंड वर्कर्स का नेतृत्व कर रहे थे.

### 15 नक्सलियों को देगा आर्थिक सहायता

सौरभ सिंह।रांची

झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर, आत्मसमर्पण करने वाले 15 नक्सलियों को आर्थिक सहायता मिलेगा. इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने चाईबासा और गढ़वा डीसी को आदेश जारी किया है. ये सभी नक्सली चाईबासा और गढ़वा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है. इन सभी 15 नक्सलियों को आर्थिक सहायता के लिए 17 लाख रूपया आवंटित किया गया है. जिनमें 13 नक्सलियों को एक-एक लाख रूपया और दो नक्सलियों को दो-दो लाख रूपया आर्थिक सहायता के रूप में भुगतान किया जाएगा.

**आत्मसमर्पण में किस नक्सली को कितना मिलेगा राशि**

| | |
|---|---|
| गोइनदा गागराई (चाईबासा) : | 1 लाख |
| शांति कांडुलना (चाईबासा) : | 1 लाख |
| सुरेश सिंह (रांची) : | 2 लाख |
| लोदरो लोहरा (खूंटी) : | 1 लाख |
| जयराम बोदरा (चाईबासा) : | 1 लाख |
| सरिता (सराइकेला) : | 1 लाख |
| सोमवारी (चाईबासा) : | 1 लाख |
| भारतम अंगारिया (चाईबासा) : | 1 लाख |
| कुसनू सिरका (ओडिशा) : | 1 लाख |
| तुंगीर पूर्ति (चाईबासा) : | 1 लाख |
| पतोर कोड़ा (चाईबासा) : | 1 लाख |
| कुलदीप (रांची) : | 1 लाख |
| अमन गंझू (औरंगबाद) : | 2 लाख |
| संतोष भुइयां (पलामू) : | 1 लाख |

जमीन कारोबारी अवधेश यादव गोलीकांड

# चितरंजन ने पूछताछ में अपराध कबूला

संवाददाता।रांची

कांके के जमीन कारोबारी अवधेश यादव गोलीकांड के मुख्य आरोपी चितरंजन को रांची पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है. सूत्रों के मुताबिक, अब तक की पूछताछ में चितरंजन ने यह स्वीकार कर लिया है कि उसने ही अवधेश के ऊपर जानलेवा हमला किया था. चितरंजन ने अवधेश पर गोली इसलिए चलवायी थी क्योंकि अवधेश उसके कारोबार में दखल दे रहा था. अवधेश उसके द्वारा एग्रीमेंट करवाये गये प्लॉट पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा था.

**चितरंजन समेत पांच आरोपियों से पूछताछ कर रही पुलिस :** बता दें कि रांची सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) की कोर्ट से इजाजत मिलने के बाद रांची पुलिस चितरंजन, पंकज और हर्ष समेत पांच आरोपियों से पूछताछ कर रही है. वहीं पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है कि गोली चलने से पहले अवधेश को किसके फोन कर घर से बाहर बुलाया था.



### अज्ञात अपराधियों ने मारी थी गोली

बता दें कि पिछले दिनों कांके थाना क्षेत्र स्थित ब्लॉक चौक के पास जमीन कारोबारी अवधेश यादव को दो अज्ञात अपराधियों ने दिनदहाड़े गोली मारी थी. जिसके बाद घायल अवधेश के भाई के बयान पर चितरंजन और कृष्णा नायक समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज की गयी थी. फिलहाल अवधेश एक निजी अस्पताल में इलाजरत है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है. इस केस से जुड़े आधा दर्जन से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है.

### तालाब में डूबने से दो बहनों की हो गई मौत

**पलामू ।** जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर पंचायत स्थित मायापुर में तालाब में डूबने से दो सगी बहनों की मौत हो गयी. यह घटना रविवार देर शाम की बतायी जा रही है. दो बहनों की पहचान मायापुर निवासी रमेश सिंह बेटी लवली कुमारी (12 वर्षीय) और आरूषी कुमारी (9 वर्षीय) के रूप में हुई है. रमेश सिंह अपने गांव में ही किराना दुकान चलाते हैं. घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है. बताया जाता है कि भारी बारिश की वजह से तालाब में पानी भरा हुआ था. दोनों बहनें तालाब में नहाने उतरी थी. इस दौरान दोनों गहरे पानी में चली गयी. देर होने पर घरवालों ने खोजबीन करना शुरू किया. इस क्रम में दोनों बहनों का शव तालाब में दिखा जिसे ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया.

# भारी बारिश में हातमा नाले में बहे युवक का शव बरामद

संवाददाता ।रांची

लालपुर थाना क्षेत्र के सरईटांड स्थित हातमा नाले में बहे युवक का शव सोमवार को बरामद हो गया. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है. बता दें कि बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव के कारण झारखंड के सभी जिलों में रविवार को भारी बारिश हुई थी. बारिश की वजह से राजधानी की लगभग सभी सड़कें जलमग्न हो चुकी थी. ऐसे में रविवार को पानी की तेज धार में हातमा नाले में देव प्रसाद राम नाम का युवक बह गया था.

**सुबह होने पर फिर से रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया था शुरू :** जानकारी के अनुसार, देव प्रसाद नगर निगम के वेंडर मार्केट में काम करते थे. रविवार को वह अपने बड़े भाई के साथ घर लौट रहा था, इसी दौरान वह पानी की तेज धारा में नाला में बह गया. जिसके बाद लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी. सूचना पाकर बरियातू, लालपुर और गोंदा थाने की पुलिस वहां पहुंची थी और परिजनों के साथ मिलकर युवक की तलाश में जुटे हुए थे. लेकिन अंधेरा हो जाने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया गया था. सुबह होने पर फिर तलाशी शुरू की गयी और शव बरामद कर लिया गया.



# दो बाइक की टक्कर में 10वीं के छात्र की मौत, 2 गंभीर

- डीएवी स्कूल ऊर्जानगर में पढ़ता था महगामा का आयुष

संवाददाता।गोड्डा

महगामा में 2 अक्टूबर की दोपहर में दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में 3 नाबालिग बुरी तरह जख्मी हो गए. इलाज के दौरान डीएवी स्कूल ऊर्जानगर के छात्र आयुष कुमार की मौत हो गई. जबकि गंभीर रूप से घायल उसके दोनों साथियों का अस्पताल में इलाज चल रहा है. बताया गया कि स्कूल के तीन बच्चे कुश कुमार (18), आयुष कुमार (17) व अनुष्का कुमारी (10) एक ही बाइक पर सवार होकर ऊर्जानगर से महागामा अपने घर जा रहे थे. इसी क्रम में गोड्डा-महगामा मुख्य मार्ग पर बसुवा चौक के समीप विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही अज्ञात बाइक से आमने-सामने की टक्कर हो गई. तीनों बच्चे दूर फेंका गए. स्थानीय लोगों ने तीनों घायलों को महगामा अस्पताल पहुंचाया. वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉ मयंक कुमार ने आयुष कुमार व अनुष्का कुमारी के सिर में गंभीर चोट को देखते हुए गोड्डा सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान आयुष कुमार की मौत हो गई. कांग्रेस नेता प्रमोद मंडल का पुत्र आयुष कुमार दसवीं कक्षा का छात्र था. घटना की सूचना पर महगामा थाना प्रभारी अरुण कुमार ने अपने सहयोगियों के साथ घटनास्थल व अस्पताल पहुंचकर छानबीन की.



आयुष कुमार की फाइल फोटो

### 350 ग्राम अफीम के साथ तस्कर शिवम कुमार हुआ गिरफ्तार

संवाददाता ।रांची

नामकुम थाना पुलिस ने अफीम के साथ शिवराज कुमार उर्फ शिवम कुमार को गिरफ्तार किया है. वह लातेहार हेरहंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है. इसके पास से दो किलो 350 ग्राम अफीम, एक बाइक, एक मोबाइल, 1200 रुपये, एक चेन, दो ब्रेसलेट और एक कड़ा बरामद किया गया है. एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि टीवीएस बाइक से एक तस्कर अफीम लेकर किसी को देने के लिए खड़ा है. सूचना के बाद थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया. टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तस्कर को वहां से गिरफ्तार किया. पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह रामपुर के एक व्यक्ति को अफीम देने लातेहार से रांची आया था. लेकिन डिलीवरी देने से पहले ही पुलिस की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया.

30 सितंबर की रात ट्रक चालक को गोली मारी थी

# हत्या मामले में 7 अपराधी गिरफ्तार

संवाददाता ।गिरिडीह

निमियाघाट थाना क्षेत्र में डीजल लुटेरों ने बीते 30 सितंबर की रात ट्रक चालक की गोली मारकर हत्या कर दी थी. मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी दीपक शर्मा के निर्देश पर एसआईटी की टीम का गठन किया गया था. एसआईटी की टीम ने कार्रवाई करते हुए हत्याकांड में शामिल सात अपराधियों को 72 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है.

गिरफ्तार अपराधियों में सद्दाम अंसारी, शाहिद अख्तर, मो. रफीक, मो. असलम, झंडू महतो, योगेंद्र महतो और मो. शाहरूख शामिल है. इनके पास से पुलिस ने सात मोबाइल, एक कार और एक पिस्टल बरामद किया है. जिले के निमियाघाट थाना क्षेत्र में डीजल लुटेरों ने 30 सितंबर की रात ट्रक चालक की गोली मारकर हत्या कर दी थी. राजस्थान के भीलवाड़ा निवासी चालक सत्यनारायण प्रजापत ने अपने ट्रक से डीजल लूटने का विरोध किया था. लहूलुहान हालत में चालक को गिरिडीह पुलिस धनबाद के मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंची थी. जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था.

खलासी सुरेशचंद्र धाकड़ ने अस्पताल में पुलिस को बताया कि 28 सितंबर की रात 8 बजे वे दुर्गापुर में ट्रक पर लोहा लोडकर ग्वालियर के लिए निकले थे. रात करीब 1:00 बजे निमियाघाट थाना पार करने के बाद पहाड़ी की चढ़ाई पर ट्रक ब्रेक डाउन हो गया. रात 2 से 2:30 बजे के बीच लगा कि कोई टंकी से डीजल निकाल रहा है. ट्रक के आगे एक सिल्वर कलर की कार खड़ी थी. चालक ने डीजल निकालनेवालों को ललकारा. इसके बाद लुटेरों ने उसे गोली मार दी. शोर मचाने पर लुटेरे कार से भाग निकले थे.



**मिली सफलता**

- अपराधियों को पुलिस ने 72 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार
- अपराधियों के पास से सात फोन, कार व पिस्टल बरामद

### डालसा ने जेल अदालत में तीन मामलों का किया निष्पादन

**रांची ।** रांची के जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) ने सोमवार को होटवार स्थित बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारा में जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया. शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह ने कानून की जानकारी दी. जागरूकता शिविर में उपस्थित कारा अधीक्षक हामिद अख्तर ने कहा कि किसी भी बंदी को कोई परेशानी है, तो वे उनसे संपर्क कर सकते हैं.

उन्होंने कहा कि सरकारी अधिवक्ता और कारा में कोई परेशानी हो तो उनका शीघ्र समाधान किया जायेगा. सोमवार को हुई जेल अदालत में छोटे अपराध के कुल सात मामलों को रखा गया, जिसमें तीन मामलों का निष्पादन किया गया. शिविर को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन, न्यायिक दण्डाधिकारी अक्षत श्रीवास्तव, अशोक कुमार, नूतन एक्का, रूचि दयाल ने भी संबोधित किया.

**यौन शोषण** हीरोडीह की घटना, ग्रामीणों ने दोनों को बंद कमरे में पकड़ा था, पुलिस को बुलाया

# शिक्षिका के यौन शोषण का आरोपी स्कूल संचालक गिरफ्तार

संवाददाता।जमुआं (गिरिडीह)

हीरोडीह थाना क्षेत्र के कोदंबरी स्थित कौआआम में निजी स्कूल के संचालक द्वारा अपने ही विद्यालय की नाबालिग शिक्षिका के साथ यौन शोषण का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है. ग्रामीणों ने दोनों को बंद कमरे में आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा. घटना रविवार की है. देर रात नाबालिग शिक्षिका ने हीरोडीह थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया. पुलिस ने सोमवार को आरोपी स्कूल संचालक सोनू एजाज को गिरफ्तार कर गिरिडीह जेल भेज दिया. सोनू एजाज पचंबा थाना क्षेत्र के मोहनपुर का रहने वाला है.

थाने में दिए आवेदन में 17 वर्षीया पीड़िता ने कहा है कि वह कोदंबरी स्थित वंडरवेल इंटरनेशनल स्कूल में 5 माह से पढ़ा रही थी. इसी दौरान स्कूल संचालक सोनू एजाज ने विद्यालय के कार्य की बात कह शिक्षिका का मोबाइल नंबर लिया. करीब डेढ़ माह पहले उसने शिक्षिका को विद्यालय कार्य के लिए बुलाया और अपने कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया.

**खास बातें**

- कौआआम में निजी स्कूल का मामला
- रविवार रात नाबालिग ने थाने में आवेदन दिया

### अश्लील वीडियो बनाकर किया कई बार यौन शोषण, देता था धमकी

एजाज ने युवती का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर कई बार उसका यौन शोषण किया. आरोप है कि सोनू एजाज ने पीड़िता पर धर्म परिवर्तन कर विवाह करने का दबाव भी बनाता था. बीते रविवार को आरोपी ने पीड़िता को अपने निजी कमरे में बुलाया. इसकी भनक लगते ही ग्रामीण जुट गए और कमरे को खुलवाया. ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को हिरासत में ले लिया. पुलिस ने सोनू एजाज के खिलाफ 108/23 कांड अंकित कर भादवि की धारा 376 (2) (एन), 506, 509, 354 सी, 4/8 पोक्सो एक्ट का मामला दर्ज कर उसे सोमवार जेल भेज दिया. वहीं पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा.



### बाबूलाल ने किया ट्वीट-आरोपी पर सख्त कार्रवाई करे पुलिस

इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस मामले में अपने ट्विटर अकाउंट पर पोस्ट डालकर वरीय पुलिस अधिकारियों से संज्ञान लेने की बात कही है. कहा कि पीड़िता के परिजनों ने उन्हें इसकी सूचना दी है. यह प्रथम दृष्टया लव जिहाद का मामला है. उन्होंने पीड़िता को सहायता उपलब्ध कराने और आरोपी पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है.



# ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत



संवाददाता ।बोकारो

चास-धनबाद मुख्य मार्ग (एनएच 32) पर सोलागीडीह के पास ट्रक की चपेट में आकर बाइक पर कोयला ढोने वाले मुमताज अंसारी उर्फ अलटू (50) की मौत हो गई. वह पुपुनकी गांव का रहने वाला था. घटना सोमवार सुबह की है. हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई. एनएच का एक लेन करीब दो घंटे तक जाम रहा. सूचना मिलते ही मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे. वहीं, चास थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. परिजनों के अनुसार, मुमताज सोमवार सुबह घर से बाइक पर कोयले की बोरी लादकर बेचने के लिए निकला था. सोलागीडीह के पास धनबाद की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे चपेट में ले लिया. मुमताज बाइक सहित सड़क पर गिर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** – उच्च का चंद्र है. कार्य का अप्रत्याशित लाभ हो सकता है. किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी. भाग्य का साथ मिलेगा. पुराना रोग उभर सकता है. विवाद से क्लेश संभव है. सफेद वस्तु का दान करें.

**वृषभ** – मानसिक और शारीरिक सुख मिलेगा. समय लाभ का मौका देगा. पर दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी. कार्य पूर्ण होगा. पारिवारिक चिंता दूर रहेगी. कीमती वस्तुओं का लाभ होगा. इतर का दान करें.

**मिथुन** – नेत्र विकार उत्पन्न हो सकता है. खर्च अधिक होगा. डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. भाग्य का साथ रहेगा. व्यापार में वृद्धि के योग हैं. किया गया छोटा निवेश शुभ रहेगा. आय होगी.

**कर्क** – दिन बहुत अच्छा है. नई योजना बनेगी. कारोबार में वृद्धि होगी. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. नए व्यापारिक अनुबंध होंगे. धनार्जन होगा. लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी. सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी.

**सिंह** – परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा. आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे. आपके कार्य और प्रभाव से कारोबार अच्छा चलेगा. नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्नता रहेंगे. मंदिर में सेवा करें.

**कन्या** – वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें. किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे. आय में निश्चितता होगी. ऐश्वर्य पर व्यय होगा.

**तुला** – पुराना रोग उभर सकता है. भागदौड़ रहेगी. विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा. किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. कर्ज लेने से बचना चाहिए. लाल वस्तु का दान और मंगलस्त्रोत का पाठ करें.

**वृश्चिक** – जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का मौका मिलेगा. व्यापार में लाभ होगा. कोई नया कार्य बनेगा. किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है. व्यर्थ भागदौड़ होगी. कार्य में विलंब होगा. चिंता तथा तनाव रहेंगे. गणेश का मंत्र जप करें.

**धनु** – प्रेम में धोखा मिल सकता है. कार्य अवरुद्ध भी हो सकता है. पर मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी में चैन रहेगा. आय में वृद्धि होगी. मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा.

**मकर** – कार्य मे गति मिलेगा. संतान से लाभ मिल सकता है. कोई बड़ा लाभ हो सकता है. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें. चोट व रोग से बचें. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी.

**कुंभ** – आलस त्यागें. आय में वृद्धि होगी. पराक्रम बढ़ेगा. किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा. कारोबार में वृद्धि होगी. नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी. शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा.

**मीन** – पराक्रम से कार्य बन सकता है. सुख के साधन जुटेंगे. कारोबार में वृद्धि होगी. निवेशादि शुभ रहेंगे. नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे. स्त्री पक्ष से लाभ होगा. अज्ञात भय रहेगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे.

# गांधी जयंती पर टाटा मोटर्स में वॉक फॉर हेल्थ आयोजित

**संवाददाता । जमशेदपुर**

टाटा मोटर्स ने अपनी सहयोगी कंपनियों, मानसी सदस्यों, वरिष्ठ नागरिकों और यूनियन अधिकारियों के साथ सोमवार को गांधी जयंती के अवसर पर सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया. कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि प्लांट हेड रवीन्द्र कुलकर्णी ने गांधी जी और शास्त्री जी के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर की.

इस अवसर पर वॉक फॉर हेल्थ का आयोजन किया गया. प्लांट हेड ने हरी झंडी दिखाकर वॉक पर हेल्थ को रवाना किया. इसमें शामिल प्रतिभागियों ने लगभग 2.5 किलोमीटर की दूरी तय की. टेल्को टाउनशिप में घूमने के बाद वॉकथॉन स्टेडियम में आकर समाप्त हुआ.



वॉक फॉर हेल्थ में भाग लेते सदस्यगण

वॉक फॉर हेल्थ में प्लांट हेड टाटा कमिंस रामफल नेहरा, हेड मेडिकल सर्विसेज डॉ. संजय कुमार, जीएम (टेक्निकल सर्विसेज) संजय सिन्हा, जीएम (सीसीई) दीपक कुमार, जीएम (फाइनेंस) शांतो इय्यू, जीएम (हीट ट्रीटमेंट) पीके सिन्हा, जीएम (सेंट्रल मेंटेनेंस) राकेश सारंगी, हेड-एडमिन एंड सिक्योरिटी वीएन सिंह, हेड-टाउन एडमिन एंड स्पोर्ट्स रजत कुमार सिंह एवं टाटा मोटर्स के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह और महामंत्री आरके सिंह के साथ अन्य यूनियन पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में टाटा मोटर्स और सहायक कंपनियों के कर्मचारी, विभिन्न स्कूलों के छात्र और अन्य सामाजिक संगठनों ने भाग लिया. अंत में धन्यवाद ज्ञापन वीएन सिंह ने दी.

## आओ जानें
### सामान्य ज्ञान

- श्रीमद् भागवत गीता का प्रथम अध्याय कौन है? –अर्जुन विषाद योग
- विचित्रवीर्य के पिता का क्या नाम था? –शांतनु
- पांडव सहदेव के पिता कौन थे? –दस्र (अश्विनीकुमार)
- भगवत पुराण किसके द्वारा महाराज परीक्षित को सुनाया गया था? – भगवान शुकदेव
- बलराम की माता का क्या नाम था? – रोहिणी
- श्वेतवाहन, जिष्णु, ऐंद्रि, फाल्गुन, वीभत्सु किसके नाम हैं? –अर्जुन
- कलहप्रिय किसका नाम था? – नारद
- रामायण महाकाव्य का दूसरा नाम? – पौलत्स्य–वध
- अश्वमेध यज्ञ के मस्तक पर कौन सा पत्र बांधा जाता था?–जयपत्र
- इंद्र के प्रसिद्ध उद्यान का क्या नाम था? – नंदन
- कुबेर के उपवन का क्या नाम था? –चित्ररथ

## अमन इंसाफ कॉन्फ्रेंस में बोले मौलाना फैसल रहमानी
# सब मिलकर काम करें

**संवाददाता। रांची**

इमारत शरिया बिहार, झारखंड, ओड़िशा के अमीर मौलाना अहमद वली फैसल रहमानी ने कहा कि सभी धर्म जाति के लोग एक साथ मिलकर काम करें, तो दुनिया में फैल रही नफरत मिटने लगेगी. वह इमारत शरिया झारखंड के तत्वावधान में महात्मा गांधी की जयंती पर अमन व इंसाफ कांफ्रेंस में बतौर मुख्य वक्ता के तौर पर अपने उद्गार व्यक्त कर रहे थे. इसका आयोजन सोमवार को कडरु स्थित हज हाउस में किया गया.

कहा कि मुल्क के 120 करोड़ लोगों को समझाने की जरूरत है. वे खतरे में हैं. इन 120 करोड़ लोगों में फिक्र आ जाये, तो ये संभल जायेंगे. मुल्क को शर्मिंदगी में जाने से बचाना है. मुल्क की हिफाजत के लिए सब को साथ मिल कर आना होगा. यह किसी एक कौम मुसलमानों के लिए नहीं कहा जा रहा है. सभी धर्म व जाति के लोग मुस्लिम, सिख, इसाई, क्रिश्चियन, दलित, मजदूर, लाचार सभी को साथ आना होगा. अपने दस्तूर को बचाने की जरूरत है.

दुनिया में फैली नफरत और झूठ के बोल बाले को मिटाना होगा. हम हिंदुस्तानी हैं, इसलिए सभी धर्म व समुदाय के लोगों को मिल कर काम करने की जरूरत है. एकजुटता से कदम से कदम मिला कर चलेंगे और अपने कार्य करेंगे, तो दुनिया में फैली नफरत और झूठ का साम्राज्य मिटने लगेगा. इस तरह सच्चाई, इंसाफ, अमन, प्यार, मोहब्बत और एकता का बोलबाला दुनिया में कायम होने लगेगा.

**इन्होंने भी अपने विचार रखे :** सभा को रांची शहर काजी मौलाना तौफीक अहमद कादरी, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू, रतन तिर्की, फादर एलेक्स, चेंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, प्रेमचंद मुर्मू, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के उपाध्यक्ष मौलाना अनिसुर्रहमान कासमी, जमात इस्लामी के मुज्तबा फारूक, ऑल इंडिया आदिवासी के अशोक चौधरी, जमात ए इस्लामी हिंद झारखंड के नाएब सदर मलिक मोहतसिन खान, शिबली अल कासमी आदि ने भी संबोधित किया. कहा कि देश बंटा नहीं, बांटने की कोशिश की जा रही है. शांति और न्याय संकट में है. महात्मा गांधी की नैतिकता की, अमन और भाईचारे की जरूरत है.

**संविधान की प्रस्तावना का हुआ पाठ :** कार्यक्रम में बलराम ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया. मौके पर इमारत शरिया रांची के मुफ्ती काजी मोहम्मद अनवर कासमी, मौलाना सोहराब नदवी, मौलाना नुमान हक समेत इबरार अहमद आदि शामिल थे. कांफ्रेंस में 24 जिलों से लोग जुटे थे.



**सभी के लिए खड़े हों मुसलमान : मौलाना मदनी**

जमीयत उल्मा हिंद के अध्यक्ष मौलाना सैयद महमूद असद मदनी ने कहा कि मुसलमान सबकुछ हो सकता है, पर मायूस नहीं हो सकता है. हमें रिएक्ट नहीं रिस्पान्स करना है. सब्र के साथ जिस काम को करेंगे, कामयाबी कदम चूमेगी. हमारी जिम्मेदारी है, दूसरों के हक के लिए लड़ना. आप हिंदू भाई से मिलें, ईसाई भाई से मिलें, किसानों से मिलें, दलित से मिलें, सिख के साथ सभी धर्म व समुदाय के लोगों से मिलें, उनकी परेशानी को जानें, उनकी आवाज बन कर खड़े हो जाइये.

**यह देश तभी चलेगा, जब संविधान मजबूत होगा : टंडन**

दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार प्रशांत टंडन ने कहा कि गांधीजी की 154वीं जयंती पर अमन कांफ्रेंस कराना अच्छी पहल है. उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने कहा था कि यह संविधान अच्छे हाथों में रहेगा तो अच्छा साबित होगा. वहीं बुरे हाथों में रहेगा, तो बुरा साबित होगा. यह देश नफरत से नहीं चलेगा.

**सभी को संविधान की रक्षा करनी होगी : जतेंद्र सिंह**

बौद्ध सोसाइटी के अध्यक्ष जतेंद्र सिंह ने कहा कि एक जगह जुट कर अमन व इंसाफ की बात करने की आज आखिर जरूरत क्यों पड़ी है. जब हम सभी देश के लोग कंधे से कंधा मिला कर देश की आजादी के लिए लड़े. और बड़ी संख्या में लोग शहीद भी हुए. बड़ी संख्या में भारत की आजादी में मुसलमान भी शहीद हुए. यह हमारा हिंदुस्तान है, हमारा भारत है, हम यहीं रहेंगे यहीं दफन होंगे.

**अभी देश सभ्यता की आत्महत्या के काल में है : सआदत**

जमात इस्लामी के प्रमुख (अमीर) सैयद सआदत उल्लाह हुसैनी ने समाजशास्त्री टॉयनबी के हवाले से कहा कि अभी देश सभ्यता, संस्कृति की आत्महत्या के काल में है. हर ओर से नाइंसाफी और भेदभाव की घटनाएं सामने आती हैं. इससे बचाव करने और उबरने की जरूरत है. डर के आगे जीत है.

## माहुरी वैश्य समिति ने लगाया रक्तदान शिविर

**बेंगाबाद (गिरिडीह) ।** माहुरी वैश्य नवयुवक समिति चपुआडीह ने राज्य स्तरीय आयोजन के तहत चपुआडीह पुस्तकालय भवन में 02 अक्टूबर रक्तदान शिविर लगाया. शिविर में बेंगाबाद थाना प्रभारी विकास पासवान, चपुआडीह मुखिया मो शमीम, जेरूआडीह मुखिया कुमार ने रक्तदान कर युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया. रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया. बताया गया कि शिविर में कुल 50 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था. जिनमें खबर लिखे जाने तक 35 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया. समिति के केंद्रीय अध्यक्ष संजीत कुमार तरवे ने कहा कि शिविर में शेष बचे लोगों का रक्त किसी अन्य कैम्प में संग्रह किया जाएगा. शिविर में निर्णय लोहानी, संजीत लोहानी, दीपू गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, आशीष लोहानी समेत अन्य युवाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

# सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति ने लगाया रक्तदान शिविर



**संवाददाता । पाकुड़**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, सद्भावना केंद्र की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन अधिकोष पाकुड़ में किया गया. शिविर में प्रमुख रूप से सिविल सर्जन मंटू टेकरीवाल, सद्भावना केंद्र के संस्थापक आनंद भगत अध्यक्ष हिसाबी राय, सचिव गणेश कुमार भगत मौजूद थे. जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष रक्तवीर बाबूधन मुर्मू ने रक्तदान कर शिविर का श्री गणेश किया. मौके पर गौरव भगत, दिलीप शर्मा, रूबल, प्रेम राम, सागर राम, अमन भगत, विश्वजीत कुमार, अंकित कुमार टेकरीवाल आदि ने रक्तदान किया. आज रक्त अधिकोष में कुल 24 यूनिट रक्तदान किया गया. बाबूधन मुर्मू ने बताया कि लोगों को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए. इससे दिल की सेहत में काफी सुधार होता है.

# अन्ना हजारे से मिले रामदेव हेम्ब्रम

**संवाददाता । मुसाबनी**

झारखंड से पुणे पहुंचे प्रखंड प्रमुखों की टीम को सोमवार को रालेगांव सिद्धि का भ्रमण कराया गया. इस दौरान प्रसिद्ध आंदोलनकारी अन्ना हजारे से मिलकर प्रखंड प्रमुख ने उनका आशीर्वाद लिया और समाजसेवा दायित्व का दिशा निर्देश प्राप्त किया.

इस टीम में प्रखंड प्रमुख रामदेव हेम्ब्रम भी शामिल हैं. पंचायती राज विभाग द्वारा एक्सपोजर विजिट के लिए झारखंड के प्रमुखों को पुणे ले जाया गया है. प्रमुखों को भारत का पहला आदर्श ग्राम अन्ना हजारे का गांव रालेगांव सिद्धि का भ्रमण कराया गया. भ्रमण के दौरान अन्ना हजारे ने प्रमुखों को गांव का विकास कैसे हुआ, इस संबंध में बताया. गांव में पेयजल, सिंचाई शिक्षा के लिए स्कूल काफी कमियां थीं. गांव में शराब की भट्ठियां थीं. लोगों को किस प्रकार अन्ना हजारे ने साफ-सफाई स्वच्छता सिखाया, गांव की समस्या के लिए श्रमदान किया गया, इसके बारे में बताया.



गांव में 500 परिवार हैं, 3000 जनसंख्या है. 351 आर्मी में हैं, 42 डॉक्टर और 44 शिक्षक हैं. हर परिवार आत्मनिर्भर है. हर परिवार से प्रतिदिन 50 लीटर दूध का उत्पादन होता है. अन्ना ने बताया कि छोटे-छोटे चेक डैम के माध्यम से वर्षा जल को संग्रह करके आज क्षेत्र में लगभग सभी फसल की खेतीकी जाती है. अन्ना ने अपने जीवन के बारे बताया कि जब आर्मी से रिटायर हुए तो उन्होंने 40 वर्षों से गांव के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहे. वे कोई प्रतिनिधि नहीं रहे, परंतु लोगों को जागरूक करते रहे. इससे गांव का विकास हुआ.

## जनसेवा ने मनाया बुजुर्ग दिवस

**बोकारो ।** विश्व बुजुर्ग दिवस के अवसर पर 2 अक्टूबर को बाबा बैद्यनाथ जनसेवा समिति चास बोकारो स्थित विद्याश्रम में बुजुर्ग दिवस मनाया गया. इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, जिला डाटा प्रबंधक कंचन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रदीप कुमार सिंह व जिला कार्यक्रम सहायक आरती कुमारी मिश्रा ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर इस कार्यक्रम की शुरुआत की. मौके पर सभी बुजुर्गों को फल का वितरित किया गया. सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार ने सभी बुजुर्गों की स्वास्थ्य जांच की कर उन्हें स्वच्छ रखने तथा स्वच्छता के लिए सजग किया. जिला कार्यक्रम सहायक आरती कुमारी मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को स्वास्थ्य दल बुजुर्गों की स्वास्थ्य जांच कर दवा उपलब्ध करवाता है.

## सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश का निधन

**कसमार (बोकारो) ।** कसमार के चट्टी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश रजक का निधन 1 अक्टूबर को रांची के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया. सोमवार सुबह उनका शव उनके पैतृक आवास चट्टी लाया गया. शव पहुंचते ही परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया. उनके निधन की खबर मिलते ही सैकडों लोगों की भीड़ उनके अंतिम दर्शन को उमड़ी. खांजो नदी स्थित स्थानीय श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया.

## समाजसेवी के पिता का निधन

**कोडरमा ।** चंदवारा प्रखंड के थाम गांव निवासी समाजसेवी सम्राट सिंह के 80 वर्षीय पिता प्रदीप सिंह का निधन निवास स्थान पर रविवार की देर रात हो गया. वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार को छोड़ गये हैं. इस संबंध में उनके बड़े पुत्र समाजसेवी सम्राट सिंह ने बताया कि कुछ माह से वह बीमार चल रहे थे. जिसके कारण वह गांव में ही रह रहे थे. उनका स्नेह प्यार अपने परिवार के जैसा ही गांव के सभी लोगों के साथ था. अचानक रविवार को देर रात हम सबको छोड़ कर स्वर्ग लोक पधार गए. उनकी मौत की खबर सुनकर बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, अशोक सिंह, अज्जू सिंह, लक्ष्मण यादव, अशोक सिंह कपूर, धनंजय सिंह, राजकुमार यादव, दिलीप यादव, प्रकाश यादव ने शोक प्रकट किया है.

# गोड्डा में सर्वधर्म सभा का आयोजन



**संवाददाता। गोड्डा**

देश के महान विभूति महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर गोड्डा में सर्वधर्म सभा व माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया. शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त जिशान कमर व एसपी नाथू सिंह मीणा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर स्थानीय अशोक स्तंभ परिसर में उन्हें श्रद्धांजलि दी. मौके पर सर्व धर्म सभा का आयोजन किया गया. मौके पर उपायुक्त ने कहा कि गांधी जी अपने आप में एक विश्वविद्यालय हैं. जिनकी कही हर बात में जीवन- दर्शन है. उनकी बातों पर लगातार शोध हो रहे हैं. दूसरी ओर देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी सादगी और उच्च विचारों के प्रतिमान थे.

पुलिस अधीक्षक श्री मीणा ने गांधी जी के विचारों को सर्वकालिक प्रासंगिक बताते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही. इस अवसर पर मिथिलेश कुमार एवं अंकिता दुबे ने गांधी जी के प्रिय भजनो की प्रस्तुति की. कार्यक्रम का संचालन सुरजीत झा ने किया. कार्यक्रम में सदर एसडीओ जेसी विनीता केरकेट्टा, नजारत उपसमाहर्ता नागेश्वर साव, मनोज कुमार, मोनिका बास्की, अविनाश कुमार, गोपी कृष्ण, उपेंद्र महतो, इकरारुल हसन आलम सहित कई गणमान्य मौजूद थे.

## गणेश प्रसाद वर्णी की मनायी गई जयंती

**डुमरी (गिरिडीह) ।** शिक्षा का अलख जगाने वाले अजानबाहु क्षुल्लक की 105वीं व गणेश प्रसाद वर्णी की 150वीं जयंती वर्णी आश्रम दिगम्बर कोठी इसरी में सोमवार को श्रद्धापूर्वक मनायी गयी. महात्मा गांधी के समकालीन रहे आचार्य विनोबा भावे के परम सम्मानीय डा राजेन्द्र बाबू के गुरु वर्णी जी ने अपना अंतिम जीवनकाल इसरी में ही बिताया था. उन्होंने यहीं समाधि ली थी. पीएनडी जैन उच्च विद्यालय व मध्य विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने विद्यालय से एक रैली के शक्ल में निकले और नगर भ्रमण कर प्रभातफेरी की. एनसीसी के बैंड के साथ वर्णी बाबा अमर रहे का नारा लगाते हुए रैली अहिंसा चौक, शिवाजी नगर व पारसनाथ स्टेशन तक का परिभ्रमण की. इस उपलक्ष्य में विनयांजलि सभा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में पंकज भैयाजी, अशोक कुमार जैन, राजेश जैन सेठी, प्रधानाध्यापक सुनील जैन और संगीता जैन मौजूद थे.

# झारखंड चेतना मंच ने गांधी-शास्त्री जयंती पर बांटे फल



**संवादादाता । आदित्यपुर**

झारखंड चेतना मंच ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर अंत्योदय भवन ओल्ड एज होम पार्वती घाट में कुष्ठ रोगियों के बीच फल आदि का वितरण किया. कार्यक्रम में झारखंड सरकार के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी लालमोहन महतो, महिला नेत्री शारदा देवी, बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अधिवक्ता ओम प्रकाश, रवींद्रनाथ चौबे, पूर्व पार्षद धनंजय गुप्ता उपस्थित थे. अतिथियों ने कहा कि आज जिन दो व्यक्तियों की जयंती है. वे दोनों सादगी के प्रतिमूर्ति थे. महात्मा गांधी अहिंसा के पुजारी और लालबहादुर शास्त्री ईमानदारी के मिसाल थे. इस अवसर पर समाज की बुराइयों, जलवायु संरक्षण को बढ़ावा देने की शपथ दिलाई गई. मौके पर सतीश शर्मा, आयकर अधिकारी संतोष चौबे, समरेंद्र नाथ तिवारी, लक्ष्मण प्रसाद, इंजीनियर अशोक कुमार, अनिल सिंह, गोपाल झा, डॉ मदीना, राजीव प्रधान, सरोज सिंह, रवि शंकर, सतीश बैठा आदि मौजूद थे. कार्यक्रम का संचालन सुबोध शरण ने किया.

## रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है: पंचम

**पांकी (पलामू) ।** मजदूर किसान महाविद्यालय डंडार कला पांकी में राष्ट्रीय सेवा योजना और राष्ट्रीय कैडेट कोर की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. बतौर मुख्य अतिथि पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद ने मौके पर कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है. जिंदगी का मुख्य उद्देश्य एक इंसान को दूसरे इंसान की जान बचाने की होनी चाहिए. मौके पर स्वयंसेवक सेविकाएं एवं महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के द्वारा रक्तदान किया गया. मौके पर पांकी प्रखंड विकास पदाधिकारी राज कुंवर सिंह, महाविद्यालय के सचिव डॉ बिंदेश्वर सिंह, चिकित्सा प्रभारी महेंद्र प्रसाद, जिला परिषद निधि सिंह, पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद, डंडार पंचायत समिति के श्यामनंदन ओझा, नुरु पंचायत समिति, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर पुरूषोत्तम सिंह, एनसीसी के लेफ्टिनेंट आलोक कुमार पाठक सहित सैंकड़ों स्वयंसेवक सेविकाएं इस दौरान मौजूद थीं.

**अभियान** गांधी जयंती पर होटल राहुल पैलेस की ओर से वृहद रूप से स्वच्छता अभियान चलाया गया

# बाजार को गंदगी से मुक्ति के लिए बांटे 200 कूड़ेदान

**संवाददाता। चांडिल**

चांडिल बाजार को गंदगी से मुक्त करने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर होटल राहुल पैलेस की ओर से वृहद रूप से स्वच्छता अभियान चलाया गया.

गांधी जयंती के अवसर पर बाजार क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जमा कचड़े के ढेर को जेसीबी द्वारा हटाकर बाजार क्षेत्र को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने की पहल की गई. कूड़ेदान वाहन में लोडकर सभी कचड़ा को सुरक्षित स्थान में डंपिंग किया गया. इसके साथ ही होटल चांडिल संचालक सह झामुमो के वरिष्ठ नेता सुकराम हेंब्रम द्वारा चांडिल बाजार के निवासियों के बीच दो सौ कूड़ेदान का वितरण किया गया.



मौके पर सुकराम हेंब्रम ने कहा कि घर, आंगन के साथ आसपास का क्षेत्र और तन स्वच्छ रहेगा तो मन भी स्वच्छ रहेगा. होटल राहुल पैलेस ने 'स्वच्छ चांडिल - स्वस्थ चांडिल' का जो बीड़ा उठाया गया है, बृहद स्वच्छता अभियान उसी की एक कड़ी है. उन्होंने कहा कि आगे भी चांडिल बाजार में नियमित रूप से सफाई अभियान चलाया जाएगा. घर की महिलाएं और दुकानदार वितरण की गई कुड़ेदान का उपयोग करें. दिनभर का कूड़ा एकत्रित करें और उसे सुबह कूड़ेदान वाहन में डाल दें. कहा कि कई दशक से चांडिल बाजार में कूड़े की ढेर स्वच्छता के नाम पर अभिशाप था. इससे मुक्ति पाने के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है.

**सुकराम का हुआ अभिनंदन**

गांधी जयंती के अवसर पर चांडिल बाजार में ''स्वच्छ चांडिल – स्वस्थ चांडिल'' का मुहिम शुरू करने और गांधी जयंती के अवसर पर बृहद स्वच्छता अभियान चलाने के लिए नगरवासियों ने सोमवार को सुकराम हेंब्रम का अभिनंदन किया. इस अवसर पर चांडिल वासियों ने उन्हें फूलमाला पहनाकर, अंगवस्त्र देकर व लडडू खिलाकर सम्मानित किया. इसके पूर्व सफाई कार्य को जारी रखने के लिए बड़ी संख्या में लोग बाजा गाजा के साथ होटल राहुल पैलेस पहुंचे. इस अवसर पर अधिवक्ता असित चक्रवर्ती ने कहा कि सुखराम हेंब्रम द्वारा चांडिल बाजार को गंदगी मुक्त किए जाने का प्रयास बहुत ही सराहनीय है. मौके पर नंदिता चक्रवर्ती, रजिया सुल्ताना, स्वपन साव, विश्वनाथ मंडल, अंगद सिंह मौजूद थे.

## फिल्म निर्देशक ऋषि प्रकाश होंगे मुख्य अतिथि

**रांची ।** झारखंड अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव के संस्थापक अध्यक्ष और फिल्म निर्देशक ऋषि प्रकाश मिश्रा को 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक मुंबई में आयोजित होने जा रहे जिओ मामी फिल्म फेस्टिवल में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है. बता दें कि नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर, बांद्रा कुर्ला काम्प्लेक्स, मुंबई में आयोजित होने जा रहे इस कार्यक्रम का मुख्य आयोजक रिलायंस ग्रुप है. वहीं इसमें प्रियंका चोपड़ा, ईशा अम्बानी, अनुपमा चोपड़ा, पीवीआर के एमडी अजय बिजली, आनंद महिंद्रा, फरहान अख्तर, रोहन सिप्पी, सिद्धार्थ राय कपूर, जोया अख्तर, विशाल भारद्वाज जैसे दिग्गज बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में शामिल हैं.



# आत्म स्वाभिमान ने सफाई कर्मियों को किया सम्मानित



**संवाददाता । झरिया**

झरिया चार नंबर स्थित मां मंगल चंडी मंदिर प्रांगण में सोमवार को आत्म स्वाभिमान संस्था ने सफाई कर्मियों को सम्मानित किया. संस्था ने लगभग 30 सफाई कर्मियों के बीच टिफिन, पानी की बोतल, कपड़ा व नाश्ते के पैकेट का वितरण किया. सचिव शैलेन्द्र प्रसाद ने बताया कि 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई जाती है. इस अवसर पर 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक संस्था द्वारा दान उत्सव कार्यक्रम चलाया जाएगा. इसी कार्यक्रम के तहत जो सफाई कर्मी सुबह से रात तक मुहल्ले व शहर की सफाई करते हैं, उन्हें सम्मानित करना गर्व की बात है. दान उत्सव के तहत विभिन्न क्षेत्रों में इस तरह के कार्यक्रम चलाये जाएंगे. इस अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष अंजना मंडल, जितेंद्र मालाकार, सिकंदर बाध्यकार, संतोषी साव आदि मौजूद थे.

# जातिगत जनगणना को लेकर लंबे समय से होती रही है सियासत

## सबसे पहले जदयू और राजद ने उठाई थी मांग



**पटना।** 2024 के आम चुनाव करीब आने के साथ, कांग्रेस, जद (यू), राजद और समाजवादी पार्टी सहित विपक्षी दल एकजुट होकर जाति जनगणना की मांग करने लगे हैं. इसे समय की जरूरत बता रहे हैं. राहुल गांधी ने विगत अप्रैल माह में 2011 की जातिगत जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग की थी. साथ ही कर्नाटक सरकार से 50% आरक्षण सीमा का उल्लंघन करने को कहा था. हालांकि, भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने अभी भी सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना की मांग को स्वीकार नहीं किया है. भारतीय जनता पार्टी ने जाति जनगणना के मुद्दे पर पिछली कांग्रेस सरकारों के आलोचनात्मक रुख का हवाला देते हुए राहुल गांधी पर पाखंड करने का आरोप लगाया था.

बता दें कि वर्ष 2019 में कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन ने तत्कालीन राज्यसभा सांसद अली अनवर को लिखा था कि जाति के आधार पर सामुदायिक भेदभाव को हतोत्साहित करने का निर्णय भारत के संविधान की प्रस्तावना में निहित धर्मनिरपेक्ष राज्य की भावना को ध्यान में रखते हुए लिया गया था. उन्होंने कहा कि 2018 में कर्नाटक के तत्कालीन मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने राज्य विधानसभा चुनाव से पहले जाति-आधारित जनगणना के निष्कर्षों को प्रकाशित नहीं किया था. राजीव



▪ जवाहरलाल नेहरम और इंदिरा गांधी ने ठंडे बस्ते में डाल दिया था मंडल आयोग

गांधी ने 1990 में मंडल आयोग को लागू करने के लिए संसद में एक बहस के दौरान वीपी सिंह सरकार पर हमला बोला था, जिसने अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण की सिफारिश की थी. गांधी ने इसे देश को जाति के आधार पर बांटने का प्रयास करार दिया था. आरोप लगाया था कि यह अंग्रेजों ने जो किया था, उससे बहुत अलग नहीं है. पीटीआई की एक पुरानी रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने जाति जनगणना के खिलाफ देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रुख का भी हवाला दिया था. कहा था कि इंदिरा गांधी और उसके बाद राजीव गांधी ने सत्ता में रहते हुए मंडल आयोग को ठंडे बस्ते में डाल दिया था. भाजपा ने अब तक जाति जनगणना के मुद्दे पर कोई आधिकारिक रुख नहीं अपनाया है, यह मांग पहले राजद और जद (यू) जैसी क्षेत्रीय पार्टियों ने उठाई थी. इसके बाद अधिकांश विपक्षी दलों ने इसका समर्थन किया.

यह उल्लेख करना उचित है कि भगवा पार्टी ने जाति जनगणना के समर्थन में बिहार विधानसभा द्वारा पारित एक सर्वसम्मत प्रस्ताव का समर्थन किया था जब वह जनता दल (यूनाइटेड) नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार में भागीदार थी.

**लोकसभा चुनाव से पहले क्यों हैं ये आंकड़े अहमः** बिहार सरकार की ओर से राज्य के जाति सर्वे के आंकड़े ऐसे वक्त जारी किए गए हैं जब लोकसभा चुनाव 2024 में अब अनुमान के मुताबिक लगभग आठ महीने का समय रह गया है. बिहार सरकार हो या कांग्रेस, उनके नेताओं की ओर से यह आवाज उठाई गई है कि जिस जाति की जितनी आबादी है, उसे उतना हक मिलना चाहिए. माना जा रहा कि लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी नीत केंद्र सरकार के खिलाफ लामबंद हुआ विपक्ष इस सर्वे के आंकड़ों को एनडीए के खिलाफ एक अहम हथियार के तौर पर इस्तेमाल करते हुए जनता का ध्यान अपने पाले में खींचने से पीछे नहीं रहेगा. इसीलिए लोकसभा चुनाव से पहले जारी हुए ये आंकड़े अहम माने जा रहे हैं.




## अन्य राज्यों में हुए जाति सर्वेक्षण

### 1. केरल का सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 1968

वर्ष 1968 में, ई.एम.एस. नंबूदरीपाद के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट सरकार ने जातिगत असमानताओं का आकलन करने के लिए केरल राज्य में प्रत्येक निवासी के सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का आदेश दिया. वर्ष 2011 की जनगणना तक, यह सर्वेक्षण स्वतंत्रता के बाद भारत में आयोजित एकमात्र जाति-आधारित गणना थी. सर्वेक्षण बहुत निर्णायक नहीं था, क्योंकि इसमें कई असंबंधित जातियों को एक समूह में मिला दिया गया था (उदाहरण के लिए, अंबालावासी और तमिल ब्राह्मणों को मलयाली ब्राह्मणों के साथ समूहीकृत किया गया था). सर्वेक्षण में पाया गया कि उच्च जाति के व्यक्तियों के पास अधिक भूमि है और सामान्य आबादी की तुलना में उनकी प्रति व्यक्ति आय अपेक्षाकृत अधिक है. सर्वेक्षण में पाया गया कि राज्य की 33% आबादी अगड़ी जाति की थी, जिनमें से लगभग आधे सीरियाई ईसाई थे. सर्वे के अनुसार, 13% ब्राह्मण, 6.8% सिरो-मालाबार कैथोलिक, 5.4% जैकोबाइट और 4.7% नायरों के पास 5 एकड़ से अधिक भूमि थी. इसकी तुलना एझावाओं के 1.4%, मुसलमानों के 1.9% और अनुसूचित जातियों के 0.1% से की गई, जिनके पास इतनी जमीन थी.

### 2. तेलंगाना का समग्र कुटुम्ब सर्वेक्षण 2014

रिपोर्ट से पता चलता है कि तेलंगाना की लगभग 36.9 मिलियन आबादी विभिन्न जाति समूहों में वितरित है. अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) क्रमशः जनसंख्या का लगभग 18.48% और 11.74% प्रतिनिधित्व करते हैं. अधिकांश आबादी पिछड़ी जातियों (बीसी) से संबंधित है, जो आबादी का 53.58% है. अन्य जातियां लगभग 16.03% हैं, जबकि धार्मिक अल्पसंख्यक आबादी लगभग 10.65% है.

### 3. कर्नाटक जाति जनगणना 2015

कर्नाटक में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण की जानकारी देने के लिए वर्ष 2014 में तत्कालीन मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा आदेशित सामाजिक और शैक्षिक सर्वेक्षण 2023 तक प्रकाशित नहीं हुआ है. कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा शुरू किए गए सर्वे में 1.6 लाख सरकारी कर्मचारियों ने लगभग 1.3 करोड़ घरों में प्रचार किया, जिसमें 169 करोड़ रुपये की लागत आई. हालांकि, आठ साल बीत जाने, कई सरकारी कार्यकाल और विभिन्न राजनीतिक नेताओं द्वारा इसे जारी करने की बार-बार मांग के बावजूद रिपोर्ट अप्रकाशित है. एच. अंजनेय और कोटा श्रीनिवास पुजारी सहित एक के बाद एक समाज कल्याण मंत्रियों द्वारा इस मुद्दे को लेकर विवाद खड़ा हो गया, जो सांसद जयप्रकाश हेगड़े की अध्यक्षता वाले राज्य बीसी आयोग द्वारा अधूरे सारणीकरण और गैर-प्रस्तुतिकरण पर देरी का आरोप लगा रहे हैं. कुछ स्रोत रिपोर्ट के गैर-प्रकटीकरण के कारणों के रूप में, विशेष रूप से पारंपरिक रूप से प्रभावशाली लिंगायत और वोक्कालिगा समुदायों के संबंध में, राज्य की सत्ता की गतिशीलता में राजनीतिक दबाव और संभावित उथल-पुथल का सुझाव देते हैं.

### 4. उत्तराखंड ओबीसी सर्वेक्षण

उत्तराखंड में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सर्वेक्षण अभी चल रहा है. इसमें देरी और सटीकता के साथ कई मुद्दों का सामना करना पड़ा है, जिसके कारण एकल सदस्यीय आयोग को हस्तक्षेप करना पड़ा है. विभिन्न जिलों ने सर्वेक्षण दिशा-निर्देशों का अनुपालन न करने की सूचना दी है. इसमें नए घर-घर सर्वेक्षण करने की बजाय पुराने डेटा पर निर्भरता के उदाहरण भी शामिल हैं, जैसा कि खटीमा में देखा गया है. जवाब में आयोग ने त्रुटिपूर्ण सर्वेक्षण को रद्द कर दिया है, 15 दिनों के भीतर फिर से करने का आदेश दिया है. प्रभारी अधिकारी को स्थानांतरित कर दिया है. चंपावत और धारचूला में भी इसी तरह के सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं. इन प्रयासों के बावजूद, आयोग को अभी तक कोई पूरा डेटा प्राप्त नहीं हुआ है, यहां तक कि देहरादून से भी नहीं.

### 5. ओडिशा पिछड़ा वर्ग सर्वेक्षण 2023

विगत एक मई, 2023 को ओडिशा सरकार ने राज्य द्वारा अधिसूचित 211 सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों (एसईबीसी) को लक्षित करते हुए एक व्यापक सर्वेक्षण शुरू किया. यह एक मई को शुरू हुआ, शुरुआत में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के शिक्षकों द्वारा विशिष्ट केंद्रों पर किया गया था. बाद में गणनाकारों को घर-घर जाकर यह सत्यापित करने के लिए कहा गया कि क्या सभी परिवारों ने भाग लिया था. यह 24 जून को खत्म हुआ. उल्लेखनीय है कि सर्वेक्षण ओएससीबीसी अधिनियम, 1993 और ओएससीबीसी (संशोधन) अधिनियम, 2020 के तहत किया गया है जो परिवार के मुखिया या वरिष्ठ व्यक्तियों को राशन कार्ड, आधार कार्ड या मतदाता पहचान विवरण सहित पारिवारिक डेटा प्रदान करने की

## कोर्ट में भी लड़ी लड़ाई

**मई 2023** पटना उच्च न्यायालय ने अपने अंतरिम आदेश में जाति-आधारित सर्वेक्षण पर रोक लगा दी. राज्य सरकार को एकत्र सर्वेक्षण डेटा को सुनवाई की अगली तारीख (3 जुलाई, 2023) तक संरक्षित रखने का निर्देश दिया. बिहार सरकार ने पटना उच्च न्यायालय को सूचित किया कि 80% सर्वेक्षण पूरा हो चुका है. पटना हाईकोर्ट ने अपने अंतरिम आदेश में बिहार सरकार से 11 बिंदुओं पर सवाल पूछे. बिहार सरकार ने प्रतिवाद किया कि एक केंद्रीय कानून, सांख्यिकी संग्रह अधिनियम, 2008 राज्य सरकार को जाति सहित सभी प्रकार की जनगणना और सर्वेक्षण करने का अधिकार देता है.

**जुलाई 2023** पटना उच्च न्यायालय ने सर्वेक्षण के विभिन्न पहलुओं को चुनौती देने वाली कुल 48 जनहित याचिकाओं पर सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया.

**अगस्त 2023** पटना उच्च न्यायालय ने फैसला दिया कि बिहार में जाति सर्वेक्षण कराना वैध और कानूनी है. मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी की खंडपीठ ने सर्वेक्षण को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को खारिज करते हुए अपने 101 पेज के फैसले में आदेश पारित किया.

**अगस्त 2023** बिहार के जाति-आधारित सर्वेक्षण का दूसरा चरण अगस्त 2023 को फिर से शुरू हुआ. अगस्त 2023 को, पटना उच्च न्यायालय ने जाति सूची से ट्रांसजेंडरों को हटाने की मांग करने वाली एक रिट याचिका का निपटारा किया. कहा कि ट्रांसजेंडर व्यक्ति बिहार सरकार को एक जाति के रूप में न माने जाने के लिए प्रतिनिधित्व कर सकते हैं. बिहार सरकार ने इस याचिका पर जवाबी हलफनामा दायर कर अदालत को सूचित किया था कि 25 अप्रैल 2023 को गणनाकारों को लिंग के लिए तीन विकल्प रखने का निर्देश देकर इस विसंगति को दूर किया गया था.

**21 अगस्त 2023** सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की पीठ ने केंद्र सरकार से सर्वेक्षण के संभावित परिणामों के संबंध में सात दिनों के भीतर जवाब देने को कहा. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया कि जनगणना अधिनियम केवल केंद्र सरकार को जनगणना और जनगणना जैसी कार्रवाई करने की अनुमति देता है. बाद में शाम को, यह अपने पिछले हलफनामे से पीछे हट गया और एक नया हलफनामा दायर किया जिसमें दावा किया गया कि पैराग्राफ अनजाने में घुस गया. बिहार सरकार ने अपनी पहले बताई गई स्थिति को दोहराया कि सांख्यिकी संग्रह अधिनियम, 2008, उसे सामाजिक न्याय के हित में इस तरह की गणना प्रक्रिया आयोजित करने का अधिकार देता है.

**सितंबर 2023** भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की पीठ ने मामले को अक्टूबर के लिए स्थगित कर दिया. साथ ही स्पष्ट किया कि उसने सर्वेक्षण के प्रकाशन पर कोई रोक नहीं लगाई है.



## किस जाति की कितनी आबादी

| जाति | जनसंख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| अघोरी | 9039 | 0.0069 |
| अदरखी | 30857 | 0.238 |
| अबदल | 11433 | 0.0087 |
| अमात | 285221 | 0.2182 |
| अवध बनिया | 41643 | 0.0319 |
| असुर, अगरिया | 7706 | 0.0059 |
| इदरीसी या दर्जी (मुस्लिम) | 329661 | 0.2522 |
| ईंटफरोश या गदहेड़ी | 9462 | 0.0072 |
| ईसाई (हरिजन) | 9708 | 0.0074 |
| ईसाई (ओबीसी) | 11506 | 0.0088 |
| उरांव, चांगड़ | 200257 | 0.1532 |
| कपरिया | 4314 | 0.0033 |
| कर्मकार | 821403 | 0.6281 |
| करमाली | 1221 | 0.0009 |
| कलंदर | 7873 | 0.0060 |
| कबार | 12544 | 0.0096 |
| कसाई (मुस्लिम) | 133807 | 0.1024 |
| कागजी | 2380 | 0.0018 |
| कानू | 2892761 | 2.2129 |
| कादर | 18121 | 0.0139 |
| कायस्थ | 785771 | 0.6011 |
| किन्नर हिजड़ा | 825 | 0.0006 |
| किसान, नागेसिया | 50634 | 0.0387 |
| कुरमी | 3762969 | 2.8785 |
| कुल्हैया | 1253781 | 0.9691 |
| कुशवाहा (कोइरी) | 5506113 | 4.2120 |
| कउट | 937861 | 0.7174 |
| केवर्त | 265943 | 0.2034 |
| कौछ | 22566 | 0.0173 |
| कौरा | 2173 | 0.0017 |
| मुडी कौरा | 24027 | 0.0184 |
| कोरकू | 102 | 0.0001 |
| कोरवा | 1357 | 0.0010 |
| कोल | 17519 | 0.0134 |
| कोस्ता | 338 | 0.0003 |
| कुरारियार | 15330 | 0.0117 |
| कंजर | 7401 | 0.0057 |
| खटवा | 5458 | 0.0042 |
| खटिक | 32139 | 0.0246 |
| खतौरी 1 | 519 | 0.0012 |
| खरवार | 257364 | 0.1969 |
| खड़िया | 4491 | 0.0034 |
| खेलटा | 246 | 0.0002 |
| खोंड | 303 | 0.0002 |
| खंगर | 20455 | 0.0156 |
| गद्दी | 57617 | 0.441 |
| गुलगुलिया | 1638 | 0.0013 |
| गोड़ी | 352862 | 0.2699 |
| गोंड | 528536 | 0.4043 |
| गोराइन | 2868 | 0.0022 |
| गोस्वामी अथीत | 482689 | 0.3692 |
| गंगई गणेश | 150735 | 0.1153 |
| गंगोता | 648493 | 0.04961 |
| गंधर्व | 5104 | 0.0039 |
| घटवार | 125251 | 0.0958 |
| घासी | 1462 | 0.0011 |
| घनऊ | 57272 | 0.438 |
| चपोता | 25181 | 0.0193 |
| चंद्रवंशी (कहार) | 2155644 | 1.6490 |
| मोची रविदास | 6869664 | 5.25550 |
| चांय | 102010 | 0.0780 |
| चीक (मुस्लिम) | 50404 | 0.0386 |
| चिक बराइक | 1646 | 0.0013 |
| चूड़ीदार (मुस्लिम) | 207914 | 0.1590 |
| चेरो | 17033 | 0.0130 |
| चौपाल | 748050 | 0.5722 |
| छीपी | 873 | 0.0007 |
| जट (हिंदू) | 7781 | 0.0060 |
| जट (मुस्लम) | 44949 | 0.0344 |
| जदुपतिया | 93 | 0.0001 |
| जागा | 4451 | 0.0034 |
| जोगी | 17153 | 0.0131 |
| टिकुलहार | 147482 | 0.0112 |
| ठकुराई (मुस्लिम) | 147482 | 0.1128 |
| डफाली | 73259 | 0.0560 |
| डोम डोमरा | 263512 | 0.2016 |
| ढेंकारू | 190 | 0.0001 |
| तमरिया | 1842 | 0.0014 |
| तिली | 17579 | 0.0132 |
| तियर | 241009 | 0.1844 |
| तुरहा | 467867 | 0.3579 |
| तुरी | 67616 | 0.0517 |
| तेली | 3677491 | 2.8131 |
| थारू | 192050 | 0.1469 |
| दबगर | 7756 | 0.0059 |
| दांगी | 336629 | 0.2575 |
| दुसाध धारी | 6943000 | 5.3111 |
| देवहार | 42811 | 0.0327 |
| दोनवार | 1361 | 0.0014 |
| धनवार | 1879 | 0.0014 |
| धानुक | 2796605 | 2.1393 |
| धामिन | 3815 | 0.0029 |
| धीमर | 948 | 0.0007 |
| धुनिया (मुस्लिम) | 1868192 | 1.4291 |
| धोबी रजक | 1096158 | 0.8385 |
| धोबी (मुस्लिम) | 409796 | 0.3135 |
| नट | 105358 | 0.0806 |

| जाति | जनसंख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| नट मुस्लिम | 61629 | 0.0471 |
| नाई | 2082048 | 1.5927 |
| नागर | 109912 | 0.0841 |
| नामशुद्र | 30501 | 0.0233 |
| नालबंद मुस्लिम | 11900 | 0.0091 |
| नोनिया | 2498474 | 1.9112 |
| पटवा | 4113 | 0.0314 |
| पठान (खान) | 986665 | 0.7548 |
| पमरिया (मुस्लिम) | 64890 | 0.0496 |
| परधा | 349 | 0.0003 |
| परहया | 1232 | 0.0009 |
| पहिरा | 226 | 0.0002 |
| प्रजापति | 1834418 | 1.4033 |
| प्रधान | 1778 | 0.0014 |
| पान, पानर | 2228343 | 1.7046 |
| पांडी | 3474 | 0.0027 |
| पाल (गड़ेरिया) | 363529 | 0.2781 |
| पासी | 1288031 | 0.9853 |
| पिनगनिया | 390 | 0.0003 |
| परिहार | 44237 | 0.0338 |
| बक्खो (मुस्लिम) | 36830 | 0.0282 |
| बढुडी | 936 | 0.0007 |
| बढ़ई | 1895672 | 1.4501 |
| बनजारा | 8349 | 0.0064 |
| बनिया (सूढ़ी रोनियार) | | |
| बरई तमोली | 616092 | 0.4713 |
| बागदी | 2960 | 0.0023 |
| बारी | 61003 | 0.0467 |
| ब्राह्मण | 4781280 | 3.6575 |
| बिझिया | 448 | 0.0003 |
| बिंद | 1285358 | 0.9833 |
| बिरहोर | 359 | 0.0003 |
| बेंगा | 1001 | 0.0008 |
| बेदिया | 2654 | 0.0020 |
| बेलदार | 485455 | 0.3699 |
| बौरी | 3250 | 0.0025 |
| बंतार | 187951 | 0.1438 |
| भठियारा (मुस्लिम) | 27263 | 0.0209 |
| भाट, ब्रह्म भट्ट | 121543 | 0.0930 |
| भाट (मुस्लमि) | 89052 | 0.0681 |
| भार | 7699 | 0.0059 |
| भास्कर | 37 | 0.0000 |
| भुइंया | 1174460 | 0.8984 |
| भुईंयार | 2487 | 0.0019 |
| भूमिहार | 3750886 | 2.8699 |
| भोग्ता | 22513 | 0.0172 |
| मझवार | 2722 | 0.0021 |
| मडरिया (मुस्लिम) | 86658 | 0.0663 |
| मदार | 778 | 0.0006 |
| मदारी (मुस्लिम) | 11620 | 0.0089 |
| मल्लाह | 3410093 | 2.6086 |
| मलार | 2569 | 0.0020 |
| मलिक (मुस्लिम) | 111656 | 0.0854 |
| मारकंडे | 87578 | 0.0670 |
| माल पहरिया | 48122 | 0.0368 |
| महली | 7151 | 0.0055 |
| माली | 349285 | 0.2672 |
| मांगर | 1212 | 0.0009 |
| मुकेरी (मुस्लिम) | 56522 | 0.0432 |
| मुंडा, पातर | 20731 | 0.0159 |
| मुसहर | 4035767 | 3.0872 |
| मिरयासीन (मुस्लिम) | 15415 | 0.0118 |
| मेहतर | 15415 | 0.0535 |
| मोमिन, जुलाहा | 4634245 | 3.5450 |
| मोरशिकार (मुस्लिम) | 66607 | 0.0510 |
| मोरियारी | 24786 | 0.0190 |
| मौलिक | 1478 | 0.0011 |
| यादव अहीर | 18650119 | 14.2666 |
| रजवार | 358256 | 0.2741 |
| कुंजरा (मुस्लिम) | 1828584 | 1.3988 |
| राजधोबी | 29552 | 0.0226 |
| राजपूत | 4510733 | 3.4505 |
| राजभर | 224722 | 0.1719 |
| राजवंशी पोलिया | 290079 | 0.2219 |
| रौतिया | 587 | 0.0004 |
| रंगरेज (मुस्लिम) | 43347 | 0.0332 |
| रंगवा | 3001 | 0.0023 |
| लहेड़ी | 84278 | 0.0645 |
| लालबेगी | 2720 | 0.0021 |
| लोहरा, लोहार | 204245 | 0.1562 |
| बनपर | 20371 | 0.0156 |
| बिरजिया | 169 | 0.0001 |
| शिवहरी | 4835 | 0.0037 |
| शेख | 4995897 | 3.8217 |
| शेरशाहबादी | 1302644 | 0.9966 |
| साईं फकीर | 563197 | 0.5073 |
| सागरी बैश्य | 7327 | 0.0056 |
| साबर | 723 | 0.0006 |
| सिंदुरिया बनिया | 176310 | 0.1349 |
| सुकियार | 901 | 0.0007 |
| सुरजापुरी सैयद | 2446212 | 1.8713 |
| सूत्रधार | 499 | 0.0004 |
| सेखड़ा | 248948 | 0.1904 |
| सैकलगर (मुस्लिम) | 18936 | 0.0145 |

संयोजन : बृजेंद्र दुबे, नीरज सिसोदिया, डिजाइनिंग - विकास कुमार

# बिहार के आंकड़ों से मोदी जी की मुश्किलें बढ़ीं

जातिगत गणना के आंकड़ों से बिहार में भारतीय जनता पार्टी और खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने पैरों के नीचे से जमीन खिसकती नजर आने लगी होगी. कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहले से ही जाति जनगणना -2011 के आंकड़े जारी करने की चुनौती मोदी जी को देते आ रहे हैं. इंडिया गठबंधन की मुंबई बैठक में भी जाति जनगणना का मुद्दा उठाया गया था. लेकिन यह मुद्दा केंद्र में आया तब, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मास्टर स्ट्रोक' लगाते हुए संसद के विशेष सत्र में अपनी टोपी से नारी शक्ति वंदन अधिनियम का खरगोश निकाला. लेकिन चाल उल्टी पड़ गई. और, अब तो मामला काफी संगीन होता दिखाई दे रहा है. सामने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव और उसके तुरंत बाद आम चुनाव. तेलंगाना, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में से कहीं भी भाजपा की बढ़त नहीं दिखाई दे रही. राजस्थान, जहां हर पांच साल में सरकार बदलने की परंपरा बनी हुई है, वहां इस बार कोई पक्के तौर पर नहीं कह पा रहा कि परंपरा कायम रह पाएगी. राहुल गांधी हर जगह कांग्रेस की पांच गारंटियों, राजस्थान की सामाजिक कल्याण स्कीमों के साथ सामाजिक न्याय का मसला मजबूती के साथ उठा रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रिएक्टिव मोड में हैं. रविवार को तेलंगाना में मोदी जी ने खुद को ओबीसी और गरीब बताते हुए कांग्रेस पर हमला करना शुरू किया. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग ओबीसी होने की वजह से मोदी से नफरत करते हैं. वे बोले कांग्रेस का ओबीसी प्रेम दिखावा है. महिला आरक्षण अटकाये रहने का आरोप भी उन्होंने लगाया. कहा कि मजबूरी में उनको समर्थन करना पड़ा और अब उनकी कोशिश महिलाओं को बांटकर इस अधिनियम को अटकाने की है. हालांकि राहुल जिन सवालों को उछाल रहे हैं, उनका जवाब वे नहीं देते हैं - 2011 की जाति जनगणना के आंकड़े जारी क्यों नहीं करते, महिला आरक्षण तुरंत प्रभाव से लागू क्यों नहीं करते? राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के शाजापुर में ऐलान ही कर दिया कि इंडिया की सरकार बनी तो सबसे पहले जाति जनगणना कराई जाएगी. और अब बिहार के आंकड़ों ने भाजपा के लिए चुनौती कई गुना बढ़ा दी है. इन आंकड़ों का असर बिहार में तो पड़ेगा ही, आसन्न विधानसभा चुनावों और 2024 के आम चुनाव की दिशा को भी इंडिया के पक्ष में मजबूती देने की भी कूवत इन आंकड़ों में है.

**● विशेष टिप्पणी**

**राजेंद्र तिवारी**

सबसे पहले बिहार की बात करते हैं. बिहार में जाति गणना के डिटेल्स भाजपा को हिलाने के लिए काफी हैं. बिहार में पिछड़ा वर्ग 27.12%, अति पिछड़ा वर्ग 36.01%, अनुसूचित जाति 19.65%, अनुसूचित जनजाति 1.68%, सामान्य वर्ग 15.52 %. अब इनके और अंदर देखने पर पता चलता है कि ब्राह्मण 3.67%, राजपूत 3.45%, भूमिहार 2.89% और कायस्थ हैं 0.60%, यानी कुल 10.61 %. अति पिछड़ी जातियों और एससी पर निगाह थी भाजपा की. और इसी के हिसाब से दोनों पासवान गुटों, माझी और कुशवाहा को जोड़ा था लेकिन अब परिस्थितियां पहले वाली नहीं रहीं. कुशवाहा 4.27%, मुसहर 3.08% और दुसाध हैं 5.2%. बाकी में सेंध लगाना भाजपा के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण होगा. ऊपर से सामाजिक न्याय यानी आबादी के अनुपात में लाभ का मसला. मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी ओबीसी का मसला है. मध्य प्रदेश में ओबीसी आबादी वहां की सरकार के मुताबिक है 50.09% जबकि आरक्षण है सिर्फ 14%. छत्तीसगढ़ में ओबीसी 41% और आरक्षण है 14%. राजस्थान में ओबीसी हैं 44%, आरक्षण था 21% जिसे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पिछले दिनों बढ़ाकर किया 26% और यह बढ़ा हुआ पांच फीसदी पूरी तरह से अति पिछड़ों के लिए रखा.ये आंकड़े पूरी कहानी कहते हैं. महिला आरक्षण में भाजपा ने जनगणना और लोकसभा परिसीमन की शर्त लगा रखी है. ओबीसी को लेकर राहुल गांधी का नैरेटिव अब तेजी से जोर पकड़ेगा कि आबादी इतनी ज्यादा और केंद्रीय बजट का सिर्फ पांच फीसदी हिस्सा ओबीसी अफसरों के नियंत्रण में. राहुल गांधी इसी हिस्सेदारी को आबादी के अनुपात में बढ़ाने की बात करते हैं. वह 50 फीसदी की बात करते थे लेकिन अब बिहार के आंकड़ों ने पूरे देश में ओबीसी आंकड़े 60 फीसदी के आसपास होने के संकेत दिए हैं. यानी ओबीसी नैरेटिव को जोर पकड़ने से रोकना बहुत मुश्किल होगा. सबसे बड़ा खेला तो उत्तर प्रदेश में हो सकता है. यहां भी जातियों की स्थिति कमोबेश बिहार जैसी ही हो सकती है और ऐसे में इन आकड़ों के साथ सामाजिक न्याय यानी आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी की कहानी राजनीति को पलट कर रख सकती है. कुछ संकेत घोसी के उपचुनाव ने दे ही दिये हैं. आइए अब लोकसभा की गणित देख लेते हैं. अभी उत्तर प्रदेश की 80 सीटों में से 65 भाजपा के पास हैं. कांग्रेस व सपा के पास हैं 4 सीटें. राजस्थान, मप्र व छत्तीसगढ़ में कुल सीटें हैं 65. इसमें से 62 सीटें हैं भाजपा के पास. बिहार में 40 में से भाजपा के पास हैं 17. महाराष्ट्र में 48 में से भाजपा के पास हैं 24. कर्नाटक की 28 में से 25 भाजपा के पास हैं. इन राज्यों में कुल लोस सीटें हैं 261 और अभी भाजपा के पास हैं इनमें से 183. इसमें हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखंड और असम को भी जोड़ दे तो कुल सीटें होंगी 294. इनमें से भाजपा के पास हैं 209. यानी 303 में से दो तिहाई सीटें इन 11 राज्यों से. अगर कमंडल पर मंडल भारी पड़ा तो 2024 भाजपा के लिए बहुत दूर की कौड़ी बन सकता है. देखना होगा कि इस विकट राजनीतिक चुनौती से निपटने के लिए मोदी जी कौन सा मास्टर स्ट्रोक लगाते हैं. अभी तक तो भाजपा इंडिया के मुद्दों पर रिएक्ट ही करती नजर आई है. राजनीति संभावनाओं का खेल है और मोदी-शाह इसके बड़े खिलाड़ी हैं.

# बिहार में सबसे ज्यादा यादव

शुभम संदेश नेटवर्क।पटना

**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार ने सोमवार को गांधी जयंती के अवसर पर बहुप्रतीक्षित जाति आधारित गणना की रिपोर्ट जारी की. सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, ओबीसी समूह में शामिल यादव समुदाय प्रदेश की कुल आबादी का 14.27 प्रतिशत है. राज्य के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी इसी समुदाय से ताल्लुक रखते हैं. राज्य में जनसंख्या के मामले में यह समुदाय सबसे बड़ा समुदाय है. रिपोर्ट में कहा गया है कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) राज्य की कुल आबादी का 63 प्रतिशत हैं. बिहार के विकास आयुक्त विवेक सिंह द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, राज्य की कुल जनसंख्या 13.07 करोड़ से कुछ अधिक है. इसमें अत्यंत पिछड़ा वर्ग की आबादी सबसे अधिक 36 प्रतिशत है. इसके बाद ओबीसी 27.13 प्रतिशत हैं. बता दें कि बिहार सरकार ने राज्य में जाति आधारित गणना का आदेश पिछले साल तब दिया था जब केंद्र सरकार ने स्पष्ट कर दिया था कि वह आम जनगणना के हिस्से के रूप अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अलावा अन्य जातियों की गणना नहीं कर पाएगी. दो जून 2022 को बिहार मंत्रिपरिषद से इसकी स्वीकृति दी गई थी. इसके आधार पर राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से जाति आधारित गणना कराई.**

### दो फेज में पूरी हुई है बिहार में जाति आधारित गणना

7 जनवरी 2023 से गणना का पहला चरण शुरू हुआ था. इस चरण में मकानों की सूचीकरण, मकानों को गिना गया. यह चरण 21 जनवरी 2023 को पूरा कर लिया गया था. जातीय गणना का दूसरा चरण 15 अप्रैल से शुरू हुआ था. जिसे 15 मई को पूरा किया गया. लोगों से डेटा जुटाए गए. दूसरे चरण में परिवारों की संख्या, उनके रहन-सहन, आय आदि के आंकड़े जुटाए गए.













### हिंदुओं की आबादी घटी, मुस्लिमों की बढ़ी

बिहार में साल 2011-2022 के बीच हिंदुओं जनसंख्या कम हुई है जबकि मुस्लिम आबादी बढ़ी है. जातीय गणना की रिपोर्ट के साथ राज्य में धार्मिक जनसंख्या भी सामने आई है. रिपोर्ट के अनुसार, बिहार में अभी हिंदू आबादी करीब 82% (81.99) और मुस्लिम आबादी 17.7% है. वहीं, 2011 की जनगणना के अनुसार हिंदू आबादी 82.7% और मुस्लिम आबादी 16.9% थी. अभी बिहार में हिंदुओं की जनसंख्या 10 करोड़ 71 लाख 92 हजार 958 है. वहीं, मुस्लिम जनसंख्या 2 करोड़ 31 लाख 49 हजार 925 है. 2011 की जनगणना के अनुसार बिहार में हिंदू आबादी 8 करोड़ 60 लाख 78 हजार 686 थी. वहीं, मुस्लिम आबादी एक करोड़ 75 लाख 57809 थी.

# नीतीश कुमार ने खेला मास्टर स्ट्रोक

शुभम संदेश नेटवर्क।पटना

गांधी जयंती पर बिहार में नीतीश कुमार ने जातीय जनगणना की रिपोर्ट जारी कर दी है. जदयू के नेताओं का दावा है कि लोकसभा चुनाव से पहले यह नीतीश कुमार का मास्टर स्ट्रोक है. भाजपा के हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के मुकाबले के लिए जाति का धारदार शस्त्र तैयार हो गया है. बिहार से चली जातीय जनगणना की बयार अब देश में चुनावी मुद्दा बनेगी. विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया पहले से ही इस रणनीति पर काम कर रहा है. जातीय जनगणना की रिपोर्ट के मुताबिक, बिहार में पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी 27.13 फीसदी है, जबकि अति पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) 36.01 फीसदी है. अब बिहार की राजनीति 63 प्रतिशत ओबीसी पॉलिटिक्स के इर्द-गिर्द ही घूमती नजर आएगी. लालू यादव ने रिपोर्ट जारी होते ही नारा दे दिया, जिसकी जितनी भागेदारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी. गैर भाजपा दल अगर इस वोटबैंक को अपने खाते में करने में सफल रहे, तो बिहार में महागठबंधन का पलड़ा भारी हो सकता है. हालांकि 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव के नतीजों पर नजर डालें, तो अति पिछड़ा वर्ग का वोट भाजपा की झोली में गया था.

**मुंबई बैठक में भी उठा था मुद्दा:** इंडिया गठबंधन की मुंबई मीटिंग में सपा, राजद और जदयू ने जाति जनगणना को मुद्दा बनाने का प्रस्ताव रखा, मगर मीटिंग में मौजूद तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने आपत्ति जताई. इस मीटिंग में राहुल गांधी, सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे मौजूद थे. लंबी चर्चा के बाद सभी नेता इस नतीजे पर पहुंचे कि भाजपा के हिंदुत्व और राष्ट्रवाद का जवाब जाति आधारित राजनीति हो सकती है. इसके बाद दिल्ली में शरद पवार के आवास पर इंडिया गठबंधन के कोर कमेटी की बैठक हुई, जिसमें ओबीसी वोटरों को विपक्ष के पाले में लाने की रणनीति बनी। इसके बाद राहुल गांधी ने लालू यादव से मुलाकात की. कांग्रेस ने जाति जनगणना और ओबीसी आरक्षण के मुद्दे को लपक लिया.

### जातीय गणना को भाजपा के हिन्दुत्व और राष्ट्रवाद की काट मान रहे विपक्ष के नेता



### पीएम मोदी ने बदला था ओबीसी वोटर का मूड

90 के दशक में भाजपा ने संगठन में ओबीसी नेतृत्व को आगे बढ़ाना शुरू किया था. बिहार में नंद किशोर यादव, सुशील मोदी, हुकुम देव नारायण यादव, तारकिशोर प्रसाद, रेणु देवी और सम्राट चौधरी जैसे ओबीसी नेताओं को समय के साथ आगे बढ़ाया. लोकनीति-सीएसडीएस के सर्वे के मुताबिक, 2014 में देश में 30 फीसदी ओबीसी और करीब 40 फीसदी अति पिछड़ा वर्ग के वोटरों ने बीजेपी को वोट दिया था. 2019 में 40 फीसदी ओबीसी और 43 फीसदी अत्यंत पिछड़ा वर्ग ने राजग को वोट दिया था. इस औसत के आधार पर राजग ने दोनों चुनावों में बिहार में बड़ी बढ़त ली थी. अगर ओबीसी और ईबीसी के वोटर भाजपा बनाए रखती है, तो जाति जनगणना का ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा. हाल ही में पीएम मोदी ने विश्वकर्मा योजना शुरू की थी, जिसमें अति पिछड़ा वर्ग को ज्यादा फायदा मिल सकता है.

### बिहार में किसकी कितनी आबादी

| | | |
|---|---|---|
| हिन्दू | 81.99% | (107192958) |
| मुस्लिम | 17.70% | (23149925) |
| ईसाई | 0.05% | (75238) |
| सिख | 0.011% | (14753) |
| बौद्ध | 0.0851% | (111201) |
| जैन | 0.0096% | (12523) |
| अन्य धर्म | 0.1274% | (166566 |

### किस वर्ग की कितनी आबादी

| क्रमांक | कोटिवार | जनसंख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | पिछड़ा वर्ग | 3,54,63,936 | 27.1286 |
| 2 | अत्यंत पिछड़ा वर्ग | 4,70,80,514 | 36.0148 |
| 3 | अनुसूचित जाति | 2,56,89,820 | 19.6518 |
| 4 | अनुसूचित जनजाति | 21,99,361 | 1.6824 |
| 5 | अनारक्षित | 2,02,91,679 | 15.5224 |
| | कुल | 13,07,25,310 | 100.00 |

## देश में अब तक सिर्फ एससी, एसटी के आंकड़े ही प्रकाशित किए गए

जाति जनगणना का अर्थ जनगणना अभ्यास में संख्या और प्रतिशत में भारत की जनसंख्या का जाति-वार विभाजन है. भारत में 1951 से 2011 तक जाति जनगणना के आंकड़े प्रकाशित किए गए, वह भी केवल अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए. हालांकि, जाति जनगणना धर्मों, भाषाओं और सामाजिक-आर्थिक स्थिति से संबंधित जनसंख्या डेटा भी प्रकाशित करती है. उपलब्ध डेटा जाति जनगणना डेटा लगभग 90 वर्ष पुराना है, जिसकी अक्सर कल्याण कार्यक्रमों के लिए आवश्यकता होती है.

# 12 साल में 25.5% बढ़ी आबादी

**पटना।** बिहार सरकार की ओर से जारी जाति आधारित जनगणना की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य की आबादी बढ़कर 13 करोड़ सात लाख 25310 हो गई है. इससे पहले 2011 में हुई जनगणना में राज्य की कुल आबादी 10 करोड़ 40 लाख 99 हजार 452 थी. इस तरह बीते 12 साल में राज्य की आबादी में 25.5 फीसदी का इजाफा हुआ है. रिपोर्ट के मुताबिक, सामान्य वर्ग की आबादी 2,02,91,679 है, जो राज्य की आबादी का 15.5224 % है. पिछली जनगणना में राज्य की 30 फीसदी आबादी सामान्य वर्ग के लोगों की मानी जाती थी. जाति आधारित गणना-2022 को कई बिंदुओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है.

इन बिंदुओं में शैक्षणिक योग्यता, कार्यकलाप, आवासीय स्थिति, अस्थायी प्रवासीय स्थिति, कम्प्यूटर / लैपटॉप की उपलब्धता, मोटर वाहन, कृषि भूमि, आवासीय भूमि, सभी स्रोतों से मासिक आय शामिल है.

**बिहार में 81.99 प्रतिशत हिन्दू हैं:** बिहार में 81.99 प्रतिशत यानी लगभग 82% हिंदू हैं. इस्लाम धर्म के मानने वालों की संख्या 17.7% है. शेष ईसाई सिख बौद्ध जैन या अन्य धर्म मानने वालों की संख्या 1% से भी कम है. राज्य के 2146 लोगों ने अपना कोई धर्म नहीं बताया.

बिहार में जब भाजपा के साथ जदयू सरकार में थी, तभी विधानमंडल ने जाति आधारित गणना का प्रस्ताव पारित किया था. कोरोना की स्थिति संभलने के बाद 1 जून 2022 को सर्वदलीय बैठक में जाति आधारित गणना को सर्वसम्मति से करने का प्रस्ताव पारित किया गया.



## रिपोर्ट में 214 जातियां शामिल

बिहार में सामान्य वर्ग के लोगों की आबादी 15 प्रतिशत है. बिहार की नीतीश कुमार सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट जाति आधारित जनगणना की रिपोर्ट में यह बात आई है. सोमवार को मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने यह रिपोर्ट जारी की. बिहार में सामान्य वर्ग के लोगों की आबादी 15 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग की आबादी 27 प्रतिशत से ज्यादा है जबकि अनुसूचित जाति की आबादी करीब 20 फीसदी है. बिहार सरकार की ओर से कुल 214 जातियों के आंकड़े जारी किए गए हैं. इनमें कुछ ऐसी जातियां भी हैं, जिनकी कुल आबादी सौ से भी कम है. 214 जातियों के अलावा 215वें नंबर पर अन्य जातियों का भी जिक्र रिपोर्ट में किया गया है.

## बिहार में कितने हिन्दू और कितने मुस्लिम हैं

बिहार सरकार ने जातीय जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक राज्य में सबसे बड़ी आबादी हिन्दुओं की है. राज्य में 81.99 फीसदी आबादी हिंदू है. इनकी कुल संख्या 107192958 है. वहीं, राज्य में दूसरे नंबर पर सबसे अधिक आबादी मुस्लिमों की है. यहां कुल आबादी के 17.70% फीसदी मुस्लिम हैं. राज्य में तमाम धर्मों को मानने वाले लोगों का डेटा भी सामने आ गया है. आंकड़ों के मुताबिक बिहार में हिन्दुओं की आबादी सबसे ज्यादा है. राज्य में ईसाई धर्म को मानने वाले लोगों की संख्या एक फीसदी से भी कम है. यह कुल आबादी का महज 0.05 फीसदी है. बिहार में 2146 ऐसे लोग भी हैं जो किसी धर्म को नहीं मानते हैं.

## जनगणना के आधार पर सभी वर्गों का विकास करेंगे : नीतीश कुमार



आज गांधी जयंती के शुभ अवसर पर बिहार में कराई गई जाति आधारित गणना के आंकड़े प्रकाशित कर दिए गए हैं. जाति आधारित गणना के कार्य में लगी हुई पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई. जाति आधारित गणना के लिए सर्वसम्मति से विधानमंडल में प्रस्ताव पारित किया गया था. बिहार विधानसभा के सभी 9 दलों की सहमति से निर्णय लिया गया था कि राज्य सरकार अपने संसाधनों से जाति आधारित गणना कराएगी एवं दिनांक 02-06-2022 को मंत्रिपरिषद से इसकी स्वीकृति दी गई थी. इसके आधार पर राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से जाति आधारित गणना कराई है. इससे न सिर्फ जातियों के बारे में पता चला है बल्कि सभी की आर्थिक स्थिति की जानकारी भी मिली है। इसी के आधार पर सभी वर्गों के विकास एवं उत्थान के लिए अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी. शीघ्र ही बिहार विधानसभा के नौ दलों की बैठक बुलाई जाएगी. जाति आधारित गणना के परिणामों से उन्हें अवगत कराया जाएगा.



## देश के लिए नजीर पेश करेंगे बिहार के आंकड़े : लालू प्रसाद यादव



राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने कहा कि आज गांधी जयंती पर इस ऐतिहासिक क्षण के हम सब साक्षी बने हैं. भाजपा की अनेकों साजिशों, कानूनी अड़चनों और तमाम षड्यंत्र के बावजूद बिहार सरकार ने जाति आधारित सर्वे को रिलीज किया. ये आंकडे.वंचितों, उपेक्षितों और गरीबों के समुचित विकास और तरक्की के लिए समग्र योजना बनाने एवं हाशिए के समूहों को आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व देने में देश के लिए नजीर पेश करेंगे. सरकार को अब सुनिश्चित करना चाहिए कि जिसकी जितनी संख्या, उसकी उतनी हिस्सेदारी हो. हमारा शुरू से मानना रहा है कि राज्य के संसाधनों पर न्यायसंगत अधिकार सभी वर्गों का हो. केंद्र में 2024 में जब हमारी सरकार बनेगी तब पूरे देश में जातिगत जनगणना करवायेंगे और दलित, मुस्लिम, पिछड़ा और अति पिछड़ा विरोधी भाजपा को सता से बेदखल करेंगे.



यह ऐतिहासिक क्षण है. दशकों के संघर्ष का प्रतिफल है. सरकार की नीति और नीयत दोनों ही जाति आधारित जनगणना के इन आंकड़ों का सम्मान करेगी.

**– तेजस्वी यादव, डिप्टी सीएम, बिहार**



राज्य में जाति आधारित गणना के निष्कर्ष शासन के नये युग के लिए एक ऐतिहासिक छलांग है. यह स्वतंत्र भारत में एक नए युग की शुरुआत करने वाला निर्णय है. यदि हमारी सरकार केंद्र में आती है, तो हम राष्ट्रीय स्तर पर इसे कराएंगे.

**–संजय झा, कैबिनेट मंत्री**



जातीय जनगणना बिहार की जनता में भ्रम फैलाने के सिवा कुछ नहीं है. नीतीश कुमार को अपने 18 साल और लालू यादव को अपने 15 साल का रिपोर्ट कार्ड जारी करना चाहिए था.

**– गिरिराज सिंह, केंद्रीय मंत्री**



भाजपा ने जाति आधारित गणना को समर्थन दिया था. समुदायों की गणना के साथ यह भी सर्वेक्षण कराया जाना चाहिए था कि किसका उत्थान हुआ और किसका नहीं, इसे भी जारी करना चाहिए था.

**–सम्राट चौधरी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष**

## ब्रीफ खबरें

### गांधी जयंती पर चास मंडल कारा से एक बंदी रिहा

**बोकारो/तेनुघाट।** गांधी जयंती पर दो अक्टूबर को मंडल कारा चास व अनुमंडल कारा तेनुघाट में जेल अदालत का आयोजन हुआ. चास मंडल कारा में अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी बोकारो अनिल कुमार की अदालत में लंबित केस में एक बंदी को रिहा किया गया. इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो की अध्यक्ष रंजना अस्थाना के मार्गदर्शन में तेनुघाट उपकारा में विधिक जागरूकता शिविर का भी आयोजन हुआ.

### रामगढ़ कैंट दशहरा समिति की हुई बैठक

**रामगढ़।** सोमवार को साहू धर्मशाला के सभागार में रामगढ़ कैंट दशहरा महासमिति की बैठक समिति के अध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह की अध्यक्षता में हुई. बैठक में धूमधाम से रावण दहन करवाने को लेकर चर्चा की गई. साथ हीं अध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह ने सूरज हॉल दशहरा कमिटी के संरक्षक सह आजसू नेता रौशन चौधरी को कैंट दशहरा समिति में मुख्य संरक्षक के रूप में नामित किया. जिसका समर्थन बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने किया.

### भुरकुंडा स्टेशन पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

**रामगढ़।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत भाजपा भदानीनगर मंडल ने सोमवार को भुरकुंडा रेलवे स्टेशन में स्वच्छता अभियान चलाया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक मौजूद थे. भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनूप ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में भुरकुंडा स्टेशन परिसर की साफ-सफाई की गई. साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति विशेष ध्यान रखने की बात कही गई.

### भारी वर्षा से जन-जीवन पूरी तरह प्रभावित

**किरीबुरु।** किरीबुरु व आसपास के क्षेत्रों में जारी मूसलाधार वर्षा व घने कोहरे से जन-जीवन व्यापक रूप से प्रभावित हुआ. भारी वर्षा की वजह से लोग अपने-अपने घरों में कैद हैं. घरों में लगा विभिन्न कंपनियों का डीटीएच टीवी का सिग्नल भी भारी वर्षा की वजह से घंटों फेल रहा. इस कारण लोग घरों में भी टेलीविजन देखकर मनोरंजन नहीं कर पा रहे हैं. कुछ लोगों के घरों में वर्षा का पानी भी घुसने की खबर है. शहर की तमाम नालियां उफान पर हैं. वर्षा ने मजदूरों का रोजगार पूरी तरह से प्रभावित कर दिया है. ठेकेदारों ने अपने-अपने साइट पर तमाम कार्य को बंद कर दिया है.

### सीआरपीएफ के जवानों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**नोवामुंडी।** गुवा थाना क्षेत्र अंतर्गत रोवाम गांव में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती पर सोमवार को सीआरपीएफ सी/197वीं बटालियन के जवानों ने स्वच्छता अभियान चलाया. यह स्वच्छता अभियान सी/197वीं बटालियन के कमांडेड प्रवेश कुमार जोहरी के दिशा निर्देशन में, सहायक कमांडेड सुरेंद्र बेनिवाल, निरीक्षक विश्वास चतुर्वेदी एवं समस्त जवानों के साथ चलाया गया. इस दौरान कैंप परिसर, प्राथमिक विद्यालय एवं हाट बाजार में साफ-सफाई की गई.

### रेलवे स्टेशन के बाहर बापू की मनी जयंती

**चक्रधरपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती सोमवार को चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन के बाहर मनाई गई. इस अवसर पर रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी गई. मौके पर चक्रधरपुर रेल मंडल के एडीआरएम विनय कुजूर ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाया. मौके पर उन्होंने कहा कि भारत की आजादी में बापू का योगदान अतुल्यनीय है. बापू भारत के अलावे दूसरे देशों में भी सम्मानपूर्वक याद किए जाते हैं.

### गांधी जयंती के अवसर पर कई कार्यक्रम हुए आयोजित

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में गांधी जयंती के अवसर पर कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्रखंड के चंदवा पश्चिमी, कामता, जमीरा, अलौदिया, माल्हन, बोदा, लाधुप, चकला, बारी समेत अन्य सभी पंचायत सचिवालय में गांधी जयंती के साथ-साथ विशेष ग्राम सभा का भी आयोजन किया गया. सभी स्थानों पर मुखिया के द्वारा गांधी जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया. चंदवा पूर्वी पंचायत सचिवालय में मुखिया रंजीत उरांव ने गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी.

---

### झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के कार्यकाल के चार महीने पूरे, किया एलान

# विवि में भ्रष्टाचार व अनियमितताओं को जड़ से करेंगे खत्म

**विशेष संवाददाता। रांची**



झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के बतौर राज्यपाल सोमवार को चार महीने पूरे हो गए. इस मौके पर उन्होंने बड़ा एलान किया है. उन्होंने कहा कि राज्य के विश्वविद्यालयों में भ्रष्टाचार और सभी अनियमितताओं को जड़ से समाप्त करेंगे. दो-तीन साल में विश्वविद्यालयों में कई सुधार किए जाएंगे. उन्होंने अपने कार्यकाल चार महीने पूरे होने पर कहा कि मैं अपने सभी विवि को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का प्रयास कर रहा हूं. राज्यपाल ने कहा कि राज्य के विवि में फर्जी प्रमाण पत्र नहीं बनेंगे.

**खास बातें**

- शिक्षा व खेल में प्रौद्योगिकी को भी देना चाहिए बढ़ावा
- झारखंड के छात्रों का एथलेटिक्स में अच्छा प्रदर्शन

#### विवि के लिए तैयार हो रहा है 2023 का विजन

राज्यपाल ने कहा कि सभी विवि को एक विजन दस्तावेज और 2035 तक की रणनीति तैयार करने के लिए कहा गया है. विवि और कॉलेजों की भूमिका केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि छात्रों को ज्ञान, प्रासंगिक कौशल, पेशेवर दृष्टिकोण और आत्मविश्वास के साथ सक्षम बनाना है. उन्होंने कहा कि शिक्षा और खेल गतिविधियों में प्रौद्योगिकी को भी बढ़ावा देना चाहिए, क्योंकि झारखंड के छात्र तीरंदाजी, एथलेटिक्स और अन्य खेलों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं.

#### कर्मियों की नियुक्ति के लिए बनेगा सेवा आयोग

राज्यपाल ने घोषणा की है कि सरकार से विवि में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मियों की नियुक्ति के लिए अलग सेवा आयोग बनाया जाएगा. उन्होंने कहा कि 2008 के बाद झारखंड में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों की भर्ती के लिए कोई बड़ा अभियान नहीं चलाया गया.

#### 2008 के बाद नियुक्ति नहीं होना दुखद

राज्यपाल ने कहा कि राज्य के किसी विवि को देश के शीर्ष 100 विवि की सूची में शामिल नहीं किया गया. मैं अपने स्तर पर पूरी कोशिश कर रहा हूं कि अगले तीन-चार साल में कम से कम पांच विवि सूची में होने चाहिए, ताकि लोग झारखंड को प्रतिभाशाली मानव संसाधन के केंद्र के रूप में देखें.

#### कुलपतियों के चयन में हस्तक्षेप नहीं करता हूं

राज्यपाल ने कहा कि वे कुलपतियों के चयन में हस्तक्षेप नहीं करते हैं. यह पूरी तरह पारदर्शी है. मैं प्रणाली के अनुसार काम करता हूं. मैं उचित कुलपतियों को नियुक्त करने की कोशिश कर रहा हूं, क्योंकि वे इस क्षेत्र में अग्रणी हैं और उन्हें नेतृत्व करना चाहिए. मैं राजभवन से उनकी निगरानी कर रहा हूं.

---

## आओ जानें

### झारखंड सामान्य ज्ञान

- झारखंड के किस जिले से बाह्मणी नदी निकलती है – पलामू
- झारखंड के किस जिले में उधवा जल पक्षी अभयारण्य अवस्थित है ? – साहेबगंज
- जमशेदपुर में किस वर्ष वर्कर्स यूनियन की स्थापना हुई थी ? – 1920
- झारखंड के किस जिले में सर्वाधिक नलकूप द्वारा सिंचाई की जाती है ? – लोहरदगा
- झारखंड के कुल क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत हिस्सा वन से घिरा हुआ है ?– 29.95%
- झारखंड में किसे पहाड़ों की रानी कहा जाता है ?– नेतरहाट
- झारखंड राज्य का राजप्पा मंदिर किस देवता को समर्पित है ?– भगवान शिव
- भारत का सबसे बड़ा लौह इस्पात कारखाना झारखंड के किस जिले में स्थित है ?– बोकारो
- बौद्धकालीन भद्रकाली मंदिर झारखंड के किस जिले में स्थित है ? – चतरा

---

### दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने हजारीबाग के तीन संदिग्ध आतंकी को किया गिरफ्तार

# आतंकी शाहनवाज पर था 3 लाख का इनाम

**सौरभ सिंह। रांची**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आईएसआईएस के संदिग्ध आतंकी शाहनवाज उर्फ शैफी और उसके दो साथी मोहम्मद रिजवान अशरफ और मोहम्मद अरशद वारसी को गिरफ्तार किया है. एनआईए को लंबे वक्त से शाहनवाज की तलाश थी, उस पर तीन लाख का इनाम भी घोषित किया गया था.

शाहनवाज मूल रूप से झारखंड के हजारीबाग का रहने वाला है. शाहनवाज ने गुजरात की रहने वाली बसंती पटेल नाम की एक महिला से शादी की थी. शादी के बाद उसने अपनी पत्नी का धर्म परिवर्तन करवाया और फिर उसका नाम मरियम हो गया था. शाहनवाज और उसके साथी आतंकियों की साजिश नॉर्थ इंडिया को दहलाने की थी.

बता दें कि शाहनवाज पुणे पुलिस की हिरासत से भाग गया था और दिल्ली में रह रहा था. उस पर तीन लाख रुपये का इनाम घोषित था. अधिकारियों ने बताया कि पेशे से इंजीनियर शाहनवाज को दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने गिरफ्तार कर लिया है.

**बड़े घटना को अंजाम देने का था इरादाः** पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए तीनों लोग ज्यादा से ज्यादा नुकसान करने के इरादे से ब्लास्ट करने वाले थे. उनके निशाने पर ज्यादातर जाने-माने डिग्निटरीज और वीआईपी लोग थे. ये लोगों का सामान और बाइक चुराकर उससे पैसा कमाते थे और फिर इन पैसों का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के लिए करते थे.

#### रांची समेत 7 जिले बने स्लीपर सेल के ठिकाने, 12 साल में 27 गिरफ्तार



- **05 जून 2011 :** मध्य प्रदेश एटीएस ने मानगो के जाकिर नगर रोड नंबर 13 वेस्ट में दो मंजिला मकान में छापेमारी कर इंडियन मुजाहिद्दीन के आतंकी अबू फैजल और इरशाद को एक महिला के साथ गिरफ्तार किया था.
- **जून-2011 :** वर्ष-2008 में अहमदाबाद में सीरियल बम ब्लास्ट मामले में रांची के बरियातू का रहने वाला इंडियन मुजाहिदीन के आतंकी दानिश रियाज उर्फ शाकिन उर्फ अफाक इकबाल बड़ोदरा में पकड़ा गया था.
- **29 फरवरी 2012 :** हजारीबाग स्थित पगमिल मोहल्ले के कश्मीर हाउस से लश्कर के आतंकी तौफिक को गिरफ्तार किया गया था.
- **4 मार्च 2013 :** अहमदाबाद में सीरियल बम ब्लास्ट मामले में रांची के बरियातू का मंजर इमाम उर्फ जमील उर्फ अबू हनीफा कांके थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था.
- **27 अक्टूबर 2013 :** पटना के गांधी मैदान में नरेंद्र मोदी की रैली के दौरान सीरियल बम ब्लास्ट के बाद पटना में ही मोहम्मद इम्तियाज व मोहम्मद तारिक पकड़ाए थे. मोहम्मद तारिक विस्फोट में जख्मी हो गया था, जिसकी बाद में मौत हो गई थी. दोनों रांची के धुर्वा के सिठियो गांव के रहने वाला था.
- **30 अक्टूबर 2013 :** डोरंडा के मनीटोला स्थित फिरदौस नगर से उज्जैर अहमद को एनआईए ने गिरफ्तार किया था. उस पर कुख्यात आतंकी यासीन भटकल का सहयोगी होने का आरोप है.
- **21 मई 2014 :** पटना ब्लास्ट के बाद फरार चल रहे धुर्वा सीठियो गांव के दो अन्य युवक नुमान उर्फ नोमान व मोहम्मद तौफिक के अलावा ओरमांझी के चकला गांव का मुजिबुल्ला व इरम लॉज में मुजिबुल्ला का रूम पार्टनर हैदर अली पकड़ा गया था.
- **अक्टूबर 2014 :** एटीएस ने पश्चिम बंगाल के वर्द्धमान में हुए बम विस्फोट मामले में जमशेदपुर के आजाद नगर से शीश महमूद नाम के शख्स को गिरफ्तार किया था.
- **19 अप्रैल 2015 :** जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश का सक्रिय सदस्य और वर्धमान बम बलास्ट के आरोपी इब्राहिम शेख पाकुड से गिरफ्तार हुआ था.
- **08 अगस्त 2018 :** बोधगया और कोलकाता विस्फोट मामले में कोलकाता पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स ने झारखंड के पाकुड़ से जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) के एक और संदिग्ध आतंकवादी दिलबर हसन को गिरफ्तार किया था.
- **29 सितंबर 2015 :** रामगढ़ से जमात-उल-मुजाहिद्दीन के पांच लाख के ईनामी आतंकी तरीकुल इस्लाम उर्फ सादिक गिरफ्तार.
- **16 दिसंबर 2015 :** ओडिशा पुलिस ने अलकायदा आतंकी अब्दुल रहमान कटकी को गिरफ्तार किया था. उसने कबूला था कि जमशेदपुर में वो कई युवकों को प्रशिक्षित कर चुका था.
- **18 जनवरी 2016 :** जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित धतकीडीह निवासी अब्दुल समी को हरियाणा से दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था.
- **25 जनवरी 2016 :** जमशेदपुर के धातकीडीह से मसूद और अख्तर गिरफ्तार हुआ था. उसके पास से हथियार बरामद हुआ था.
- **09 अगस्त 2017 :** अलकायदा के संदिग्ध आतंकी जमशेदपुर आजादनगर निवासी जीशान अली को दिल्ली की स्पेशल टीम ने गिरफ्तार किया था.
- **21 सितंबर 2019 :** झारखंड एटीएस ने आतंकी संगठन से जुड़े होने के आरोप में मानगो निवासी कलीमुद्दीन को टाटानगर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था.
- **25 दिसंबर 2020 :** अंडरवर्ल्ड सरगना दाउद इब्राहिम के करीबी मोस्ट वांटेड अब्दुल माजिद कुट्टी को गुजरात एटीएस ने जमशेदपुर से गिरफ्तार किया.
- **15 मार्च 2022 :** गिरिडीह जिला के गावां थाना क्षेत्र का रहने वाला इनामुलहक उर्फ इनाम इम्तियाज का नाम आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था. उसे यूपी एटीएस ने गिरफ्तार किया था.
- **18 जुलाई 2023 :** लोहरदगा में आईबी, एनआईए और दिल्ली पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर आईएसआईएस का आतंकवादी शहबाज को गिरफ्तार किया था.
- **02 अक्टूबर 2023 :** दिल्ली स्पेशल सेल की टीम ने आईएसआईएस आतंकी शाहनवाज को गिरफ्तार किया है. वह मूल रूप से हजारीबाग जिले का रहने वाला है.

---

### गांधी जयंती पर रामपुर पंचायत में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**गढ़वा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मझिआंव प्रखंड के रामपुर पंचायत में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया. ग्राम सभा में ग्राम पंचायत विकास योजना का प्रारूप तैयार किया गया और ग्राम विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई. बैठक की अध्यक्षता मुखिया छाया कुमारी, सचिव मुकेश पांडेय और पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि दुर्गेश तिवारी ने की. बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने सर्वप्रथम पंचायत की समस्याओं पर चर्चा की, जिसमें प्रमुख रूप से पंचायत में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की समस्या, पंचायत में प्रज्ञा केंद्र की समस्या, बैठकों में जन भागीदारी की कमी पर चर्चा की गई. इसके बाद सामाजिक कुरीतियों से बचाव पर जोर दिया गया. शराब की लत, कम उम्र में बालिकाओ का विवाह के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया. मुखिया छाया कुमारी ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने के लिए पंचायत की सभी महिलाओं द्वारा विशेष प्रयास किया जा रहा है. वे काफी हद तक इस समस्या को कम करने में सफल हुई हैं.

---

# शतरंज प्रतियोगिता में 73 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**संवाददाता। चाईबासा**

पश्चिमी सिंहभूम जिला शतरंज संघ द्वारा आयोजित इंटर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता में 73 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. एकदिवसीय इस प्रतियोगिता में कुल 6 चक्र का खेल खेला गया. प्रतियोगिता के अंतिम चरण का उद्घाटन संघ के संरक्षक दीपेंद्र प्रसाद साहू ने शतरंज का चल चलकर किया.

उन्होंने कहा कि जो बच्चे आज अच्छा नहीं भी खेले हैं, वह निरंतर प्रयास करते रहे वह जरूर सफल होंगे व आने वाले समय में कई अन्य प्रतियोगिता में विजय भी होंगे. छह चक्र की समाप्ति के बाद संेट जेवियर स्कूल के तनिष्क कुमार छह अंक बनाकर प्रथम स्थान पर रहे. वही डीएवी पब्लिक स्कूल के बसंत राज सोय, चक्रधरपुर के चिरंजीत सरकार डीएवी स्कूल के कुस मुंद्रा चक्रधरपुर की कनिष्का कुमारी पांच अंक बनाकर द्वितीय तृतीय चतुर्थ एवं पांचवें स्थान पर रहे. वहीं निष्ठा दास बेस्ट फीमेल प्लेयर रही. अंडर 7 में शेख मुबाशी तीन अंक बनाकर अंडर 11 में दयराज कुमार चरण बनाकर अंडर 9 में हिमांशु महतो चार अंक बनाकर एवं अंदर 13 में श्रीदास पीरोजीवाला पांच अंक बनाकर प्रथम स्थान पर है. प्रतियोगिता का संचालन संघ के सचिव बसंत खंडेलवाल ने किया. पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि वेदांत खिरवाल शाम के उपाध्यक्ष जहांगीर आलम, अनंत लाल विश्वकर्मा संट जेवियर्स के खेल शिक्षक बारा सर मनीष शर्मा मौजूद थे. मुख्य अतिथि ने संघ को बधाई दी कि वह हर दो माह में इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन निरंतर करते रहते हैं. जिससे जिले के खिलाड़ियों को एक प्लेटफार्म मिलता है कि वह अपना प्रतिभा दिखा सके. मंच का संचालन जयदेव चंद्र त्रिपाठी ने किया. मौके पर ईशान चौबे अर्पित खिरवार पुरुषोत्तम सराफ हर्ष शर्मा राहुल गुप्ता सूरज टीयू भूपेश बालमुचू एवं अन्य मौजूद थे.

---

# गायत्री परिवार कराएगा अखंड ज्योति पाठक सम्मेलन

**संवाददाता। चांडिल**

सरायकेला-खरसावां जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट की ओर से अखिल विश्व गायत्री परिवार के सौजन्य से सरायकेला, गम्हरिया और आदित्यपुर में अखंड ज्योति पाठक सम्मेलन का आयोजन करेगी. सम्मेलन आयोजन मंगलवार और बुधवार को होगा. मौके पर अखिल विश्व गायत्री परिवार तपो भूमि मथुरा से आए वरिष्ठ परिजन ऋषि पुत्रों के सानिध्य में आयोजित होगा.

**खास बातें**

- पाठक सम्मेलन में गुढ़ रहस्यों पर होगा प्रवचन
- ऋषि पुत्रों के सानिध्य में आयोजित होगा सम्मेलन

सरायकेला-खरसावां जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट की ओर से मंगलवार को सुबह 10 से 12 बजे तक शहनाई भवन गम्हरिया में और दोपहर 3.45 बजे से अग्रसेन भवन ठाकुरबारी सरायकेला में अखंड ज्योति पाठक सम्मेलन का आयोजन किया गया है. सरायकेला-खरसावां जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट के समन्वयक बैद्यनाथ महतो ने बताया कि दूसरे दिन चार अक्टूबर को सुबह 11 बजे से आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय के सभागार में सम्मेलन होगा. सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सरायकेला-खरसावां जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट अपनी तैयारियां पूरी कर ली है.

---

# कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में मांगों को लेकर धरने पर बैठे पारा शिक्षक



**संवाददाता। रांची**

झारखंड के तमाम नेता आज सोमवार को राष्ट्पिता महात्मा गांधी की जयंती मना रहे हैं. वहीं झारखंड के सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में बापू की तस्वीर पर माल्यार्पण किया. इसके बाद वेतनमान बढ़ोतरी, नियमावली में सुधार, बिहार की तर्ज पर समायोजन सहित अन्य मांगों को लेकर धरने पर बैठ गये. धरना दे रहे पारा शिक्षक झारखंड सरकार की आकलन परीक्षा पास कर चुके हैं. दूसरी तरफ पारा शिक्षकों का एक गुट राजभवन के सामने करीब एक माह से धरना पर बैठा है. बता दें कि झारखंड में लगभग 62000 शिक्षक कार्यरत हैं. पारा शिक्षक अपनी मांगों को लेकर आये दिन धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करते हैं. लेकिन अभी तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ.

---

# सुरक्षाकर्मियों ने साइट ऑफिस में लगाया ताला

**संवाददाता। बड़कागांव**

बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गांवों में ओएनजीसी कंपनी के अधीनस्थ प्रभा एनर्जी कंपनी मिथेन गैस निकालने का कार्य करती है. बड़कागांव प्रखंड में ओएनजीसी के 6 पुराने साइट हैं जिसमें चंदौल गांव में 3 साइट, तलश्वार गांव में एक साइट, कोयलंग गांव में एक साइट ऑफिस है और डोकाटांड गांव में एक साइट है. पिछले 7 वर्षों से कुल 24 रैयत कांट्रेक्टर के माध्यम से गार्ड के रूप में अपनी सेवा ओएनजीसी के 6 साइटों में दे रहे हैं. अचानक बिना किसी जानकारी के 1 अक्टूबर को होमगार्ड के जवानों को कोयलंग साइट कार्यालय लाया गया. होमगार्ड के जवानों को देख कर पूर्व से सुरक्षा का कार्य कर रहे रैयत आक्रोशित हो गए और कार्यालय के गेट पर ताला लगा कर विरोध करने लगे.



#### आश्वासन के बाद खोला गया गेट

इस मामले को लेकर प्रभा एनर्जी के सुरक्षा अधिकारी फैजल सिद्दीकी ने सुरक्षा कर्मियों को आश्वासन देते हुए 10 तारीख को बैठक तय की. फैजल सिद्दीकी ने कहा कि जो भी शिकायतें हैं, आप लोग स्वेच्छापूर्वक 10 तारीख को बैठक रख सकते हैं. सुरक्षा अधिकारी के आश्वाशन के बाद ताला खोल दिया गया. वहीं कांट्रेक्टर केदार महतो से पूछे जाने पर उन्होंने बताया की इस मामले में हमें किसी तरह की कोई लिखित या मौखिक जानकारी नहीं दी गई है.

---

# कोयलांचल में मनी राष्ट्रपिता व लालबहादुर शास्त्री की जयंती

**संवाददाता। बेरमो**

बेरमो कोयलांचल में विभिन्न राजनीतिक दलों, सीसीएल सहित अन्य संगठनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती धूमधाम से मनाई. कार्यक्रम के तहत एसडीओ ने बेरमो गेट में स्थापित गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. मौके पर स्वच्छता अभियान चलाया गया. बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार ने करगली गेट स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. यहां प्रखंड अध्यक्ष पंकज पांडेय, अभय सिन्हा, राम किशुन रविदास, फिरोज आलम, मंटू यादव, जीतू पांडेय, भूपेन ठाकुर, संजय कुमार आदि मौजूद थे.

#### सीसीएल में सम्मानित किए गए सफाईकर्मी

सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के महाप्रबंधक एमके राव ने करगली गेट स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इस अवसर पर 'स्वच्छता ही सेवा' के अंतर्गत सीसीएल में कार्यरत 10 रेगुलर व आउटसोर्सिंग सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया. मौके पर पीओ अरविंद शर्मा, स्टाफ अधिकारी राजीव कुमार, स्टाफ अधिकारी विनय ठाकुर, पीओ वी एन पांडेय, एरिया फाइनेंस मैनेजर ज्ञानेंदु चौबे, डॉ संतोष कुमार, विनय पाठक, सुशील सिंह, शक्ति मंडल, राम निहोरा सिंह आदि मौजूद थे.

---

### निरिक्षण खदानों के सुचारू संचालन, खदानों का विस्तार व स्थापितों की समस्याओं को लेकर हुई चर्चा

# केंद्रीय कोयला सचिव ने मगध-संघमित्रा क्षेत्र का किया दौरा

**संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)**

केंद्रीय कोयला सचिव अमृत लाल मीणा ने सोमवार को सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड द्वारा संचालित मगध कोल परियोजना पहुंचकर कोलियरी का निरीक्षण किया. निरीक्षण के बाद प्रोजेक्ट कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ मैराथन बैठक की. कोयला सचिव ने खदानों के सुचारू संचालन, खदानों का विस्तार, एनटीपीसी से मगध तक बेल्ट कॉरिडोर, स्थानीय भूमि विस्थापितों की समस्याओं का समाधान जैसे मुद्दों पर संबंधित पदाधिकारी से विस्तृत चर्चा की. इससे पूर्व मगध परियोजना परिसर में पहुंचने पर मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्रनाथ ने कोयला मंत्रालय के सचिव अमृत लाल मीणा, सीआईएल के अध्यक्ष, सीसीएल के सीएमडी एन वीरा रेड्डी, कोल इंडिया और सीसीएल के निदेशक मंडल और सीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया.



**खास बातें**

- प्रोजेक्ट कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ की बैठक
- सामुदायिक विकास के कार्यों से संबंधित की विस्तृत चर्चा

#### उत्पादन लक्ष्य की प्राप्ति पर जोर



बैठक में कोयला मंत्रालय के सचिव अमृतलाल मीणा ने प्रोजेक्ट के अब तक की प्रगति पर संतोष जताया. भविष्य के उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अभी से प्रयास शुरू कर देने की जरूरत पर बल दिया. लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन, चतरा उपायुक्त अबू इमरान से कोयला मंत्रालय के सचिव ने सामुदायिक विकास के कार्यों से संबंधित विस्तृत चर्चा की. मौके पर सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी बरियातू, अंचल अधिकारी टंडवा समेत मगध संघमित्रा क्षेत्र के परियोजना पदाधिकारी सत्यनारायण सदाला, मैनेजर मो इकराम समेत अनेक सीसीएल के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे.

---

पेज एक का शेष

### क्वालिटी एजुकेशन न न : जीरो पढ़ाई, सिर्फ कमाई

**प्रदेश के तीन विवि में नहीं है एक भी प्रोफेसर**

झारखंड के सात सरकारी विश्वविद्यालयों में से तीन प्रोफेसर विहीन हैं. तीनों के पीजी डिपार्टमेंट असिस्टेंट और एसोसिएट प्रोफसर के भरोसे चल रहे हैं. तीन अन्य विश्वविद्यालय ऐसे हैं, जहां मात्र एक-एक प्रोफेसर हैं. एकमात्र रांची विश्वविद्यालय में पांच प्रोफेसर हैं. रांची के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, धनबाद स्थित बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय और पलामू स्थित नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में 21-22 स्नातकोत्तर विभाग हैं. लेकिन इन तीनों विवि के किसी भी विषय में प्रोफेसर नहीं हैं.

**तीन विवि में एक-एक प्रोफेसर, पुराने हो रहे रिटायर**

झारखंड देश का इकलौता राज्य है, जहां विश्वविद्यालय शिक्षकों की प्रोन्नति के लिए 31 दिसंबर 2008 के बाद से नियमावली ही नहीं बनी है. रांची विवि के रांची कॉलेज को वर्ष 2017 में यूनिवर्सिटी बनाया गया. इसे नया नाम मिला डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय. छह साल बाद भी यहां स्थाई शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हुई. पुराने शिक्षक रिटायर हो गए. यहां प्रोफेसर स्तर के एक भी शिक्षक नहीं हैं. तीन अन्य विश्वविद्यालयों कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा, सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका और विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग में केवल एक-एक प्रोफेसर हैं. हालांकि, कोल्हान विवि के इकलौते प्रोफेसर भी कुछ दिनों पहले ही सेवानिवृत्त हो चुके हैं. शिक्षा विभाग की मानें, तो कॉलेज शिक्षकों की प्रोन्नति के लिए नियमावली तैयार कर ली गयी है. कैबिनेट की मंजूरी के बाद अधिसूचित कर दिया जाएगा. इसके बाद शिक्षकों की कमी दूर हो जाएगी.

ब्रीफ खबरें

## 4 तक कई जिलों में बारिश की संभावना

**पटना ।** बिहार में कही हल्की तो कही भारी बारिश के बीच मौसम विभाग ने बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग ने 4 अक्टूबर तक राज्य के कई जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है. आईएमडी की ओर से जारी किये गये अलर्ट के अनुसार बिहार में 2 यानि सोमवार और 3 अक्टूबर को भारी हो सकती है. मौसम विभाग के अनुसार बिहार में पटना सहित 17 जिलों में भारी बारिश होने की आशंका है. भागलपुर, बांका, कटिहार, पूर्णिया और पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सारण, वैशाली, पटना, भोजपुर में भी कुछ स्थानों पर बारिश की चेतावनी दी गई है.

## पूर्व मंत्री का निधन, सीएम ने जताया शोक

**पटना ।** राज्य सरकार में समाज कल्याण मंत्री रहीं परवीन अमानुल्लाह का रविवार देर रात दिल्ली में निधन हो गया. कुछ वर्षों से वह बीमार चल रहीं थी. परवीन अमानुल्लाह के पति अफजल अमानुल्लाह बिहार कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी थे. परवीन अमानुल्लाह की मौत पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना जताई है. उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि परवीन अमानुल्लाह एक कुशल राजनेत्री एवं समाजसेवी थीं. वे मृदुभाषी एवं सरल स्वभाव की महिला थी.

## राजद कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या

**बेगूसराय ।** बेगूसराय में एक बार फिर रविवार देर अपराधियों ने एक राजद कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या कर दी. घटना बरौनी थाना क्षेत्र के नीगा बलुवाड़ा गांव की है. मृतक की पहचान स्थानीय निवासी मो. मोनाजिर उर्फ जुम्मन के रूप में की गई है. बताया जा रहा है मोनाजिर अपने घर में सोया हुआ था. वहीं, रात करीब दो बजे मोटरसाइकिल से आए दो लोगों ने उसे बाहर बुलाया और ताबड़तोड़ गोली मार दी. घटना की आवाज सुनकर दौड़े परिजन ग्रामीणों के सहयोग से उसे सदर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.

# पिकअप ने मॉर्निंग वॉक पर निकले 7 को रौंदा, 2 की मौत

संवाददाता । दरभंगा



दरभंगा जिले में सोमवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ. जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए. दुर्घटना के बाद आस-पास के लोगों ने सभी घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल भेजा, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही दो युवकों ने दम तोड़ दिया. वहीं एक युवक की स्थिति को नाजुक देखते हुए पीएमसीएच रेफर किया गया है. इस हादसे के बाद पूरे गांव में मातम छाया हुआ है.

मामला पतोर ओपी क्षेत्र में अशोक पेपर मिल से चिकनी सड़क के रमपुरा गांव के निकट का है. जहां रमपुरा व आस-पास के टोला के सात लोग मॉर्निंग वॉक कर घर लौट रहे थे, उसी दौरान एक बेकाबू पिकअप वैन चालक सात युवकों को रौंदते हुए निकल गया. जिसमें दो युवकों की मौत हो गई, जबकि पांच युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं. मृतक की पहचान पतोर थाना क्षेत्र रमपुरा निवासी नीतीश मुखिया और सतीश मुखिया के रूप में हुई है.

### मामला पतोर ओपी क्षेत्र में रमपुरा गांव के निकट का मामला

**अनियंत्रित पिकअप ने लड़कों को रौंदाः** दोनों मृतक आपस में भाई बताए जा रहे हैं. जबकि एक गंभीर रूप से जख्मी युवक सुभाष मुखिया के पुत्र राजू मुखिया की स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने पीएमसीएच रेफर कर दिया है. वहीं, मौके पर मौजूद अब्दुल कादिर ने कहा कि यह सड़क अशोक पेपर मिल से लेकर चिकनी तक जाती है. यह रोड काफी व्यस्ततम सड़कों में से है. सुबह के 3 से 4 बजे के करीब लड़के लोग दौड़ने के लिए आए हुए थे, कारीबाबा चौक से करीब 100 मीटर आगे एक अनियंत्रित पिकअप सभी लड़कों को रौंदते हुए भाग गया.

वहीं, घटना की सूचना मिलते ही पतोर थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी है. दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया गया है. घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा है.

## आओ जानें

### बिहार में ग्रामीण बैंकों की स्थिति

| | |
|---|---|
| व्यवसायिक बैंक की शाखाओं की संख्या | 5009 |
| क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की शाखाओं की संख्या | 2110 |
| सहकारिता बैंक की शाखाओं की संख्या | 286 |
| स्मॉल फाइनांस बैंक संख्या | 184 |
| बैंक शाखाओं की संख्या | 7589 |
| व्यावसायिक बैंकों में कुल जमा राशि | 329965 |
| स्वीकृत कुल राशि | 125114 |
| बैंकों में जमा राशि | 36558 |
| बैंकों द्वारा दी गई ऋण राशि | 18928 |
| ग्रामीण बैंकों की संख्या | 4 .03 |
| शहरी/अर्द्ध-शहरी बैंकों की संख्या | 32 .89 |




(31.03.2020)

### जिले के खैरा थाना अंतर्गत भंडरा गांव का मामला

# पंच ने दबंगों को शराब बेचने से रोका तो ईंट से कूचकर मार डाला



संवाददाता । जमुई

जमुई में शराब कारोबारी ने पंच की पीट-पीटकर हत्या कर दी है. मामला जिले के खैरा थाना अंतर्गत भंडरा गांव में सोमवार सुबह का है. शराब कारोबारी ने पंच की ईंट से पीट-पीटकर इसलिए हत्या कर दी क्योंकि वह उसे शराब बेचने से रोक रहा था. मृतक की पहचान खैरा थाना क्षेत्र के भंडरा गांव निवासी 60 वर्षीय किस्टो सिंह के रूप में की गई है.

बताया जा रहा है कि मृतक गांव के पंच होने के नाते गांव में शराब बेचने का लगातार विरोध करते थे. इसको लेकर गांव के ही चंदन मांझी को वह शराब बेचने से मना कर रहे थे. जिसको लेकर सोमवार की सुबह चंदन मांझी, गोरे मांझी, भोली मांझी सहित अन्य लोगों ने उनकी ईंट से पीट-पीटकर किष्टों सिंह की हत्या कर दी. घटना के बाद सभी आरोपी घर छोड़कर फरार हो गया.

**अस्पताल ले जाने के दौरान हुई मौत :** मामले की जानकारी के बाद खैर थाने की पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है. खैरा थानाध्यक्ष सिद्धेश्वर पासवान ने बताया कि एक पंच के साथ मारपीट की गई. जिसमें उसकी अस्पताल लाने के दौरान मौत हो गई है. मृतक के पुत्र गुरदेव सिंह के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है. आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है. पूरे मामले का खुलासा कर जानकारी दी जाएगी.

## वैशाली जिले में शराब भट्ठी तोड़ने गई पुलिस पर ग्रामीणों ने किया हमला, कई पुलिसकर्मी घायल

संवाददाता । वैशाली



वैशाली में पुलिस टीम पर हमला हुआ है. दरअसल, राघोपुर के दियारा क्षेत्र में शराब की भट्ठी तोड़ने गई उत्पाद विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया है. जिसमें आधा दर्जन से ज्यादा पुलिसकर्मियों को चोट लगी है. जबकि एक मजदूर समेत दो पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं. घायलों में सुरजीत कुमार, रत्नेश कुमार और पप्पू महतो शामिल हैं.

घटना के संबंध में बताया जाता है कि उत्पाद इंस्पेक्टर ज्योति भूषण के नेतृत्व में राघोपुर के रुस्तमपुर ओपी क्षेत्र के जाफराबाद टोंक में शराब भट्ठी ध्वस्त करने के लिए उत्पाद विभाग की टीम गई थी. टीम अभी शराब भट्ठियों को तोड़ने का काम चल ही रहा था कि इसी बीच रोड़ेबाजी और पत्थरबाजी होने लगी.

इससे पहले की उत्पादकर्मी कुछ समझ पाए कई लोग पत्थरबाजी में चोटिल हो गए. बताया गया कि पप्पू महतो को ज्यादा चोट आई है. उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर किया गया है. वहीं होमगार्ड रत्नेश कुमार ने आत्मरक्षा के लिए दो हवाई फायरिंग की. जिसके बाद किसी तरह उत्पाद विभाग की टीम मौके से निकलने में सफल रही. टीम ने 12 देसी शराब की भट्ठियों को ध्वस्त किया और करीब 40 हजार लीटर कच्चा जावा के साथ 300 लीटर देसी चुलाई शराब भी नष्ट की.

## अररिया 3 स्मैक तस्कर 11 लाख रुपये कैश के साथ गिरफ्तार

**अररिया ।** अररिया में स्मैक के साथ पुलिस ने तीन तस्कर को गिरफ्तार किया है. इनके पास से 11 लाख 80 हजार रुपये भी बरामद किए गए हैं. इस मामले की जानकारी देने के लिए एसपी कार्यालय में सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया. जहां एसपी अशोक कुमार सिंह ने मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि नगर थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि बंगाल से स्मैक का एक बड़ा खेप अररिया आने वाला है. बड़े पैसे का भी लेनदेन होने वाला है. सूचना के साथ ही थानाध्यक्ष निर्मल कुमार यादवेंदु ने एक टीम गठित की और जीरो माइल पहुंच गए. वहां उन्होंने एक शख्स को झोला लेकर भागते हुए देखा. पुलिस टीम को संदेह हुआ की निश्चित रूप से यह किसी गलत कारोबार में संलिप्त है.

## अपराधियों ने भाजपा नेता को मारी गोली, अस्पताल में भर्ती

संवाददाता । नालंदा



नालंदा में बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े भाजपा नेता रंजीत कुमार सिंह को गोली मार दी. जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गए. आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है.

घटना रहुई थाना क्षेत्र के हवनपुरा गांव के पास की है. घटना से इलाके में दहशत का माहौल है. बताया जाता है कि बीजेपी नेता अपनी पत्नी के साथ बाइक से बाढ़ गंगा स्नान को जा रहे थे. इसी बीच पूर्व से घात लगाए बाइक सवार दो अपराधियों ने उनके बाइक का पीछा कर नजदीक से गोली मार दी. जिससे वह बुरी तरह जख्मी होकर गिर पड़े. वहीं अपराधी अपनी गाड़ी मोड़कर वहां से भाग निकले. बीजेपी नेता की पत्नी श्वेता कुमारी सुरक्षित हैं.

सूचना मिलने के बाद रहुई थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की तफ्तीश में जुट गई. हालांकि घटना का स्पष्ट कारण पता नहीं हो सका है. गोलीबारी की इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है. फिलहाल पुलिस कुछ भी बताने से परहेज कर रही है.

## अचानक आई बाढ़ से नदी में बह गए 2 युवक

संवाददाता । नवादा

उफनती नदी की तेज धार में दो युवक बह गए. जबकि, एक व्यक्ति नदी पार करने में सफल रहे. हादसा सोमवार को नवादा जिले के हिसुआ थाना इलाके के गोंदर बिगहा गांव के समीप हुई. ढाढर नदी में दोनों युवकों के बहने की बात सामने आ रही है. ग्रामीणों द्वारा दोनों की खोजबीन की जा राही है. सूचना पुलिस-प्रशासन को भी दी गई है.

बताया जाता है कि गोंदर बिगहा गांव निवासी बमबम कुमार पिता बलिराम सिंह उम्र 35 वर्ष और शंकर कुमार पिता आदित्य सिंह उम्र 30 वर्ष गांव के समीप से गुजरी ढाढर नदी को पार कर खेत में लगी धान की फसल को देखने जा रहे थे. नदी में पानी का बहाव अचानक तेज हो गया. जिसमें शंकर बहने लगा. उसे बचाने का प्रयास साथ रहे बमबम द्वारा किया गया. लेकिन वे असफल रहे और खुद भी पानी के तेज बहाव में बह गए. हालांकि, बमबम को तैरने आता था, लेकिन साथ रहे शंकर को बचाने के प्रयास में वे खुद भी बीच भंवर में फंस गए.

लोग यह भी बताते हैं कि उन दोनों के साथ उसी गांव के भूषण सिंह भी थे. जो नदी पार कर गए. पिछले दो दिनों से जिले के विभिन्न हिस्सों में मॉनसून की बारिश हो रही है. इस कारण नदियों में पानी का बहाव शुरू हुआ है. इसके पहले तक अधिकांश नदियां सुखी थी. इधर, दोनों युवकों के बहने के बाद उनके घर परिवार में कोहराम मचा हुआ है. परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है.



## चाय का उत्पादन करीब चार प्रतिशत घटा

**कोलकाता ।** देश में चाय का उत्पादन इस साल अगस्त में करीब चार प्रतिशत घटकर 17.79 करोड़ किलोग्राम पर आ गया है. अगस्त, 2022 में चाय का उत्पादन 18.54 करोड़ किलोग्राम से अधिक रहा था. चाय बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, उत्तर भारत, मुख्य रूप से असम और प. बंगाल में चाय का उत्पादन घटकर 15.80 करोड़ किलोग्राम रह गया, जो अगस्त, 2022 में 17.09 करोड़ किलोग्राम से कुछ अधिक रहा था. असम में चाय का उत्पादन 10.98 करोड़ किलोग्राम से घटकर 9.97 करोड़ किलोग्राम पर आ गया.

## जेएसडब्ल्यू इन्फ्रा का शेयर सूचीबद्ध होगा

**नयी दिल्ली ।** जेएसडब्ल्यू समूह की कंपनी जेएसडब्ल्यू इन्फ्रास्ट्रक्चर का शेयर आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बंद होने के दो दिन बाद मंगलवार को शेयर बाजार में सूचीबद्ध होगा. कंपनी का आईपीओ पिछले सप्ताह आया था. आईपीओ को बुधवार को बोली के आखिरी दिन 37.37 गुना अभिदान मिला था. जेएसडब्ल्यू इन्फ्रास्ट्रक्चर के 2,800 करोड़ रुपये के आईपीओ के तहत मूल्य दायरा 113-119 रुपये प्रति शेयर था. यह पूरी तरह नए शेयरों का निर्गम है. बीएसई के नोटिस के अनुसार, इक्विटी शेयरों को तीन अक्टूबर मंगलवार को सूचीबद्ध किया जाएगा.

## हिंदुस्तान जिंक में मामूली गिरावट

**नयी दिल्ली ।** हिंदुस्तान जिंक का खनन धातु का उत्पादन चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एक प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 2.52 लाख टन रहा है. वेदांता समूह की कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी. पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) का खनन धातु उत्पादन 2.55 लाख टन था. एचजेडएल ने शेयर बाजार को बताया कि दूसरी तिमाही में खनन धातु का उत्पादन 2.52 लाख टन रहा, जो सालाना आधार पर मामूली रूप से कम है. उत्पादन तिमाही आधार पर दो प्रतिशत कम है.

### द्वारका एक्सप्रेस-वे एनसीआर रियल एस्टेट मार्केट में प्रमुख स्थान बन गया है

# रेजिडेंशल रियल एस्टेट को बढ़ावा मिलेगी

एजेंसी । नई दिल्ली



द्वारका एक्सप्रेस-वे एनसीआर आज के दौर में रियल एस्टेट मार्केट में एक प्रमुख स्थान बन गया है. इस पूरे क्षेत्र और गुरुग्राम में रियल एस्टेट सेक्टर के बारे में बात करते हुए एम3एम के डायरेक्टर पंकज बंसल कहते हैं कि बुनियादी ढांचे के विकास और सरकारी पहलों ने पहले ही गुरुग्राम को बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए यहां अपना बेस स्थापित करने के लिए एक पसंदीदा डेस्टिनेशन बना दिया है. कॉर्पोरेट प्रफेशनल आमतौर पर सुविधा और समय की बचत के लिए अपने वर्कप्लेसेज के पास ही घर होना पसंद करते हैं. इससे गुरुग्राम में रेजिडेंशल रियल एस्टेट को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है.

टॉप डिवेलपर्स द्वारा विभिन्न रेजिडेंशल प्रॉजेक्ट्स या तो निर्माणधीन हैं या पूरे होने वाली हैं. अत्याधुनिक सुविधाएं, प्राइवेसी, सामाजिकता का मिश्रण और बहुस्तरीय सुरक्षा जैसी खासियतों वाली इन प्रॉजेक्ट्स को मिलेनियल्स को सूट करने वाली जगह बनाती हैं, जो अच्छी क्वालिटी के लिए ज्यादा पैसा देने को तैयार रहते हैं. ऐसे में, रेजिडेंशल ब्लॉक पहले से ही तैयार किए जा रहे हैं, क्योंकि कॉर्पोरेट वर्कफोर्स वह युवा वर्ग है, जो अपने घर चाहता है और वर्क फ्रॉम होम कल्चर के चलते विशाल घरों में निवेश करने की इच्छा रखते हैं.

गुरुग्राम में कुछ प्रमुख माइक्रो मार्केट में द्वारका एक्सप्रेस-वे, गोल्फ कोर्स रोड (एक्सटेंशन) और न्यू गुरुग्राम शामिल हैं. जगह का फायदा, व्यापक पहुंच, अच्छी कनेक्टिविटी और मजबूत बुनियादी ढांचे के साथ ये क्षेत्र बेहतर डिमांड वाले प्रीमियम रेजिडेंशल डिस्टेनेशन के रूप में उभरे हैं. बेहतर कनेक्टिविटी और शानदार सामाजिक बुनियादी ढांचे के चलते गोल्फ कोर्स रोड (एक्सटेंशन) फाइनेंशल ग्रोथ कॉरिडोर में से एक है. वैश्विक मानकों के अनुरूप विश्व स्तरीय सुविधाएं और सुविधाजनक जीवन शैली ने इसे मिलेनियल्स के लिए लग्जरी रेजिडेंस का पसंदीदा ठिकाना बना दिया है. 29 किलोमीटर लंबा द्वारका एक्सप्रेस-वे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जुड़ता है और साथ ही गुरुग्राम से भी सीधी कनेक्टिविटी देता है.

दरअसल डिवेलपर्स और द्वारका एक्सप्रेस-वे की ओर से कई बेहतरीन प्रॉजेक्ट्स को बढ़ावा मिला है. द्वारका एक्सप्रेस-वे शुरुआत में दिल्ली को द्वारका से जोड़ने वाला था, जिसे अब गुरुग्राम में पालम विहार से जोड़ने की योजना बनाई गई. बाद में, गुरुग्राम मास्टर प्लान 2025 के रूप में एनएच-48 होते हुए खेड़की धौला टोल प्लाजा तक बढ़ा दिया गया. 29 किमी लंबा, 8 लेन और 150 मीटर चौड़े एक्सप्रेस-वे का लक्ष्य दिल्ली, गुरुग्राम और मानेसर के बीच कनेक्टिविटी में सुधार करना है. यह एक्सप्रेस-वे 109, 113, 37डी, 88बी, 105, 99 और कई अन्य प्रमुख क्षेत्रों से होकर गुजरता है.

### बढ़ेगा निवेश

- रेजिडेंशल प्रॉजेक्ट्स या जल्द पूरे होने वाले हैं
- वैश्विक मानकों के अनुरूप विश्व स्तरीय सुविधाएं हैं

द्वारका एक्सप्रेस-वे की घोषणा के बाद से इन क्षेत्रों में रेजिडेंशल रियल एस्टेट गतिविधि में वृद्धि हुई है. बीते समय में कई तरह की समस्याओं, भूमि अधिग्रहण में परेशानियों और प्रगति में बाधा के बाद अनिश्चितता के बादल छंटने की संभावना है और अब परियोजना जल्द ही पूरी होने की उम्मीद है. एनारॉक माइक्रो-मार्केट रिपोर्ट के अनुसार माइक्रो-मार्केट एनसीआर का एक सक्रिय रेजिडेंशियल डेस्टिनेशन है.

## गूगल, एचपी ने भारत में क्रोमबुक का विनिर्माण शुरू किया

**नयी दिल्ली ।** गूगल ने एचपी के साथ मिलकर भारत में क्रोमबुक का विनिर्माण शुरू किया है. पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) विनिर्माता ने सोमवार को यह जानकारी दी. क्रोमबुक उपकरणों का विनिर्माण चेन्नई के पास फ्लेक्स संयंत्र में किया जा रहा है. वहां एचपी अगस्त, 2020 से लैपटॉप और डेस्कटॉप श्रृंखला का उत्पादन कर रही है. गूगल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई ने सोमवार को 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, हम भारत में क्रोमबुक के विनिर्माण के लिए एचपी के साथ भागीदारी कर रहे हैं. भारत में पहली बार क्रोमबुक का उत्पादन किया जा रहा है. इससे भारतीय छात्रों के लिए किफायती और सुरक्षित कंप्यूटिंग तक पहुंच सुगम होगी. एचपी के प्रवक्ता ने इस बात की पुष्टि की कि क्रोमबुक का उत्पादन भारत में शुरू हो गया है. नयी क्रोमबुक ऑनलाइन उपलब्ध हैं. इनकी कीमत 15,990 रुपये से शुरू होती है. सरकार की 17,000 करोड़ रुपये की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना में एचपी भी एक आवेदक है. गूगल और एचपी की ओर से जारी संयुक्त बयान में कहा गया है कि क्रोमबुक 12वीं तक शिक्षा के लिए एक अग्रणी उपकरण है.

### जेएलएल ने एक रिपोर्ट कहा

## 7 शहरों में पट्टे पर कार्यालय स्थल की मांग 5 प्रतिशत बढ़ी



एजेंसी । नयी दिल्ली

वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद सात प्रमुख शहरों में जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान पट्टे पर कार्यालय स्थल की मांग शुद्ध रूप से पांच प्रतिशत बढ़कर 1.03 करोड़ वर्ग फुट हो गई. जेएलएल ने एक रिपोर्ट में यह अनुमान पेश किया है. रियल एस्टेट सलाहकार जेएलएल इंडिया ने सोमवार को पेश अपनी रिपोर्ट में कहा कि एक साल पहले की समान तिमाही में शुद्ध कार्यालय पट्टा 98.6 लाख वर्ग फुट का था.

रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही कार्यालयों को पट्टे पर दिए जाने के मामले में पिछले डेढ़ साल में सबसे अच्छी रही है. यह रिपोर्ट देश के सात प्रमुख शहरी बाजारों के प्रदर्शन पर आधारित है. जेएलएल इंडिया के कार्यालय पट्टा परामर्श प्रमुख राहुल अरोड़ा ने कहा, जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत के कार्यालय बाजार का प्रदर्शन मांग की मजबूत बुनियाद और वैश्विक प्रतिकूलताओं के लगभग नगण्य होने का सबूत है. इस तेजी के पीछे भारत की प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी से आने वाली मांग की अहम भूमिका है. आलोच्य तिमाही में बेंगलुरु में 23.8 लाख वर्ग फुट कार्यालय स्थल पट्टे पर दिए गए जबकि दिल्ली-एनसीआर में पट्टे पर कार्यालय स्थल की मांग 17 लाख वर्ग फुट रही. चेन्नई, पुणे और कोलकाता में भी पट्टे पर कार्यालय स्थल की मांग बढ़ी. हालांकि, हैदराबाद और मुंबई में किराये पर दिए गए कार्यालय क्षेत्र में शुद्ध रूप से गिरावट दर्ज की गई है.

### सहूलियत मुंबई शहर को 1,000 मेगावाट अतिरिक्त बिजली की आपूर्ति हो सकेगी

# अडाणी सॉल्यूशंस ने खारघर-विक्रोली लाइन किया चालू

एजेंसी । नयी दिल्ली



अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने खारघर-विक्रोली पारेषण लाइन चालू कर दी है. इससे मुंबई शहर को 1,000 मेगावाट अतिरिक्त बिजली की आपूर्ति हो सकेगी. कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा, खारघर विक्रोली ट्रांसमिशन लिमिटेड (केवीटीएल) चालू हो गई है. यह मुंबई में अतिरिक्त बिजली लाने के साथ शहर की बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने में सक्षम होगी. केवीटीएल, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लि. की विशेष उद्देश्यीय इकाई है.

अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लि. द्वारा तैयार परियोजना मुंबई के लिये महत्वपूर्ण है. इसका कारण जो पारेषण गलियारा है, वह शहर में बिजली के पारेषण के लिये पर्याप्त नहीं है.

अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस को पूर्व में अडाणी ट्रांसमिशन लि. के नाम से जाना जाता था. यह अडाणी समूह की ऊर्जा समाधान, पारेषण और वितरण कंपनी है. बयान के अनुसार, मुंबई में हाल ही में दो बार ग्रिड विफल हुआ. पहला, 27 फरवरी, 2022 और दूसरा 12 अक्टूबर, 2020 को ग्रिड में समस्या आयी. इससे शहर के कई इलाकों में कुछ समय के लिये बिजली समस्या पैदा हुई. कंपनी ने कहा कि खारघर-विक्रोली लाइन बिजली पारेषण को भरोसेमंद बनाएगी और मुंबई शहर में अतिरिक्त 1,000 मेगावाट बिजली लाएगी. यह परियोजना नवी मुंबई के खारघर क्षेत्र से शहरी स्थानों से होकर गुजरती है और मुंबई शहर के विक्रोली में समाप्त होती है.

### बढ़ेगी सुविधा

- अडाणी समूह की ऊर्जा समाधान, पारेषण व वितरण कंपनी है
- मुंबई में हाल ही में दो बार ग्रिड विफल हुआ

## सितंबर में बिजली की खपत 10.7% बढ़ा

**नयी दिल्ली ।** सितंबर महीने में अधिक उमस रहने से एयरकंडीशन और कूलर की जरूरत बढ़ने से देश में बिजली की खपत सालाना आधार पर 10.7 प्रतिशत बढ़कर 140.49 अरब यूनिट हो गई. आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, एक साल पहले की समान अवधि में बिजली की खपत 126.91 अरब यूनिट थी, जबकि सितंबर, 2021 में यह 112.43 अरब यूनिट थी. सितंबर महीने में एक दिन की सर्वाधिक बिजली मांग की आपूर्ति बढ़कर 239.97 गीगावॉट हो गई. सितंबर, 2022 में एक दिन की अधिकतम बिजली आपूर्ति 199.50 गीगावॉट थी.

## व्हाट्सऐप ने अगस्त में 74 लाख खातों पर रोक लगाई

एजेंसी । नयी दिल्ली



मेटा के स्वामित्व वाली व्हाट्सऐप ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों के तहत अगस्त में 74 लाख खातों पर रोक लगाई है. संदेश मंच की भारत पर जारी ताजा रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है. व्हाट्सऐप ने सोमवार को कहा कि इनमें से 35 लाख खातों पर उसने खुद पहल करते हुए प्रतिबंध लगाया है. इन खातों पर उपयोगकर्ता की ओर से कोई शिकायत मिलने से पहले ही इन्हें बंद कर दिया गया.

व्हाट्सऐप की प्रयोगकर्ता सुरक्षा रिपोर्ट में लोगों की ओर से मिली शिकायतों और उनपर की गई कार्रवाई का ब्योरा दिया गया है. कंपनी ने कहा, एक अगस्त से 31 अगस्त के दौरान कुल 7,42,0,748 व्हाट्सऐप खातों पर रोक लगाई गई. इनमें से 3,50,6,905 खातों पर रोक प्रयोगकर्ताओं की ओर से कोई शिकायत मिलने से पहले लगाई गई. व्हाट्सऐप पर भारतीय खाते की पहचान 91 फोन नंबर से होती है.

# आंदोलन बन रहा ओपीएस

केंद्र सरकार का घोषित एजेंडा है भारत को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने का. पांच ट्रिलियन इकोनामी की बात पिछले पांच सालों से सुनी जा रही है. इन सपनों के बावजूद देश के आम लोग कुछ ऐसे सामाजिक-आर्थिक सवालों से जूझ रहे हैं, जिनका निदान दूर दूर तक नजर नहीं आता. सरकार के एलान और वास्तविकता के बीच गहरा फर्क है. इस फर्क को आर्थिक और सामाजिक विषमता दोनों से समझा जा सकता है. दिल्ली के रामलीला मैदान में बीस राज्यों के लोग जमा हुए और मैदान खचाखच भर गया. लेकिन मीडिया ने इतनी बड़ी भीड़ की आवाज को अनसुना कर दिया. चंद अखबारों ने जरूर खबर प्रकाशित की, लेकिन भीतर के पृष्ठों पर. दूसरी ओर कोई ऐसा दिन नहीं गुजरता कि प्रधान मंत्री दो तीन सभाओं में भाषण नहीं देते. तमाम सभाओं में एक ही बात दोहरायी जा रही है, लेकिन वे सुर्खियां बन जाती हैं. रामलीला मैदान में जुटे लोग केवल भीड़ नहीं हैं, बल्कि ये वे लोग हैं, जिनकी मेहनत और मेधा की इस देश के निर्माण में अहम भूमिका रही है. इन लोगों की एक ही मांग है कि पुरानी पेंशन स्कीम को लागू किया जाए, ताकि उनका और उनके परिवार का भविष्य सुरक्षित हो. भारत उन देशों की सूची में शामिल होता जा रहा है, जहां सामाजिक सुरक्षा का सवाल कमतर महत्व का है. दुनिया के विकसित देशों ने अपने बुजुर्गों और बेरोजगारों के लिए राहत ही नहीं, अधिकार भी दिए हैं.

> देश के कांग्रेस शासित राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हिमाचल में पुरानी पेंशन योजना लागू हो चुकी है. कर्नाटक और झारखंड इस दिशा में अग्रसर हैं. आंध्र प्रदेश की सरकार न नया, न पुराना दोनों के बीच एक तीसरी पेंशन योजना पर कार्यरत है.

एक सम्मान जनक राशि, स्वास्थ्य की गारंटी दी गयी है. खास कर स्कैंडिनेवियन देशों में. भारत की सरकार इन्हीं देशों से प्रतिस्पर्धा कर रही है. भारत की सरकार इन तमाम देशों से आगे निकलने का सपना देखती है. यह अच्छी बात है. लेकिन केवल कुछ कॉरपोरेट घरानों के हितों के विकास और 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने के अंतरविरोध को दूर किए बगैर सपने का हकीकत में बदलना आसान तो नहीं ही साबित होगा.आजादी के बाद की सरकारों के सामने देश को एक मजबूत आत्मनिर्भर देश बनाने का लक्ष्य था. तब भी कम विकास दर के बावजूद उन सरकारों ने अपने कर्मियों के भविष्य की सुरक्षा के लिए पेंशन दी. जब भारत में विकास की गति तेज हुई तो जिन सुविधाओं को आवाम से छीना गया, उसमें पेंशन भी है. केंद्र सरकार दुविधा में है. लोकसभा चुनाव करीब है. लोग रामलीला मैदान तक पहुंच कर आवाज बुलंद कर रहे हैं. देश के कांग्रेस शासित राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हिमाचल में पुरानी पेंशन योजना लागू हो चुकी है. कर्नाटक और झारखंड इस दिशा में अग्रसर हैं. आंध्र प्रदेश की सरकार न नया, न पुराना दोनों के बीच एक तीसरी पेंशन योजना पर कार्यरत है. पेंशन केवल रिटायर लोगों के आत्मसम्मान से जीने की गारंटी नहीं है, बल्कि रोजगार के लिए भटक रहे रिटायर लोगों की भावी पीढ़ी का भी आसरा है. पुरानी पेंशन योजना एक ऐसा राजनैतिक हथियार है, जिसकी अगले चुनावों में बड़ी जानदार भूमिका होने जा रही है.

## सुभाषित

**द्वौ अम्भसि निवेष्टव्यौ गले बद्ध्वा दृढां शिलाम्।**
**धनवन्तम् अदातारम् दरिद्रं च अतपस्विनम्।।**

दो प्रकार के लोगों को बड़े पत्थर से बांधकर गहरे समुन्द्र में फेंक देना ही उचित है. एक तो वह जो धनवान होते हुए भी उदारतापूर्वक दान न करता हो, दूसरा वह जो दरिद्र होते हुए भी श्रम न करता हो.

# क्लर्क क्यों बन रहे हैं एमबीए और इंजीनियर

**सबसे निराशाजनक राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय की अप्रैल 2023 की रिपोर्ट का एक आंकड़ा है. भारत के कुल 33 फीसदी युवाओं के पास न तो नौकरी है, न ही वे शैक्षिक या प्रशिक्षण पाठ्यक्रम ले रहे हैं. महिलाओं के मामले में यह संख्या 50 फीसदी से अधिक है. मोदी सरकार ने भारत के युवाओं के सपनों और आकांक्षाओं को इस हद तक कुचल दिया है कि उनके पास नौकरी तो नहीं ही है, उन्होंने भविष्य में भी इसकी उम्मीद छोड़ दी है.**



• देश-काल



बृजेंद्र दुबे

देश में बेरोजगारी अति गंभीर होती जा रही है. इसमें छिपी हुई बेरोजगारी की स्थिति तो और भी ज्यादा चिंताजनक है. हाल ही में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल पर अपनी बातचीत के दौरान ने देखा था कि बड़ी संख्या में शिक्षित युवा, जिनमें इंजीनियरिंग डिग्री वाले भी शामिल हैं, औपचारिक रोजगार पाने में असमर्थ हैं. वे मजबूरी में कुली जैसा काम कर रहे हैं. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भी अपने एक बयान में कहा है कि अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2021-22 में 25 साल से कम उम्र के 42 फीसदी ग्रेजुएट बेरोजगार थे. जनवरी 2023 में, 8,000 उम्मीदवारों ने गुजरात विश्वविद्यालय में क्लर्क के 92 पदों के लिए आवेदन किया. इनमें एमएससी और एमटेक वाले भी शामिल थे. जून 2023 में महाराष्ट्र में क्लर्क के 4,600 पदों के लिए 10.5 लाख लोगों ने आवेदन किया. इनमें एमबीए, इंजीनियर और पीएचडी होल्डर्स भी शामिल थे.
जयराम रमेश के अनुसार, औपचारिक क्षेत्र में पर्याप्त रोजगार उपलब्ध कराने में मोदी सरकार की घोर विफलता के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के 2021-22 के आंकड़ों से पता चलता है कि औपचारिक क्षेत्र में रोजगार, 2019-20 की तुलना में 5.3 फीसदी कम हैं. इसके अलावा 2019-20 से 2021-22 तक औपचारिक क्षेत्र में रोजगार देने वालों की संख्या में भी 10.5 फीसदी की भारी गिरावट आई है. सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी के आंकड़ों के मुताबिक, 2016-17 और मार्च 2023 के बीच मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की नौकरियों में 31 फीसदी की गिरावट आई है. जनवरी-मार्च 2023 के नवीनतम आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण से पता चलता है कि शहरी क्षेत्रों में भी 50 फीसदी से कम श्रमिक वेतनभोगी हैं. नवीनतम अखिल भारतीय पीएलएफएस डाटा, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र भी शामिल है, बहुत चिंताजनक है. इसके मुताबिक 2021-22 में केवल 21 फीसदी श्रमिकों के पास ही औपचारिक नौकरियां थीं, जो अभी भी 23 फीसदी की महामारी-पूर्व अवधि से कम है. इसके बजाय, स्व-रोजगार और अनौपचारिक रोजगार में वृद्धि हुई है.
ये आंकड़े बताते हैं कि मोदी सरकार की विनाशकारी आर्थिक नीतियों और बिना किसी प्लानिंग के किए गए लॉकडाउन ने वास्तव में शिक्षित युवाओं के लिए औपचारिक रोजगार के अवसरों को कम कर दिया है. आर्थिक संकट के कारण निजी क्षेत्र में नौकरियां कम हो रही हैं. उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं को बहुत कम संख्या में मौजूद सरकारी पदों के लिए प्रतिस्पर्धा करने को मजबूर होना पड़ रहा है. मोदी सरकार में सार्वजनिक क्षेत्र के सिकुड़ने के कारण यह स्थिति और भी बदतर होती जा रही है. अगस्त 2022 तक केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में 9.8 लाख पद खाली थे. सीएमआईई के डाटा से पता चलता है कि 2015-16 और 2022-23 के बीच सरकारी नौकरियों में 20 फीसदी की कमी आई है. देश में अब प्रति 1000 जनसंख्या पर सार्वजनिक कर्मचारियों की संख्या सबसे कम है. यह संख्या संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्राजील और यहां तक कि चीन से भी कम है.
मौजूदा स्थितियां बताती हैं कि नरेंद्र मोदी सरकार रोजगार संकट से निपटने के बजाय आंकड़ों को छिपाने, तोड़-मरोड़ कर पेश करने और तरह-तरह के अन्य उपक्रम करने में व्यस्त है. ईपीएफओ डाटा से सामने आ रहे स्थिर वार्षिक अनुमानों पर भरोसा करने के बजाय, वे गैर भरोसेमंद मासिक डाटा का प्रचार-प्रसार करने में लगे हैं. वे जानबूझ कर इस तथ्य को नजरअंदाज कर रहे हैं कि मासिक डाटा को कई बार 50 फीसदी से भी अधिक तक संशोधित किया जाता है. इसमें बड़ी खामियां होती हैं. सरकारी नौकरी देने में अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए प्रधानमंत्री व्यक्तिगत रूप से रोजगार मेलों का आयोजन कर रहे हैं. इन मेलों ने नियमित सरकारी कामकाज का पूरी तरह से मजाक बना दिया है. सार्वजनिक क्षेत्र में लगभग 10 लाख रिक्तियों के बावजूद, मोदी सरकार पहले से ही स्वीकृत पदों के लिए 50,000 जॉब लेटर को इस तरह पेश करती है, जैसे कोई बड़ा काम कर दिया हो. यह हास्यास्पद है कि वे इसी आधार पर दावा करते हैं कि रोजगार पैदा कर रहे हैं. एक आरटीआई डाटा से पता चलता है कि रोजगार मेलों में सभी जॉब लेटर्स को 'नई भर्तियों' के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, लेकिन इनमें एक बड़ी संख्या वास्तव में सिर्फ पदोन्नति है.
सबसे निराशाजनक राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय की अप्रैल 2023 की रिपोर्ट का एक आंकड़ा है. भारत के कुल 33 फीसदी युवाओं के पास न तो नौकरी है, न ही वे शैक्षिक या प्रशिक्षण पाठ्यक्रम ले रहे हैं. महिलाओं के मामले में यह संख्या 50 फीसदी से अधिक है. मोदी सरकार ने भारत के युवाओं के सपनों और आकांक्षाओं को इस हद तक कुचल दिया है कि उनके पास नौकरी तो नहीं ही है, उन्होंने भविष्य में भी इसकी उम्मीद छोड़ दी है. वे इस हद तक हताश हैं कि शिक्षा या प्रशिक्षण में निवेश करना ही नहीं चाहते. इसका दुखद परिणाम यह है कि युवा आत्महत्या दर (30 वर्ष से कम आयु) 2016 के बाद से तेजी से बढ़ रही है. वर्ष 2021 में यह 4.9 प्रति लाख जनसंख्या तक पहुंच गई है, जो 25 वर्षों में सबसे अधिक है. जयराम रमेश ने कहा, जनसांख्यिकीय लाभांश के जनसांख्यिकीय आपदा में बदलने के संकट से निपटने के बजाय यदि मोदी सरकार युवाओं में आत्महत्या दर को छिपाने के लिए 2022 के राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों में हेरफेर करने का अगला कदम उठाए तो हमें आश्चर्य नहीं होना चाहिए.

• बोधि-वृक्ष | डॉ. सत्यकेतु संजय



# देह लंका, मोह रावण

रामचरित मानस मात्र राम की कथा ही नहीं है, अपितु उसमें संपूर्ण भारतीय दर्शन और अध्यात्म अपनी पूरी क्षमता के साथ विराजमान है. इसकी पूरी कथा हमारे भीतर है. सच तो यह है कि यह मानव जीवन ही लंकाकांड है. देह ही लंका है. मोह ने हमारे जीवन की शांति रूपी सीता को हर लिया है. अब शांति की प्राप्ति के लिए, हमें भी उन्हीं से युद्ध करना है, जिनसे राम जी का युद्ध होगा. तुलसीदास जी विनय पत्रिका में लिखते हैं- मोह दसमौली तद्भ्रांत अहंकार पाकारजित काम विश्रामहारी. यह मोह ही रावण है, मोह से उत्पन्न अहंभाव ही कुंभकर्ण है और अहं की भूमि पर पैदा हुई कामना ही मेघनाद है. जहां मोह होगा, वहां देहाभिमान और कामनाएं आ ही जाती हैं. रावण रूप बदल कर आया, मोह भी रूप बदलता है, कभी इसको तो कभी उसको अपना कहता है. मोह ऐसा भेष बदलता है कि सुख का आभास होने लगता है. हम सुख पाने का प्रयास करते हैं, पर पाते नहीं. सुख होता ही नहीं, मिलता भी कैसे? समय नष्ट हो जाता है, श्वास व्यर्थ जाती है, इसी से फिर दुख होता है और जीवन बर्बाद होता है. यही संसार का सत्य है. लक्ष्मण जी का युद्ध मेघनाद से होता है. लक्ष्य पर टिका मन लक्ष्मण है. भगवान से जुड़ा मन, कामनाओं से लड़ता है. पर 'काम' मिटता नहीं. क्योंकि अभी 'मैं' नहीं मिटा, कुंभकर्ण नहीं मरा. नियम की बात है, पहले 'मैं' मिटे तब 'काम' मिटे. देखो, जागर्ति और स्वप्न में सुख-दुख है, सुषुप्ति में नहीं हैं, क्योंकि जाग्रत और स्वप्न में कामनाएं हैं, सुषुप्ति में कामना नहीं है. हो भी कैसे? कामना की'झाड़ी 'मैं' की भूमि में ही पनपती है. सुषुप्ति में वह 'मैं' का भाव ही नहीं रहता, कामना कैसे हो? हम 'मैं' को तो रखना चाहते हैं, कामना को मिटाना चाहते हैं, यही साधक के जीवन की मूल समस्या है. इसी सत्य को समझाने के लिए यहां लीला चल रही है. ध्यान दें, मेघनाद को देखकर लक्ष्मण जी को क्रोध आ गया. बुराई को देखकर क्रोध आना स्वाभाविक ही है, पर बुराई क्रोध से नहीं, बोध से मिटती है. काम में द्वैत है, क्रोध में भी द्वैत है, द्वैत से द्वैत कैसे मिटे? द्वैत तो अद्वैत से मिटता है और अद्वैत तो बोध में है. हम बोध से भर जाएं तो काम अभी मिट जाए.

# एमपी को ले कर भाजपा की परेशानियां

• सियासत

एल एस हरदेनिया

एक आश्चर्यजनक और नाटकीय कदम में, भाजपा ने तीन केंद्रीय मंत्रियों सहित सांसदों को राज्य में स्थानांतरित कर दिया और उन्हें आगामी चुनावों में मध्यप्रदेश में विधानसभा के लिए लड़ने को कहा. पर्यवेक्षकों का मानना है कि इस कदम के दोहरे उद्देश्य हैं. पार्टी को लगता है कि इस बार उसकी स्थिति डांवाडोल है और इसलिए वह ऐसे उम्मीदवारों को मैदान में उतारना चाहती है जिनकी जीत सौ फीसदी तय मानी जाये. दूसरे, अगर मुख्यमंत्री बदलना हो तो इस पद के लिए अनुभवी नेता उपलब्ध हों. गौरतलब है कि यह नाटकीय बदलाव तब किया गया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी रैलियों को संबोधित करने के बाद भोपाल से रवाना हुए. सांसदों के अलावा, एक और आश्चर्यजनक समावेशन कैलाश विजयवर्गीय का है. वह पार्टी के महासचिव का कार्यभार संभाल रहे हैं. इससे पहले वह राज्य विधानमंडल के सदस्य थे. 2018 के विधानसभा चुनाव में उनकी जगह उनके बेटे को टिकट दिया गया था. भाजपा द्वारा घोषित उम्मीदवारों की दूसरी सूची में सात सांसद शामिल हैं. पहली और दूसरी दोनों सूचियों में 39-39 उम्मीदवार, कुल 78 उम्मीदवार शामिल हैं. सूची में तीन केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर (कृषि), जो भाजपा राज्य चुनाव प्रबंधन समिति के प्रमुख हैं, प्रह्लाद सिंह पटेल (खाद्य प्रसंस्करण और जलशक्ति मंत्रालय में राज्यमंत्री) और फग्गन सिंह कुलस्ते (इस्पात और ग्रामीण विकास में राज्यमंत्री) हैं. चार लोकसभा सांसद पूर्व राज्य भाजपा प्रमुख राकेश सिंह, गणेश सिंह, रीति पाठक और उदय प्रताप सिंह भी नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव लड़ेंगे. इस सूची में कम से कम चार नाम शामिल हैं, जिन्हें कभी न कभी संभावित मुख्यमंत्री चेहरे के रूप में देखा गया है. यदि भाजपा जीतती है, तो शीर्ष पद के लिए कई दावेदार होने की संभावना है. 2000 के बाद से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ही भाजपा सरकार और संगठन का एकमात्र चेहरा रहे हैं.तोमर को मुरैना की दिमनी विधानसभा सीट से मैदान में उतारा गया है. वह दो बार राज्य भाजपा प्रमुख रहे और तीन बार ग्वालियर और मुरैना लोकसभा सीटों से सांसद रहे. तोमर 2014 से नरेंद्र मोदी सरकार के दिग्गजों में से एक हैं, जिनके पास ग्रामीण विकास और पंचायती राज, खान, इस्पात, आवास और शहरी मामले, कृषि और किसान कल्याण जैसे प्रमुख विभाग हैं. वह 2003 से 2008 तक राज्य में कैबिनेट मंत्री रहे. प्रह्लाद सिंह पटेल, जो दमोह से सांसद हैं, नरसिंगपुर विधानसभा सीट से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे,

> चार लोकसभा सांसद पूर्व राज्य भाजपा प्रमुख राकेश सिंह, गणेश सिंह, रीति पाठक और उदय प्रताप सिंह भी नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव लड़ेंगे. इस सूची में कम से कम चार नाम शामिल हैं, जिन्हें कभी न कभी संभावित मुख्यमंत्री चेहरे के रूप में देखा गया है.यदि भाजपा जीतती है, तो शीर्ष पद के लिए कई दावेदार होने की संभावना है.

जिसका प्रतिनिधित्व वर्तमान में उनके भाई और दो बार के विधायक जालिम सिंह पटेल कर रहे हैं. प्रह्लाद बालाघाट और दमोह से पांच बार लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं. 2004 में उन्हें छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ के खिलाफ मैदान में उतारा गया था, जिसमें वह 63,708 वोटों से हार गये. मंडला से छह बार सांसद रहे कुलस्ते को निवास आदिवासी आरक्षित सीट से मैदान में उतारा गया है. उन्हें मध्यप्रदेश में बीजेपी का सबसे प्रमुख आदिवासी चेहरा माना जाता है.भाजपा की दूसरी सूची पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा- यह तथ्य कि उन्होंने लोकसभा से अपने दिग्गजों को चुना है, यह दर्शाता है कि उन्होंने पहले ही हार स्वीकार कर ली है. उन्होंने ट्वीट किया, 'मध्यप्रदेश में हार स्वीकार कर चुकी भाजपा ने आज उम्मीद का आखिरी झूठा दांव खेला है. भाजपा उम्मीदवारों की सूची भाजपा सरकार के 18.5 साल और शिवराज शासन के 15 साल से अधिक के विकास के दावों को खारिज करती है.' यह सूची करोड़ों कार्यकर्ताओं का दावा करने वाली पार्टी की अंदरूनी हार पर पक्की मुहर है. यह सांसदों के विकास के 'खोखले दावों' की पोल खोलता है. उन्होंने कहा, 'भाजपा को यह अहसास होना चाहिए कि लोग सब कुछ जानते हैं, जनता उनसे 18 साल के कुशासन का हिसाब लेगी.चुनावी राज्य मध्यप्रदेश के दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर सबसे तीखा हमला बोला. पार्टी कार्यकर्ताओं की एक विशाल बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस की तुलना जंग लगे लोहे से की और कहा कि अगर वह विधानसभा चुनाव जीतती है तो वह मध्यप्रदेश को फिर से 'बीमारू' राज्य की श्रेणी (बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान, और उत्तरप्रदेश) में ले जायेगी. कांग्रेस ने नारों से लेकर नीतियों तक, शहरी नक्सलियों तक सब कुछ आउटसोर्स कर दिया है.

# घट रही है भारतीय पारिवारिक घरेलू बचत

• आर्थिकी

डॉ. लखन चौधरी

भारतीय पारिवारिक घरेलू बचत घटकर पिछले 50 साल के निचले स्तर पर पहुंच चुकी है. परिवारों के लगातार बढ़ते घरेलू खर्चे, महंगाई, पारिवारिक देनदारियां इसकी मुख्य वजह हैं, जो अर्थव्यवस्था की चुनौतियां बढ़ा रही हैं. इसका मतलब है कि लोग उपभोग एवं जीवनयापन के लिए ज्यादा कर्ज लेने लगे हैं. घरेलू सामान खरीद रहे हैं या जमीन, मकान, दुकान आदि खरीद रहे हैं. उल्लेखनीय है कि आजादी के बाद यह दूसरा मौका है, जब लोगों की वित्तीय देनदारियां इतनी तेजी से बढ़ीं और लगातार बढ़ रही हैं. रिजर्व बैंक की रिपोर्ट से यह चिंताजनक संकेत मिल रहा है. हालांकि सरकार अब बात पलट रही है और उसका तर्क है कि लोग कर्ज ले कर खरीददारी कर रहे हैं. यह वास्तविकता से आंख चराने का ही मामला है. इस रिपोर्ट में कहा गया है कि लोगों की वित्तीय देनदारी तेजी से बढ़ी हैं. साल 2022-23 में यह तेजी से बढ़ते हुए जीडीपी के 5.8 फीसदी तक पहुंच गई है. इससे पहले साल 2006-07 में यह दर 6.7 फीसद थी. सरकार भले ही दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था होने का दम भरती रहे, लेकिन हकीकत यह है कि भारतीय परिवारों की आर्थिक माली-हालत दिनोंदिन खराब होती जा रही है.भारतीय परिवारों की शुद्ध बचत दर तेजी से घटी और लगातार घट रही है. रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार साल 2022-23 में देश की शुद्ध घरेलू बचत दर में भारी कमी दर्ज हुई है. एक साल पहले के मुकाबले इसमें 19 फीसदी कमी आई है. यही नहीं, भारतीयों पर कर्ज का बोझ भी तेजी से बढ़ा है. लोगों की आर्थिक देनदारियां तेजी से बढ़ रही हैं. मोदी सरकार इस बात को लेकर अपनी पीठ थपथपा रही है कि उसके कार्यकाल के दौरान भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और देश के लोगों की प्रति व्यक्ति आय 2014-15 के मुकाबले 2022-23 में दोगुनी होकर 1,72,000 रुपये हो चुकी है. इधर आरबीआई के ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारतीयों की घरेलू बचत में लगातार गिरावट आ रही है, और यह 50 सालों के निचले स्तर पर जा पहुंची है.सितंबर में जारी रिजर्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के अनुसार लोगों की घरेलू बचत दर 2020-21 में जीडीपी के 11.5 फीसद के मुकाबले में 2022-23 में घटकर 5.1 फीसद पर आ गई है. सरकार आए दिन दावा करती है कि भारत में कमाने वाले तेजी से बढ़ रहे हैं. लोगों की आमदनी तेजी से बढ़ रही है. प्रति व्यक्ति आय बढ़ रही है, लेकिन सच्चाई यह है कि आम आदमी जो भी कमा रहा है, उसे खर्च कर रहा है,

> साल 2022-23 में यह तेजी से बढ़ते हुए जीडीपी के 5.8 फीसदी तक पहुंच गई है. इससे पहले साल 2006-07 में यह दर 6.7 फीसद थी. सरकार भले ही दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था होने का दम भरती रहे, लेकिन हकीकत यह है कि भारतीय परिवारों की आर्थिक माली-हालत दिनोंदिन खराब होती जा रही है.

उड़ा रहा है, लिहाजा बचत लगातार घटती जा रही है. आज स्थिति यह है कि भारत की घरेलू बचत 50 साल के निचले स्तर पर आ गयी है.रिजर्व बैंक की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक साल 2022-23 के दौरान शुद्ध घरेलू बचत दर गिर कर 5.1 फीसदी रह गई है. जीडीपी के हिसाब से देखें तो इस साल भारत की शुद्ध बचत गिर कर 13.77 लाख करोड़ रुपये रह गई है. यह बीते 50 साल का न्यूनतम स्तर है. इससे एक साल पहले ही यह 7.2 फीसद थी. इससे यही कयास लगाए जा रहे हैं कि लोगों की आमदनी में भारी कमी आई है. साथ ही कोरोना काल के बाद लोगों की उपभोग वृत्ति में भी बढ़ोतरी हुई है. लोग बचाने के बजाय खर्च ज्यादा करने लगे हैं.रिजर्व बैंक की रिपोर्ट से एक चिंताजनक संकेत भी मिल रहा है. इस रिपोर्ट में कहा गया है कि लोगों की वित्तीय देनदारी तेजी से बढ़ी है. साल 2022-23 में यह तेजी से बढ़ते हुए जीडीपी के 5.8 फीसदी तक पहुंच गई है, जबकि एक साल पहले यह महज 3.8 फीसद थी. इसका मतलब है कि लोग उपभोग के लिए ज्यादा कर्ज लेने लगे हैं. घरेलू सामान खरीद रहे हैं या जमीन, मकान, दुकान आदि खरीद रहे हैं. उल्लेखनीय है कि आजादी के बाद यह दूसरा मौका है, जबकि लोगों की वित्तीय देनदारियां इतनी तेजी से बढ़ी हैं. इससे पहले साल 2006-07 में यह दर 6.7 फीसदी थी.आरबीआई के अनुसार साल 2020-21 के मुकाबले 2022-23 के दौरान शुद्ध घरेलू संपत्ति में भारी गिरावट आई है. साल 2020-21 के दौरान शुद्ध घरेलू संपत्ति 22.8 लाख करोड़ रुपये की थी, जो कि साल 2021-22 में तेजी से घटते हुए 16.96 लाख करोड़ रुपये तक गिर गई है. साल 2022-23 में तो यह और घट कर 13.76 लाख करोड़ रुपये ही रह गई है. इसके उलट वित्तीय देनदारी या आर्थिक दायित्व की बात करें तो घरेलू कर्ज में बढ़ोतरी ही हो रही है. साल 2021-22 में यह जीडीपी के 36.9 फीसदी थी जो कि साल 2022-23 में बढ़ कर 37.6 फीसदी तक पहुंच गई है.

## मीडिया में अन्यत्र

# संभावनाओं के बीच सतर्कता

वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में शेयर बाजार के प्रदर्शन से निवेशक संतुष्ट नजर आ रहे हैं. इसके लिए उनके पास पर्याप्त कारण भी मौजूद हैं. परंतु, चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में सतर्क दृष्टिकोण रखने के भी पर्याप्त कारण हैं. इस वर्ष अप्रैल के बाद से वृहद बाजार सूचकांक 12-13 प्रतिशत तक उछल चुके हैं, किंतु पहली तिमाही में आय वृद्धि दर धीमी अवश्य रही है.वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर भी सुस्त रही है जिसका असर निर्यात में कमी के रूप में दिखेगा और सूचना-प्रौद्योगिकी सेवाओं का कारोबार भी ठंडा रहेगा. ईंधन कीमतों में तेजी भी दबाव बढ़ा रही है. कमजोर निर्यात और ऊर्जा के बढ़े दाम से बाह्य घाटे बढ़ गए हैं.अमेरिका का केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व वर्तमान परिस्थितियों के बीच चौकस है और उसने ऐसे संकेत दिए हैं कि वह दीर्घ अवधि तक ब्याज दरें बढ़ाना और मौद्रिक आपूर्ति पर नियंत्रण जारी रख सकता है. चीन का रियल एस्टेट बाजार भी चिंता का कारण है. वहां का रियल एस्टेट क्षेत्र ऋण और नुकसान के बोझ तले कराह रहा है और कभी भी धराशायी हो सकता है. यूक्रेन युद्ध भी थम नहीं रहा है जिससे दुनिया में अनाज की आपूर्ति बाधित रह सकती है.मगर कमजोर वैश्विक परिदृश्य और चुनावों के कारण राजनीतिक मोर्चे पर अनिश्चितता बनी रहने के बावजूद घरेलू संस्थागत निवेशकों का दृष्टिकोण सकारात्मक लग रहा है. खुदरा निवेशकों का उत्साह भी कम नहीं है. हालांकि, पिछले दो महीने के दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) जोखिम लेने से बचते रहे हैं.1 अप्रैल से 28 सितंबर के बीच घरेलू संस्थागत निवेशकों (म्युचुअल फंडों को छोड़कर) ने शेयरों में 47,500 करोड़ रुपये निवेश किए हैं. अप्रैल-अगस्त के मध्य इक्विटी म्युचुअल फंडों में 46,229 करोड़ रुपये निवेश आए हैं. इनमें 80 प्रतिशत से अधिक रकम खुदरा निवेशकों की तरफ से आई है. खुदरा निवेशकों ने छोटे एवं मझोले शेयरों के खंडों में भी सीधे निवेश किए हैं.अप्रैल-जुलाई अवधि में 74,750 करोड़ रुपये की खरीदारी करने के बाद एफपीआई ने रुपये में जारी 47,312 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की.



**(बिजनेस स्टैंडर्ड)**

## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

# सरोकार/सरकार

**मशहूर** शायर हफीज होशियारपुरी का एक शेर है-ये तमीज-ए-इश्क-ओ-हवस नहीं है, हकीकतों से गुरेज है. जिन्हें इश्क से सरोकार है वो जरूर अहल-ए-हवस भी हैं. इस पूरे शेर में एक पद बहुत ही महत्वपूर्ण है इश्क से सरोकार. बाकी सारे शब्द इसी पद को परिभाषित करने में लगे हैं. सरोकार बहुत ही व्यापक अर्थवाला बहुप्रचलित शब्द है. किसी को इश्क से सरोकार है तो किसी को किसी की भलाई करने से, किसी को अपने माता-पिता, संतान या परिवार से सरोकार है तो किसी को समाज से.हर किसी का किसी ने किसी से सरोकार होता है. सरोकार शब्द फारसी मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. रेख्ता हिंदी-उर्दू शब्दकोश के अनुसार इसका मतलब है परस्पर व्यवहार का संबंध, लगाव, मतलब, वास्ता, प्रयोजन. सरोकार में दायित्वबोध भी निहित है. अब सरोकार शब्द की व्युत्पत्ति पर विचार कर लें. सरोकार में तीन शब्द हैं-सर+ओ+कार. यानी सर और कार. सरोकार इन तीन शब्दों का संश्लिष्ट रूप है. सर का मतलब फारसी भाषा में सिर, श्रेष्ठ, उत्तम, प्रमुख, रुझान, प्रवृत्ति, सम्मुख, अग्रभाग, सर्वोच्च, शिखर, उच्चतम, पराकाष्ठा जैसे भाव हैं. इसी प्रकार कार करने के अर्थ वाली क्रिया है. संस्कृत, अवेस्ता, पहलवी और फारसी सभी भाषाओं में कार शब्द है और सबों में इसका मतलब एक जैसा ही है. जैसे संस्कृत में चित्रकार और फारसी में काश्तकार. सर और कार दोनों को जोड़नेवाला शब्द 'और' है, जिसका रूप फारसी में 'ओ' हो गया है-सर ओ कार. यह ओ शब्द जब दो शब्दों को जोड़ता है तो जुड़ा शब्द मुहाबरे की तरह अर्थ में चमत्कार पैदा करता है और उसका विशिष्ट अर्थ निकलने लगता है. जैसे कार ओ बार. शब्द बना कारोबार और अर्थ हुआ व्यवसाय. इसी प्रकार सरोकार का भी विशिष्ट अर्थ निकलता है. अब सरकार शब्द का मतलब समझना आसान हो जाता है. सर यानी सर्वोच्च और कार यानी कार्य. राजकाज, प्रशासन, व्यवस्था चलानेवाली संस्था को सरकार कहते हैं, जिसका सरोकार पूरी जनता से होता है.

# देशभक्त बनना हंसी-खेल नहीं

• तीर-तुक्का

शशिकांत सिंह 'शशि'

सजगतापूर्वक, निरंतर चिंतन करने से, हमें यह ज्ञान प्राप्त हुआ है कि देश में फिलवक्त सबसे बड़ी कमी देशभक्ति की है. बिजली, पानी , रोजी, रोटी, रोजगार आदि की कमी को तो हम झेल सकते हैं क्योंकि इसके आदी रहे हैं. परन्तु देशभक्ति की कमी यह राष्ट्र नहीं झेल सकता. देशभक्ति के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर प्रयास हो भी रहे हैं लोग गाफिल नहीं है. पार्ट टाईम देशभक्त तो सड़कों पर लाठी लेकर निकलने के लिए सर्वदा तैयार बैठे ही हैं. कर कमलों में स्याही धारण किये, जीभ को जूते की तरह चलाने को आतुर एक फुल टाईम देशभक्तों की टोली भी है जो फेसबुक, टिविट्रादि सोशल साईटस पर पाई जाती है. असली देशभक्त वह है जो अपने अलावा किसी और देशभक्त माने ही नहीं. वह एक हाथ में सांचा और दूसरे हाथ में बंदूक लेकर बैठे. उसके सांचे में जो फिट नहीं बैठे उसे गोली मार दे. कम से कम स्याही से मुंह ही काला कर दे. एक वर्ग और धर्म विशेष के अलावा सबको देशद्रोही मानें. आजादी के सत्तर सलों के बाद देश में सबको अपने ढ़ंग से देशभक्त होने का अधिकार मिल गया है. तभी आरिजनल देशभक्तों ने तांडव करना शुरू कर दिया. अंग्रेजी राज की बात और थी. देशभक्तों के घराने नहीं हुआ करते थे. लोकतंत्र में सबकुछ सरकार ही करती है. न्यायालय की लापरवाही देखिये कि देशद्रोह वाले मामलों में तुरंत जमानत भी दे रही है. यह अलग बात है कि जबतक जमानत मिले तब तक देशभक्त चैनल उस आदमी और उसके पूरे परिवार को देशद्रोही साबित कर चुका होता है. सरकार के पास एक से बढ़कर एक देशभक्त हैं. अनुपम खेर जी से लेकर योगी आदित्यनाथ जी तक. सर्वप्रथम यदि संभव हो तो एक देशभक्ति मंत्रालय बनाया जाये जो देश के एक-एक आदमी को पकड़कर सरकारी स्तर पर देशभक्त बनाये. आवश्यकता पड़ने पर, राष्ट्रहित में इमरजैंसी भी लगानी पड़े तो लगाई जाये. सरकारी विज्ञापनों के माध्यम से , देशभक्तों के लिए आदर्श आचार संहिता तय की जाये मसलन उसे क्या खाना है ? क्या नहीं खाना है ? क्या पहनना है ? क्या नहीं पहनना है ? किसकी जय और किस प्रकार बोलनी है. भाषा कौन-सी बोलनी है ? पूजा किसकी करनी है ? वोट किसको देना है ? जय-जयकार किसकी करनी है ? गालियां किसको देनी है ? देशद्रोही किसे बताना है. ये तमाम तकनीकी प्रश्नों को हल करके ही देशभक्तों की प्रजाति को बढ़ाया जा सकता है. गांव-गांव, गली-गली में शिविर लगाकर नौजवानों को पोस्टर फाड़ने, पुतले जलाने, इंटरनेट पर गालियां देने, स्याही सटीक जगह पर लगाने या उड़ेलने, लाठियां मारने और अंत में गोली मारने तक का प्रशिक्षण दिया जाये.



## आ रहा है नया वर्जन 4.0

# अब देखेगा, सुनेगा और बोलेगा भी चैट जीपीटी



प्रेम आनंद

**आयरन मैन मूवी में आयरन मैन का रोबोट जार्विस आपने देखा ही होगा. जार्विस जैसा रोबोट अब कल्पना नहीं हकीकत में नजर आएगा. चैट जीपीटी के बारे में आप यकीनन जानते होंगे. लॉन्चिंग के शुरुआती वर्ष में पूरी दुनिया में टेक्नोलॉजी के मामले में तहलका मचा देना वाला चैट जीपीटी को लेकर कई इनके सपोर्ट में तो कई इसके विरोध में खड़े नजर आए. बावजूद, टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एक बाद कदम बढ़ाते हुए एआई चैट जीपीटी का नया वर्जन 4 लांच करने जा रहा है.**

चैट जीपीटी का यह नया वर्जन आयरन मैन मूवी में आयरन मैन टोनी क्लार्क के पर्सनल असिस्टेंट जारविज के जैसे ही काम करेगा. बहुत जल्द अब चैट जीपीटी 4 आपको देख सकेगा, आपकी बातों को सुनेगा और बोलेगा भी. यानी कि इसे आप इससे इमेज के जरिए, बोलकर और लिख कर काम करवा सकेंगे.
चैट जीपीटी की ये नई विशेषताएं एआई मॉडल के साथ उपयोगकर्ताओं के बातचीत करने के तरीके को बदल देंगी, जिससे इसे समझना आसान हो जाएगा और अधिक इमर्सिव हो जाएगा.

### चैट जीपीटी का उपयोग कर वॉइस कम्युनिकेशन

चैट जीपीटी के साथ बोलकर बातचीत करने की इस अपडेट की क्षमता एक स्टैंडआउट सुविधा है. यूजर्स के लिए अपने एआई असिस्टेंट के साथ रियल टाइम में दो-तरफा बातचीत करने की क्षमता ने संभावनाओं की एक दुनिया खोल दी है. चाहे आप जा रहे हों, अपने परिवार के लिए सोते समय की कहानी खोज रहे हों, या खाने की मेज पर बहस को सुलझाने की कोशिश कर रहे हों, चैट जीपीटी की आवाज क्षमताएं सहायता के लिए तैयार हैं.

### चैट जीपीटी के साथ इमेज इनपुट के जरिए बातचीत

चैट जीपीटी का यह एक गेम चेंजर फीचर होगा. यूजर अब समस्या समाधान, सामग्री अन्वेषण और जटिल डेटा के विश्लेषण के लिए चैट जीपीटी को एक या अधिक चित्र प्रस्तुत कर सकते हैं. चैट जीपीटी आपको यह पता लगाने में मदद कर सकता है कि आपकी कोई मशीन क्यों स्टार्ट नहीं हो रही है, अपने रेफ्रिजरेटर की सामग्री के आधार पर भोजन की योजना बनाएं, या काम के लिए डेटा ग्राफ की व्याख्या करें.

### वॉइस कम्युनिकेशन शुरू करने का तरीका

ध्वनि का उपयोग शुरू करने के लिए, मोबाइल ऐप के सेटिंग मेनू पर नेविगेट करें, "नई सुविधाएं" चुनें और ध्वनि वार्तालाप सक्षम करें. एक बार सक्षम होने के बाद, पांच आवाजों में से एक का चयन करने के लिए होम स्क्रीन के ऊपरी-दाएं कोने में हेडफ़ोन आइकन टैप करें.




### इमेज इनपुट कम्युनिकेशन शुरू करने का तरीका

फोटो बटन पर टैप करने से एक इमेज कैप्चर या चयन होता है. कई इमेज को जोड़ने के लिए आईओएस या एंड्रॉइड पर पहले प्लस बटन टैप करें, या अपने सहायक का मार्गदर्शन करने के लिए ड्राइंग टूल का उपयोग करें.

**अंग्रेजी की अधिक जानकारी नहीं रखने वालों को ओपन आ ई चैट जीपीटी के उपयोग नहीं करने की सलाह देते हैं.**



### चैट जीपीटी 4.0 की सीमाएं

यूजर विशिष्ट विषयों के लिए चैट जीपीटी पर निर्भर हो सकते हैं, उदाहरण के लिए अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में. ओपन एआई अपनी सीमाओं के बारे में पारदर्शी हैं और उचित सत्यापन के बिना उच्च जोखिम वाले उपयोग के मामलों को यूजर को बताते और आगाह करते हैं. यह मॉडल अंग्रेजी पाठ को लिखने में कुशल है, लेकिन कुछ अन्य भाषाओं, विशेषकर गैर-रोमन लिपि वाली भाषाओं के साथ चैट जीपीटी खराब प्रदर्शन करता है. हम अपने गैर-अंग्रेज़ी उपयोगकर्ताओं को इस उद्देश्य के लिए चैट जीपीटी का उपयोग न करने की सलाह देते हैं.

### 10 अक्टूबर तक करना होगा इंतजार

प्लस और एंटरप्राइज़ उपयोगकर्ताओं को अगले दो सप्ताह में आवाज़ और छवियों का अनुभव मिलेगा. जल्द ही इन क्षमताओं को डेवलपर्स सहित उपयोगकर्ताओं के अन्य समूहों के लिए पेश किया जाएगा.



# घर की सुरक्षा के लिए कीजिए तगड़ी व्यवस्था

सुरक्षा के लिए इन दिनों घर के भीतर और बाहरी हिस्सों में कैमरे लगाना लोग पसंद कर रहे. क्या आप भी घर की सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए सिक्योरिटी कैमरा सिस्टम इंस्टॉल करवाना चाहते हैं. सभी सिक्योरिटी कैमरे एक जैसे नहीं होते. आपकी जरुरत और लगाए जाने वाली जगह के अनुसार इसके फीचर्स और कीमत होती हैं. कैमरे लगवाने से पहले तय करें कि आप क्यों कैमरा इंस्टॉल करना चाहते हैं. यानी आपकी जरुरते क्या हैं? इसके बाद कैमरे की खरीदारी करें. कैमरे खरीदने से पहले तय करें कि क्या इनडोर या आउटडोर कवरेज की जरूरत है? क्या नाइट विजन की जरूरत है? वीडियो की क्वालिटी कितनी अहम है, आदि?

### स्मार्ट या पारंपरिक कैमरा?

बाजार में पारंपरिक सिक्योरिटी कैमरे सहजता से उपलब्ध हैं. इनकी कीमत कम होती है और इन्हें इंस्टॉल करना भी आसान होता है. वहीं स्मार्ट सुरक्षा कैमरे एडवांस्ड विकल्प हैं. आमतौर पर उनकी कीमत साधारण कैमरों से थोड़ी अधिक होती है, लेकिन वे अतिरिक्त सुविधाएं देते हैं. जैसे- स्मार्ट कैमरे परिवार के सदस्य और अजनबी के बीच अंतर बताने के लिए फेशियल रिकग्निशन भी करते हैं. कैमरे के सामने जो भी हो, उसे सुन सकते हैं.

### आउटडोर-इनडोर

आउटडोर कैमरे एलिमेंट्स का सामना करने के लिए डिजाइन किए गए हैं, इसलिए वे मौसमरोधी होते हैं. उन्हें कहीं रख सकते हैं. जाहिर है ये इनडोर कैमरों की तुलना में थोड़े महंगे होते हैं.

### वायरलेस या वायर्ड?

वायर्ड कैमरे बेहतर होते हैं और इन पर अधिक भरोसा किया जा सकता है. इनके साथ सिग्नल खोने या बाधित होने का रिस्क नहीं होता. ये आमतौर पर हाई क्वालिटी वाले होते हैं क्योंकि इंटरनेट से जुड़ते हैं. इसे पावर सोर्स भी चाहिए. वायरलेस कैमरे इंस्टॉल करना आसान है क्योंकि तारों का झंझट नहीं होता है.

# एक नवंबर को लॉन्च होगी रॉयल इंफील्ड हिमाल्यन 450

इंतजार की घड़ी खत्म हुई. अपने देश में पिछले कुछ समय से जिस बाइक की सबसे अधिक चर्चा थी, जिसका इंतजार किया जा रहा था, वह अब अगले महीने की पहली तारीख यानी एक नवंबर को अपने देश में लॉन्च किया जाएगा. बात रॉयल इंफील्ड हिमाल्यन 450 की हो रही है. रॉयल एनफील्ड हिमालयन 450 मौजूदा हिमालयन से एक महत्वपूर्ण अपग्रेड होगी. यह अधिक शक्तिशाली इंजन, बेहतर फीचर्स और अधिक आधुनिक डिडिज़ाइन प्रदान करेगा. एडवेंचर राइडिंग के शौकीनों के लिए एक बढ़िया विकल्प होगी. कीमत या फीचर्स के बारे में कंपनी की तरफ से कोई सूचना अब तक नहीं दी गई है लेकिन इस बाबत कई जानकारियां ऑटो-मोबाइल फील्ड के दिग्गज परोस रहे हैं. आइए, इन्हीं के आधार पर बाइक की करें चर्चा-



**इंजन**
451.65 सीसी का सिंगल-सिलेंडर, लिक्विड-कूल्ड, फ्यूल-इंजेक्टेड इंजन जो 8,000 आरपीएम पर 39.5 बीएचपी की अधिकतम पावर और 40-45 एनएम का अधिकतम टॉर्क पैदा करता है.

**फ़ीचर्स**
एलईडी हेडलैंप, एलईडी टेललैंप, रियर-व्हील लिफ्ट सिस्टम, ट्विन-चैनल एबीएस, टर्न-बाय-टर्न नैविगेशन, क्रूज़ कंट्रोल, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, टीएफटी डिस्प्ले.

**डायमेंशन**
**कुल वजन 394 किलोग्राम, पेलोड क्षमता 180 किलोग्राम.**

## राइडिंग पैशन



रांची के छात्र गौरव टोप्पो और अनुराग इन दिनों सिलिगुड़ी (इस्लामपुर) में बाइक के स्टंट दिखा रहे हैं. दरअसल एक बाइक कंपनी की ओर से वहां के कार्यक्रम में शरीक होने गए हैं जो 30 सितंबर से प्रारंभ है.



तीन साल बाद ऑनर की वापसी

# कम वजन के इस स्मार्टफोन में है कितना दम!

**ऑनर 90 फाइव जी के साथ ऑनर कंपनी ने तीन साल बाद भारत में वापसी की है. पहले से डिस्प्ले व डिजाइन के मामले में बेहतर स्मार्टफोन पेश किया है. कैसा है फोन का परफॉर्मेंस और क्या हैं इसके फीचर्स, आइए आज इसका रिव्यू करें.**

करीब तीन साल बाद भारतीय बाजार में वापसी करते हुए कंपनी ने अपना पहला हैंडसेट मिड रेंज सेगमेंट में पेश किया है. ऑनर 90 फाइव जी की शुरुआती कीमत भारत में 37,999 रुपए है. यह कीमत के लिहाज से यह बहुत लुभावना नहीं है.
ऑनर 90 फाइव जी डिजाइन के मामले में बेहतर कहा जा सकता है. फोन में कर्व्ड रियर पैनल मिलती है. बैक पैनल पर ग्लॉसी या मैट फिनिश का पैनल इस्तेमाल किया है, जो कलर वेरिएंट पर डिपेंड करता है. रंगों के विकल्प की बात करें तो यह इमरल्ड ग्रीन, मिडनाइट ब्लैक और डायमंड सिल्वर कल में आता है. कंपनी का दावा है कि बैक पैनल को ग्लास से तैयार किया है. बैक पैनल पर दो ओवल कैमरा मॉड्यूल का यूज़ किया है, जिसके चारो तरफ ग्लॉसी एसेंट का इस्तेमाल किया है. यह एक स्लीक फोन है. इसकी मोटाई 7.8 एमएम की है. कम वजन (महज 183 ग्राम) इसकी खासियत है. बॉटम साइड पर पॉलीकार्बोनेट फ्रेम का इस्तेमाल किया है. इसमें राइट पर साइड़ पर पावर बटन है.

### ऑनर 90 फाइव जी के स्पेसिफिकेशन



**डिस्प्ले:** 6.7 इंच कर्व्ड एमओएलईडी
**रिफ्रेश रेट्स:** 20हट्र्ज और 1600 निट्स
**प्रोसेसर:** क्वालम स्नैपड्रैगन 7 जेन 1
**रैम:** 8 जीबी/12जीबी
**स्टोरेज:** 256जीबी/512जीबी
**कैमरा:** 200एमपी, 12एमपी अल्ट्रा वाइड, 2एमपी डेप्थ
**फ्रंट कैमरा:** 50 एमपी
**बैटरी:** 5000 मेगाहट्र्ज
**कीमत:** 37,999 रुपए और 39,999 रुपए

### डिस्प्ले और परफोर्मेंस

ऑनर 90 फाइव जी में 6.7 इंच का क्वाड कर्व्ड एएमओएलईडी डिस्प्ले दिया है. आमतौर पर डिस्प्ले राइट और लेफ्ट साइड पर ही कर्व्ड होती है पर इस फोन में चारो तरफ से कर्व्ड है. इस हैंडसेट का डिस्प्ले लुक्स में काफी बेहतर लगता है. साथ ही यह डिस्प्ले ज्यादा बड़ी है. इसमें 1600 निट्स की पीक ब्राइटनेस मिलती है, जो दिन की रोशनी में भी बेहतर व्यूइंग एक्सपीरियंस देता है. इस हैंडसेट में 3840 हट्र्ज पीडब्ल्यूएम डिमिंग का यूज़ किया है, जो इंडस्ट्री का सबसे फास्ट है. यह फीचर आंखों के लिए राहत भरा है क्योंकि इसकी मदद से यूजर्स को लो ब्राइटनेस पर भी फ्लिकर फ्री डिस्प्ले मिलता है. अंधेरे या रात में फोन इस्तेमाल करने पर भी आंखों में थकान नहीं होती.

### प्रोसेसर और परफॉर्मेंस

ऑनर 90 फाइव जी में स्नैपड्रैगन 7 जेन एक्सीलेरेटेड एडिशन चिपसेट का इस्तेमाल किया है, हालांकि यह कोई लेटेस्ट चिपसेट नहीं है. ईमेल चेल करना, वॉट्सऐप चलाना, ब्राउजिंग करना और कुछ गेम्स का एक्सेस करना जैसी ही आपकी रोजना की जरुरत है तो यह फोन आपके लिए बेहतर है. इस फोन में 12 जीबी रैम मिलती है, जो टास्क को स्मूद एक्सपीरियंस देते हैं.



### कैमरा परफोर्मेंस

ऑनर 90 फाइव जी में बैक पैनल पर ट्रिपल कैमरा सेटअप है, जिसमें 200 मेगा पिक्सल का प्राइमरी कैमरा है. दिन की रोशनी में 200 मेगा पिक्सल का कैमरा फोटो क्लिक करने में अचछा अनुभव देता है. फोटो में बेहतर डिटेल्स और वाइब्रेंट कलर मिलते हैं. इसमें 12एमपी का अल्ट्रा वाइड कैमरा है, जो बहुत ही अच्छा काम करता है. हालांकि कम रोशनी में आपको थोड़ा निराश कर सकता है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## एशियाई खेल : भारतीय दल का विजय अभियान जारी, कई स्पर्धाओं में अब भी दावेदारी मजबूत

# भारत 58 पदक के साथ चौथे स्थान पर, चीन शीर्ष पर बरकरार

एजेंसी। हांगझोउ



भारत ने एशियाई गेम्स 2023 में सोमवार यानी दो अक्तूबर तक 13 स्वर्ण, 24 रजत और 23 कांस्य पदक के साथ 58 पदक अपनी झोली में डाल लिए . कई स्पर्धाओं में अभी भारत की दावेदारी बरकरार है. पदक तालिका में भारत का स्थान चौथा है. वहीं चीन 269 पदक के साथ शीर्ष स्थान पर है. उसके खाते में 146 स्वर्ण, 81 रजत और 42 कांस्य पदक हैं. दूसरे स्थान पर जापान है. जिसे कुल 133 पदक मिले हैं, जिसमें 31 स्वर्ण, 39 रजत और 63 कांस्य पदक शामिल हैं. भारतीय रोलर स्केटर्स ने एशियाई खेलों में सोमवार को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पुरूष और महिला 3000 मीटर टीम रिले स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते.

वहीं भारतीय घुड़सवारों ने एशियाई खेलों में सोमवार को टीम और व्यक्तिगत जंपिंग फाइनल में निराशाजनक प्रदर्शन किया और आखिरी स्थान पर रहे.भारतीय खिलाड़ियों के लिये केनोइंग और कयाकिंग में सोमवार का दिन निराशाजनक रहा और चार फाइनल में उतरने के बावजूद वे पदक नहीं जीत सके .

### 20 टांके लगने के बाद आरती कस्तूरी राज ने जीता पदक

**हांगझोउ।** मई में अभ्यास के दौरान गिरने के कारण आरती कस्तूरी राज को अपने 20 से अधिक घावों के लिए 26 टांके लगाने पड़े थे . तब वह बेहद मायूस थी, लेकिन डॉक्टर मां ने अपनी बेटी का पूरा साथ दिया, जिसका परिणाम यह है कि भारत की रोलर स्केटिंग की यह खिलाड़ी सोमवार को एशियाई खेलों में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने में सफल रही . एमबीबीएस कर चुकी आरती ने अब अपना लक्ष्य हासिल कर लिया है और अब वह अपने अस्पताल को चलाने में अपनी मां का साथ देगी . आरती एशियाई खेलों के शुरू होने से ठीक चार महीने पहले अभ्यास के दौरान चोटिल हो गई थी . अपनी मां की मदद से हालांकि वह इस चोट से उबरने में सफल रही . आरती ने महिलाओं की 3000 मीटर टीम रिले में कांस्य पदक जीतने के बाद कहा कि इस साल 26 मई को मेरे साथ एक दुर्घटना घट गई थी और मुझे 26 टांके लगे थे . मेरे माथे पर भी गहरे घाव बन गए थे . मैंने इसके बावजूद अभ्यास किया और इस बीच रिहैबिलिटेशन से भी गुजरती रही . चेन्नई के व्यावसायी पिता सी कस्तूरी राज और महिला रोग विशेषज्ञ माला राज की बेटी आरती ने तमाम विषम परिस्थितियों के बावजूद एशियाई खेलों में पदक जीता जो उनके लिए सपना सच होने जैसा है . उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए वास्तव में सपना सच होने जैसा पल है . जब मैं सात साल की थी तब इस खेल से जुड़ी . यह खेल मेरा जुनून है . मेरे माता–पिता चाहते थे कि मैं कोई खेल खेलूं . इस पदक को जीतने में मेरी मां की भूमिका भी अहम रही .

### आओ जानें

**2023 एशियन गेम्स मैडल टैली**

| पद | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चीन | 146 | 81 | 42 | 269 |
| 2 | जापान | 31 | 39 | 63 | 133 |
| 3 | दक्षिण कोरिया | 33 | 44 | 45 | 122 |
| **4** | **भारत** | **13** | **24** | **23** | **60** |
| 5 | चीनी ताइपी | 12 | 10 | 17 | 39 |
| 6 | उज़्बेकिस्तान | 11 | 14 | 18 | 43 |
| 7 | थाईलैंड | 10 | 7 | 16 | 33 |
| 8 | हांगकांग, चीन | 6 | 15 | 23 | 44 |
| 9 | उत्तर कोरिया | 7 | 10 | 5 | 22 |
| 10 | इंडोनेशिया | 4 | 3 | 11 | 18 |
| 11 | बहरीन | 6 | 1 | 4 | 11 |

## फील्ड अपडेट

### सरायकेला-खरसावां के सात प्रतिभागी चयनित



चांडिल। खेलो झारखंड एसजीएफआई में साइकिलिंग का ओपन ट्रायल रांची खेलगांव के सिद्धो-कान्हू बेलोड्राम में लिया गया. जिसमें सरायकेला-खरसावां जिले से पहली बार एसजीएफआई में सात खिलाड़ियों का चयन हुआ है. इसमें अंडर-14 बालिका वर्ग में बबली हांसदा, अंडर-17 बालिका वर्ग में सुनीता मार्डी व लक्खी मार्डी, अंडर - 19 बालिका वर्ग में सुशीला हेंब्रम, अंडर- 17 बालक वर्ग में अखिलेश महतो, अंडर -19 बालक वर्ग में मुकेश कैवर्त और राजेश महतो का चयन हुआ है. जिला साइकिल संघ के महासचिव दिलीप कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए कहा कि चयनीत बच्चे अब राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले प्रतियोगिता में शामिल होंगे.

**दस दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा :** जिले के चयनित साइकिलिस्ट को दस दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा. इसके लिए रांची में शिविर का आयोजन किया जाएगा. ग्रामंचलों के खिलाड़ियों का खेलो झारखंड में साइकिलिस्ट का धमाकेदार प्रदर्शन करने पर लोगों ने खुशी जताई है. प्रबुद्ध जनों और खेलप्रमियों का कहना है कि ग्रामांचलों के बच्चों को अगर सही प्रशिक्षण और प्रोत्साहन मिले तो निश्चित तौर पर बच्चे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर राज्य व देश का नाम रौशन करेंगे. बच्चों के चयनित होने पर जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, जिला के खेल पदाधिकारी अमित कुमार, प्रकाश कुमार, जिला साइकलिंग एसोसिएशन कोषाध्यक्ष निरंजन, जवाहरलाल सहदेव आदि ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी.

## ब्रीफ खबरें

### पूजा से पहले कोलकाता आएंगे रोनाल्डिन्हो

**कोलकाता।** ब्राजील के विश्व कप विजेता फुटबॉलर रोनाल्डिन्हो दुर्गापूजा से पहले कोलकाता आयेंगे. तीन बार के बलोन डिओर विजेता रोनाल्डिन्हो से पहले पेले, डिएगो माराडोना और लियोनेल मेस्सी भारत आ चुके हैं. रोनाल्डिन्हो ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर लिखा है कि मैं इस साल अक्टूबर के बीच में पहली बार कोलकाता आऊंगा. कोलकाता में ब्राजील के बड़े प्रशंसक हैं और मैं उनसे मिलने को बेकरार हूं.वह पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से भी मिलकर उन्हें जर्सी भेंट करेंगे. उन्होंने यह भी कहा कि वह बंगाल के दादा (सौरव गांगुली) से क्रिकेट भी सीखना चाहेंगे.

### तेजस्विन डेकाथलन में 5वें स्थान पर

**हांगझोउ।** भारत के तेजस्विन शंकर शॉटपुट में सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एशियाई खेलों में सोमवार को पुरूषों की डेकाथलन स्पर्धा में पांचवें स्थान पर पहुंच गए जबकि दो स्पर्धायें अभी बाकी हैं. पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों में ऊंची कूद में कांस्य पदक जीतने वाले शंकर ने शॉटपुट में 13 . 39 मीटर का थ्रो फेंका. उन्होंने 100 मीटर दौड़ में 11 . 12 मीटर के साथ चौथा स्थान हासिल किया और लंबी कूद में 7 - 37 मीटर के साथ शीर्ष रहे. अब उनके कुल 2428 अंक हैं. उन्हें लंबी कूद में 903, 100 मीटर रेस में 834 और शॉटपुट में 691 अंक मिले. अब वह ऊंची कूद और 400 मीटर रेस में भाग लेंगे.

### मां के नक्शेकदम पर चल रही हरमिलन

**हांगझोउ।** मां और बेटी दोनों का एशियाई खेलों में पदक जीतना दुर्लभ है.लेकिन भारत की राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी 1500 मीटर की धाविका हरमिलन बैंस ने यह कर दिखाया है और अब वह इससे बेहतर प्रदर्शन करना चाहती है. 25 वर्ष की हरमिलन ने महिलाओं की 1500 मीटर रेस में रजत पदक जीता. उनकी मां माधुरी ने 2002 में दक्षिण कोरिया के बुसान में हुए खेलों में 800 मीटर में रजत जीता था. अब हरमिलन की नजरें 800 मीटर पर है. यह पूछने पर कि वह 1500 मीटर का रजत जीतने के बाद अपनी मां से क्या कहेंगी, हरमिलन ने कहा कि मैं कहूंगी कि मां अभी 800 मीटर बाकी है. उसने कहा कि मैं 800 मीटर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कोशिश करूंगी.

## एशियाई खेलों में पुरुष हॉकी टीम का दमदार प्रदर्शन जारी

# भारत बांग्लादेश को 12- 0 से हराकर सेमीफाइनल में

एजेंसी। हांगझोउ





कप्तान हरमनप्रीत सिंह और मनदीप सिंह की हैट्रिक की मदद से भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने एशियाई खेलों में पूल ए के मैच में बांग्लादेश को 12 - 0 से हराकर पूल में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया. भारतीय टीम ने पूल चरण के पांच मैचों में 58 गोल किये और सिर्फ पांच गोल गंवाये. इससे पहले भारतीय टीम ने उजबेकिस्तान को 16 - 0 से , सिंगापुर को 16 - 1 से, पाकिस्तान को 10 - 2 से और जापान को 4-2 से हराया था. भारत के लिये कप्तान हरमनप्रीत (दूसरा, चौथा और 32वां मिनट) और मनदीप सिंह ने (18वां, 24वां और 46वां मिनट) तीन तीन गोल दागे. वहीं अभिषेक (41वां और 57वां) ने दो गोल किये, जबकि अमित रोहिदास (28वां), ललित उपाध्याय (23वां), गुरजंत सिंह (56वां) और नीलाकांता शर्मा (47वां) ने एक एक गोल किये. बांग्लादेश की टीम भारतीय गोल पर हमले नहीं कर सकी और एक बार फिर भारतीय गोलकीपर मूक दर्शक बने रहे. अब चार अक्टूबर को होने वाले सेमीफाइनल में भारत का सामना पूल बी की दूसरे नंबर की टीम से होगा.

**ज्योति, चौहान क्वार्टर फाइनल से बाहर, कुराश से खाली हाथ लौटेगा भारत :** एशियाई खेलों की कुराश स्पर्धा से भारत को खाली हाथ लौटना पड़ेगा क्योंकि ज्योति टोकस और यश कुमार चौहान को अपने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में एकतरफा पराजय झेलनी पड़ी. चौहान को 90 किलो वर्ग में ईरान के सादेग अजारांग ने 10-0 से हराया. यह मुकाबला ज्यादा देर तक नहीं चला क्योंकि ईरानी खिलाड़ी ने खलोल के जरिये चौहान को चित कर दिया. अगर खिलाड़ी अपने विरोधी को मजबूत तरीके से थ्रो करता है तो उसे खलोल कहा जाता है और वह उस बाउट का विजेता बन जाता है. इससे पहले महिलाओं के 87 किलो क्वार्टर फाइनल में ज्योति को ईरान की मलिका ओमिद वी ने तीन चाल के जरिये 3-0 से हराया.

### श्रीकांत, सात्विक. चिराग एशियाई खेलों में दूसरे दौर में

**हांगझोउ।** भारत के किदाम्बी श्रीकांत एशियाई खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा में वियतनाम के फाट ले डुक को हराकर पुरूष एकल वर्ग के दूसरे दौर में पहुंच गए . विश्व चैम्पियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने 29 मिनट में 21– 10, 21 – 10 से जीत दर्ज की . अब उनका सामना कोरिया के ली युन जियु से होगा . राष्ट्रमंडल खेल स्वर्ण पदक विजेता सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पुरूष युगल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जिन्होने हांगकांग के चो हिन लोंग और लुइ चुन वेइ को 21 – 11, 21 – 16 से मात दी . दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी का सामना अब इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नाडो और डेनियल मार्टिन से होगा . मिश्रित युगल में के साइ प्रतीक और तनीषा क्रास्टो ने मकाउ के लियोंग लोग चोंग और वेंग चि एंग को 21 – 18, 21 – 14 से हराया . अब उनका सामना मलेशिया के चेन तांग जि और तो ई वेइ से होगा . भारत के एम आर अर्जुन को कमर की चोट के कारण नाम वापिस लेना पड़ा जबकि रोहन कपूर बुखार की चपेट में हैं . अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी को जापान के ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी के खिलाफ मैच छोड़ना पड़ा . उस समय वे 3 – 13 से पीछे थे . वहीं सिक्की रेड्डी और रोहन को भी मलेशिया के गोह सुन हुआत और शेवोन लाइ जेमी के खिलाफ पहले मैच में दो मिनट के बाद ही रिटायर होना पड़ा .

### सुतीर्था और अहिका ने टेबल टेनिस युगल में कांस्य पदक जीता

**हांगझोउ।** सुतीर्था मुखर्जी और अहिका मुखर्जी को एशियाई खेलों में सोमवार को टेबल टेनिस महिला युगल सेमीफाइनल में कोरिया से कड़े मुकाबले में 3 - 4 से हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा. सुतीर्था और अहिका ने 2 - 3 से पिछड़ने के बाद वापसी की लेकिन कोरिया की सुगियोंग पाक और सुयोग चा ने निर्णायक गेम में बाजी मार ली. उन्होंने एक घंटे तक चला मुकाबला 7 - 11, 11 - 8, 7 - 11, 11 - 8, 11 - 9, 5 - 11, 11 - 2 से जीता. इससे पहले भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में विश्व चैम्पियन चीन की चेन मेंग और यिडि वांग को हराया था. इसके साथ ही टेबल टेनिस में अब भारत की चुनौती समाप्त हो गई. इस बार भारत ने टेबल टेनिस में यही एक पदक जीता है.

### सुतीर्था-अहिका की जोड़ी को टेबल टेनिस में ऐतिहासिक कांस्य

**हांगझोउ।** विश्व चैम्पियन को हराने वाली सुतीर्था मुखर्जी और अहिका मुखर्जी की जोड़ी को एशियाई खेलों में सोमवार को टेबल टेनिस महिला युगल सेमीफाइनल में उत्तर कोरिया से कड़े मुकाबले में 3 - 4 से हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा . सुतीर्था और अहिका ने 2 - 3 से पिछड़ने के बाद वापसी की लेकिन कोरिया की सुगियोंग पाक और सुयोग चा ने निर्णायक गेम में बाजी मार ली . उन्होंने एक घंटे तक चला मुकाबला 7 - 11, 11 - 8, 7 - 11, 11 - 8, 11 - 9, 5 - 11, 11 - 2 से जीता. इससे पहले भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में विश्व चैम्पियन चीन की चेन मेंग और यिडि वांग को हराया था. इसके साथ ही टेबल टेनिस में अब भारत की चुनौती समाप्त हो गई. इस बार भारत ने टेबल टेनिस में यही एक पदक जीता है. भारत ने जकार्ता में 2018 में पुरूष टीम और मिश्रित युगल में कांस्य पदक जीते थे.

### भारतीय स्केटर्स को अप्रत्याशित कांस्य

**हांगझोउ।** भारतीय रोलर स्केटर्स ने एशियाई खेलों में सोमवार को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पुरूष और महिला 3000 मीटर टीम रिले स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते . संजना बथूला, कार्तिका जगदीश्वरन , हीरल साधू और आरती कस्तूरी राज की भारतीय चौकड़ी ने 4 : 34 . 861 सेकंड का समय निकालकर कांस्य पदक हासिल किया. चीनी ताइपै को स्वर्ण और दक्षिण कोरिया को रजत पदक मिला. पुरूष वर्ग में आर्यनपाल सिंह घुमन, आनंद कुमार वेलकुमार, सिद्धांत कांबले और विक्रम इंगले ने 4 : 10 . 128 सेकंड के समय के साथ कांसे का तमगा अपने नाम किया. चीनी ताइपै को स्वर्ण और दक्षिण कोरिया को रजत पदक मिला. भारतीय रोलर स्केटर्स ने ग्वांग्झू में 2010 एशियाई खेलों में पुरूषों की फ्री स्केटिंग और पेयर्स स्केटिंग में कांस्य पदक जीते थे.

## राष्ट्रीय खेल को लेकर झारखंड टीम का प्रशिक्षण शिविर शुरू

संवाददाता । रांची

25 अक्टूबर से 9 नवंबर तक गोवा में आयोजित 37 वे राष्ट्रीय खेल की तैयारी को लेकर झारखंड खेल विभाग और झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन तथा विभिन्न राज्य खेल संघों के सहयोग से झारखंड टीम का प्रशिक्षण शिविर शुरू होगा. यह शिविर उन खेलों के लिए आयोजित होंगे जिनके खिलाड़ियों ने नेशनल गेम्स के लिए क्वालीफाई किया है. जिसमें आर्चरी ,एथलेटिक्स, लॉन बॉल, हॉकी, कबड्डी, वुशु, फुटबॉल ,बीच सॉकर ,सेपक टकरा,मलखम्भ ,रॉल बॉल शामिल हैं. हॉकी के लिए हॉकी झारखंड के द्वारा विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 3 अक्टूबर से रांची के बरियातू एस्ट्रो टर्फ में आयोजित किया जा रहा है. कैम्प में 36 पुरुष एवं 36 महिला खिलाड़ी शामिल हैं. वुशू और सेपक टकरा कैम्प का आयोजन ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में मंगलवार से शुरू होगा.

एथलेटिक्स शिविर बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में 5 अक्टूबर से जबकि लॉन बॉल के खिलाड़ी नामकुम स्थित स्टेडियम में 5 अक्टूबर से प्रैक्टिस शुरू करेंगे. कबड्डी का कैम्प चंदनकियारी में प्रारम्भ किया जाएगा, जबकि रॉल बॉल का कैम्प जमशेदपुर में 3 अक्टूबर से और बीच सॉकर का कैम्प 10 अक्टूबर से धनबाद में आयोजित होगा. फुटबॉल कैम्प का आयोजन 10 अक्टूबर से खेल गांव में आयोजित होगा. आर्चरी का कैम्प 4 अक्टूबर से खेलगांव में आयोजित होगा. इसकी जानकारी झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. मधुकांत पाठक ने दी.

## महिला और पुरुष टीमों ने रोलर स्केटिंग में कांस्य पदक जीता

संवाददाता। हांगझोउ

भारतीय रोलर स्केटर्स ने एशियाई खेलों में सोमवार को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पुरूष और महिला 3000 मीटर टीम रिले स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते. संजना बथूला, कार्तिका जगदीश्वरन , हीरल साधू और आरती कस्तूरी राज की भारतीय चौकड़ी ने 4 : 34 . 861 सेकंड का समय निकालकर कांस्य पदक हासिल किया. चीनी ताइपै को स्वर्ण और दक्षिण कोरिया को रजत पदक मिला. पुरूष वर्ग में आर्यनपाल सिंह घुमन, आनंद कुमार वेलकुमार, सिद्धांत कांबले और विक्रम इंगले ने 4 : 10 . 128 सेकंड के समय के साथ कांसे का तमगा अपने नाम किया . चीनी ताइपै को स्वर्ण और दक्षिण कोरिया को रजत पदक मिला. भारतीय रोलर स्केटर्स ने ग्वांग्झू में 2010 एशियाई खेलों में पुरूषों की फ्री स्केटिंग और पेयर्स स्केटिंग में कांस्य पदक जीते थे.

### कोरियाई खिलाड़ी से हारी जोशना चिनप्पा

**हांगझोउ।** स्टार भारतीय खिलाड़ी जोशना चिनप्पा सोमवार को यहां एशियाई खेलों की स्क्वाश स्पर्धा के महिला एकल प्री क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की कम रैंकिंग वाली खिलाड़ी हियो मिंगयिओंग के खिलाफ हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई. पहले दौर में इस 37 वर्षीय खिलाड़ी को बाई मिली थी. दूसरे दौर में में दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ 37 मिनट में 4-11, 12-10, 9-11, 8-11 से हार झेलनी पड़ी.

## भारत तीरंदाजों का शानदार प्रदर्शन

एजेंसी। हांगझोउ

भारतीय तीरंदाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सोमवार को एशियाई खेलों में सभी टीम स्पर्धाओं में क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया. भारत ने पांच टीम एलिमिनेशन दौर खेले और सिर्फ एक सेट गंवाया.

वहीं महिला कंपाउंड टीम को क्वालीफिकेशन में शीर्ष रहने के कारण क्वार्टर फाइनल तक बाय मिला था . पांचवीं वरीयता प्राप्त अतनु दास और अंकिता भकत ने मलेशिया के स्याकिरा बिंटी एम और मुहम्मद जरीफ स्याहिर बिन जोकेपेली को 39 - 38, 37 - 36, 39 - 33 से हराया. मलेशिया की जोड़ी ने पहले सेट में तीन 10 स्कोर करके 2 - 0 की बढत बना ली थी. लेकिन भारत की अनुभवी जोड़ी ने दो 10 स्कोर कर वापसी की. मलेशियाई टीम ने दूसरा सेट एक अंक के अंतर से गंवा दिया. वहीं तीसरे सेट में दास और अंकिता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन परफेक्ट 10 लगाये और क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली जहां उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया से होगा.

**खास बातें**

- सभी टीम स्पर्धाओं के अंतिम आठ में प्रवेश कर लिया
- अतनु दास और अंकिता का शानदार प्रदर्शन

### केनोइंग, कयाकिंग में भारत को निराशा

**हांगझोउ।** भारतीय खिलाड़ियों के लिये केनोइंग और कयाकिंग में सोमवार का दिन निराशाजनक रहा और चार फाइनल में उतरने के बावजूद वे पदक नहीं जीत सके . नीरज वर्मा पुरूषों के एकल केनोए 1000 मीटर में 4 : 36 . 314 सेकंड का समय निकालकर सातवें स्थान पर रहे . रीबासन सिंह एन और फिलेम ज्ञानेश्वर सिंह की भारतीय टीम पुरूष केनोए युगल 500 मीटर फाइनल में 1 : 54 . 723 सेकंड के समय के साथ आठवें स्थान पर रही.

## हजारीबाग

### 15 वीं राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का समापन, लगा खिलाड़ियों का जमघट

# बोकारो 12 स्वर्ण पदक के साथ पहले स्थान पर, रांची को दूसरा स्थान

संवाददाता। हजारीबाग



तीन दिवसीय 15 वीं राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का यहां सोमवार को समापन हो गया.प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए बोकारो जिले की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. बोकारो जिले की टीम ने कुल 12 स्वर्ण, 4 रजत और 5 कांस्य पदक जीतकर पहले स्थान पर रही. वहीं दूसरे स्थान पर रांची जिले की टीम रही. रांची को 7 स्वर्ण, 9 रजत और 3 कांस्य पदक प्राप्त हुए. तीसरे स्थान पर सरायकेला की टीम रही. जिसने 5 स्वर्ण, 6 रजत और 3 कांस्य पदक जीते. चौथे स्थान पर खूंटी जिला की टीम रही.

प्रतियोगिता का आयोजन हजारीबाग तीरंदाजी संघ और जिला प्रशासन, हजारीबाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया. इस प्रतियोगिता में झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से कुल 500 प्रतिभागी के साथ 30 राष्ट्रीय स्तर के तकनीकी पदाधिकारी की टीम हजारीबाग पहुंची. राज्य के सभी 24 जिले समेत कई क्लबों की टीमें इसमें बतौर प्रतिभागी शामिल हुई.

**खास बातें**

- सरायकेला को तीसरा और खूंटी को चौथा स्थान मिला
- 24 जिला सहित कई क्लब के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया

### तीरंदाजी संघ विशेष धन्यवाद का पात्र

समापन समारोह में पहुंचे हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि झारखंड तीरंदाजी संघ विशेष धन्यवाद का पात्र हैं . जिसने इस राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता की मेजबानी का हजारीबाग का अवसर प्रदान किया . हजारीबाग तीरंदाजी संघ और जिला प्रशासन, हजारीबाग भी धन्यवाद के पात्र हैं, जिन्होंने राज्यभर से हजारीबाग पहुंचे करीब 500 तीरंदाजों के विशाल समूह के रहने, खाने और खेल के प्रदर्शन का उत्कृष्ट प्रबंधन किया .

### सफल आयोजन के लिए बधाई दी

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज एंजेला सिंह और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर अजय कुमार सिंह ने भी सफल आयोजन के लिए आयोजन कर्ताओं को बधाई दी . आयोजन समिति के निदेशक सह हजारीबाग तीरंदाजी संघ के वरीय उपाध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे करीब 500 खिलाड़ियों की चहलकदमी से हजारीबाग गुलजार रहा .

### इनकी भूमिका सराहनीय रही

आयोजन को सफल बनाने में भारतीय तीरंदाजी संघ के संयुक्त सचिव सुमन चंद मोहंती, झारखंड तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष के एन सिंह, हजारीबाग तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष आलोक कुमार, वरीय उपाध्यक्ष करण जायसवाल, एनटीपीसी के अजीत कुमार, आईएसएसी यूनिवर्सिटी के मुनीश गोविंद, रिश्ता पॉलीमर के सोमा अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, हजारीबाग तीरंदाजी संघ के सचिव मनोज कुमार, अनिल कुमार राणा, अशोक कुमार यादव की सराहनीय भूमिका रही .

## मुर्मू स्पोर्टिंग मोरेडीह की टीम बनीं चैंपियन



संवाददाता । चांडिल

नीमडीह प्रखंड के चिंगड़ा पारकीडीह में सिदो-कान्हू फुटबॉल क्लब की ओर से आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में मुर्मू स्पोर्टिंग मारेडीह की टीम चैंपियन बनी. 16 टीमों के बीच हुई प्रतियोगिता के फाइनल में मुर्मू स्पोर्टिंग और ब्लैक लेबल गम्हरिया के बीच शानदार खेल हुआ.

रोमांचक मुकाबले में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो नेता सुकराम हेम्ब्रम उपस्थित थे. उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद कहा कि खेल को खेल भावना से ही खेलना चाहिए. खेल एक प्रतिभा है. इसमें किसी प्रकार की दुर्भावना या हिंसा नहीं होनी चाहिए. खेल ऐसा माध्यम है जो भाषा, जाति, संस्कृति, धर्म, रहन-सहन आदि सभी प्रकार के बंधनों से ऊपर पूरे विश्व को एक सूत्र में बांधता है.

## ब्रीफ खबरें

### प्रयागराज में खेत में पुजारी का शव बरामद

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में गंगापार नवाबगंज थाना क्षेत्र के आनापुर में सोमवार सुबह एक मंदिर के पुजारी का शव खेत में पाया गया. नवाबगंज थाना के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शव का हाथ पैर कपड़े से बंधा था और मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था. अधिकारी के मुताबिक, पुजारी मणींद्र नाथ तिवारी (50) का शव सोमवार सुबह खेत में मिलने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई और मौके पर पाया गया कि तिवारी के शव का हाथ पैर कपड़े से बंधा था.

### 'तेजस' 27 होगी रिलीज, टीजर जारी

**मुंबई।** कंगना रनौत अभिनीत फिल्म 'तेजस' 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है. फिल्म के निर्माताओं ने सोमवार को यह घोषणा की. सर्वेश मेवाड़ा ने इस फिल्म का लेखन और निर्देशन किया है जिसमें कंगना एक भारतीय वायु सेना पायलट की भूमिका निभा रही हैं. 'तेजस' के निर्माता आरएसवीपी मूवीज ने एक्स पर अपने आधिकारिक पृष्ठ पर रिलीज की तारीख और टीजर साझा किया. उसने लिखा कि 'जब भी बात देश की आएगी, वो सारी हदें पार कर जाएगी' !

### लॉस एंजिलिस में वाणिज्य दूतावास खोलने का आग्रह

**वाशिंगटन।** लॉस एंजिलिस के मेयर करेन बास और भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने भारत सरकार से अमेरिका के दूसरे सबसे बड़े शहर और दुनिया की मनोरंजन राजधानी में एक वाणिज्य दूतावास खोलने का आग्रह किया है. वर्तमान में अमेरिका में न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को, शिकागो, ह्यूस्टन और अटलांटा में पांच भारतीय वाणिज्य दूतावास हैं. जून में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऐतिहासिक राजकीय यात्रा के दौरान यह घोषणा की गई थी कि भारत अमेरिका में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलेगा.

### जालंधर में संदूक में मृत मिलीं तीन बहनें

**चंडीगढ़।** पंजाब में जालंधर जिले के कानपुर गांव में तीन बहनें अपने घर में एक संदूक के अंदर मृत पाई गईं. एक अधिकारी ने बताया कि मकसूदन थाने में रविवार रात को तीन लड़कियों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी. लड़कियों के माता पिता ने काम से लौटकर जब उनकी तलाश की तो उन्हें वे घर में नहीं मिली थीं. पुलिस ने बताया कि प्रवासी मजदूर के परिवार में पांच बच्चे थे. उन्होंने बताया कि बहनों की पहचान कंचन (चार), शक्ति (सात) और अमृता (नौ) के रूप में हुई.

### जिम्बाब्वे में विमान हादसा छह लोगों की मौत

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण-पश्चिमी जिम्बाब्वे में एक निजी विमान तकनीकी खराबी के कारण हीरे की एक खदान के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार एक भारतीय खनन कारोबारी और उसके बेटे सहित छह लोगों की मौत हो गई. मीडिया में प्रकाशित खबरों से यह जानकारी सामने आई है. उन्होंने बताया कि मशावा के जवामहांडे इलाके में हुए विमान हादसे में खनन कंपनी 'रियोजिम' के मालिक हरपाल रंधावा, उनके बेटे और चार अन्य लोगों की मौत हो गई.

### फिर शुरू होंगे देर रात प्रसारित होने वाले 'टॉक शो'

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड लेखकों की हड़ताल के कारण पांच महीने के विराम के बाद देर रात प्रसारित होने वाले 'टॉक शो' वापसी कर रहे हैं, जबकि अभिनेता भी काम पर लौटने के लिए बातचीत शुरू करने वाले हैं. लेखकों की दो मई को शुरू हुई हड़ताल के बाद सबसे पहले सीबीएस के द लेट शो विद स्टीफन कोलबर्ट, एबीसी के जिमी किमेल लाइव और एनबीसी के द टुनाइट शो स्टारिंग जिमी फॉलन का प्रसारण रुक गया था. अब ये शो सोमवार रात से वापसी कर रहे हैं.

### पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कानून बनाने की मांग

**नई दिल्ली।** पत्रकारों और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने मीडिया के सामने रोजाना आने वाली चुनौतियों पर विचार-विमर्श के दौरान सच सामने लाने का प्रयास करने वाले पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और फर्जी खबरें फैलाने वालों से निपटने के लिए एक कानून बनाए जाने की मांग की. भारतीय पत्रकार संघ (आईजेयू) के बैनर तले आयोजित अखिल भारतीय संगोष्ठी में उपस्थित पत्रकारों ने मीडिया आयोग स्थापित करने की पुरानी मांग रखी.

## गांधीमय हुआ देश



**नई दिल्ली।** 2 अक्टूबर को पूरा देश राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती मना रहा है. पूरा देश उन्हें इस दिन श्रद्धांजलि अर्पित करता है. इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला सहित कई राजनीतिक हस्तियों ने राजघाट पहुंच कर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी. इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 119वीं जयंती पर उन्हें भी श्रद्धांजलि दी गई. महात्मा गांधी का जन्म गुजरात के पोरबंदर में दो अक्टूबर 1869 को हुआ था. उनके जन्मदिन को गांधी जयंती व अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है. उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत से भारत को आजाद कराने की लड़ाई का नेतृत्व किया था. वहीं, शास्त्री भारत के दूसरे प्रधानमंत्री थे. उनका जन्म दो अक्टूबर 1904 को उत्तर प्रदेश में हुआ था. उनकी सादगी और विनम्रता के लोग कायल थे.

## आओ जानें

### श्रमिकों को दिए जाने वाले सवैतनिक मातृत्व अवकाश के दिन

| | | | |
|---|---|---|---|
| सैन मैरिनो | 635 | ऑस्ट्रिया | 112 |
| बुल्गारिया | 410 | बांग्लादेश | 112 |
| अल्बानिया | 365 | स्पेन | 112 |
| बोस्निया | 365 | फ्रांस | 112 |
| स्लोवाकिया | 238 | पाकिस्तान | 112 |
| क्रोएशिया | 208 | तुर्की | 112 |
| चेकिया | 196 | कनाडा | 105 |
| भारत | 182 | फिलीपींस | 105 |
| आयरलैंड | 182 | स्विट्जरलैंड | 98 |
| वेनेजुएला | 182 | जर्मनी | 98 |
| ईरान | 180 | जापान | 98 |
| आइसलैंड | 180 | अर्जेंटीना | 90 |
| हंगरी | 168 | मिस्र | 90 |
| चीन | 158 | इंडोनेशिया | 90 |
| इटली | 150 | दक्षिण कोरिया | 90 |
| पोलैंड | 140 | कोलम्बिया | 84 |
| रूस | 140 | मैक्सिको | 84 |
| चिली | 126 | नाइजीरिया | 84 |
| कजाकिस्तान | 126 | सऊदी अरब | 70 |
| पराग्वे | 126 | संयुक्त अरब अमीरात | 60 |
| रोमानिया | 126 | फ्रिनलैंड | 56 |
| यूक्रेन | 126 | डेनमार्क | 42 |
| ब्राजील | 120 | यूके | 42 |
| दक्षिण अफ्रीका | 120 | यूएसए | 00 |

### राजस्थान को केंद्र की तरफ से मिले 7200 करोड़ रुपए की सौगात

# हजारों रोजगार होंगे सृजित

**भाषा। जयपुर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि राजस्थान का विकास भारत सरकार के लिए बहुत बड़ी प्राथमिकता है. मोदी ने चित्तौड़गढ़ में लगभग 7200 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास समारोह में यह बात कही. उन्होंने विश्वास जताया कि इन परियोजनाओं से राजस्थान में उद्योग का विस्तार होगा, हजारों नए रोजगार सृजित होंगे. उन्होंने कहा कि राजस्थान का विकास भारत सरकार के लिए बहुत बड़ी प्राथमिकता है. हमने राजस्थान में एक्सप्रेस वे, हाईवे व रेलवे जैसे आधुनिक बुनियादी ढांचे पर बहुत फोकस किया है.

दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे हो या अमृतसर जामनगर एक्सप्रेसवे, ये राजस्थान में 'लाजिस्टिक्स' से जुड़े क्षेत्र को नई शक्ति देने वाले हैं. प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले ही उदयपुर-जयपुर वंदे भारत ट्रेन भी शुरू हुई है. राजस्थान, भारतमाला परियोजना के सबसे बड़े लाभार्थियों में से भी एक महत्वपूर्ण राज्य है. उन्होंने कहा कि राजस्थान वह प्रदेश है जिसके पास अतीत की विरासत भी है, वर्तमान का सामर्थ्य भी है और भविष्य की संभावनाएं भी है. उन्होंने कहा कि राजस्थान की यह त्रिशक्ति देश का सामर्थ्य भी बढ़ाती है. मोदी ने कहा कि कल एक अक्टूबर को राजस्थान सहित पूरे देश ने स्वच्छता को लेकर एक बहुत बड़ा कार्यक्रम किया. मैं स्वच्छता आंदोलन को जन आंदोलन बना देने के लिए सभी देशवासियों का आभार व्यक्त करता हूं.



सोमवार को चित्तौड़गढ़ में समारोह को संबोधित करते पीएम.

#### सस्ती गैस पहुंचाने का हमारा अभियान तेज

पीएम ने कहा कि गैस आधारित अर्थव्यवस्था का आधार मजबूत करने के लिए देश में गैस पाइपलाइन नेटवर्क बिछाने का अभूतपूर्व अभियान चल रहा है. मेहसाणा से भटिंडा तक भी गैस पाइपलाइन बिछाई जा रही है. इस पाइपलाइन के पाली-हनुमानगढ़ सेक्शन का सोमवार को लोकार्पण किया गया है. इससे राजस्थान में इंडस्ट्री का विस्तार होगा, हजारों नए रोजगार बनेंगे. इससे बहनों के किचन में पाइप से सस्ती गैस पहुंचाने का हमारा अभियान भी तेज होगा. प्रधानमंत्री ने कहा कि राजस्थान का इतिहास हमें सिखाता है कि हमें वीरता, वैभव और विकास को एक साथ लेकर आगे बढ़ना चाहिए. पीएम ने कहा कि बीते 5 वर्षों से देश में आकांक्षी जिला प्रोग्राम सफलता के साथ चल रहा है. अब तो केंद्र सरकार, इस कार्यक्रम को एक कदम आगे लेकर चली गई है. अब हम आकांक्षी ब्लॉक की पहचान कर, उनके तेज विकास पर फोकस कर रहे हैं. आने वाले समय में इस अभियान के तहत राजस्थान के भी अनेक ब्लॉक्स का विकास किया जाएगा. वंचितों को वरीयता के संकल्प को लेकर केंद्र सरकार ने 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' भी शुरू किया है. उन्होंने कहा कि जिन सीमावर्ती गांवों को इतने सालों तक आखिरी माना जाता था, अब हम उन्हें पहला गांव मानकर विकास कर रहे हैं. इसका बहुत अधिक लाभ राजस्थान के दर्जनों सीमावर्ती गांवों को मिलना तय है.

#### बोले पीएम

- राजस्थान का विकास भारत सरकार के लिए बड़ी प्राथमिकता
- राजस्थान के पास अतीत की विरासत व भविष्य की संभावनाएं

#### आज छत्तीसगढ़ और तेलंगाना का दौरा करेंगे पीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को चुनावी राज्य छत्तीसगढ़ और तेलंगाना का दौरा करेंगे और इस दौरान वह करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे. प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी. पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री लगभग 11 बजे जगदलपुर पहुंचेंगे और छत्तीसगढ़ में 26,000 करोड़ रुपये से अधिक की अनेक विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे. बिलासपुर के कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री तेलंगाना के निजामाबाद पहुंचेंगे, जहां वे बिजली, रेल व स्वास्थ्य जैसे महत्त्वपूर्ण सेक्टरों की लगभग 8000 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे. प्रधानमंत्री एनटीपीसी की तेलंगाना सुपर थर्मल पॉवर परियोजना के पहले 800 मेगावॉट संयंत्र के चरण-एक का लोकार्पण करेंगे.

#### विपक्ष की सरकारों के खिलाफ 'झूठ' बोलते हैं मोदी : जयराम



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पीएम मोदी द्वारा राजस्थान सरकार पर निशाना साधे जाने के बाद सोमवार को पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा की राज्य सरकारें महिला विरोधी अपराधों के मामलों में जिम्मेदारी और जवाबदेही स्वीकार नहीं करतीं, जबकि हमारी सरकारें न्याय दिलाने के लिए तत्परता से काम करती हैं. पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि पीएम मोदी मणिपुर, उज्जैन और महिला पहलवानों पर अत्याचार की घटनाओं को लेकर एक शब्द नहीं बोलते, लेकिन चुनाव प्रचार के समय विपक्ष की सरकारों के खिलाफ 'झूठ' बोलते हैं.

### गुवाहाटी को मिला 59 करोड़ की लागत से बना जैविक उद्यान

**गुवाहाटी।** असम के गुवाहाटी के निवासियों को उस जमीन पर 59 करोड़ रुपये की लागत से बना एक वनस्पति उद्यान मिल गया, जहां कभी केंद्रीय जेल हुआ करती थी. मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने 2.58 एकड़ में स्थित जलाशयों सहित 36 बीघा (लगभग 12 एकड़) के क्षेत्र में फैले वनस्पति उद्यान का उद्घाटन किया. उद्यान में 230 से अधिक देशी प्रजातियों की वनस्पतियों से संबंधित 85,000 पौधे हैं. साथ ही परिसर के अंदर औषधीय पौधों के लिए लगभग 2.08 एकड़ का एक समर्पित स्थान रखा गया है.

### राजनीतिक प्रक्रिया में हिस्सा लें हिंदू : स्वामी विज्ञानानंद

**वाशिंगटन।** प्रभावी हिंदू धार्मिक नेता स्वामी विज्ञानानंद ने बैंकॉक में हिंदू समुदाय की एक वैश्विक बैठक से पहले कहा है कि वैश्विक शक्ति-साझाकरण ढांचे में जगह पाने के लिए हिंदुओं को राजनीतिक प्रक्रिया में हिस्सा लेना चाहिए. आधुनिक दुनिया में हिंदू केवल भांगड़ा, डांडिया और प्राणायाम के माध्यम से अपनी पहचान नहीं बना सकते. स्वामी विज्ञानानंद 'वर्ल्ड हिंदू फाउंडेशन' के संस्थापक एवं वैश्विक अध्यक्ष हैं. यह संगठन चार साल में एक बार विश्व हिंदू कांग्रेस का आयोजन करता है.

### मैक्सिको में गिरजाघर की छत ढही, 9 की मौत

**मादेरो (मैक्सिको)।** उत्तरी मैक्सिको में रविवार को सामूहिक प्रार्थना के दौरान एक गिरजाघर की छत ढह गई. इस घटना में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और करीब 50 अन्य घायल हो गए. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि बचावकर्मी देर रात तक मलबे में पीड़ितों और जीवित बचे लोगों की तलाश करते रहे. अधिकारियों के मुताबिक, गिरजाघर की छत ढहने से करीब 30 श्रद्धालुओं के मलबे में फंसे होने की आशंका है.

### स्वर्ण मंदिर में अरदास के लिए पहुंचे राहुल गांधी

## स्वर्ण मंदिर के गर्भगृह में मत्था टेका, की पूजा-अर्चना



**भाषा। अमृतसर**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में अरदास के लिए पहुंचे. अपने सिर को नीले रंग कपड़े से ढककर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने स्वर्ण मंदिर के गर्भगृह में मत्था टेका.

प्रार्थना के बाद वह सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था अकाल तख्त गए और श्रद्धालुओं द्वारा उपयोग किये गये पानी के बर्तनों को साफ करके 'सेवा' (स्वैच्छिक सेवा) भी की. राहुल गांधी के मंगलवार को सुबह धार्मिक क्रिया 'पालकी सेवा' में भी शामिल होने की संभावना है. पंजाब कांग्रेस के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने बताया कि राहुल गांधी शहर के निजी दौरे पर हैं. वडिंग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राहुल गांधी सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में मत्था टेकने के लिए अमृतसर साहिब आए हुए हैं. यह उनकी निजी, आध्यात्मिक यात्रा है. हमें उनकी निजता का सम्मान करना चाहिए. सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि वे इस यात्रा के लिए न आएं. आप सभी अपने उत्साहपूर्वक समर्थन के साथ अगली बार उनसे मिल सकते हैं. राहुल का पंजाब दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब 2015 के मादक पदार्थ मामले में पार्टी के विधायक सुखपाल सिंह खैरा की गिरफ्तारी के बाद पंजाब कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच विवाद छिड़ा हुआ है. पार्टी के कुछ नेता 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए पंजाब में आप के साथ गठबंधन का भी विरोध कर रहे हैं.

#### निजी यात्रा

- कोई कार्यकर्ता राहुल की निजी यात्रा में न आएं : वडिंग
- अमृतसर के निजी व आध्यात्मिक यात्रा पर हैं राहुल गांधी

## जमीन विवाद को लेकर एक ही परिवार के छह लोगों की हत्या

**भाषा। देवरिया**

देवरिया जिले के रूद्रपुर क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर सोमवार सुबह दो पक्षों के बीच हुए संघर्ष में एक ही परिवार के पांच सदस्यों समेत छह लोगों की हत्या कर दी गयी. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर दुख जताते हुए दोषियों को किसी भी कीमत पर नहीं बख्शने के सख्त निर्देश दिए हैं. पुलिस अधीक्षक (एसपी) संकल्प शर्मा ने बताया कि रुद्रपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव में आज सुबह करीब छह बजे जमीन विवाद को लेकर सत्य प्रकाश दुबे (54), उसकी पत्नी किरण (52), बेटी सलोनी (18) और नंदिनी (10) तथा बेटे गांधी (15) की हत्या कर दी गयी. उन्होंने बताया कि इससे पहले आज सुबह जिला पंचायत सदस्य प्रेम यादव (50) की सत्य प्रकाश दुबे के पक्ष के लोगों ने पीट-पीट कर हत्या कर दी थी.

#### खास बातें

- सीएम ने जताया दुख, कहा-दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा
- सीएम ने दिए दोषियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

### केरल में बारिश जारी, तीन जिलों के लिए 'येलो अलर्ट'

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के विभिन्न इलाकों में सोमवार को भी भारी बारिश जारी रही जिससे लोगों को सामान्य जनजीवन पर असर पड़ा. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने तीन जिलों पत्तनमथिट्टा, अलाप्पुझा और एर्नाकुलम में 'येलो अलर्ट' जारी किया है. आईएमडी छह से 11 सेंटीमीटर के बीच भारी बारिश के पूर्वानुमान पर येलो अलर्ट जारी करता है. वहीं, विभाग ने पांच अक्टूबर तक बारिश होने का अनुमान जताया है. केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (केएसडीएमए) ने बताया कि बीते 24 घंटों में सबसे अधिक प्रभावित जिले पत्तनमथिट्टा, अलाप्पुझा, कोट्टायम, एर्नाकुलम और कोझिकोड रहे.

## चूराचांदपुर बंद, जनजीवन प्रभावित

**भाषा। इंफाल**

मणिपुर के आदिवासी बहुल चूराचांदपुर जिले में सोमवार को बंद के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा. राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा इलाके से दो नाबालिगों समेत सात लोगों को गिरफ्तार किए जाने के विरोध में कुकी संगठनों ने बंद का आह्वान किया था.

गिरफ्तार किये गये लोगों में इस साल जुलाई में दो युवाओं के अपहरण और हत्या के मामले का संदिग्ध भी शामिल है. पिछले दिनों सोशल मीडिया पर दोनों की तस्वीरें वायरल हो जाने के कारण इंफाल घाटी में विरोध-प्रदर्शन बढ़ गए थे, जिसके बाद मामला सीबीआई को सौंप दिया गया था.

पुलिस ने बताया कि चूराचांदपुर जिले में बंद के दौरान सार्वजनिक वाहन सड़कों से नदारद रहे, जबकि बाजार और व्यापारिक प्रतिष्ठान नहीं खुले. मणिपुर के मान्यता प्राप्त आदिवासियों के समूह इंडिजिनस ट्राइबल लीडर फोरम (आईटीएलएफ) ने गिरफ्तारियों के विरोध में सोमवार सुबह 10 बजे से जिले में अनिश्चितकालीन बंद रखा और मांग की कि गिरफ्तार किए गए लोगों को 48 घंटे के भीतर रिहा किया जाए. चूराचांदपुर के संयुक्त छात्र निकाय (जेएसबी) ने भी सोमवार सुबह छह बजे से जिले में 12 घंटे के बंद का आह्वान किया. इस साल छह जुलाई को युवक फिजाम हेमनजीत (20) और किशोरी हिजाम लिनथोइंगांबी (17) लापता हो गए थे. उनके शवों की तस्वीरें 25 सितंबर को सामने आईं. इसके बाद छात्रों ने हिंसक प्रदर्शन भी किया.

#### मणिपुर हिंसा

- कुकी संगठनों ने किया था बंद का आह्वान
- तस्वीरें वायरल होने के बाद बढ़ गए थे विरोध-प्रदर्शन

### 'द हिमालयन फिल्म फेस्टिवल' में जवानों ने देखी 'शोले'

**लेह।** लेह में 'द हिमालयन फिल्म फेस्टिवल' के तीसरे दिन भारतीय सशस्त्र बलों के 55 से अधिक जवानों ने हिंदी सिनेमा की उत्कृष्ट फिल्म 'शोले' देखी. जवानों को इस मौके पर विशेष अतिथि के तौर आमंत्रित किया गया था. सिंधु संस्कृति केंद्र में रविवार शाम इस फिल्म को प्रदर्शित किया गया था. इस मौके पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की इकाई कुशोक बकुला रिनपोछे (केबीआर) एयरपोर्ट लेह और भारतीय वायु सेना के सुरक्षाकर्मियों ने भाग लिया. इस दौरान कुछ दर्शकों ने 1975 की इस फिल्म में धर्मेंद्र और अमिताभ बच्चन पर फिल्माए गए 'ये दोस्ती....' जैसे गानों को साथ साथ गुनगुनाया.

### पुरस्कार | नोबेल असेंबली के सचिव थॉमस पर्लमैन ने स्टाकहोम में पुरस्कार की घोषणा की

## चिकित्सा क्षेत्र में काटालिन व ड्रयू को मिला नोबेल पुरस्कार

**भाषा। स्टाकहोम**

इस बार चिकित्सा क्षेत्र का पुरस्कार काटालिन कारिको और ड्रयू वीसमैन को कोविड-19 से लड़ने के लिए एमआरएनए टीकों के विकास से संबंधित उनकी खोजों के लिए प्रदान किया जाएगा. नोबेल असेंबली के सचिव थॉमस पर्लमैन ने सोमवार को स्टाकहोम में पुरस्कार की घोषणा की. कारिको हंगरी स्थित सेगेन्स यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं, वहीं पेनसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी में भी पढ़ाते हैं. वीसमैन ने पेनसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी में कारिको के साथ यह अनुसंधान किया.



पुरस्कार समिति ने कहा कि अपने अभूतपूर्व अनुसंधान के माध्यम से, जिसने एमआरएनए और हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली के संपर्क को लेकर हमारी समझ को मौलिक रूप से बदल दिया है, पुरस्कार विजेताओं ने आधुनिक समय में मानव स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक के दौरान टीके के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया. पर्लमैन ने बताया कि जब उन्होंने इस घोषणा से कुछ देर पहले दोनों वैज्ञानिकों से संपर्क किया तो वे पुरस्कार की खबर सुनकर प्रफुल्लित हुए. शरीर क्रिया विज्ञान या चिकित्सा क्षेत्र में पिछले साल का नोबेल पुरस्कार स्वीडिश वैज्ञानिक स्वांते पाबो को मानव विकास की उन खोजों के लिए प्रदान किया गया था, जिन्होंने निएंडरथाल डीएनए के रहस्यों को उजागर किया था.

#### खास बातें

- कोविड रोधी टीकों के विकास में योगदान के लिए मिला पुरस्कार
- नोबेल पुरस्कार की खबर सुनकर प्रफुल्लित हुए वैज्ञानिक

#### आज होगी भौतिकी के लिए नोबेल पुरस्कार की घोषणा

भौतिकी के लिए नोबेल पुरस्कार की घोषणा मंगलवार को और रसायनविज्ञान के क्षेत्र में योगदान के लिए इस पुरस्कार की घोषणा बुधवार को की जाएगी. गुरुवार को साहित्य के क्षेत्र के लिए नोबेल पुरस्कार विजेता के नाम की घोषणा की जाएगी. नोबेल शांति पुरस्कार शुक्रवार को और अर्थशास्त्र के लिए नोबेल पुरस्कार की घोषणा नौ अक्टूबर को की जाएगी. नोबेल पुरस्कार में 1.1 करोड़ स्वीडिश क्रोनर (10 लाख डॉलर) का नकद इनाम दिया जाता है.

## मिस्र में पुलिस मुख्यालय में आग लगने से 38 लोग घायल



**भाषा। काहिरा**

पूर्वोत्तर मिस्र में सोमवार को तड़के एक पुलिस मुख्यालय में आग लगने से कम से कम 38 लोग घायल हो गए. स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता होसाम अब्देल-गफ्फार के अनुसार, आग इस्माइलिया के स्वेज नहर प्रांत में बहुमंजिला पुलिस मुख्यालय में लगी. उन्होंने बताया कि घायलों में से 12 का इलाज घटनास्थल पर ही किया गया, जबकि 26 अन्य को अस्पतालों में ले जाया गया, जिनमें से दो को छोड़कर बाकी सभी को सांस लेने में दिक्कत हो रही है. उन्होंने बताया कि सात लोगों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है. स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, फिलहाल यह स्पष्ट आंकड़ा अभी सामने नहीं आया है कि घटना के समय इमारत में कितने पुलिसकर्मी मौजूद थे.

## तोपचांची प्रखंड के गोमो पुराना बाजार में स्वच्छ भारत अभियान को मुंह चिढ़ाते रहे सड़क किनारे पड़े कचरे

# गोमो पुराना बाजार में कचरों के अंबार के बीच मनाई गई गांधी जयंती

**संवाददाता । तोपचांची**



गांधी चौक के आसपास लगा कचरों का अंबार, लेकिन सफाई की ओर किसी का ध्यान ही नहीं.

गांधी जी ने कहा था बेहतर साफ-सफाई से ही भारत के गांवों को आदर्श बनाया जा सकता है. लेकिन यह अनमोल संदेश तोपचांची प्रखंड के गोमो पुराना बाजार स्थित गांधी चौक पर लागू नहीं होता है.

केंद्र सरकार की ओर से गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन तोपचांची प्रखंड के गोमो पुराना बाजार स्थित गांधी चौक के पास कचरों का अंबार लगा हुआ है. कचरों के ढेर से उठते दुर्गंध से राहगीरों को नाक पर रुमाल रख कर रास्ता पार करना पड़ता है. स्वच्छ भारत अभियान को गोमो पुराना बाजार में पड़े कचरे और उठते दुर्गंध मुंह चिढ़ा रहे हैं. इस क्षेत्र को गोमो का हृदयस्थली कहा जाता है. लेकिन बारिश के दौरान चौक की स्थिति काफी दयनीय हो जाती है. गांधी जंयती के अवसर पर क्षेत्र के समाजसेवी, शिक्षाविद और राजनीतिक जगत के लोग महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए जुटे, लेकिन सड़क किनारे पड़े गंदगी के ढेर पर

### सफाई अभियान

- राहगीरों को नाक पर रुमाल रखकर गुजरना पड़ता है
- गांधी चौक क्षेत्र को गोमो का हृदयस्थली कहा जाता है

किसी की नजर नहीं पड़ी. जदयू प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि रेल नगरी गोमो में गांधी चौक के पास ही गंदगी का अंबार लगा हुआ है. एक सप्ताह पूर्व ही इस समस्या को लेकर रेलवे के अफसरों से वार्ता की थी, लेकिन कचरे साफ नहीं हुए.

गोमो दक्षिण पंचायत समिति सदस्य हनित नारंग ने कहा कि अफसोस की बात है कि गांधी चौक के अगल-बगल ही गंदगी का अंबार लगा है. तोपचांची प्रमुख व प्रखंड विकास पदाधिकारी से वार्ता हुई है. हम सभी प्रयासरत हैं कि जल्द कचरों से निजात मिले. समाजसेवी देवेंदु हलधर ने कहा कि गांधी चौक पर फैले कचरों से लोग काफी परेशान हैं. सरकारी अफसर से लेकर जनप्रतिनिधियों तक से अनुरोध है कि चौक कचरा मुक्त हो. द चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष धीरज कुमार ने कहा कि गंदी राजनीति के कारण गांधी चौक पर कचरों का अंबार लगा हुआ है.

## आओ जानें

### 3 अक्टूबर का इतिहास

1831 मैसूर पर ब्रिटेन ने कब्जा किया.
1880 पहले मराठी संगीत नाटक 'संगीत शाकुन्ताल' का पुणे में मंचन किया गया.
1932 इराक यूनाइटेड किंगडम से स्वतंत्र हुआ.
1952 यूके ने परमाणु हथियार का सफलतापूर्वक परीक्षण किया था.
1977 पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया.
1978 कोलकाता में पहला और दुनिया के दूसरे टेस्ट ट्यूब बेबी का जन्म हुआ.
1984 भारत की सबसे लंबी दूरी की ट्रेन हिमसागर एक्सप्रेस कन्याकुमारी से जम्मू तवी के लिए रवाना की गई.
1985 स्पेस शटल अटलांटिस ने अपनी पहली उड़ान भरी.
1994 भारत ने सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए औपचारिक रूप से अपना दावा पेश किया.
2008 टाटा ने सिंगूर से नैनो कार परियोजना अन्यत्र ले जाने की घोषणा की.
2010 19वीं राष्ट्रमंडल खेल दिल्ली में शुरू हुए.
2011 सैपर शांति तिग्गा भारतीय रेल की क्षेत्रीय सेना में शामिल होने वाली प्रथम महिला बनी.

## वाहन की टक्कर से अशोक स्तंभ गिरकर हुआ क्षतिग्रस्त



**संवाददाता । चंदवा**

शहर के मुख्य चौक इंदिरा गांधी चौक पर स्थित अशोक स्तंभ के पीलर को रविवार देर रात एक अनियंत्रित वाहन ने टक्कर मार दी. जिससे अशोक स्तंभ गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया. इस अशोक स्तंभ का निर्माण करीब 60-70 साल पूर्व हुआ था. 15 अगस्त और 26 जनवरी को शहर के प्रतिष्ठित व्यक्ति इस चौक पर झंडा फहराया जाता है.

बता दें कि इंदिरा गांधी चौक के नजदीक सड़क पर एक माह पहले बड़े-बड़े गड्ढे बन गये थे. यह खबर लोकप्रिय अखबार शुभम संदेश और लगातार डॉट इन में प्रकाशित हुई थी. जिस पर एनएच वालों ने संज्ञान लिया था और छर्री-डस्ट भरवायी गयी थी. पर वह बहुत दिन तक नहीं चल पायी. सड़क फिर से गड्ढे में तब्दील हो गयी. बरसात में इस गड्ढे में मटमैला पानी का जमाव हो जाता है. जिसकी वजह से चालकों को सड़क की वास्तविक स्थिति का पता नहीं चल पाता है और तेज गति वाले वाहन चालक अपना नियंत्रण खो देते हैं. इससे दुर्घटना होती है.

## वायु प्रदूषण के विरोध में मौन धरना

**संवाददाता। झरिया**

ग्रीन लाइफ झरिया एवं यूथ कॉन्सेप्ट के संयुक्त तत्वावधान में वायु प्रदूषण व धूल कण की विष वर्षा के खिलाफ जान-जागरुकता अभियान के तहत सोमवार को चिल्ड्रेन पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष मौन धरना दिया गया. इस मौके पर धनबाद के पूर्व सांसद चंद्रशेखर दुबे ने भी साथ दिया व लोगों का हौसला बढ़ाया. पूर्व सांसद ददई दुबे ने कहा कि झरिया में वायु प्रदूषण चरम पर है और यह मुख्य समस्या बन गया है. बेलगाम प्रदूषण पर रोक लगनी चाहिए.

उन्होंने कहा कि झरिया के प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में वह हमेशा साथ देंगे. डॉ मनोज सिंह ने कहा कि झरिया में धूल कण की बारिश होती है.

## मिशन रानीगंज 06 अक्टूबर को रिलीज हो रही है

# मिशन रानीगंज में नजर आएंगे पुटकी के संजय

**संवाददाता । पुटकी (धनबाद)**



संजय भारद्वाज

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म मिशन रानीगंज 06 अक्टूबर को रिलीज हो रही है. यह फिल्म माइनिंग इंजीनियर जसवंत सिंह गिल के जीवन से प्रेरित है. गिल ने 1989 में रानीगंज कोलफील्ड्स में 64 लोगों की जान बचाई थी. फिल्म में अक्षय कुमार जसवंत सिंह गिल का किरदार निभाते नजर आएंगे. फ़िल्म में परिणति चोपड़ा भी हैं. फिल्म में पुटकी श्रीनगर के रहने वाले बीसीसीएल के पीबी एरिया के भू -संपदा विभाग में कार्यरत संजय भारद्वाज भी नजर आएंगे.

संजय कहते हैं कि बॉलीवुड में मौका मिलना किसी चुनौती से कम नहीं. मुम्बई में रह कर लोग जिंदगी गुज़ार देते हैं, फिर भी उन्हें मौका नहीं मिलता. अपने हुनर व काबिलियत के बदौलत धनबाद में रह कर बॉलीवुड के जाने माने सितारों के साथ भी वह काम कर चुके हैं.

संजय पिछले 35 सालों से थिएटर स्टेज शो करते आ रहे हैं. वे भारत के लगभग 15 से अधिक राज्यों में दिल्ली, आगरा, भागलपुर, मुंगेर, बरियारपुर, दानापुर, पटना, आरा, मणिपुर, जगदलपुर, डेहरी, मुगलसराय, वाराणसी, आज़मगढ़, धामपुर, डालमियानगर, देहरादून, कोलकाता, छत्तीसगढ़, रांची, जमशेदपुर, सम्बलपुर, झारसुगुड़ा, गनगनियां, आसनसोल, कुल्टी, जमुड़िया जाकर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा चुके है. वे लगभग 250 से ज्यादा थिएटर एवं 5000 से ज्यादा नुक्कड़ नाटक कर चुके हैं.

अब तक भारद्वाज को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, अभिनेता, सह अभिनेता और नाट्य लेखन के लिए लगभग 900 से अधिक पुरस्कार मिल चुके हैं. वह पुटकी की जानी मानी नाट्य संस्था आरोही नाट्य मंच के डायरेक्टर भी हैं. वर्ष 2016 में उन्होंने

### मिला अवसर

- माइनिंग इंजीनियर थे जसवंत सिंह गिल
- गिल के रोल में हैं बॉलीवुड के अभिनेता अक्षय कुमार

फ़िल्मों और टीवी सीरियल कदम में बढ़ाया. सोनी टीवी के मशहूर धारावाहिक क्राइम पेट्रोल में बतौर अभिनेता काम कर चुकें हैं. वर्ष 2019 में भोजपुरी फ़िल्म 'बेटा होखे त अईसन' में कॉलेज प्रोफेसर का किरदार बखूबी निभाया.

अब ये 6 अक्टूबर को रिलीज होने वाली अक्षय कुमार और परिणिति चोपड़ा की फिल्म मिशन रानीगंज में एक बड़े कांट्रेक्टर (ठेकेदार) के किरदार में नज़र आएंगे. आज से 5 वर्ष पहले मिशन रानीगंज की पठकथा विपुल के रावल के द्वारा लिखी गई थी. इसका संवाद दीपक किंगरानी ने लिखा है. उस समय स्वर्गीय जसवंत सिंह गिल, फ़िल्म के निर्देशक टीनू सुरेश देसाई पुटकी आए थे.

## गांधी का वेश धारण कर बापू को श्रद्धांजलि दी



**सिंदरी ।** देश की आजादी और स्वच्छ भारत की परिकल्पना संजोने वाले दो महान विभूतियों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ जिला संयोजक कार्यालय सिंदरी में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई. गांधीजी की 154वीं जयंती पर उनका रूप धारण कर रमेश सिंह श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए.इस मौके पर जिला संयोजक दिनेश सिंह ने कहा कि दोनों महान विभूतियों ने देश के लिए अपने जीवन का सर्वस्व न्योछावर कर दिया. दोनों ने अहिंसा का मार्ग अपनाया था. उनके पदचिह्न पर चलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी देश को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं. उनके दिशा निर्देश पर स्वच्छ भारत अभियान घर घर में दिखाई दे रहा है. इस अवसर पर लोगों को मिठाई भी बांटी गई. कार्यक्रम में अरुण सिंह, ब्रिजेश सिंह, सुभाष सिंह, कुंदन सिन्हा, सुनील सिंह, जगदीश सिंह, सुनील प्रसाद, कामेश्वर सिंह, रवि कुमार, आदर्श कुमार, योगेंद्र प्रसाद, बासुकी नाथ, पूरन प्रसाद सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे.

## नाईटांड़ से खुरचूटा जाने वाला रोड तालाब में तब्दील



**संवाददाता। बेंगाबाद**

बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के हरिला पंचायत में नाईटांड़ से खुरचूटा जाने वाली पीसीसी पथ बारिश के बाद तालाब में तब्दील हो गई है. पानी निकासी का कोई साधन नहीं होने के कारण पूरे रास्ते पर जल जमाव हो गया है और लोगों को उस रास्ते पर निकलना भारी पड़ रहा है.

पीसीसी पथ के दोनों ओर ग्रामीणों के घर में पानी घुसने लगता है. घर में पानी न घुसे इस कारण से पथ के दोनों तरफ मिट्टी लगा कर रखा गया है. इस संबंध में ग्रामीण राजू शर्मा, मनोज पंडित, पंकज वर्मा, उमेश वर्मा, शंकर वर्मा, इस्लाम शेख, चनसुर शेख समेत अन्य लोगों ने बताया कि यह मार्ग रानियाटांड़, सिकदारडीह, गादी, नाईटांड़ सहित

### घुसा पानी

- बच्चों को स्कूल जाने में हो रही है ज्यादा परेशानी
- पानी निकासी का साधन नहीं पीसीसी रोड पर है जलजमाव

अन्य गांवों के बच्चों के स्कूल जाने का एक मात्र रास्ता है. बच्चे इसी मार्ग से हर दिन स्कूल जाते हैं. रास्ते में जल जमाव के कारण बच्चों को काफी कठिनाई हो रही है. वहीं अन्य राहगीरों को भी जल जमाव के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और इस मार्ग की दुर्दशा पर स्थानीय प्रतिनिधि कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं. ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन से मार्ग से पानी निकासी कर रास्ते को सुगम बनाने की मांग की है.

**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# पुरातत्वशास्त्र की पढ़ाई कर बन सकते हैं पुरातत्वविद्

**एजुकेशन रिपोर्टर। रजनीश प्रसाद**

पुरातत्व विज्ञान एक उभरता क्षेत्र है, जहां विद्यार्थी अपना करियर बना सकते हैं. एक पुरातत्ववेत्ता मानव प्रागैतिहासिक काल की स्टडी और मूल्यांकन करता है ताकि यह समझा जा सके कि मानव सभ्यता कैसे विकसित हुई है. वे खंडहर, मिट्टी के बर्तन, गुफा चित्र और निर्माण उपकरण आदि की खुदाई और रिकवरी करते हैं. वे अपने रिसर्च के माध्यम से जीवित प्रजाति के विकास की व्याख्या करते हैं. पुरातत्ववेत्ता मानव इतिहास की कुछ सबसे महत्वपूर्ण खोजों को उजागर करने के लिए जिम्मेदार हैं.





### किस-किस स्तर के पुरातत्ववेता

पुरातत्व मानव विज्ञान की एक शाखा है और इसके अंतर्गत ऐसे कई क्षेत्र हैं. इसमें छात्र स्पेशलाइजेशन प्राप्त कर सकते हैं. आप जिस क्षेत्र को चुनते हैं, वह तय करता है कि आप किस प्रकार के पुरातत्ववेत्ता बनेंगे. पुरातत्ववेत्ता के सामान्य प्रकारों के बारे में नीचे दिया गया है :

**जैव पुरातत्वविद्** : जैव पुरातत्वविद ऐसे पेशेवर हैं जो पुरातात्विक स्थलों पर कंकाल के अवशेषों का अध्ययन करते हैं. इसमें विभिन्न स्पेसिफिकेशन जैसे मानव अवशेषों, प्राचीन रोग और आनुवंशिक से जुड़े अध्ययन शामिल हो सकते हैं.

**पर्यावरण पुरातत्वविद** : पर्यावरण पुरातत्वविद् लोगों के एक प्राचीन समूह. उनके प्राकृतिक वातावरण के बीच अंतर्संबंध का अध्ययन करते हैं. वे एक निश्चित समय में मौजूद पौधों, जानवरों और फसलों की जांच करते हैं. इसकी भी जांच करते हैं कि लोगों ने अपने दैनिक जीवन में उनका उपयोग कैसे किया. इनके कार्यों में प्रयोगशाला प्रयोग के साथ-साथ फील्ड स्टडी शामिल हैं.

**लैंडस्केप पुरातत्वविद** : लैंडस्केप पुरातत्वविद् विभिन्न लैंडस्केप में होने वाले नेचुरल और आर्टिफीसियल चेंज का अध्ययन करते हैं. वे मानव व्यवहार के साथ निवास और लैंडस्केप के बीच संबंध को समझने का प्रयास करते हैं. वे यह भी व्याख्या करते हैं कि कैसे एक लैंडस्केप चेंज, कल्चरल चेंज ला सकता है.

**एथनो पुरातत्वविद** : एथनो पुरातत्वविद् अतीत के बारे में ज्ञान प्राप्त करने के लिए लिविंग कम्युनिटीज की एथनोग्राफी जांच करते हैं. वे क्लू को उजागर करते हैं और एक निश्चित समय में रहने वाले लोगों की आदतें, संस्कृति और रीति-रिवाज में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं.

**समुद्री पुरातत्वविद** : समुद्री पुरातत्वविद् मुख्य रूप से अंडर वाटर खंडहर का अध्ययन करते हैं और समुद्री पानी के नीचे शहर, जहाज और पुरातात्विक स्थल की खोज करते हैं. डूबे हुए सबूत खोजने के लिए, इन्हें अपने काम के अंतर्गत गहरे पानी में गोता लगाना होता है. रिसर्च के लिए परिष्कृत पुरातात्विक जैसे टूल्स का उपयोग करते हैं.

**हवाई पुरातत्वविद** : हवाई सर्वेक्षण और फोटोग्राफी का उपयोग करके, ये पुरातत्ववेत्ता नए खुदाई स्थल को खोजते हैं.

**विमानन पुरातत्वविद** : विमानन पुरातत्वविद् एयरक्राफ्ट, परित्यक्त एयरबस, रनवे या विमानन इतिहास से संबंधित ऐतिहासिक अवशेष की खोज और अध्ययन करते हैं. अपने द्वारा एकत्रित की गई जानकारियों द्वारा विमानन पुरातत्वविद् उन पुरानी घटनाओं को समझाने की कोशिश करते हैं जिनके कारण एयरप्लेन क्रैश हुए हैं.

**वाणिज्यिक पुरातत्वविद** : वाणिज्यिक पुरातत्वविद् उन वस्तुओं का अध्ययन करते हैं जिनका प्राचीन समूह के लोगों द्वारा व्यापार किया गया था. वे व्यावसायिक गतिविधियों में उपयोग किए जाने वाले ट्रांसपोर्टेशन के विभिन्न रूपों का भी अध्ययन करते हैं. वाणिज्यिक पुरातत्वविद् को प्राचीन व्यापार मार्ग, बंदरगाह, प्राचीन बाजार आदि की खोज भी करते हैं.

**औद्योगिक पुरातत्वविद** : औद्योगिक पुरातत्वविद्, इंडस्ट्री से संबंधित आर्टिफैक्ट्स और बाय-प्रोडक्ट के भौतिक अवशेष की खोज करते हैं. वे विभिन्न वस्तुओं के निर्माण के लिए उपयोग किए जाने वाले टूल्स और रॉ मेटेरियल के प्रकार को भी डिकोड करते हैं.

### पुरातत्ववेता के काम

- उत्खनन से प्राप्त कलाकृतियों की पहचान, विश्लेषण और डेटिंग करना.
- उत्खनन स्थल पर मिली वस्तुएं और अन्य संपत्ति का डेटा रिकॉर्ड रखना.
- पिछली संस्कृति और मानव सभ्यता के अन्य पहलुओं के बारे में तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए डेटा विश्लेषण करना.
- भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) और कंप्यूटर डिजाइन (सीएडी) जैसे कंप्यूटर एप्लीकेशन का उपयोग करके साइट या आर्टिफैक्ट्स पास्ट में -कैसी दिखती थीं, इसका पुरातात्विक अनुकरण विकसित करना.
- खुदाई स्थलों का पता लगाने के लिए हवाई फोटोग्राफी और भूभौतिकीय सर्वेक्षण का उपयोग करना.
- शोध और खोजों का दस्तावेज़ीकरण और रिपोर्ट लिखना.
- उत्खनन कार्य के कर्मचारी प्रबंधन करना.
- पुरातत्व सूची का रखरखाव करना.
- कलाकृतियों की सफाई, बहाली और सुरक्षा का ध्यान रखना.
- अंतर या समानता को समझने के लिए पुरातात्विक डेटा के माध्यम से एक उत्खनन स्थल के निष्कर्ष की तुलना किसी उत्खनन स्थलों से करना.

### पुरातत्ववेत्ता बनने के लिए जरूरी स्किल

यह जानना जरूरी है कि पुरातत्ववेत्ता बनने के लिए आपके पास कौन-कौन सी स्किल्स होनी चाहिए. पुरातत्ववेत्ता बनने के लिए जरूरी स्किल्स इस प्रकार हैं :

- पुरातत्ववेत्ता को लिखित और मौखिक दोनों तरह से अच्छी तरह से कम्यूनिकेट करने में सक्षम होना चाहिए क्योंकि उन्हें अक्सर अपना काम, क्लियर और संक्षिप्त रूप से दूसरों के सामने प्रस्तुत करना होता है.
- मजबूत सुनने का कौशल आपके सहकर्मियों के साथ आपके कम्युनिकेशन को सुविधाजनक बनाने में मदद करेगा .
- समस्याओं को हल करने और सही निर्णय लेने के लिए लॉजिकल स्किल का होना बेहद जरूरी है.
- लिखित सामग्री को समझने की क्षमता आपको अपने रिसर्च में मदद करेगी. आपके पास नई नई चीजों को समझने के लिए अच्छी नॉलेज का होना आवश्यक है.
- आपको अपने काम में फील्ड वर्क के अंतर्गत विभिन्न शारीरिक गतिविधियां लंबे समय तक करनी पड़ सकती हैं, जहां आपको आराम करने का भी वक्त मिलना मुश्किल है. अतः ज़रूरी है कि आप शारीरिक रूप से मजबूत रहें.

### पुरातात्विक कोर्सेज

पुरातत्व के अंतर्गत कुछ प्रमुख डिप्लोमा, प्रमाणपत्र, बैचलर पाठ्यक्रम और मास्टर्स पाठ्यक्रम के बारे में नीचे बताया गया है.

- सर्टिफिकेट कोर्स इन एपीग्राफी
- सर्टिफिकेट कोर्स इन आर्कलॉजी
- सर्टिफिकेट कोर्स इन आर्किटेक्चर एंड स्कल्पचर
- एडवांस डिप्लोमा इन एपीग्राफी
- डिप्लोमा इन आर्कलॉजी
- बीए इन कल्चर एंड आर्कलॉजी
- बीए इन म्यूजिक एंड आर्कलॉजी
- बीए इन एंसीएंट इंडियन हिस्ट्री एंड आर्कलॉजी
- एमए इन हिस्ट्री एंड आर्कलॉजी
- एमए इन आर्कलॉजी
- पीजी डिप्लोमा इन आर्कलॉजी

### पुरातत्ववेत्ता बनने के लिए योग्यता

यदि आप इस क्षेत्र में डिग्री प्राप्त करने के इच्छुक हैं, तो आपको अपने चुने हुए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करना होगा. ये आवश्यकताएं कोर्सेज के स्तर के अनुसार भिन्न होती हैं, जैसे बैचलर, मास्टर या डिप्लोमा :

- इतिहास / पुरातत्व / प्राचीन इतिहास में स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से किसी भी स्ट्रीम में कक्षा 12 में लगभग 45 – 50% अंक
- पुरातत्व में मास्टर डिग्री के लिए, आपको यूजी डिग्री में कम से कम 50% अंक प्राप्त करने होंगे. कुछ विश्वविद्यालय एमए पुरातत्व पाठ्यक्रम के लिए किसी भी स्ट्रीम के छात्रों को मानते हैं
- कुछ विश्वविद्यालय एमए पुरातत्व पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित करते हैं. छात्रों को प्रवेश सुरक्षित करने के लिए प्रवेश परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त करने की आवश्यकता है.
- विदेश की अधिकतर यूनिवर्सिटीज बैचलर्स के लिए एसएटी और मास्टर्स कोर्सेज के लिए जीआरइ स्कोर की मांग करते हैं.
- विदेश की यूनिवर्सिटीज में एडमिशन के लिए आईईएलटीएस आईईएलटीएस या टीओईएफएल टेस्ट स्कोर, अंग्रेजी प्रोफिशिएंसी के प्रमाण के रूप में ज़रूरी होते हैं. जिसमे आईईएलटीएस स्कोर 7 या उससे अधिक और टीओईएफएल स्कोर 100 या उससे अधिक होना चाहिए.
- विदेश यूनिवर्सिटीज में पढ़ने के लिए एसओपी, एलओआर सीवी/रिज्यूमे और पोर्टफोलियो भी जमा करने की जरूरत होती है.

### सामान्य योग्यता

विभिन्न पुरातात्विक कोर्सेज के लिए कुछ सामान्य योग्यता इस प्रकार हैं :

- इतिहास/पुरातत्व/प्राचीन इतिहास में बैचलर डिग्री कोर्स में प्रवेश लेने के लिए किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से किसी भी स्टीम में कक्षा 12 में लगभग 45-50% अंक जरूरी हैं.
- पुरातत्व में मास्टर डिग्री के लिए, आपको यूजी डिग्री में कम से कम 50% अंक प्राप्त करने होंगे.
- कुछ मास्टर्स प्रोग्राम में एडमिशन के लिए यूनिवर्सिटीज प्रवेश परीक्षा आयोजित करतीं हैं इसके बाद ही आप इन कोर्सेज के लिए योग्य हो सकते हैं.
- विदेश में पुरातात्विक कोर्सेज के लिए आपको ऊपर दी गई आवश्यकताओं के साथ आईइएलटीएस या टीओईएफएल स्कोर की भी आवश्यकता होती है.
- विदेशी यूनिवर्सिटीज में एडमिशन के लिए एसओपी, एलओआर रिज्यूमे और पोर्टफोलियो भी जमा करने होंगे.
- विदेश में पुरातात्विक कोर्स के लिए टॉप यूनिवर्सिटीज

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)